4	स्वायल रिसोर्स सर्वे हेतु रिमोट सेन्सिंग मृदा सर्वेक्षण एवं मृदा मानचित्र की योजना।	50,00	..	..	50,00	2402-भू और जल संरक्षण	28प
5	प्रदेश में भूमि-सेना का गठन	35,00,00	..	..	35,00,00	तदैव	29प
6	उ0 प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद् का गठन	20,00	..	..	20,00	2415--कृषि अनुसन्धान और शिक्षा	29प
7	कृषि विपणन विभाग/निदेशालय का पुनर्गठन	10,00	..	..	10,00	2435-अन्य कृषि कार्यक्रम,	30प
	योग ..	39,35,50	50	..	39,36,00		

हरिजन एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों में औद्यानिक विकास

अनुसूचित जाति के लघु एवं सीमान्त कृषकों को औद्यानिक फसलों की खेती से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश के 20 जनपदों के 60 विकास खण्डों में योजना कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना में मात्र औद्यानिक फसलों-जैसे शीघ्र फल देने वाले फल पौधे शाकभाजी-बीज, आलू बीज, एवं उनके लिये आवश्यक निवेश जैसे उर्वरक कीट/व्याधि नाशक रसायन पर अनुदान देने की व्यवस्था है। फूलों की खेती अल्प अवधि में प्रति इकाई क्षेत्र से अधिक आय देने में समर्थ है। इनकी खेती में रोजगार सृजन की क्षमता भी है। वर्ष 1990-91 में अलंकारिक बागवानी की व्यवसायिक खेती गुलाब, गेंदा एवं बेला आदि को अनुसूचित जाति के कृषकों में कार्यान्वित करने हेतु प्राविधान रखा गया है। एक विकास खण्ड के छः लघु एवं सीमान्त कृषक चयनित किये जायेंगे एवं प्रति कृषक 0.25 एकड़ क्षेत्र में फूलों की खेती करने पर अधिकतम 1380 रुपये अनुदान का प्राविधान रखा गया है। यह योजना वाराणसी, मिर्जापुर, हरिद्वार,, मथुरा, गोला गोकरननाथ (लखीमपुर खीरी), अयोध्या (फैजाबाद), चित्रकूट (बांदा) के अतिरिक्त अलीगढ़, कन्नौज (फर्रुखाबाद), एटा, बलिया एवं गाजीपुर में क्रियान्वित की जायेगी। इससे फल शाकभाजी एवं मसाला की खेती के साथ-साथ अलंकारिक खेती करने से कृषकों की आय में वृद्धि होगी व उनके आर्थिक व सामाजिक स्तर में सुधार आयेगा जिससे प्रदेश के 60 विकास खण्डों में कुल 360 कृषक लाभान्वित होंगे जिस पर वर्ष 1990-91 में 5,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्यय में व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2401--कृषि कार्य-आयोजनागत-

119--बागवानी और सब्जियों की फसलें-

03--नर्सरी-

0314 हरिजन एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों में औद्यानिक विकास की योजना (जिला योजना)-- (हजार रुपयों में)

14--सहायक अनुदान	5,00

विशेष खाद्यान्न उत्पादन योजना के अनुरूप बचे हुए जनपदों में फसलोत्पादन हेतु कृषि निवेशों पर राज सहायता

विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में चावल 28 जनपदों में, मक्का 9 जनपदों में, गेहूं 26 जनपदों में, चना, अरहर 10 जनपदों में तथा तिलहन 33 जनपदों में उत्पादित किये जाने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अन्य जनपदों में जहां उक्त कार्यक्रम नहीं चलाये जा रहे हैं, कृषकों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और वे अधिक उत्पादन लेने से वंचित रहते हैं जिससे क्षेत्रीय असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। अतः प्रस्ताव है कि केन्द्र पुरोनिधानित विशेष खाद्यान्न उत्पादन योजना चावल, मक्का, गेहूं, दलहन तथा तिलहन कार्यक्रम के अनुरूप राज्य के सभी जनपदों में राज्य योजना मद से अनुदान देने की व्यवस्था की जाय। इसके अतिरिक्त हस्तचालित ट्रैक्टर एवं सूखोन्मुख क्षेत्र बुन्देलखण्ड एवं मिर्जापुर जनपद में स्प्रिंकलर सिंचाई व्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिये भी राज्य योजना मद से अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है। योजना के लिये कोई अतिरिक्त पदों की आवश्यकता नहीं होगी और योजना का संचालन जनपदों में उपलब्ध वर्तमान अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा।

चावल, मक्का, गेहूं, दलहन तथा तिलहन के लिये भारत सरकार द्वारा जो अनुदान विभिन्न मदों पर अनुमन्य है या होगा उन्हीं के अनुसार राज्य आयोजनागत योजना में भी अनुदान की व्यवस्था प्रस्तावित है। हस्तचालित ट्रैक्टर एवं सूखोन्मुख क्षेत्र में स्प्रिंकलर सिंचाई व्यवस्था के लिए अनुदान की राशि विशेष खाद्यान्न उत्पादन की राज्य स्तरीय समन्वय समिति के द्वारा समय-समय पर निश्चित किया जायेगा।

उक्त योजना के कार्यान्वयन पर वर्ष 1990-91 में 3,50,00,000 रु० के अनावर्तक व्यय होने का अनुमान है जिसकी आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकवार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2401--कृषि कार्य-आयोजनागत--

102--खाद्यान्न की फसलें--

04-विशेष खाद्यान्न उत्पादन योजना के अनुरूप शेष जनपदों फसलोत्पादन हेतु कृषि निवेशों पर राज सहायता--

14--राज सहायता/सहायक अनुदान/अंशदान	3,50,00

भूमि परीक्षण प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण

प्रदेश में अधिकाधिक कृषि की वैज्ञानिक विधि अपनाये जाने के कारण कृषि में उर्वरक एवं कीटनाशी रसायनों का प्रयोग निरन्तर बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में कृषकों को मानक स्तर का उर्वरक एवं कीटनाशी रसायन की उपलब्धता तथा उर्वरक के नमूनों के विश्लेषण की अतिरिक्त क्षमता का सृजन का पर्याप्त ज्ञान होना अनिवार्य हो गया है। अतः क्षेत्रीय भूमि परीक्षण प्रयोगशाला, मेरठ बरेली, आगरा, झांसी, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, फैजाबाद, रुद्रपुर (नैनीताल), अलीगढ़ तथा अलमोड़ा को सुदृढ़ किये जाने का प्रस्ताव है इस संबंध में वर्क-प्लान तैयार किया जा रहा है जिसके आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2401--कृषि कार्य-आयोजनागत--

105--खाद और उर्वरक--

04--उर्वरक एवं कीटनाशक गुण नियंत्रण प्रयोगशालाओं की स्थापना-

(धनराशि हजार रुपये में)

01--वेतन ..	6
03--महंगाई भत्ता ..	4
04--यात्रा व्यय ..	1
05--अन्य भत्ते ..	3
06--कार्यालय व्यय ..	3
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र ..	20
25--सामग्री और सम्पूर्ति ..	10
33--अन्य व्यय ..	3
योग ..	50

4401--कृषि कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत--

105--खाद तथा उर्वरक--

08--क्षेत्रीय भूमि परीक्षण नियंत्रण प्रयोगशाला--
मेरट तथा वाराणसी--

18--निर्माण कार्य ..	50
कुल योग ..	1,00

स्वायत्त रिसोर्स सर्वे हेतु रिमोट सेन्सिग मृदा सर्वेक्षण एवं मृदा मानचित्र की योजना

कृषि उत्पादन को बढ़ाने हेतु प्रदेश की मृदाओं का वर्गीकरण उनकी उपयोगिता एवं क्षमता अनुसार करने हेतु दस मृदा सर्वेक्षण इकाइयां विभाग में स्वीकृत की गई हैं। इन इकाइयों द्वारा किये गये क्षेत्रीय सर्वेक्षण एवं मानचित्रों के परीक्षण तथा उपयोग का कार्य स्टाफ एवं संसाधनों के अभाव में लंबित है। आधुनिक तकनीक के बदलते परिवेश में मृदा सर्वेक्षण का कार्य इमेजनरोज के द्वारा किया जान लगा है। अत: रिमोट सेन्सिग सेटेलाइट इमेजनरी एवं मृदा सर्वेक्षण की योजना एक दूसरे का पूरक होने क कारण विलीन किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित योजना के लागू होने से विस्तृत मृदा सर्वेक्षण कार्टोग्राफी तथा सेटेलाइट इमेजनरी द्वारा मानचित्रों को तैयार कर सर्वेक्षित क्षेत्र के मृदा मानचित्रों को अन्तिम रूप देकर प्रतिवेदन प्रकाशित कर मृदा सर्वेक्षण आंकड़ों के आधार पर क्षेत्र विशेष के शस्यात्मक सुझाव एवं प्रबंध विधियों की संस्तुतियां उपलब्ध हो सकेंगी। योजनान्तर्गत विभिन्न संवर्गों में 23 पद सृजित किये जाने प्रस्तावित हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में स्थापित मृदा सवक्षण इकाइयों में कार्यरत स्टाफ योजना में समायोजित करके सवक्षण, रिमोट प्रकाशन एवं मानचित्र का कार्य सम्पन्न कराया जायेगा तथा मृदा से संबंधी सभी सुधारात्मक संस्तुतियां एवं मानचित्र प्रकाशित करायें जायेंगे। इस प्रयोजन के लिये आठवीं योजना अवधि में कुल 2,93,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है जिसमें से वर्ष 1990-91 में 50,00 000 रु० व्यय होने की अनुमान है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्ययक में 50,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--व्यय का विभाजन

मशीन साज-सज्जा, भंडारण आदि के स्थूल ब्योरे

क्रम-संख्या	विवरण	1990-91
1	मशीन एवं उपकरण ..	7,00,000
2	गाड़ियों का क्रय ..	8,00,000
	योग ..	15,00,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजनः-- (हजार रुपयों में)

2402--भू और जल संरक्षण--आयोजनागत--

101--भू-सर्वेक्षण और परीक्षण--

07--मृदा सर्वेक्षण और परीक्षण इकाई की स्थापना--

01--वेतन	8,00
02--मजदूरी	2,00
03--महंगाई भत्ता	5,00
04--यात्रा व्यय	2,00
05--अन्य भत्ते	4,00
06--कार्यालय व्यय	3,00
07--टेलीफोन	1,00
09--गाड़ी अनुरक्षण	4,00
11--किराया उपशुल्क और कर स्वामित्व	1,00
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	7,00
21--गाड़ियों का क्रय	8,00
25--माल सम्पूर्ति	4,00
33--अन्य व्यय (प्रशिक्षण)	1,00
योग ..	50,00

प्रदेश में भूमि सेना का गठन

ग्रामीण अंचलों में भूमिहीन मजदूरों को संगठित कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने, ऊसर, बंजर व बीहड़ भूमि का सुधार कर उसे यथासम्भव भूमिहीन मजदूरों को आवंटित करने एव भूमि सम्बन्धी सभी कार्यों को स्थानीय मजदूरों के माध्यम से कार्यान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश में भूमि सेना का गठन प्रस्तावित है।

इस योजना के अन्तर्गत तकनीकी सुझाव एवं देख-रेख कृषि विभाग के भूमि सरक्षण इकाईयों के द्वारा प्रदान किया जायेगा। इस प्रकार इस योजना के अन्तर्गत स्थापना पर कोई व्यय नही किया जायेगा। योजना का कार्यान्वयन वर्क-प्लान बनाकर भूमि एवं जल संरक्षण अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार किया जायगा। इस योजना का कार्यान्वयन विभिन्न चरणों में पूरे प्रदेश में किया जायेगा। वर्ष 1990-91 में इस योजना के लिए 35,00,00,000 रु० का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकवार विभाजन--

2402--भू-तथा जल संरक्षण--आयोजनागत--

102--भूमि सरक्षण--प्रदेश में भूमि सेना का गठन-- (हजार रुपयों में)

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	30,00,00
33--अन्य व्यय (कार्य मद)	5,00,00
योग ..	35,00,00

उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् का गठन

कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि विभाग की कृषि संबंधी शोध एवं शिक्षा कार्यक्रमों में समन्वय स्थापित करने और शोध, प्रसार तथा शिक्षण का समुचित रूप से अधिकाधिक लाभ प्रदेश के कृषकों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद का गठन किया गया है। वर्ष 1990-91 में परिषद को 20,00,000 रुपये अनुदान के रूप में दिया जाना प्रस्तावित है। तदनुसार आय-व्ययक में 20,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षक के अनुसार विभाजन:--

2415--कृषि अनुसंधान और शिक्षा-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

80--सामान्य--

120--अन्य संस्थाओं को सहायता--

05--उ0 प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद को अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 20,00

कृषि विपणन विभाग/निदेशालय का पुनर्गठन

कृषि विपणन विभाग में कार्यान्वित कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा एवं अनुश्रवण की अपरिहार्य आवश्यकता के कारण विपणन विभाग का प्रक्षेत्र से लेकर मुख्यालय तक पुनर्गठन का प्रस्ताव है। पुनर्गठन में विभिन्न संवर्गों के 49 पदों का सृजन तथा वाहनों, टंकण मशीन इत्यादि का व्यय निहित है। इस पर अष्टम पंचवर्षीय योजना अवधि में 1,19,00,000 रुपये (1,14,59,000 रु0 आवर्तक तथा 4,41,000 रु0 अनावर्तक) का तथा वर्ष 1990--91 में 10,00,000 रु0 (5,90,000 रु0 आवर्तक तथा 4,10,000 रु0 अनावर्तक) व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990--91 के आय-व्ययक में 10,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--व्यय का विभाजन--

सज्जा/भण्डारण/मशीन/गाड़ियों के स्थूल व्योरे--

मदें		1990-91
		रु0
1--स्टाफ कार	..	3,50,000
2--अधिकारियों तथा कर्मचारियों हेतु फर्नीचर, आलमारी, टाइपराइटर आदि	..	60,000
योग	..	4,10,00

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2435--अन्य कृषि कार्यक्रम--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

01--विपणन और किस्म नियन्त्रण--

101--विपणन सुविधायें--

10--कृषि विपणन निदेशालय/विभाग के पुनर्गठन की योजना

01--वेतन	2,86
02--मजदूरी	20
03--महंगाई भत्ता	1,15
04--यात्रा व्यय	40
05--अन्य भत्ते	58
06--कार्यालय व्यय	60
07--टेलीफोन पर व्यय	5
08--मोटर गाड़ियों का क्रय	3,50
09--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल की खरीद	20
12--प्रकाशन	20
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	20
33--अन्य व्यय	6
योग ..	10,00

ग्राम्य विकास विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में)			लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
			पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	ग्रामीण आबादी पर्यावरण सुधार योजना	1,00,00	..	..	1,00,00	2515—अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम	33-प
2	क्षेत्र समिति के ब्लाक प्रमुखों का प्रशिक्षण तथा राज्य ग्राम्य विकास संस्थान का सुदृढ़ीकरण	5,00	..	..	5,00	तदैव	33 प
3	पठारी क्षेत्रों की लघु सिंचाई निर्माण कार्य योजना	89,89	..	..	89,89	2702-लघु सिंचाई	34 प-
	योग	1,94,89	..	..	1,94,89		

ग्रामीण आबादी पर्यावरण सुधार योजना

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की आबादियों में रहने वाले परिवारों को स्वच्छ पर्यावरण की सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 1989-90 में ग्रामीण आबादी पर्यावरण सुधार योजना को आरम्भ किया गया था। इस योजना के अन्तर्गत गत वर्ष मेरठ जिले के दो ग्रामों एवं बुलन्दशहर जिले के एक ग्राम का चयन करके प्रयोगात्मक रूप से योजना को चलाया गया जिसमें काफी सफलता प्राप्त हुई। इस सफलता को दृष्टिगत रखते हुए चालू वित्तीय वर्ष में योजना को प्रदेश के 50 ग्रामों में चलाया जाना प्रस्तावित है। योजना के अन्तर्गत प्रति परिवार अधिकतम 2000 रुपये की आर्थिक सहायता दिये जाने का प्राविधान है। इस धनराशि में से 50 प्रतिशत अर्थात् 1000 रुपये प्रति परिवार की दर से धनराशि आवास तथा नगर विकास निगम (हुडको), नई दिल्ली द्वारा ऋण स्वरूप दी जायेगी। शेष 50 प्रतिशत अर्थात् 1000 रु0 की धनराशि शासन द्वारा अनुदान स्वरूप दी जायगी। योजना के अधीन वितरित ऋण की अदायगी लाभार्थियों से किसान विकास-पत्र के रूप में ऋण की धनराशि का लगभग 50 प्रतिशत जमा करायी जायेगी। वर्ष 1990-91 हेतु प्रत्येक ग्राम हेतु 4 लाख रुपये की योजना है जिसमें से 2 लाख रुपया अनुदान स्वरूप राज्य से एवं 2 लाख ऋण स्वरूप हुडको से प्राप्त करके उपलब्ध करायी जायगी। वर्ष 1990-91 में सम्पूर्ण योजना पर 1,00,00,000 रु0 का अनुदान के रूप में व्यय होने का अनुमान है। अतः वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,00,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रुपयों में)
2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम-आयोजनागत--	
102--सामुदायिक विकास--	
24--ग्रामीण आबादी पर्यावरण सुधार योजना के अन्तर्गत स्वच्छ पर्यावरण हेतु अनुदान--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	1,00,00

क्षेत्र समिति के ब्लाक प्रमुखों का प्रशिक्षण तथा राज्य ग्राम्य विकास संस्थान का सुदृढ़ीकरण

आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष 1990-91 में प्रदेश के ब्लाक प्रमुखों, ज्येष्ठ उप प्रमुखों तथा कनिष्ठ प्रमुखों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षित किये जाने का प्रस्ताव है। प्रथम वर्ष में प्रदेश के 13 मण्डलों में 10 गोष्ठियों को आयोजित करने का प्रस्ताव है जिसमें लगभग 30 प्रमुख, उप प्रमुख व कनिष्ठ प्रमुख एक गोष्ठी में भाग ले सकते हैं। इस प्रकार 10 गोष्ठियों में 600 प्रमुख, उप प्रमुख तथा कनिष्ठ प्रमुखों को प्रशिक्षित करने का प्रस्ताव है। प्रमुखों, उप प्रमुखों का प्रशिक्षण राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब तथा गांव स्तर पर पंचायतीराज के पदाधिकारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था प्रदेश में स्वतंत्र रूप से कार्यरत 1 जिला ग्राम्य विकास संस्थानों तथा 22 क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थानों द्वारा कराये जाने का प्रस्ताव है। अधिकारियों का प्रशिक्षण भी राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। इस प्रकार प्रशिक्षण देने हेतु 2,50,000 रु0 का व्यय अनुमानित है।

इसके अतिरिक्त राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ मानव संसाधन विकास तथा महिला कल्याण पोषण तथा बाल विकास संकाय की स्थापना प्रस्तावित है। निर्धारित माप दण्ड के अनुसार प्रत्येक संकाय में अध्यक्ष संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी होंगे तथा इसके अतिरिक्त एक सहायक निदेशक, एक शोध सहायक, एक आशुलिपिक तथा 2 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की व्यवस्था है। इन संकायों के स्थापना पर वर्ष 1990-91 में 2,50,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार 1990-91 के आय-व्ययक में कुल 5,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम सं0	पदनाम	वेतन मान	पदों की संख्या
1	संयुक्त निदेशक	.. .. ..	2
2	सहायक निदेशक	.. .. ..	2
3	शोध सहायक	.. .. ..	2
4	आशुलिपिक	.. .. ..	2
5	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	.. .. ..	4

(ख) साज-सज्जा भंडार के स्थूल ब्योरे--

मद	धनराशि
	रु0
फर्नीचर, कार्यालय, साज-सज्जा, टाइपराइटर, लेखन-सामग्री ..	2,00,000
एजेन्सी तथा अन्य भत्ते आदि	50,000

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2515—अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम--

102—सामुदायिक विकास

10--राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब लखनऊ--

33—अन्य व्यय .. 5,00

पठारी क्षेत्र की लघु सिंचाई निर्माण कार्य योजना

प्रदेश के पठारी क्षेत्रों के कठिन स्ट्रेटा वाले क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विशेष उपकरण सीमित संख्या में होने के कारण वांछित संख्या में सिंचाई साधन का निर्माण सम्भव नहीं हो पा रहा है। आगरा, इटावा तथा फतेहपुर जनपद के गहरे एवं कठिन स्ट्रेटा वाले क्षेत्रों में जहां हैण्ड सेट्स से बोरिंग सम्भव नहीं हो पाती सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु यह आवश्यक है कि आगरा जनपद के लिये एक डी0 टी0 एच0 रिग तथा इटावा और फतेहपुर जनपद को तात्कालिक रूप से एक एक डी0 सी0 रिग उपलब्ध कराई जाय ताकि इन क्षेत्रों में गहरी बोरिंग कर कृषकों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। वर्ष 1990-91 में प्रस्तावित एक डी0 टी0 एच0 रिग तथा दो डी0 सी0 रिग के क्रय पर कुल 82,70,000 लाख रुपये के अनावर्तक व्यय तथा उसके संचालन हेतु आवश्यक स्टाफ के वेतन भत्तों आदि पर 7,19,000 लाख रुपये आवर्तक व्यय का अनुमान है। अत: वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 89,89,000 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पदनाम				वेतन क्रम	पदों की संख्या
					रु0	
1	सहायक अभियन्ता	..	..	..	2200-4000	
2	फोरमैन	..	..	..	1640-2900	
3	ड्रिलर	..	..	..	1400-2300	
4	मैकेनिक	..	..	..	1400-2300	
5	वरिष्ठ लिपिक	..	..	..	1200-2040	
6	कनिष्ठ लिपिक	..	..	..	950-1500	
7	एयर कम्प्रेशर चालक	..	..	..	950-1500	
8	वेल्डर आपरेटर	..	..	..	950-1500	
9	ट्रक चालक	..	..	..	950-1500	
10	ट्रैक्टर चालक	..	..	..	950-1500	
11	जीप चालक	..	..	..	950-1500	
12	हेल्पर	..	..	..	775-1025	
13	ट्रक क्लीनर	..	..	..	750-940	
14	मेट	..	..	..	750-940	
15	अर्दली	..	..	..	750-940	
16	चपरासी	..	..	..	750-940	

(ख) सज्जा/भण्डार/मशीन/गाड़ियों इत्यादि के स्थूल ब्योरे--

क्रम-संख्या	उपकरण का नाम			डी0 टी0 एच0 रिग उपकरण की संख्या	डी0 टी0 एच0 रिग वांछित धनराशि	डी0 सी0 रिग उपकरण की संख्या	डी0 सी0 रिग वांछित धनराशि
1	रिग एकसेरीज सहित	..	..	1	20,00	2	3[illegible]
2	एयर कम्प्रेसर	..	..	..	..	2	
3	ट्रक	..	..	1	3,50	2	
4	ट्रैक्टर ट्राली सहित	..	..	1	1,40	2	
5	वेल्डिंग सेट	..	..	1	80	2	
6	वाटर वैन वर्टेकर	..	..	..	..	2	
7	छोलदारी आदि	..	..	..	50	..	
8	जीप	..	..		..	1	
			योग ..		26,20		

4--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2702--लघु सिंचाई-आयोजनागत--

80--सामान्य--

(लाख रुपयों में)

800--अन्य व्यय--

07--पठारी क्षेत्रों को लघु सिंचाई निर्माण कार्य योजना

01--वेतन	3,62
03--महंगाई भत्ता	1,23
04--यात्रा व्यय	54
05--अन्य भत्ते	36
06--कार्यालय व्यय	25
11--किराया, उपशुल्क और कर	24
20--मशीनें और सज्जा उपकरण और संयंत्र	81,20
21--मोटर गाड़ियों का क्रय	1,50
22--गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	75
33--अन्य व्यय	20
योग ..	89,89

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B,Sri Aurbindo Marg,New Delhi-110016
DOC. No. D-5452
Date 3/12/90

खेल विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--(आयोजनागत)

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ-संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	विशिष्ट खिलाड़ियों को प्रदेशीय पुरस्कार प्रदान करने की योजना	30	..	..	30	2204-खेल और युवा कल्याण	39 प
2	भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाड़ियों तथा पहलवानों को वित्तीय सहायता	60	..	..	60	तदैव	39 प
3	राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रदेशीय टीम के खिलाड़ियों हेतु किट की व्यवस्था	10,00	..	..	10,00	तदैव	39 प
4	क्रीड़ा एवं खेलकूद एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेलों हेतु अनुदान	4,00	..	..	4,00	तदैव	40 प
5	राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार	2,00	..	..	2,00	तदैव	40 प
6	खेलकूद उपकरण सामग्री की सम्पूर्ति	19,60	..	...	19,60	तदैव	40 प
7	केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर पर व्यय	4,00	..	..	4,00	तदैव	41 प
8	क्रीड़ा प्रशिक्षण ..	20,00	..	..	20,00	तदैव	41 प
9	क्रीड़ा एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन	56,00	..	..	56,00	तदैव	42 प
10	खेलकूद विभाग के 3 मण्डलीय मुख्यालयों हेतु तीन डीजल चालित जीप एवं तीन चालक (ड्राइवरों) के पदों की व्यवस्था	5,00	..	..	5,00	तदैव	42 प
11	निदेशालय भवन की पहली मंजिल पर कमरों का निर्माण	..	2,50	..	2,50	4202-शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति पर पूंजी परिव्यय	42 प
12	स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ के ध्यान चन्द स्टेडियम में डारमेट्री का निर्माण	..	10,00	..	10,00	तदैव	43 प
	योग ..	1,21,50	12,50	..	1,34,00		

विशिष्ट खिलाड़ियों को प्रदेशीय पुरस्कार प्रदान करने की योजना

विशिष्ट खिलाड़ियों को प्रदेशीय पुरस्कार प्रदान करने की योजना पूर्व से संचालित है। इसे अष्टम पंचवर्षीय योजनावधि में भी कार्यान्वित करना प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के उन खिलाड़ियों को, जिन्होंने प्रदेश का नाम खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा उठाया है लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत खिलाड़ियों को लक्ष्मण की एक प्रतिमा एवं प्रत्येक को दो वर्ष के लिए 150 रु० प्रतिमाह दिया है। वर्ष 1990-91 में इस योजना पर 30,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 30,000 रु० (आवर्तक) का प्राविधान सम्मिलित कर लिया गया है।

2--व्यय के अनुमान--

		रु०
(क)	कुल परिव्यय वर्ष 1990-95	2,00,000
(ख)	अन्तिम आवर्तक व्यय	50,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2204-खेल और युवा कल्याण-- (हजार रुपयों में)

104-खेलकूद--

13-विशिष्ट खिलाड़ियों को प्रदेशीय पुरस्कार प्रदान करने की योजना

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 30

भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाड़ियों तथा पहलवानों को वित्तीय सहायता

सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि को इस योजना की आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि में भी कार्यान्वित किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के भूतपूर्व खिलाड़ियों को, जो प्रदेशीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े खिलाड़ी है, आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। शासन द्वारा निर्धारित दरों के अन्तर्गत राज्य स्तर के खिलाड़ियों को 250 रुपया, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 350 रुपया एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 500 रुपया प्रतिमाह की आर्थिक सहायता एक वर्ष तक दिये जाने की व्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 1990-91 में कुछ अन्य नये खिलाड़ियों को भी आर्थिक सहायता दिये जाने का प्रस्ताव है। अत: न्यूनतम आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 60,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--व्यय के अनुमान:--

		रु०
(क)	कुल परिव्यय वर्ष (1990-95)	3,00,000
(ख)	अन्तिम आवर्तक व्यय	60,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2204-खेल और युवा कल्याण-- (हजार रुपयों में)

104-खेलकूद--

06-भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाड़ियों की वित्तीय सहायता

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 60

राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रदेशीय टीम के खिलाड़ियों हेतु किट की व्यवस्था।

इस समय लगभग 23 खेलों में प्रदेशीय टीमें राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेती है इन टीमो के खिलाड़ियों को किट की सुविधा उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। किट की सुविधा प्रदान करने से निश्चय ही खिलाड़ियों का भी उत्साह वर्धन होगा तथा उनमें खेल के प्रति अधिक रुचि पैदा होगी फलस्वरूप प्रदेश की गरिमा भी बढ़ेगी। सभी खेलों में प्रदेशीय टीमों के भाग लेने पर सभी बालक/बालिकाओं हेतु किट की सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता होगी। इस हेतु 10,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में तदनुसार 10,00,000 रु० (आवर्तक) की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गयी है।

2--व्यय के अनुमान--

		रु०
(क)	कुल परिव्यय (1990-95)	50,00,000
(ख)	अन्तिम आवर्तक व्यय	10,00,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2204-खेल और युवा कल्याण-- (हजार रुपयों में)

104-खेलकूद

(-) राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रदेशीय टीम के खिलाड़ियों हेतु किट की व्यवस्था-

33--अन्य व्यय 10,00

क्रीड़ा एवं खेलकूद एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेलों हेतु अनुदान

सप्तम पंचवर्षीय योजनाकाल की इस योजना को अष्टम पंचवर्षीय योजना 1990-95 में भी कार्यान्वित किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं हेतु अनुदान देने की व्यवस्था है तथा साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक प्राप्त करने वाले प्रदेशीय खिलाड़ियों को क्रमश: 1.00 लाख रुपया, 50,000 रु० एवं 25,000 रु० नगद पुरस्कार दिये जाने की व्यवस्था है। प्रतियोगियों की संख्या में उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 1999-91 में रुपया 4,00,000 का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 4,00,000 रु० की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2---व्यय के अनुमान--

	रु०
(क) कुल परिव्यय (1990-95)	29,50,000
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय	8,00,000

3---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2204--खेल और युवा कल्याण--- (हजार रुपयों में)

104--खेलकूद---

24--क्रीड़ा एवं खेलकूद एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेलों हेतु अनुदान

14---सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 4,00

राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार।

सातवीं पंचवर्षीय योजना काल की इस योजना को अष्टम पंचवर्षीय योजना में भी कार्यान्वित करना प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में जिन बालक, बालिकाओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त होते हैं उन्हें पुरस्कार स्वरूप नकद धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना के अन्तर्गत उदीयमान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार के रूप में धनराशि उपलब्ध करायी जाती है जिससे खिलाड़ियों का मनोबल भी ऊंचा उठता है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,00,000 रु० को व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2---व्यय के अनुमान---

	रु०
(क) कुल परिव्यय वर्ष (1990-95)	16,25,000
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय	5,00,000

3---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2204--खेल और युवा कल्याण--- (हजार रु० में)

104--खेलकूद---

21--राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार

14---सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 2,00

खेलकूद उपकरण सामग्री की सम्पूर्ति।

सप्तम पंचवर्षीय योजनावधि की इस योजना को अष्टम पंचवर्षीय योजना काल में चलाया जाना प्रस्तावित है। खेलकूद के समुचित विकास के लिये यह आवश्यक है कि क्रीड़ांगनों में प्रत्येक खेल हेतु स्थाई प्रकार के एवं आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था हो। बिना उपकरणों के किसी भी खेल को ठीक प्रकार से सम्पन्न किया जाना सम्भव नहीं है। आज के वैज्ञानिक युग में अच्छी तकनीकी द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है अत: यह आवश्यक है कि अच्छे प्रकार के उपकरण क्रीड़ांगनों में उपलब्ध कराये जायें। इससे खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा उठेगा और वह अपने खेल में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। इस योजना के अन्तर्गत जिला मुख्यालयों पर स्थित क्रीड़ांगनों में स्थाई प्रकार के उपकरणों की अधिक आवश्यकता है साथ ही साथ कुछ अस्थाई प्रकार के उपकरण भी क्रय किये जाते हैं। इस आधार पर योजना के अन्तर्गत 18,60,000 रुपये की धनराशि जिला सेक्टर में एवं 1,00,000 रु० की धनराशि राज्य सेक्टर में उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 19,60,000 रु० की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--व्यय के अनुमान--

	रु०
(क) कुल परिव्यय वर्ष (1990-95)	1,31,35,000
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय ..	35,00,000

3---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2204--खेल और युवा कल्याण--

104--खेलकूद-- (हजार रुपयों में)

16--खेलकूद उपकरण सामग्री की सम्पूर्ति--

25--सामग्री और सम्पूर्ति (राज्य योजना)	1,00
(17) खेलकूद उपकरण सामग्री की सम्पूर्ति	
25---सामग्री और सम्पूर्ति (जिला योजना) ..	18,60
योग	19,60

केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर पर व्यय ।

सप्तम पंचवर्षीय काल की इस योजना को अष्टम पंचवर्षीय योजना में भी कार्यान्वित करने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत माह मई और जून में विभिन्न खेलों में एक माह के लिये प्रशिक्षण शिविरों का संचालन किया जाता है। इन शिविरों के अन्तर्गत प्रदेश के बालकों/बालिकाओं को चयनित करके उन्हें वैज्ञानिक ढंग से उच्च तकनीक द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है प्रशिक्षण में आये बालक/बालिकाओं को नि: शुल्क भोजन/आवास सुविधा एवं यात्राओं की सुविधा तथा स्पोर्टस शर्ट प्रदान की जाती है। यह योजना भारत सरकार से सहायता प्राप्त योजना है तथा भारत सरकार द्वारा योजना अधीन 1,00,000 रु0 की सीमा तक सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 1990-91 में इस योजना हेतु 4,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक के 4,00,000 रु0 की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के बाद दी जायगी।

2—व्यय क अनुमान— रु0

(क) कुल परिव्यय (1990-95) .. 28,00,000

(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय 7,00,000

(ग) व्यय का वर्षवार विभाजन--

3— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षको के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2204-—खेल और युवा कल्याण--

104--खेलकूद--

15--केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर पर व्यय--

33—अन्य व्यय 4,00

4- भारत सरकार से प्राप्य सहायता—

धनराशि (हजार रुपयों में)		लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
	2	3	4
सहायता ..	1,00	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 02--राज्यों की आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान-- 23—खेल— 2301--क्रीड़ा एवं खेलकूद	प्रोत्साहन स्वरूप भारत सरकार अधिकतम 1,00,000 रु0 अनुदान देती हैं।

क्रीड़ा प्रशिक्षण ।

सप्तम पंचवर्षीय योजनाकाल की इस योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजना में भी कार्यान्वित किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक क्रीड़ांगन में वर्ष भर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है साथ ही इसके अन्तर्गत क्रीड़ाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों को एन0 आई0 एस0, पटियाला के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भेजने, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व प्रदेशीय टीमों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने, एन0 आई0 एस0 पटियाला में प्रशिक्षित खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने तथा प्रदेश के उदीयमान खिलाड़ियों को वैज्ञानिक एवं तकनीकी ढंग से प्रशिक्षण दिलाने हेतु विदेशों से प्रशिक्षकों को बुलाये जाने से सम्बन्धित व्यय के वहन करने की व्यवस्था है। इस समय प्रदेश के लगभग सभी जिलों में क्रीड़ांगनों का निर्माण कराया जा चुका है। प्रत्येक क्रीड़ांगन में विभाग का एक अधिकारी नियुक्त है। तदनुसार वर्ष 1990-91 की वास्तविक आवश्यकता को देखते हुए 20,00,000 रु0 के व्यय का अनुमान है 1990-91 के आय-व्ययक में 20,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायेगी।

2--व्यय के अनुमान-- रु0

(क) कुल परिव्यय वर्ष (1990-95) 1,30,00,000

(ख) अंतिम आवर्तक व्यय 34,00,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2204--खेल और युवा कल्याण-- (हजार रुपयों में)

104--खेलकूद--

23--प्रशिक्षण--

33--अन्य व्यय 20,00

क्रीड़ा एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ।

सातवीं पंचवर्षीय योजनाकाल को इस योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजना में भी क्रियान्वित करना प्रस्तावित है यह राज्य एवं जिला सेक्टर की योजना है । इस योजना के अन्तर्गत महिला प्रतियोगिताओं का आयोजन, राष्ट्रीय पर्वों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, बालकों की विभिन्न जिला एवं मण्डलीय, प्रदेशीय एवं अखिल भारतीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोज साइकिल रेस एवं क्रास कंट्री रेस आदि की प्रतियोगितायें कराई जाती हैं । इसके अतिरिक्त अन्तर्विश्वविद्यालय प्रतियोगितायें शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगितायें भी कराई जाती हैं । इस योजना के अन्तर्गत इन्दिरा मैराथन रेस, सैय्यद म बैडमिन्टन प्रतियोगिता, अखिल भारतीय के0 डी0 सिंह बाबू प्रतियोगिता, अखिल भारतीय महिला हाकी प्रतियोगिता, अखिल भारतीय फुटबाल आमन्त्रण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है । बढ़ते हुए कार्यकलापों के आधार पर इस यो के अन्तर्गत जिला सेक्टर में 18.00 लाख रु0 एवं राज्य सेक्टर हेतु 38.00 लाख रु0 के व्यय का अनुमान है। 1990-91 हेतु आय-व्ययक में 56,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है ।

2-- व्यय के अनुमान--

	रु
(क) कुल परिव्यय वर्ष (1990-95)	3,76,00,
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय	95,00,

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2204--खेल और युवा कल्याण--

104--खेलकूद--

12--क्रीड़ा एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन (जिला सेक्टर)--	
33--अन्य व्यय	18.
13--क्रीड़ा एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन (राज्य सेक्टर)--	
33--अन्य व्यय	38
योग ..	56

खेलकूद विभाग के 3 मण्डलीय मुख्यालयों हेतु तीन डीजल चालित जीप एवं तीन चालक (ड्राइवरों) के की व्यवस्था ।

सातवीं योजनाकाल में छ: मण्डलीय मुख्यालयों हेतु एक-एक डीजल चालित जीप एवं एक-एक ड्राइवर के पद की व्यवस्था जा चुकी है । आठवीं योजनाकाल के प्रथम वर्ष में वाराणसी, झांसी तथा फैजाबाद के मण्डलीय मुख्यालयों हेतु एक-एक डीजल चा जीप का क्रय एवं ड्राइवर के 3 पदों के सृजन का प्रस्ताव है । इन तीन डीजल चालित जीप एवं तीन ड्राइवर [वेतनमान 950-15 के अस्थायी पद सृजन हेतु वर्ष 1990-91 में कुल 5,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है जिस हेतु वर्ष 1990 के आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी ।

2-- आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2204--खेल और युवा कल्याण-- (हजार रुपयों

001--निदेशन एवं प्रशासन--

01--प्रदेश में खेलकूद निदेशालय की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण--

01--वेतन	20
03--महंगाई भत्ता	10
05--अन्य भत्ते	5
06--मोटर गाड़ियों का क्रय	4,50
09--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण तथा पेट्रोल का खरीद ..	15
योग ..	5,00

निदेशालय भवन की पहली मंजिल पर कमरों का निर्माण ।

निदेशालय स्तर पर कर्मचारियों/अधिकारियों के बैठने की उचित व्यवस्था हेतु निदेशालय भवन की पहली मंजिल प कमरों एवं एक शौचालय का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है । इसके निर्माण हेतु राजकीय निर्माण निगम से आगणन के आधार पर 2,50,000 रु0 का व्यय अनुमानित है । तदनुसार वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,50,00 की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गयी है । व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी ।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4202--शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति पर पूंजी परिव्यय-- (हजार रुपयों में)

03--खेल और युवा सेवायें और खेल स्टेडियम--

800--अन्य व्यय

(-) निदेशालय भवन की पहली मंजिल पर कमरों का निर्माण--

18--बृहत् निर्माण कार्य 2,50

स्पोर्टस कालेज, लखनऊ के ध्यान चन्द स्टेडियम में डारमेट्री का निर्माण ।

स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ में बाहरी खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था न होने के कारण कालेज के ध्यान चन्द स्टेडियम में लगे एस्ट्रो टर्फ का उपयोग जितना होना चाहिए, उतना नहीं हो पाता है। स्पोर्ट्स कालेज में लगी एस्ट्रो टर्फ पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जाता है। डारमेट्री के अभाव में बाहर से आने वाली टीमों को ठहरने में कठिनाई होती है। अतः स्पोर्ट्स कालेज के ध्यान चन्द स्टेडियम में डारमेट्री का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु वर्ष 1990-91 के बजट में 10,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4202--शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति पर पूंजी परिव्यय-- (हजार रुपयों में)

03--खेल और युवा सेवायें और खेल स्टेडियम--

800--अन्य व्यय

(--) स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ के ध्यान चन्द स्टेडियम में डारमेंट्री का निर्माण

18--बृहत् निर्माण कार्य 10,00

खाद्य तथा रसद विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	पूंजी लेखे का व्यय ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर उपभोक्ता संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला फोरमों की स्थापना	37,15	..	..	37,15	3456-नागरिक पूर्ति	47 प

प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर उपभोक्ता संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला फोरमों की स्थापना

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार प्रदेश के समस्त जिलों में जिला फोरम्स स्थापित किये जाने का प्राविधान है। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों का ज्ञान कराने, शोषण से बचाने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से प्रदेश के शेष 45 मैदानी जिला मुख्यालयों पर जिला फोरम स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990–91 म इस योजना पर कुल 37,15,000 रु0 का आवर्तक व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में 37,15,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

3456—नागरिक पूर्ति–आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

001—निदेशन और प्रशासन—

02—उपभोक्ता संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थापित निदेशालय—

01—वेतन	7,00
03—महंगाई भत्ता	2,50
04—यात्रा व्यय	1,50
05—अन्य भत्ते	1,75
06—कार्यालय व्यय	2,75
11—किराया उपशुल्क और कर-स्वामिस्व	4,25
16—सेवा सत्कार अतिथि व्यय—व्यय विषयक भत्ता आदि ..	2,15
33—अन्य व्यय	15,25
योग ..	37,15

गन्ना विकास विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है ।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
2	3	4	5	6	7	8
गन्ना विकास						
स्थलीय एवं हवाई विधि द्वारा गन्ने का हानिकारक कीटों से नियंत्रण	10,00	..	..	10,00	2401-कृषि कार्य	51 प
नयी चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ना विकास	15,00	..	..	15,00	तदैव	51 प
अंशदायी आधार पर अन्तर ग्रामीण सड़क निर्माण	2,00,00	..	..	2,00,00	तदैव	51 प
गन्ना उत्पादकों को सस्ते दर पर फसल रक्षा यन्त्र उपलब्ध कराने की योजना	6,30	..	..	6,30	तदैव	52 प
उत्तर प्रदेश में गन्ना विकास योजना	1,48,00	..	..	1,48,00	तदैव	52 प
उर्वरक कार्यक्रम के सघनीकरण की योजना	2,90	..	..	2,90	2408-खाद्य भण्डारण और भण्डागारण	53 प
आर्थिक दृष्टि से कमजोर सहकारी गन्ना समितियों के प्रबंधकीय (मैनीजिरियल) तथा आपूर्ति व्यवस्था के आधुनिकीकरण व्यय सम्बन्धी शासकीय अंशदान	50,00	..	..	50,00	तदैव	53 प
उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद् (साइन्स एण्ड टेक्नालोजी कम्पोनेन्ट) को अनुदान	35,00	..	..	35,00	2415-कृषि अनुसंधान और शिक्षा	53 प
योग (क) ..	4,67,20	..	..	4,67,20		
चीनी उद्योग						
उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम के अंशकों का क्रय	..	12,00,00	..	12,00,00	4860-उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय	54 प
सहकारी चीनी मिलों की अंशपूंजी में सरकार द्वारा पूंजी विनियोजन	..	13,00,00	..	13,00,00	तदैव	54 प
योग (ख) ..	..	25,00,00	..	25,00,00		
कुल योग ..	4,67,20	25,00,00	..	29,67,20		

स्थलीय एवं हवाई विधि द्वारा गन्ने का हानिकारक कीटों से नियन्त्रण

गन्ने की फसल को हानिकारक कीटों एवं बीमारियों से बचाने के लिये प्रदेश की सहकारी गन्ना समितियों द्वारा कीट बीमारियों के नियंत्रण हेतु व्यापक अभियान चलाया जाता है जिसके लिये सम्पूर्ण प्रस्तावित क्षेत्र में हवाई एवं स्थलीय विधि द्वारा कीट नियंत्रण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। अष्टम पंच-वर्षीय योजनावधि में इस योजना के क्रियान्वयन पर 1,20,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। वर्ष 1990-91 में 10,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 10,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रुपयों में)
2401--कृषि कार्य-आयोजनागत--	
107--पौध संरक्षण--	
02--स्थलीय एवं हवाई विधि द्वारा गन्ना कीट महामारियों के नियंत्रण की योजना--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	9,00
04--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--	
0402--स्थलीय एवं हवाई विधि द्वारा गन्ना कीटों के नियंत्रण की योजना--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	1,00
योग ..	10,00

नयी चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ना विकास

प्रदेश में स्थापित की जाने वाली नई चीनी मिलों का निर्माण पूर्ण होने के समय उनके लिये सुरक्षित क्षेत्र से मिलों की सम्पूर्ण पेराई की आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रत्येक चीनी मिल के लिये एक विकास इकाई स्थापित की जाती है। इकाई में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थापना व्यय को वहन करने हेतु संबधित चीनी मिलों को अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। नई विकास इकाईयों के लिये विभिन्न संवर्ग के 41 पद सृजित किये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में योजनान्तर्गत 15,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है जिसकी व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी :

2--व्यय के अनुमान--	रु०
(क) कुल परिव्यय (1990-91)	15,00,000
(ख) अंतिम आवर्तक व्यय	21,00,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रुपयों में)
2401--कृषि कार्य-आयोजनागत--	
108--वाणिज्यिक फसलें--	
03--चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ना विकास की योजना (जिला योजना)--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	15,00

अंशदायी आधार पर अन्तर ग्रामीण सड़क निर्माण

चीनी मिलों के सुरक्षित क्षेत्रों में गन्ना कृषकों द्वारा उत्पादित गन्ने की सुलभ आपूर्ति कराये जाने के लिये अंशदायी आधार पर अन्तर ग्रामीण सड़क निर्माण की योजना के अन्तर्गत सम्पर्क मार्गों के निमाणार्थ 50 प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता रहा है। अष्टम पंचवर्षीय योजनावधि में इस योजना के लिये कुल 10,90,00,000 रु० तथा वर्ष 1990-91 में 2,00,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,00,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है जिसकी स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--व्यय के अनुमान--	रु०
(क) कुल परिव्यय (1990-95)	10,90,00,000
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय	2,30,00,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रुपयों में)
2401--कृषि कार्य-आयोजनागत--	
108--वाणिज्यिक फसलें--	
07--अंशदायी आधार पर अन्तर ग्रामीण सड़क निर्माण योजना--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	2,00,00

गन्ना उत्पादकों को सस्ते दर पर फसल रक्षा यन्त्र उपलब्ध कराने की योजना।

आधुनिक गन्ने की खेती में उन्नतिशील गन्ने की प्रजातियों की स्वस्थ फसल एवं अधिकतम उत्पादकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कोटि के कृषि रक्षा यन्त्रों को क्रय करके अनुदानित दरों पर कृषकों को उपलब्ध कराया जाता है। कृषि रक्षा यन्त्रों के मूल्य का 25 प्रतिशत सीमान्त कृषकों को तथा 33-1/3 प्रतिशत अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन-जातियों के कृषकों को अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। अष्टम् पंचवर्षीय योजनावधि में 55,70,000 रु0 तथा वर्ष 1990-91 में 6,30,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 6,30,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है, जिसकी स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2-- व्यय के अनुमान--

	रु0
(क) कुल परिव्यय (1990-95)	55,70,000
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय	16,40,000

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2401—कृषि कार्य—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

107—पौध संरक्षण—

03—गन्ना उत्पादकों को सस्ते दर पर गन्ना रक्षा यंत्र उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)—

14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 5,40

04—अनुसूचित जातियों के लिए स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान—

0401—गन्ना उत्पादकों को सस्ते दर पर गन्ना रक्षा यंत्र उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)—

14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 90

योग .. 6,30

उत्तर प्रदेश में गन्ना विकास योजना।

प्रदेश में चीनी का अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आधार गन्ना बीज उत्पादन, गन्ने के उन्नतिशील बीज को सुदूर अंचल के ग्रामों में सामान्य कृषकों एवं अनुसूचित जाति/जन-जाति के कृषकों को उपलब्ध कराने, बीज यातायात पर अनुदान देने, गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक कीटों एवं फसलों पर लगने वाली बीमारियों के नियंत्रण हेतु भूमि उपचार, बीज उपचार एवं पेड़ी गन्ने की उत्पादकता में सुधार के लिए यूरिया, उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने, चीनी मिलों के 16 कि0 मी0 परिधि क्षेत्र में सघन गन्ना विकास, फील्ड प्रदर्शन के माध्यम से सुधरी हुई खेती के प्रयोग की जानकारी कृषकों को देने आदि कार्यक्रम उक्त योजना में सम्मिलित किये गये हैं। वर्ष 1990-91 में गन्ना बीज के यातायात पर छोटे एवं सीमान्त कृषकों को 2 रु0 प्रति कुन्तल तथा अनुसूचित जाति एवं जन-जाति के कृषकों को 4 रु0 प्रति कुन्तल अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त आधार एवं प्राथमिक पौधशालायें रखे जाने के लिए अनुदान निम्न प्रकार प्रस्तावित है—

पौधशाला का प्रकार		अनुदान	
		सामान्य (रु0 प्रति हेक्टेयर)	अनुसूचित जाति/ जन-जाति (रु0 प्रति हेक्टेयर)
		रु0	रु0
1—आधार गन्ना बीज पौधशाला	..	1,000	2,000
2—प्राथमिक गन्ना बीज पौधशाला	..	500	1,000

चीनी मिलों के 16 कि0मी0 परिधि क्षेत्र में भूमि उपचार, बीज उपचार एवं पेड़ी छिड़काव आदि पर हुए व्यय का 50 प्रतिशत अनुदान स्वरूप कृषकों को दिया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1990-91 में योजनान्तर्गत 1,48,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,48,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है, जिसकी स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2401—कृषि कार्य—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

108—वाणिज्यिक फसलें—

06—उत्तर प्रदेश में गन्ना विकास की योजना (जिला योजना) .. 1,33,52

14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता

08—अनुसूचित जातियों के लिए स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान

0801—उत्तर प्रदेश में गन्ना विकास की योजना (जिला योजना)—

14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 14,48

योग .. 1,48,00

उर्वरक कार्यक्रम के सघनीकरण की योजना ।

गन्ने की फसल की उत्पादकता एवं उसमें वृद्धि हेतु दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों के गन्ना कृषकों को समय पर खाद, रासायनिक तथा कीटनाशक औषधियों की आपूर्ति तथा प्रचुर मात्रा में उनके भण्डारण और सुरक्षा की प्रभावी व्यवस्था हेतु चीनी मिल क्षेत्रों की सहकारी गन्ना समितियों के पास भण्डारण की सुविधा होना आवश्यक है । वर्तमान समय में गन्ना के क्षेत्रफल में हो रही सतत वृद्धि के फलस्वरूप अतिरिक्त भण्डार गृहों का निर्माण आवश्यक है । भण्डार गृह की कुल निर्माण लागत का 25 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रूप में सहकारी गन्ना समितियों को उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के लिये आठवीं पंचवर्षीय आयोजनावधि में 20,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है । वर्ष 1990-91 में 8 खाद गोदामों के निर्माण का प्रस्ताव है जिन पर 2,90,000 रुपये का व्यय अनुमानित है । तदनुसार आय-व्ययक में 2,90,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है, जिसकी स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी ।

2--व्यय के अनुमान--- रु0

(क) कुल परिव्यय वर्ष (1990-95)	.. ..	20,00,000
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय	.. ..	5,10,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

2408--खाद भण्डारण और भण्डागारण--- (हजार रुपयों में)

02--भण्डारण तथा भण्डागारण--

800--अन्य व्यय--

01--उर्वरक कार्यक्रम के सघनीकरण की योजना (जिला योजना)

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 2,90

आर्थिक दृष्टि से कमजोर सहकारी गन्ना समितियों के प्रबंधकीय (मैनीजिरियल) तथा आपूर्ति व्यवस्था व आधुनिकीकरण व्यय सम्बन्धी शासकीय अंशदान ।

सहकारी गन्ना समितियां अपने सदस्य कृषकों को 20 रु0 के अंशक पर 1,500 रु0 का ऋण उपलब्ध कराती हैं। इस प्रकार ये समितियां अपने सदस्यों को दिये जा रहे ऋण पर 1.33 प्रतिशत अंश ही जमा कराती हैं किन्तु उन्हें सहकारी बैंकों को 5 प्रतिशत की सीमा पर अंशदान देना पड़ता है । पुरानी चीनी मिलों की पेराई क्षमता कम हो जाने से समितियों को मिलों से कम कमीशन प्राप्त हो रहा है, इससे गन्ना समितियों की आर्थिक दशा क्षीण होती जा रही है । इस लिए इन कृषक हितैषी समितियों की आर्थिक स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। तदनुसार 20 कमजोर समितियों को अंशदान दिया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए वर्ष 1990-91 में 50,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है । तदनुसार आय-व्ययक में 50,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है जिसकी स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी ।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2408--खाद भण्डारण और भाण्डागारण--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

02--भण्डारण तथा भाण्डागारण--

800--अन्य व्यय--

02--आर्थिक दृष्टि से कमजोर सहकारी गन्ना समितियों के प्रबंधकीय (मैनीजीरियल) तथा आपूर्ति व्यवस्था के आधुनिकीकरण व्यय सम्बन्धी शासकीय अंशदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता .. 50,00

उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद् (साइन्स एण्ड टेक्नालाजी कम्पोनेन्ट) को अनुदान ।

प्रदेश में गन्ने की फसल सम्बन्धी शोध कार्य तथा फसल परिणामों का गन्ना किसानों के खेतों पर सही कार्यान्वियन हेतु गन्ना शोध परिषद् का गठन किया गया है । शोध परिषद् के गठन से गन्ने के अच्छे रस, गुण एवं उपज देने वाली अच्छी जातियां गन्ना कृषकों को उपलब्ध हुई हैं । गन्ने की मिश्रित खेती, खाद एवं रसायनिक उर्वरकों की आनुपातिक मात्रा, बीज की मात्रा, खाद, सूखा एवं पालाग्रस्त खेतों में विलम्ब से बुआई तथा क्षेत्रों के अनुरूप उपयुक्त गन्ने की जातियों के चयन की दिशा में यथोचित प्रगति हुई है। गन्ने के हानिकारक रोगों तथा कीट नियंत्रण की विधियों द्वारा शोध कार्य चल रहा है तथा शरदकाल में काटे गये गन्ने की पेड़ी की सफल फसल प्राप्त करने की दिशा में भी प्रयास जारी है। प्रस्तावित कार्यक्रमों में निहित व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु वर्ष 1990-91 में परिषद् को 35,00,000 रुपये अनुदान के रूप में देने का प्रस्ताव है । तदनुसार आय-व्ययक में 35,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है, जिसकी स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी ।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2415--कृषि अनुसंधान और शिक्षा--आयोजनागत--- (हजार रुपयों में)

01--कृषि कार्य--

004--अनुसंधान--

02--उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद् (साइन्स एण्ड टेक्नालोजी कम्पोनेन्ट) को अनुदान

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 35,00

उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम के अंशकों का क्रय।

उत्तरप्रदेश राज्य चीनी निगम की रुग्ण चीनी मिलों का पुनर्वासिन तथा कम क्षमता की अलाभकारी चीनी मिलों के आधुनिकीकरण एवं क्षमता विस्तार करने के उद्देश्य से उ0 प्र0 राज्य चीनी निगम की मेरठ, बरेली बैतालपुर तथा घुघली इकाई (गोरखपुर) के आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं क्षमता विस्तार तथा सिसवा बाजार, खड्डा एवं चांदपुर इकाइयों में आसवनियां लगाने, का प्रस्ताव है। निगम की कमजोर चीनी मिल घाटमपुर (कानपुर-देहात) का पुनर्वासन किये जाने का भी प्रस्ताव है। इन कार्यक्रमों पर वर्ष 1990-91 में 12,00,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। प्रस्तावित योजनाओं का विवरण निम्नलिखित है:—

2—व्यय के विवरण—

क्रम-संख्या	योजना का नाम	(हजार रुपयों में)
1	उ0 प्र0 राज्य चीनी निगम इकाई मेरठ, का आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं 1219 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक क्षमता विस्तार	2,00,00
2	बरेली इकाई का आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं 1016 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तार	2,25,00
3	बैतालपुर इकाई (देवरिया) का आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं 914 से 2500 टी0सी0डी0 तक विस्तारीकरण	2,00,00
4	घुघली इकाई महाराजगंज का आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं 982 से 2500 डी0सी0 डी0 तक विस्तारीकरण	2,00,00
5	सिसवा बाजार (गोरखपुर) में आसवनी की स्थापना	60,00
6	खड्डा (देवरिया) आसवनी की स्थापना	60,00
7	चांदपुर (बिजनौर) आसवनी की स्थापना	55,00
8	कमजोर इकाई घाटमपुर (कानपुर) का पुनर्वासन	2,00,00
	योग ..	12,00,00

तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 12,00,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। विस्तृत परीक्षण के उपरान्त वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की जायेंगी।

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

4860—उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

04—चीनी—

190—सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश—

01—उ0 प्र0 राज्य चीनी निगम के अंशकों का क्रय—

24—निवेश/ऋण 12,00,00

सहकारी चीनी मिलों की अंशपूंजी में सरकार द्वारा पूंजी विनियोजन।

यह आवश्यक है कि जहां एक ओर नई चीनी मिलों/आसवनियों की स्थापना की जाय तथा कार्यरत चीनी मिलों को लाभप्रद बनाने हेतु उनकी क्षमता में विस्तार किया जाय, वहीं दूसरी ओर चीनी मिलों एवं आसवनियों के उपोत्पाद/उत्प्रवाह कर उपयोग करने के साथ-साथ उनसे उचित रसायन एवं ऊर्जा उत्पादित की जाय। इससे चीनी उद्योग में एक सर्वांगीण विकास होने के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा एवं ऊर्जा की कठिनाइयों के निवारण में उल्लेखनीय सहयोग चीनी उद्योग सेक्टर से प्राप्त किया जा सकेगा। उपर्युक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 1990-91 में स्थापित की जा रही नई चीनी मिल बांसगांव (गोरखपुर) के कार्य को त्वरित करने के साथ-साथ जनपद मुरादाबाद में बहेड़ी, ब्रहमनान (मुरादाबाद) तथा चिलवारिया (बहराइच) में 2500 टी0 सी0 डी0 क्षमता की नई चीनी मिलें स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। उपर्युक्त के अतिरिक्त सहकारी क्षेत्र की बागपत (मेरठ), अनूपशहर (बुलन्दशहर), महमूदाबाद (सीतापुर), मोरना (मुजफ्फरनगर), गजरौला (मुरादाबाद), पूरनपुर (पीलीभीत) तथा पुवायां (शाहजहांपुर) में कार्यरत चीनी मिलों के आधुनिकीकरण तथा क्षमता विस्तार किये जाने का भी प्रस्ताव है। सहकारी क्षेत्र में सम्पूर्णानगर (खीरी), मऊ आसवनी के प्रारम्भ किये गये कार्यों में गति लाने एवं बागपत (मेरठ) तथा महमूदाबाद (सीतापुर) में आसवनी स्थापना के कार्यक्रम के साथ-साथ इन सभी आसवनियों में उत्प्रवाह के उपयोग हेतु इकाई स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। उपरोक्त कार्यक्रमों हेतु वर्ष 1990-91 में 13,00,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित हैं।

2—व्यय का विवरण—

क्रम-संख्या	योजना का नाम	(हजार रुपयों में)
1	2	3
1	बांसगांव (गोरखपुर) में 2500 टी0 सी0 डी0 की नई चीनी मिल स्थापना	3,65,00
2	बहेड़ी-ब्रह्मनान (मुरादाबाद) में 2500 टी0 सी0 डी0 की नई चीनी मिल स्थापना ..	25,00
3	चिलवारिया (बहराइच) में 2500 टी0 सी0 डी0 की नई चीनी मिल स्थापना	25,00
4	बागपत (मेरठ) चीनी मिल की क्षमता में 1800 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तार ..	1,12,00
5	महमूदाबाद (सीतापुर) चीनी मिल की क्षमता में 1250 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तार ..	85,00
6	अनूपशहर (बुलन्दशहर) चीनी मिल की क्षमता में 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तार ..	1,33,00
7	मोरना (मु0 नगर) चीनी मिल की क्षमता में 1250 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तार ..	50,00
8	गजरौला (मुरादाबाद) चीनी मिल की क्षमता में 1250 से 2500 टी सी0 डी0 तक विस्तार ..	50,00
9	पूरनपुर (पीलीभीत) चीनी मिल की क्षमता में 2500 टी0 सी0 डी0 क्षमता विस्तार ..	50,00
10	पुवायां (शाहजहांपुर) चीनी मिल की क्षमता में 1250 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तार ..	50,00
11	सम्पूर्णानगर (खीरी) आसवनी की स्थापना 1,30,000 लीटर प्रतिदिन	60,00
12	घोसी, मऊ (आसवनी की स्थापना क्षमता 30,000 लीटर प्रतिदिन)	95,00
13	बागपत (मेरठ) आसवनी की स्थापना क्षमता 60,000 लीटर प्रतिदिन	25,00
14	महमूदाबाद (सीतापुर) आसवनी की स्थापना क्षमता 60,000 लीटर प्रतिदिन	25,00
15	सम्पूर्णानगर (खीरी) आसवनी में उत्प्रवाह के उपयोग की इकाई की स्थापना	25,00
16	घोसी (मऊ) आसवनी में उत्प्रवाह के उपयोग की इकाई की स्थापना	75,00
17	बागपत (मेरठ) आसवनी में उत्प्रवाह के उपयोग की इकाई की स्थापना	25,00
18	महमूदाबाद (सीतापुर) आसवनी में उत्प्रवाह के उपयोग की इकाई की स्थापना	25,00
	योग ..	13,00,00

तदनुसार वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में 13,00,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। बिस्तृत परीक्षण के उपरान्त वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जायेंगी।

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

4860—उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

04—चीनी—

पर्यटन कार्यालय, उ० प्र०, नई दिल्ली के लिये एक अतिरिक्त डीलक्स एम्बेसडर कार का क्रय तथा कार चालक के एक अस्थायी पद का सृजन

उत्तर प्रदेश के सहायक निदेशक, पर्यटन कार्यालय, नई दिल्ली के लिये एक ही कार उपलब्ध है किन्तु वर्तमान में पर्यटन की गतिविधियों में आशातीत वृद्धि, होने के कारण एवं दिल्ली में विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन के अवसर पर एक ही वाहन होने के कारण प्रायः टैक्सियों की व्यवस्था करनी पड़ती है जिससे राजकीय कोष पर भार पड़ता है। विशिष्ट अतिथियों तथा भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रदेश की पर्यटन विकास की योजनाओं एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया जाता है जिसके लिये भी वाहन की व्यवस्था करनी पड़ती है। अतः पर्यटन के उत्तरोत्तर बढ़ रहे कार्यकलापों के सुचारु रूप से सम्पादन हेतु सहायक निदेशक पर्यटन कार्यालय, नई दिल्ली के लिये 1,25,000 रु० की अनुमानित लागत पर एक पेट्रोल चालित डीलक्स एम्बेसडर कार क्रय करने तथा 950-1500 रु० के वेतनमान में एक वाहन चालक के पद के सृजन का प्रस्ताव है। इस पर वर्ष 1990-91 में 1,42,000 रु० (17,000 रु० आवर्तक तथा 1,25,000 रु० अनावर्तक) के व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,42,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

3452--पर्यटन--आयोजनागत--

80--सामान्य--

104-संवर्द्धन और प्रचार--

	(हजार रुपयों में)
01--अधिष्ठान--	
01--वेतन	7
03--महंगाई भत्ता	2
05--अन्य भत्ते	1
08--मोटर गाड़ियों का क्रय	1,25
09-मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल की खरीद	7
योग	1,42

पर्यटन निदेशालय, लखनऊ हेतु एक द्विभाषी इलेक्ट्रानिक टाइप राइटर का क्रय

वर्तमान समय में पर्यटन विभाग का कार्य उत्तरोत्तर बढ़ रहा है और इसके लिए, विशेष कर बौद्ध परिपथ के विकास हेतु भारत सरकार को विभिन्न योजनाओं का प्रारूप एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स भेजनी होती है। केन्द्र सरकार को जो योजनाएं और प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स प्रेषित की जाती हैं, उन्हें स्वच्छ एवं आकर्षक ढंग से तैयार करने के लिए पर्यटन निदेशालय के लिए वर्ष 1990-91 में एक द्विभाषी इलेक्ट्रानिक टाइप राइटर क्रय करने का प्रस्ताव है। इस पर 40,000 रु० का अनावर्तक व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 40,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

3452--पर्यटन--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

80--सामान्य--

001--निदेशन और प्रशासन--

01--अधिष्ठान--

06--कार्यालय व्यय	40

प्रदेश के मैदानी भाग में विभिन्न माध्यमों से पर्यटन प्रचार प्रदर्शनियों व मेलों का आयोजन

प्रदेश में पर्यटन के विकास हेतु देशी विदेशी पर्यटकों को अधिकाधिक आकर्षित करने हेतु विगत वर्षों की भांति वर्ष 1990-91 में भी विभिन्न माध्यमों से पर्यटन प्रचार करने हेतु कुल 58,00,000 रु० (51,50,000 रु०) विभिन्न स्थलों पर प्रदर्शनियां आयोजित करने हेतु 3,00,000 रु० तथा अयोध्या व चित्रकूट में रामायण मेलों के आयोजन करने के लिये क्रमशः 2,00,000 रु० व 1,50,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 58,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2-आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

3452-पर्यटन-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

80-सामान्य--

800-अन्य व्यय--

01-पर्यटन सूचना और प्रचार	
14- सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	55,00
02-प्रदर्शनियों पर भाग लेने पर व्यय--	
33-अन्य व्यय	3,00
योग	58,00

आगरा नगर में मुमताज बाग (ताज नेशनल पार्क) के निर्माण हेतु अध्याप्त की जा रही भूमि की कंटीले तारों द्वारा फेंसिंग

जनपद आगरा में मुमताज बाग (ताज नेशनल पार्क) के निर्माण हेतु अर्जित की जा रही 339.441 एकड़ भूमि को अवैध कब्जों से सुरक्षित रखने के लिए कटीले तारों से फेंसिंग कराने का प्रस्ताव है। जिस पर 13,91,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 13,91,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

5452--पर्यटन पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

80--सामान्य--

104--संवर्द्धन और प्रचार--

30--आगरा नगर में मुमताज बाग (ताज नेशनल पार्क) के निर्माण हेतु भूमि की फेंसिंग--

18--वृहत् निर्माण-कार्य 13,91

वाराणसी में फास्ट फूड रेस्टोरेन्ट की स्थापना हेतु उ० प्र० राज्य पर्यटन विकास निगम को अंश पूंजी

पर्यटकों की स्वल्पाहार आवश्यकता की त्वरित पूर्ति हेतु उ० प्र० राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा वाराणसी में एक फास्ट फूड रेस्टोरेन्ट की स्थापना हेतु वर्ष 1990-91 में निगम को 20,00,000 रु० की धनराशि अंशपूंजी के रूप में उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 20,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृत विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

5452--पर्यटन पर पूंजी परिव्यय--
आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

80--सामान्य--

104--संवर्द्धन और प्रचार--

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश--

01--उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को पूंजी विनियोजन--

24--निवेश / ऋण 20,00

श्रावस्ती (बहराइच) में भारत सरकार द्वारा पर्यटक परिसर के निर्माण हेतु श्रावस्ती स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग, उ० प्र० के निरीक्षण भवन एवं उससे सम्बद्ध भूमि का भारत सरकार पर्यटन विभाग को हस्तान्तरण

श्रावस्ती (जनपद बहराइच) में भारत सरकार द्वारा पर्यटक परिसर के निर्माण हेतु श्रावस्ती स्थित लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश के निरीक्षण भवन एवं उससे सम्बद्ध भूमि भारत सरकार को हस्तान्तरित किये जाने का प्रस्ताव है जिसके मूल्य 11,42,000 रुपये का भुगतान पर्यटन विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को किया जाना है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 11,42,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

5452--पर्यटन पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

80-सामान्य--

104--सम्वर्द्धन और प्रचार--

01--पर्यटक-आवास गृहों के लिये भूमि की अध्याप्ति--

18--वृहत् निर्माण कार्य 11,42

केन्द्रीय वित्त पोषित योजनान्तर्गत प्रदेश के नौ स्थानों पर मार्गीय सुविधाओं के निर्माणार्थ भूमि की व्यवस्था

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 10 स्थानों अलीगढ़, खुर्जा (जनपद बुलन्दशहर), बेवर (जनपद मैनपुरी), छिबरामऊ (जनपद फर्रुखाबाद), औरैया (जनपद इटावा), खागा (जनपद फतेहपुर), सीतापुर, ललितपुर, कलिन्जर (जनपद बांदा) तथा पिपरहवा (जनपद सिद्धार्थ नगर) में मार्गीय सुविधाओं के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता दिये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी है। भूमि, जल, विद्युत आदि की व्यवस्था, राज्य सरकार को अपने साधनों से करनी होगी। इन दस स्थलों में से पिपरहवा में भूमि उपलब्ध है तथा शेष 9 स्थलों पर भूमि व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 में 10,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 10,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त की जायेगी।

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

5452-पर्यटन पर पूंजी परिव्यय- आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

08--सामान्य--

104-सम्वर्द्धन और प्रचार--

01-पर्यटक आवास गृहों के लिये भूमि की अध्याप्ति--

18-वृहत् निर्माण कार्य 10,00

जनपद कानपुर देहात में फतेहपुर रोशनाई तथा महराजपुर में मार्गीय सुविधाओं का निर्माण

जनपद कानपुर देहात में फतेहपुर रोशनाई तथा महराजपुर में भारत सरकार द्वारा एक-एक मार्गीय सुविधा के निर्माण की योजना स्वीकृत की गई है। इन मार्गीय सुविधाओं हेतु स्टाफ क्वार्टर्स, वाह्य विद्युतीकरण, वाह्य जल आपूर्ति, चहारदीवारी, सीवरेज, एप्रोच रोड आदि पर वित्तीय वर्ष 1990-91 में 40,00,000 रु0 (प्रत्येक मार्गीय सुविधा हेतु 20,00,000 रु0) अतिरिक्त व्यय होने का अनुमान है जिसे राज्य सरकार को स्वयं वहन करना होगा। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 40,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

5452--पर्यटन पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

80--सामान्य--

104--सम्वर्द्धन और प्रचार--

30--जनपद कानपुर देहात में महराजपुर एवं फतेहपुर रोशनाई में मार्गीय सुविधाओं का निर्माण--

18--वृहत् निर्माण-कार्य 40,00

उ0 प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा प्रदेश में संचालित इकाइयों में जेनरेटर की व्यवस्था

उ0 प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित 36 पर्यटक आवास गृहों, होटलों व मार्गीय सुविधाओं में निरन्तर विद्युत् आपूर्ति न होने के कारण उनके संचालन में कठिनाई के साथ ही उनमें पर्यटकों का आगमन भी प्रभावित होता है। अतएव उक्त 36 इकाइयों में निरन्तर विद्युत् की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए जेनरेटर सेटों के लगाने हेतु उ0 प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम को वर्ष 1990-91 में 15,15,000 रु0 को अंशपूंजी दिए जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 15,15,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

5452--पर्यटन पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

80--सामान्य--

104--सम्वर्द्धन और प्रचार--

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश--

01--उ0 प्र0 पर्यटन विकास निगम को पूंजी विनियोजन--

24--निवेश / ऋण 15,15

उ0 प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित इकाइयों (पर्यटक आवास गृहों आदि) का जीर्णोद्धार एवं उच्चीकरण

पर्यटकों को अधिकाधिक आकर्षित करने के लिए उ0 प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित निम्नलिखित आवास गृहों के 81 बाथ रूमों को 17,00,000 रु0 की अनुमानित लागत से जीर्णोद्धार एवं उच्चीकरण किए जाने का प्रस्ताव है। इस कार्य हेतु वर्ष 1990-91 में उ0 प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम को 17,00,000 रु0 की धनराशि अंशपूंजी के रूप में दिए जाने का प्रस्ताव है:

क्रम-संख्या	आवास गृह का नाम		बाथ रूमों की संख्या
1	टूरिस्ट बंगला, राजा की मण्डी, आगरा	..	15
2	टूरिस्ट बंगला, वाराणसी	..	8
3	टूरिस्ट बंगला, हरिद्वार	..	24
4	होटल ताज खेमा, आगरा	..	8
5	गजल टूरिस्ट, रिजोर्ट, नरोरा	..	6
6	टूरिस्ट बंगला, हिण्डन, गाजियाबाद	..	8
7	टूरिस्ट बंगला, भदोही, वाराणसी	..	6
8	मार्गीय सुविधा, कन्नौज	..	6
		योग ..	81

तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 17,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जावेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन --

(हजार रुपयों में)

5452--पर्यटन पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत--

80--सामान्य--

104--सम्वर्द्धन और प्रचार--

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश--

01--उ० प्र० राज्य पर्यटन विकास निगम को पूंजी विनियोजन--

24--निवेश / ऋण 17,00

पशुधन विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

म-ख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	राष्ट्रीय महत्ता तथा अन्य संबंधित पशु रोगों के नियंत्रण की केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना	3,00	..	..	3,00	2403-पशुपालन	125 प
2	सी0 डी0 एफ0, अलीगढ़ के पशुधन उद्योग निगम के स्लाटर हाउस, का आधुनिकीकरण	58,00	..	..	58,00	तदैव	125 प
3	चारा एवं चरागाह विकास की योजना (जिला योजना)	12,00	..	..	12,00	तदैव	126 प
4	प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में खुरपका, मुंहपका रोग के रोकथाम की योजना (जिला योजना)	15,60	..	..	15,60	तदैव	126 प
5	सघन भेड़ विकास प्रायोजना एवं भेड़ प्रक्षेत्रों की स्थापना, विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण	3,20	..	..	3,20	तदैव	127 प
6	पशु चिकित्सा संबंधी शिक्षा एवं प्रशिक्षण की योजना	3,00	..	..	3,00	तदैव	127 प
7	पशुपालन विभाग के प्रशासनिक ढांचे का सुदृढ़ीकरण	12,00	..	..	12,00	तदैव	128 प
	विशेष पशुधन उत्पादन कार्यक्रम	1,51,08	..	..	1,51,08	तदैव	128 प
9	गाय / भैंस में कृत्रिम गर्भाधान द्वारा पशु प्रजनन की सुविधाओं का सुधार एवं विस्तार तथा बैंक के माध्यम से प्रजनन की सुविधायें उपलब्ध कराने की योजना	30,00	..	..	30,00	तदैव	129 प
	प्रदेश के आपरेशन फ्लड-11 क्षेत्र के बाहर के क्षेत्रों के गायों में संकर प्रजनन तथा भैंसों में अति-हिमीकृत वीर्य द्वारा पशु प्रत्याभिजनन की योजना	1,00	..	..	1,00	तदैव	129 प

पशुधन विभाग (क्रमशः)

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का विवरण पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
11	उ0 प्र0 पोल्ट्री एण्ड लाइवस्टाक स्पेशलिटीज लिमिटेड से कुक्कुट उत्पादन तथा उसके क्रय-विक्रय की व्यवस्था	24,00	..	..	24,00	2403—पशुपालन	130
12	गाय एवं भैंस में कृत्रिम गर्भाधान एवं प्राकृतिक गर्भाधान द्वारा पशु प्रजनन की सुविधाओं का सुधार एवं विस्तार तथा बैंक के माध्यम से ऋण की सुविधायें उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)	1,20,00	..	..	1,20,00	तदैव	13[illegible]
13	पशुधन विकास कार्यक्रमों का प्रसार एवं प्रचार (जिला योजना)	3,19	..	..	3,19	तदैव	131
14	पशुधन विकास कार्यक्रमों का प्रसार एवं प्रचार योजना	1,00	..	..	1,00	तदैव	131
15	राज्य में पशुधन संख्या एवं विभिन्न पशु जन्य पदार्थों के जनपदवार अनुमान प्राप्त करने की योजना	2,00	..	..	2,00	तदैव	131
16	भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्रों की स्थापना, ऊन श्रेणीकरण, क्रय-विक्रय, सघन भेड़ विकास एवं स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराना (जिला योजना)	14,25	3,25	..	17,50	2403—पशुपालन एवं 4404—पशुपालन पर पूंजी परिव्यय	13[illegible]
17	सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास एवं सुदृढ़ीकरण तथा प्रजनन सुविधाओं को उपलब्ध कराना (जिला योजना)	1,65	12,95	..	14,60	तदैव	1[illegible]
18	पशुधन प्रक्षेत्रों पर उन्नतिशील पशुओं के उत्पादन हेतु विभिन्न सुविधाओं को उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)	4,90	4,08	..	8,98	तदैव	1[illegible]
19	पशु जैविक औषधि संस्थान की स्थापना एवं विस्तार की योजना	22,50	1,50	..	24,00	तदैव	1[illegible]

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
20	प्रदेश में कुक्कुट प्रक्षेत्र/हैचरीज की स्थापना, कार्यरत प्रक्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण एवं अन्य समन्वित कुक्कुट विकास कार्यक्रमों के सम्पादन की योजना	17,10	25,10	..	42,20	2403—पशुपालन तथा 4403—पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय	135प
21	पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा रोग निदान सेवाओं के सुधार तथा विस्तार की योजना (जिला योजना)	2,34,78	67,41	..	3,02,19	तदैव तदैव	135प
22	भारतीय मूल नस्ल की गोवंशीय महिष वंशीय पशु प्रजनन के संरक्षण एवं विकास की योजना (50 प्रतिशत की दर से केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित)	8,00	2,00	..	10,00	तदैव	136प
23	आधारीय / प्रमाणित बीजों के उत्पादन हेतु राजकीय चारा बीज प्रक्षेत्र का सुदृढ़ीकरण	4,50	3,50	..	8,00	तदैव	137प
24	वृहत भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र, भैंसोड़ा के सुदृढ़ीकरण की योजना	1,97	8,03	..	10,00	तदैव	138प
25	राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों की स्थापना एवं विस्तार की योजना	34,60	15,40	..	50,00	तदैव	139प
26	राज्य में बकरी प्रजनन प्रक्षेत्रों की स्थापना एवं प्रजनन सुविधाओं का विस्तार (जिला योजना)	7,83	4,67	..	12,50	तदैव	139प
27	प्रदेश में कुक्कुट प्रक्षेत्रों तथा हैचरीज की स्थापना	..	84,11	..	84,11	तदैव	140प
28	प्रदेश में ऊन बोर्ड की स्थापना	..	10,00	..	10,00	तदैव	141प
	योग ..	7,91,15	2,42,00	..	10,33,15		

राष्ट्रीय महत्ता तथा अन्य सम्बन्धित पशु रोगों के नियंत्रण की केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना

रैबीज एक भयानक रोग है जो कुत्तों के काटने से उत्पन्न होता है और पशुओं से मनुष्यों को लगता है। पशु अथवा मनुष्य के इस रोग में एक बार रोग ग्रसित हो जाने पर उसकी जीवन रक्षा करना कठिन हो जाता है। यह बीमारी राष्ट्रीय स्तर की है और इस पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से मुख्यालय पर कैनाइन रैबीज यूनिट की एक इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस इकाई से प्रदेश की सभी महानगरों के महानगरपालिकाओं में कुत्तों के रैबीज नियंत्रण का कार्यक्रम प्रारम्भ किया जायगा जिसके अन्तर्गत पालतू कुत्तों को अनिवार्य रूप से बीमारी के बचाव के टीके लगाये जायेंगे। इस इकाई की स्थापना पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा वहन किया जायगा। वर्ष 1990-91 में आवश्यक साज-सज्जा, केमिकल्स ड्रग्स, फाइलेकिक वैक्सीन आदि का क्रय किया जायगा, जिस पर कुल 3,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में 3,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के बाद जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)
101--पशुचिकित्सा सेवायें और पशु स्वास्थ्य--
01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें--
0103--राष्ट्रीय महत्ता तथा अन्य सम्बन्धी पहलुओं की पशुरोगों की विधिवत् नियंत्रण की योजना, (50 प्रतिशत की दर से केन्द्र पुरोनिधानित योजना--

20--मशीनें और साज-सज्जा उपकरण और संयंत्र	43
33--अन्य व्यय	1,66
योग ..	2,09

0104--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--
राष्ट्रीय महत्ता तथा अन्य संबंधी पहलुओं की पशु रोगों के विधिवत् नियंत्रण की योजना

25--सामग्री और सम्पूर्ति	91
योग ..	3,00

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई
	रु0		
अनुदान	1,50,000	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान ..	50 प्रतिशत
		04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान--	
		800--अन्य अनुदान--	
		15--पशुपालन--	
		1502--पशुचिकित्सा और सेवायें पशु स्वास्थ्य--	

सी0 डी0 एफ0, अलीगढ़ के पशुधन उद्योग निगम के स्लाटर हाउस का आधुनिकीकरण

पशुधन उद्योग निगम सी0डी0एफ0 अलीगढ़ पर स्थित स्लाटर हाउस व वर्तमान बेकन फ़ैक्ट्री को कार्य क्षमता में वृद्धि के लिये उसकी मशीनरी में सुधार, परिवर्तन एवं परिवर्द्धन करने का प्रस्ताव है। इस फ़ैक्ट्री से तैयार किया हुआ मांस मुख्यत: सेना को तथा विभिन्न स्थानों पर स्थित विक्रय केन्द्रों के माध्यम से जनता को उपलब्ध कराया जाता है। इस स्लाटर हाउस के आधुनिकीकरण से अच्छे तथा स्वास्थ्य वातावरण में तैयार किया हुआ मांस प्राप्त हो सकेगा। इस योजना पर वर्ष 1990-91 में कुल 58,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है जिसमें से 50 प्रतिशत की दर से 29,00,000 रु० भारत सरकार से केन्द्रीय सहायता के रूप में प्राप्त होगा। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में कुल 58,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)
105--सूकर विकास--
01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें--
0101--पशुधन उद्योग निगम सी0 डी0 एफ0, अलीगढ़ के स्लाटर हाउस एवं बेकन फ़ैक्ट्री का आधुनिकीकरण--

20--मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	58,00

3—भारत सरकार से प्राप्य सहायता—

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
राज सहायता	29,00	1601—केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान—04—केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान—800—अन्य अनुदान—15—पशुधन—सूकर विकास	50 प्रतिशत

चारा एवं चरागाह विकास की योजना (जिला योजना)

प्रदेश में पशुओं के लिये चारा उत्पादन वृद्धि हेतु उन्नतिशील चारा बीजों, के क्रय एव एटा जनपद की कुम्हारू ग्राम सदन पर चारा प्रदर्शन क्षेत्र के विकास एवं बीज उर्वरकों के क्रय का प्रस्ताव है, जिस पर वर्ष 1990-91 में 12,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार इतनी ही धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2403—पशुपालन—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

107—चारा एवं दाना विकास—

05—प्रदेश में चारा विकास कार्यक्रम का सघनीकरण एवं सघन विकास (जिला योजना)

25—सामग्री और सम्पूर्ति 12,00

प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में खुरपका मुंहपका रोग के रोकथाम की योजना (जिला योजना)

खुरपका-मुंहपका रोग पशुओं की एक संक्रामक बीमारी है और इस बीमारी से दुधारू पशुओं के दूध उत्पादन में भारी कमी आ जाती है, जिसके फलस्वरूप पशुपालकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। इस बीमारी से संकर प्रजनन तथा विदेशी जातियों के पशुओं पर मुख्य रूप से कुप्रभाव पड़ता है। इस योजना के लिए भारत सरकार से 50 प्रतिशत की केन्द्रीय सहायता प्राप्त होती है। इस बीमारी की रोकथाम हेतु योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में भी चालू रखा जाना प्रस्तावित है। योजना पर वर्ष 1990-91 में 15,60,000 रु० के व्यय होने का अनुमान है, जिसमें 50 प्रतिशत की दर से 7,80,000 रु० की केन्द्रीय सहायता भारत सरकार से प्राप्त होगी तथा वैक्सीन के मूल्य की 50 प्रतिशत धनराशि लाभार्थियों से वसूल की जायगी। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 15,60,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2403—पशुपालन—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

101—पशु चिकित्सा सेवाएं और पशु स्वास्थ्य—

01—केन्द्रीय आयोजनागत / केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनाएं—

0101—खुरपका-मुंहपका रोग के उन्मूलन हेतु वैक्सीन की व्यवस्था (केन्द्र सहायता—50 प्रतिशत की दर से)—

25—सामग्री एवं सम्पूर्ति 10,60

0102—अनुसूचित जातियों के लिए स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान—खुरपका-मुंहपका रोग हेतु वक्सीन की व्यवस्था—

25—सामग्री और सम्पूर्ति 5,00

योग .. 15,60

3—भारत सरकार से प्राप्त सहायता—

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अन्तर्गत सहायता की धनराशि अभिधारित की गई है
अनुदान	7,80	1601—केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान- 04—केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान— 15—पशुपालन— 1502—पशु चिकित्सा सेवाएं और पशु स्वास्थ्य	50 प्रतिशत

4—पशुपालकों से प्राप्त होने वाली धनराशि—

लेखा शीर्षक	धनराशि (हजार रुपयों में)
0403—पशुपालन— 800—अन्य प्राप्तियां— 06—प्रकीर्ण प्राप्तियां	रु 0 5,30

सघन भेड़ विकास प्रायोजना एवं भेड़ प्रक्षेत्रों की स्थापना, विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण

भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र, भरारी (झांसी), सैदपुर (ललितपुर), आटा तथा बोहदपुरा (जालौन) पर उत्तम कोटि की कार्पेट म्प ऊन प्रदान करने वाली नस्ल की भेड़ रखी गई हैं। वर्ष 1990-91 में उक्त चार प्रक्षेत्रों की भेड़ों के ऊन उतारने की अच्छी कस्म की मशीन उपलब्ध कराकर प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण करने का प्रस्ताव है। इस प्रयोजन हेतु 4 शीएरिंग मशीनें एवं नके स्पेयर पार्टस के क्रय पर कुल 3,20,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्यक में 3,20,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2403—पशुपालन—आयोजनागत—
104—भेड़ और ऊन विकास—
02—अनुसूचित जातियों के लिए स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान—
0201—भेड़ विकास प्रायोजना एवं भेड़ प्रक्षेत्रों की स्थापना, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की योजना —
20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 3,00

पशु चिकित्सा संबंधी शिक्षा एवं प्रशिक्षण की योजना

प्रदेश में ग्राम स्तरीय पशुधन प्रसार कार्य को सम्पादित करने के लिये पशुधन प्रसार निरीक्षकों की कमी को दूर करने हेतु ीत में एक अतिरिक्त पशुधन प्रसार निरीक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, भैंसोड़ा (वाराणसी) की स्थापना की गई है। यह प्रशिक्षण वर्ष की अवधि का है तथा प्रत्येक दो वर्ष बाद 100 अभ्यर्थी प्रशिक्षित होकर नियुक्ति हेतु उपलब्ध हो सकेंगे। इस प्रशिक्षण की प्रवेश क्षमता 100 अभ्यर्थियों की होगी तथा प्रत्येक छात्र को प्रतिमाह 200 रु० छात्रवृत्ति देने का प्राविधान है। प्रशिक्षण क्रम के कार्यान्वयन हेतु कार्यालय एवं छात्रावास को साज-सज्जा, फर्नीचर, लाइब्रेरी तथा प्रशिक्षार्थियों को दी जाने वाली वृत्ति पर वर्ष 1990-91 में कुल 3,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार इतनी धनराशि की आय-व्ययक में स्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:—

2403—पशुपालन-आयोजनागत— (हजार रुपयों में)
109—विस्तार और प्रशिक्षण
07—पशु चिकित्सा संबंधी शिक्षा एवं प्रशिक्षण की योजना

06—कार्यालय व्यय	..	..	..	..	40
15—छात्रवृत्ति और छात्रवेतन		..	..	..	60
20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र		..	..	..	2,00
			योग	..	3,00

पशुपालन विभाग के प्रशासनिक ढांचे का सुदृढ़ीकरण

वर्ष 1990-91 में प्रदेश के 6 नव सृजित जनपदों—मऊ, हरिद्वार, सिद्धार्थनगर, फिरोजाबाद, सोनभद्र तथा महराजगंज में जिला पशुधन अधिकारी के कार्यालय की स्थापना और उसके लिये प्रत्येक जनपद में जिला पशुधन अधिकारी, वरिष्ठ लिपिक, सहायक लेखाकार, अन्वेषक एवं सगणक, कनिष्ठ लिपिक, टंकक, कार्यालय चपरासी, अर्दली के एक-एक पद तथा उपनिदेशक, कानपुर मण्डल कार्यालय हेतु कनिष्ठ लिपिक के तीन एवं पशुपालन निदेशालय पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के एक पद के सृजन का प्रस्ताव है, इन पदों के वेतन इत्यादि फर्नीचर एवं टंकण मशीन के क्रय आदि पर वर्ष 1990-91 में कुल 12,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्ययक में 12,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2- आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रुपयों में)
2403-पशुपालन-आयोजनागत--	
001-निदेशन और प्रशासन--	
01-निदेशालय का अधिष्ठान--	
01--वेतन	7,02
03--मंहगाई भत्ता	2,82
04--यात्रा व्यय	12
05--अन्य भत्ते	90
06--कार्यालय व्यय	36
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	78
योग ..	12,00

विशेष पशुधन उत्पादन कार्यक्रम

लघु सीमांत कृषकों एवं भूमिहीन कृषक मजदूरों के आर्थिक उत्थान के साथ-साथ प्रदेश में दुग्ध, अण्डा, मांस एवं ऊन के उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से भारत सरकार की 50 प्रतिशत सहायता से विशेष पशुधन उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्णसंकर बछिया, भेंड़, सूकर तथा कुक्कुट पालन उत्पादन कार्य प्रदेश के 18 जनपदों में चलाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्णसंकर बछिया, पड़िया, भेड़, सूकर तथा कुक्कुट उत्पादन हेतु लाभार्थियों को अनुदान दिया जाता है। इस योजना में 50 प्रतिशत की दर से भारत सरकार से सहायता प्राप्त होगी। वर्ष 1990-91 में इस योजना पर कुल 1,51,08,000 रु० व्यय होने का अनुमान है तदनुसार आय-व्ययक में 1,51,08,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2403-पशुपालन-आयोजनागत--	
102—पशु और भैंस विकास—	
01-केन्द्रीय आयोजनागत केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित—	
0103-लघु सीमान्त कृषकों एवं कृषक मजदूरों के लाभार्थ वर्णसंकर बछियों तथा पड़ियों के भरण पोषण हेतु अनुदान (जिला योजना)	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता—	36,0
0104-अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान— लघु/सीमान्त कृषक एवं कृषक मजदूरों के लाभार्थ वर्णसंकर बछियों के भरण पोषण हेतु अनुदान (जिला योजना)—	
14-अंशदान/सहायक अनुदान राज/सहायता—	14,(
106—अन्य पशु विकास—	
01—केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना—	
0101-लघु/सीमान्त कृषकों एवं कृषक मजदूरों के लाभार्थ कुक्कुट/भेड़ और सूकर उत्पादन की योजना (जिला-योजना)—	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता—	70,0
0102-अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान— लघु सीमांत कृषकों एवं कृषक मजदूरों के लाभार्थ कुक्कुट/भेड़ एवं सूकर उत्पादन की योजना (जिला योजना) —	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राजसहायता--	31,0
कुल योग ..	1,51,0

3—भारत सरकार से प्राप्य सहायता—

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखाशीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
राज सहायता	75,54	1601—केन्द्रीय सरकार से सहायक अनुदान— 4—केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान 800—अन्य अनुदान 15—पशुपालन 1503—पशु और भैंस विकास 1505—अन्य पशु विकास—	50 प्रतिशत

गाय/भैंस में कृत्रिम गर्भाधान द्वारा पशु प्रजनन की सुविधाओं का सुधार एवं विस्तार तथा बैंक के माध्यम से प्रजनन की सुविधायें उपलब्ध कराने की योजना

कृत्रिम गर्भाधान प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार हेतु तरल नत्रजन पात्रों का क्रय, अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र, निबलेट (बाराबंकी) में विद्युतीकरण एवं तरल नत्रजन संयंत्रों के अनुरक्षण की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त यू0पी0 पोल्ट्री एवं लाइवस्टाक स्पेशिलीटीज लि0, को उनके द्वारा पूर्व में बैंक को भुगतान की गयी 12,73,000 रु0 की धनराशि की प्रतिपूर्ति की जानी है। इस पर वर्ष 1990-91 में कुल 30,00,000 रु0 का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्ययक में 30,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन--आयोजागत--

102--पशु और भैंस विकास-- (हजार रुपयों में)

23--गाय/भैंस के कृत्रिम गर्भाधान द्वारा पशु प्रजनन की सुविधाओं का सुधार एवं विस्तार तथा बैंक के माध्यम से प्रजनन की सुविधायें उपलब्ध कराने की योजना (राज्य योजना)--

02--मजदूरी	10
06--कार्यालय व्यय	4
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	8,00
23--अनुरक्षण	1,50
25--सामग्री और सम्पूर्ति	50
33--अन्य व्यय	19,86
योग	30,00

प्रदेश के आपरेशन फ्लड-11 क्षेत्र के बाहर के क्षेत्रों के गायों में संकर प्रजनन तथा भैंसों में अतिहिमीकृत वीर्य द्वारा पशु प्रत्याभिजनन की योजना

उक्त योजना प्रदेश के खीरी, बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर तथा रामपुर जनपद में चल रही है जिसके अन्तर्गत बरेली तथा पीलीभीत में 7-8 लीटर प्रतिघंटा की क्षमता के साथ-साथ खीरी में 25 लीटर प्रति घंटा की क्षमता के तरल नत्रजन संयंत्र कार्यरत हैं। खीरी में स्थापित तरल नत्रजन संयंत्र से उत्पादित तरल नत्रजन का उपयोग क्षेत्र की तरल नत्रजन की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ अतिहिमीकृत वीर्य स्ट्राज के उत्पादन करने तथा खीरी में एक माइक्रोबायोलाजिकल तथा प्रोसेसिंग प्रयोगशाला भी स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो अतिहिमीकृत वीर्य के आई0एस0आई0 मानकों के आधार पर वीर्य की गुणवत्ता की जांच करेगी। माइक्रोबायोलोजीलैब को सुचारु रूप से चलाने हेतु ग्लास वेयर एवं केमीकल्स पर 1990-91 में 50,000 रु0 एवं तरल नत्रजन प्लान्ट के सर्विसिंग तथा अनुरक्षण पर 50,000 रु0 व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन-आयोजनागत--

102--पशु और भैंस विकास-- (हजार रुपयों में)

11--प्रदेश में आपरेशन फ्लड-11 क्षेत्र के बाहर के क्षेत्रों के गायों में संकर प्रजनन तथा भैंसों में अतिहिमीकृत वीर्य द्वारा पशु प्रत्याभिजनन की योजना--

23--अनुरक्षण	50
25--सामग्री और सम्पूर्ति	50
योग	1,00

उ0 प्र0 पोल्ट्री एण्ड लाइव स्टाक स्पेशिलिटीज लिमिटेड से कुक्कुट उत्पादन तथा उसके क्रय-विक्रय की व्यवस्था

उक्त योजनान्तर्गत कुक्कुट उत्पादन के क्रय-विक्रय की व्यवस्था (मार्केटिंग) एवं इनपुट्स कमजोर वर्ग के लोगों को उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। इससे कुक्कुट उत्पादों को सीधे क्रय-विक्रय की सुविधा सुलभ होने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी अण्डा तथा मांस उपलब्ध हो सकेगा। इस योजना पर 50 प्रतिशत की दर से केन्द्रीय सहायता प्राप्त होगी। उक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु यू0पी0 पोल्ट्री एण्ड लाइव स्टाक स्पेशिलिटीज लिमिटेड को कुक्कुट उत्पादन तथा क्रय-विक्रय की व्यवस्था हेतु अंशदान के रूप में कुल 24,00,000 रु0 की धनराशि देने का प्रस्ताव है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्यय में 24,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2403-पशुपालन-आयोजनागत--

103-कुक्कुट विकास--

01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-- (हजार रुपयों में)

0102-उ0 प्र0 पोल्ट्री एण्ड लाइव स्टाक स्पेशिलिटीज लि0 लखनऊ को कुक्कुट उत्पादन के क्रय--विक्रय हेतु अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	24,00
योग ..	24,00

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रु0 में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई
राज सहायता ..	12,00	1601-केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान- 04-केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान-- 800-अन्य अनुदान-- 15-पशुपालन-- 1503-कुक्कुट विकास	50 प्रतिशत

गाय एवं भैंस में कृत्रिम गर्भाधान एवं प्राकृतिक गर्भाधान द्वारा पशु प्रजनन की सुविधाओं का सुधार एवं विस्तार तथा बैंक के माध्यम से ऋण की सुविधायें उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)

प्रदेश में भैंसों की विशाल पशुसंख्या को देखते हुए आठवीं पंचवर्षीय योजना काल में भैंसों में कृत्रिम एवं प्राकृतिक गर्भाधान द्वारा पशु प्रजनन तथा बैंक के माध्यम से प्रजनन की सुविधा अपनाई जाने के अतिरिक्त पशुपालकों को न्याय पंचायत स्तर पर इन्सेमिनेटरों के माध्यम से अतिहिमीकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा पशुपालकों के द्वार पर उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। प्रदेश के दस जनपदों में 62 केन्द्रों पर गायों में शंकर प्रजनन का कार्यक्रम बैंक के माध्यम से चालू रखने का भी प्रस्ताव है। इस पर वर्ष 1990-91 में कुल 1,20,00,000 रु0 व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्ययक में कुल 1,20,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403-पशुपालन-आयोजनागत--

102-पशु और भैंस विकास--

24-गायों एवं भैंसों में कृत्रिम एवं प्राकृतिक गर्भाधान द्वारा पशु प्रजनन की सुविधाओं का सुधार एवं विस्तार तथा बैंक के माध्यम से प्रजनन की सुविधाये उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)-- (हजार रुपयों में)

20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	24,00
21--मोटर गाड़ियों का क्रय	5,00
22--गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल की खरीद	47
23--अनुरक्षण	8,30
25--सामग्री सम्पूर्ति	15,35
33--अन्य व्यय	30,88
योग ..	84,00

02--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान-- (हजार रुपयों में)

0210--गायों एवं भैंसों में कृत्रिम एवं प्राकृतिक गर्भाधान द्वारा पशु प्रजनन सुविधा एवं विस्तार तथा बैंक के माध्यम से प्रजनन की सुविधायें उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)--

20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र		14,00
25--सामग्री और सम्पूर्ति	..	7,00
33--अन्य व्यय	..	15,00
योग	..	36,00
कुल योग	..	1,20,00

पशुधन विकास कार्यक्रमों का प्रसार एवं प्रचार (जिला योजना)

प्रदेश के जनपदों में पशुपालन संबंधी कार्यक्रमों के बारे में पशुपालकों एवं कृषकों को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक जनपद में एक दिवसीय पशु प्रदर्शनी एवं काफ रैलीज का आयोजन, पुरस्कार का वितरण, पशुपालक गोष्ठियों का आयोजन तथा विभागीय प्रदर्शन कक्षों के आयोजन एवं प्रेक्षा गृह के निर्माण का प्रस्ताव है। इस पर वर्ष 1990-91 में कुल 3,19,000 रु० का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार इतनी धनराशि की आय-व्ययक में व्यवस्था कर दी गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2403-पशुपालन-आयोजनागत--

102-पशु और भैंस विकास--

19-पशुधन विकास कार्यक्रमों का प्रसार और प्रचार (जिला योजना)

33--अन्य व्यय	..	2,09

02-अनुसूचित जन जातियों के कम्पोनेन्ट प्लान--

0207-पशुधन विकास कार्यक्रमों का प्रसार और प्रचार (जिला योजना)

25--सामग्री और सम्पूर्ति	..	55
33--अन्य व्यय	..	55
योग	..	3,19

पशुधन विकास कार्यक्रमों का प्रसार एवं प्रचार योजना।

योजनान्तर्गत प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में पशुपालन संबंधी कार्यक्रमों एवं उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जनता को जानकारी देने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनियों में मण्डप का निर्माण तथा अखिल भारतीय पशुधन एवं कुक्कुट प्रदर्शनियां आयोजित की जानी प्रस्तावित हैं। जिसमें विभागीय पशुओं के भाग लेने का प्रस्ताव है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालन संबंधी कार्यक्रमों का समुचित प्रचार किया जाना है ताकि पशुपालकों को तकनीकी विधियों की जानकारी कराकर अधिक से अधिक लाभ उठाकर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सके। इस योजना पर वर्ष 1990-91 में 1,00,000 रु० के व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार, इतनी ही धनराशि को वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2403-पशुपालन-आयोजनागत--

102-पशु और भैंस विकास

18-पशु विकास कार्यक्रमों का प्रसार एवं प्रचार योजना

33--अन्य व्यय	..	1,00
योग	..	1,00

राज्य में पशुधन संख्या एवं विभिन्न पशुजन्य पदार्थों के जनपदवार अनुमान प्राप्त करने की योजना

पशुधन संख्या एवं विभिन्न पशुजन्य पदार्थों (दुग्ध, अण्डा, ऊन एवं मांस) के जनपदवार अनुमान प्राप्त करने की वार्षिक सर्वेक्षण योजना वर्ष 1984-85 से प्रदेश में चलाई जा रही है। यह योजना 50 प्रतिशत केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित है। उक्त योजना मैदानी क्षेत्र के सम्पूर्ण जनपदों में सामान्य रूप से चलाये जाने हेतु उक्त योजना के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण करने का

प्रस्ताव है। मैदानी क्षेत्र के शेष पांच मण्डलों के जनपदों में उक्त कार्यक्रम के विस्तार हेतु स्टाफ आदि की नितान्त आवश्यकता है जिससे कि पूर्व स्वीकृत पदों में एकरूपता हो जाय, और योजना के सफल कार्यान्वयन में कोई कठिनाई उत्पन्न न हो। पदों के सृजन एवं साज-सज्जा के क्रय पर वर्ष 1990-91 में कुल 2,00,000 रु० का व्यय होने का अनुमान है; जिसमें से 1,00,000 रु० की धनराशि भारत सरकार से केन्द्रीय सहायता के रूप में प्राप्त होगी। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में कुल 2,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--व्यय का विभाजन--

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु०	
1	क्षेत्रीय अधिकारी	2000-3200	5
2	संख्या सहायक	1400-2600	1

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

113--प्रशासनिक अन्वेषण और सांख्यकी--

01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना--

0101--पशुधन उत्पादन तथा प्रबन्ध सांख्यकीय अध्ययन तथा शोध कार्य--

01--वेतन	7[illegible]
03--महंगाई भत्ता	3[illegible]
04--यात्रा व्यय	1[illegible]
05--अन्य भत्ते	1[illegible]
06--कार्यालय व्यय	1
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र आदि	6
योग ..	2,0[illegible]

4--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
सहायता	1,00	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान 04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान 800--अन्य अनुदान-- 15--पशुपालन-- 1504--प्रशासनिक अन्वेषण और सांख्यकीय	50 प्रतिशत

भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्रों की स्थापना, ऊन श्रेणीकरण, क्रय विक्रय, सघन भेड़ विकास एवं स्वास्थ्य सेवाओं को उपल[illegible] कराना (जिला योजना)

उक्त योजनान्तर्गत भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्रों पर भवनों का निर्माण, ऊन विश्लेषण कार्यक्रम तथा भेड़ों को सामूहिक रूप दवा पान कराने एवं भेड़ों की मशीन द्वारा ऊन कतरने का कार्यक्रम चलाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में सामूहिक रूप दवापान, ऊन शेयरिंग मशीन का क्रय एवं ऊन प्रसार केन्द्रों पर भवन निर्माण पर कुल 17,50,000 रु० के व्यय होने का अनुमान है जिसमें निर्माण कार्य पर 3,25,000 रु० की धनराशि शामिल है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय व्ययक में कुल 17,50,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2403--पशुपालन-आयोजनागत--

104--भेड़ और ऊन विकास--

10-- भेड़ प्रजनन सुविधाओं का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं का उपलब्ध कराना (जिला योजना)--

25--सामग्री एवं आपूर्ति	7,25

02--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

6203--भेड़ प्रजनन--सुविधाओं का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं का उपलब्ध कराना (जिला योजना)--

20--मशीनें और सज्जा / उपकरण और संयंत्र	7,00
योग	14,25

4403--पशुपालन पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--

104--भेड़ एवं ऊन विकास--

03--भेड़ प्रजनन सुविधाओं का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराना (जिला योजना)--

18--वृहत् निर्माण कार्य	3,25
योग ..	3,25
कुल योग ..	17,50

कर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास एवं सुदृढ़ीकरण तथा प्रजनन सुविधाओं को उपलब्ध कराना (जिला योजना)

सूकर पालकों की रुचि को ध्यान में रखते हुए सूकर बाड़ों का निर्माण कराकर उन पर उन्नतिशील नस्ल के सूकर सांड रखे येंगे जिससे स्थानीय नस्ल की सूकरियों का प्रजनन कराके नस्ल सुधार कार्यक्रम चलाया जायेगा ताकि उत्पन्न उन्नति संतति सूकर पालकों उपलब्ध करायी जा सके। सूकरों को उत्तम स्वास्थ्य एवं रोगों के बचाव हेतु उचित खान-पान की व्यवस्था भी की जायगी। के अतिरिक्त सूकर पालकों को विशेष सुविधा दिए जाने हेतु संभागीय सूकर प्रजनन केन्द्र, अलीगढ़ पर अंशकालीन प्रशिक्षण जाने हेतु व्यवस्था की जायगी जिसके लिये अन्यत्र उपलब्ध स्टाफ से कार्य लिया जायेगा तथा इस हेतु नये पदों की आवश्यकता नहीं तदनुसार सूकरों के क्रय एवं उनके आहार आदि की व्यवस्था कराने तथा सूकर बाड़ों के निर्माण हेतु कुल 14,60,000 रु० की स्था आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:-- (हजार रुपयों में)

2403-पशुपालन-आयोजनागत--

105-सूकर विकास

02--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

0206--सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास एवं सुदृढ़ीकरण तथा प्रजनन सुविधाओं को उपलब्ध कराना (जिला योजना)--

25--सामग्री सम्पूर्ति	1,65

4403-पशुपालन पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--

105-सूकर विकास

02--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

0201--सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास एवं सुदृढ़ीकरण तथा प्रजनन सुविधाओं को उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)--

18--वृहत् निर्माण कार्य	12,95
योग ..	14,60

पशुधन प्रक्षेत्रों पर उन्नतिशील पशुओं के उत्पादन हेतु विभिन्न सुविधाओं को उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)

इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों पर कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु वि सांड़ों के क्रय तथा विभिन्न जनपदों में जहां पशुधन प्रक्षेत्र कार्यरत है भवनों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है इ वर्ष 1990-91 में कुल 8,98,000 रु० व्यय होने का अनुमान है जिसमें 4,08,000 रु० निर्माण कार्य हेतु सम्मिलित है। तद वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 8,98,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जाये

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन-आयोजनागत-- (हजार रुपये

102--पशु और भैंस विकास--

22--पशुधन प्रक्षेत्रों पर उन्नतिशील पशुओं के उत्पादन हेतु विभिन्न सुविधाओं को उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)--

25--सामग्री और सम्पूर्ति-- .. .. ..

02--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

0209-पशुधन प्रक्षेत्रों पर उन्नतिशील पशुओं के उत्पादन हेतु विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)--

25--सामग्री और सम्पूर्ति .. ..

योग ..

4403--पशुपालन पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत----

102--पशु और भैंस विकास--

10--पशुधन प्रक्षेत्रों पर उन्नतिशील पशुओं के उत्पादन हेतु विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराने की योजना (जिला योजना)--

18--वृहत् निर्माण कार्य .. ..

कुल योग ..

पशु जैविक औषधि संस्थान की स्थापना एवं विस्तार की योजना।

प्रदेश में पशुओं एवं कुक्कुटों के प्रमुख संक्रामक रोगों के बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के वैक्सीनों का उत्पाद जैविक औषधि संस्थान में किया जाता है तथा विभागीय संस्थाओं की मांग पर इसे निःशुल्क वितरण हेतु उपलब्ध कराय है। बैक्टीरियल वैक्सीन के उत्पादन में बढ़ोत्तरी लाने के दृष्टि से फरमेण्टर लैब की स्थापना हेतु एक कार्यक्रम आरम्भ गया है। इसमें निर्मित एक बड़े फ़रमेण्टर तथा आवश्यक साज-सज्जा की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है जिससे बैक्टीरियल वै का उत्पादन बिना किसी गतिरोध के होता रहे। टिसू सेल कल्चर वैक्सीन उत्पादन कार्यक्रम हेतु प्रयोगशालाओं में आ परिवर्तन एवं परिवर्धन किये जाने एवं साज-सज्जा की व्यवस्था किये जाने का भी प्रस्ताव है। इस पर वर्ष 1990- कुल 24,00,000 रु० का व्यय होने का अनुमान है। अतः इतनी ही धनराशि की आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपय

2403--पशुपालन--आयोजनागत--

101--पशु चिकित्सा सेवायें और पशु स्वास्थ्य--

11--जैविक औषधि उत्पादन शाखा का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण--

06--कार्यालय व्यय .. ..

20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र .. .. ..

25--सामग्री एवं सम्पूर्ति .. ..

योग ..

02--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

0206-जैविक औषधि उत्पादन शाखा का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण--

20--साज-सज्जा एवं उपकरण .. ..

योग ..

4403--पशुपालन पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत--

101--पशु चिकित्सा सेवायें और पशु स्वास्थ्य-- (हजार रुपयों में)

04--पशुजैविक औषधि उत्पादन शाखा लखनऊ का प्रसार--

19--लघु निर्माण कार्य		1,50
	कुल योग ..	24,00

में कुक्कुट प्रक्षेत्र/हैचरीज की स्थापना, कार्यरत प्रक्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण एवं अन्य समन्वित कुक्कुट विकास कार्यक्रमों के सम्पादन की योजना (जिला योजना)

उक्त योजना के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार, आगरा, बरेली, मुरादाबाद, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, कानपुर (नगर) इटावा, झांसी, क, सीतापुर, खीरी, फैजाबाद, बाराबंकी, आजमगढ़, मिर्जापुर, फर्रुखाबाद में उपलब्ध कुक्कुट प्रक्षेत्रों का आवश्यक विस्तार एवं करण किया जाना प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत इन्क्यूबेटर, सेटर, हैचर, जनरेटर, पक्षियों के लिये शेड रूम कूलर, खाने-के बर्तन आदि का क्रय किया जायगा। इसके अतिरिक्त अधिक उत्पादन क्षमता के पक्षी/चूजे कुक्कुट पालकों को उपलब्ध हेतु उन्नतिशील नस्ल के पक्षियों के पैरेन्ट स्टाक को क्रय करने का भी प्रस्ताव है। पक्षियों के लिये भवनों में डीपलि-, ब्रूडर गृह/ग्रोवर गृह तथा परिवर्तन परिवर्धन एवं पानी की व्यवस्था हेतु ओवर हेड टैंक व नलकूप आदि प्रस्तावित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवास के निर्माण हेतु तथा सहायक निदेशक के आवास के निर्माण (अधूरा कार्य) पूरा करने का भी है। इन सब कार्यों पर वर्ष 1990-91 में कुल 42,20,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के व्ययक में 42,20,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त जारी दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

103--कुक्कुट विकास--

08--प्रदेश में कुक्कुट प्रक्षेत्र/हैचरीज की स्थापना एवं कार्यरत प्रक्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण और अन्य समन्वित--कुक्कुट विकास कार्यक्रमों के सम्पादन की योजना (जिला योजना)--

20--मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र		5,56

02--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

0205--प्रदेश में कुक्कुट प्रक्षेत्र/हैचरीज की स्थापना एवं कार्यरत प्रक्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण और अन्य समन्वित कुक्कुट विकास कार्यक्रमों के सम्पादन की योजना (जिला योजना)--

33--अन्य व्यय		8,54
	योग, राजस्व	17,10

4403-पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत--

103--कुक्कुट पालन--

06--प्रदेश में कुक्कुट प्रक्षेत्र/हैचरीज की स्थापना--

18--वृहत् निर्माण कार्य		25,10
	कुल योग ..	42,20

पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा रोग निदान सेवाओं के सुधार तथा विस्तार की योजना (जिला योजना)

देश में पशु चिकित्सा, पशु सेवा केन्द्र तथा "द" श्रेणी पशु चिकित्सालय के माध्यम से पशुधन विकास से सम्बन्धित सुविधाएं कों को उपलब्ध कराई जाती है। विभिन्न संस्थाओं में उपचार, रोग नियंत्रण तथा अन्य विकास कार्यों के आवश्यक सुविधाओं व एवं कमी को दूर करने के उद्देश्य से वर्ष 1989-90 में स्थापित 32 नवीन पशु चिकित्सालय, 26 पशु सेवा केन्द्र तथा 24 णी के पशु चिकित्सालयों में से केवल 16 पशु चिकित्सालयों पर स्टाफ स्वीकृत हो सका था। शेष 16 पशु चिकित्सालय, सेवा केन्द्र तथा 24 "द" श्रेणी पशु चिकित्सालयों पर स्टाफ स्वीकृति का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त राज्य के मैदानी र पूर्व स्थापित पशु चिकित्सालयों/केन्द्रों के लिये औषधि की समुचित व्यवस्था तथा अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है। इस पर वर्ष 1990-91 में कुल 3,02,19,000 रु० के व्यय होने का अनुमान है 7,40,800 रु० की धनराशि निर्माण कार्य हेतु सम्मिलित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,19,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--व्यय का विभाजन --

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पद नाम	वेतन-मान	पद-संख्या
		रु०	
1	पशु चिकित्साधिकारी	2200-4000	76
2	वेटनरी फार्मेसिस्ट	975-1660	76
3	पशुधन प्रसार अधिकारी	1200-2040	24
4	पशुधन प्रसार निरीक्षक	1200-2040	26
5	ड्रेसर	775-1025	24
6	चतुर्थ श्रेणी	750-940	152

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रु० में)
2403-पशुपालन- आयोजनागत--	
101-पशु चिकित्सा संबधी सेवायें और पशु स्वास्थ्य--	
10--पशु रोग अनुसंधान तथा निदान व सेवाओं का विस्तार (जिला योजना)--	
01--वेतन	29,74
03--महंगाई भत्ता	10,2[illegible]
04--यात्रा व्यय	2,39
05--अन्य भत्ते	1,12
11--किराया, उपशुल्क और कर स्वामित्व	3,72
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	19,61
25--सामग्री और सम्पूर्ति	21,95
33--अन्य व्यय (औषधियों का क्रय)	43,79
योग ..	1,32,6[illegible]
02--अनुसूचित जातियों के लिए स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--	
0205--पशु रोग अनुसंधान तथा निदान व सेवाओं का विस्तार (जिला योजना)--	
33--अन्य व्यय (औषधियों का क्रय)	1,02,1[illegible]
योग ..	2,34,78
4403--पशुपालन पर पूंजी परिव्यय--	
101--पशु चिकित्सा सेवायें और पशु स्वास्थ्य--	
03--पशु चिकित्सालयों का निर्माण (जिला योजना)--	
19--लघु निर्माण कार्य	67,4
योग ..	67,4
कुल योग ..	3,02,1[illegible]

भारतीय मूल नस्ल की गोवंशीय/महिष वंशीय पशु प्रजननों के संरक्षण एवं विकास की योजना ।

प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र में स्थित राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, भरारी (झांसी) के वर्तमान निवेशों में वृद्धि करके प्रक्षेत्र की कार्य प्रणाली एवं आर्थिक उपलब्धियों में सुधार हेतु थारपारकर गायों का क्रय, सिंचाई सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, पशु सेडों, चैफिंग/सेड का निर्माण एवं ट्रैक्टर तथा कृषि यन्त्रों का क्रय किया जाना प्रस्तावित है । इसके लिये भारत सरकार से 50 प्रतिशत की दर से केन्द्रीय सहायता प्राप्त होगी । वर्ष 1990-91 में कुल 10,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है जिसमें 2,00,000 रु० का निर्माण कार्य सम्मिलित है । तदनुसार आय-व्ययक में 10,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है । वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी ।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2403-पशुपालन-आयोजनागत--

800-अन्य व्यय--

01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें--

0102- भारतीय मूल नस्ल की गोवंशीय/महिष वंशीय पशु प्रजनन के संरक्षण एवं विकास की योजना-- (हजार रुपयों में)

20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	..	5,00
33--अन्य व्यय	..	3,00
योग	..	8,00

4403-पशुपालन पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--

800-अन्य व्यय--

01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें--

0102--भारतीय मूल नस्ल की गोवंशीय/महिष वंशीय पशु प्रजनन के संरक्षण एवं विकास की योजना--

18--वृहत् निर्माण	..	2,00
कुल योग	..	10,00

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई है
राज सहायता ..	5,00	1601-केन्द्र सरकार से सहायता अनुदान 04-केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान-- 800-अन्य अनुदान-- 15-पशुपालन-- 1502-अन्य अनुदान	50 प्रतिशत

आधारीय/प्रमाणित बीजों के उत्पादन हेतु राजकीय चारा बीज प्रक्षेत्र का सुदृढ़ीकरण।

राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ (गाजियाबाद) पर आधारीय/प्रमाणित चारा बीज उत्पादन हेतु चारा बीज प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण करने की योजना भारत सरकार से 50 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता से चलाने का प्रस्ताव है। इस योजनान्तर्गत एक ट्रैक्टर, डिस्क हैरो (16 डिस्क) जीटर, कल्टीवेटर, बैलगाड़ी के डनलप के पहियों का क्रय, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार हेतु नलकूप बोरिंग, बिजली इंजन, पम्पहाउस एवं विद्युतीकरण आदि के अतिरिक्त भूमि विकास के अन्तर्गत मेड़ बन्दी, समतलीकरण, बीज व उर्वरकों, सीड ग्रेडर/क्लीनर एवं खत्ती का क्रय आदि पर वर्ष 1990-91 में कुल 8,00,000 रु० के व्यय होने का अनुमान है जिसमें 50 प्रतिशत अर्थात् 4,00,000 रु० भारत सरकार से केन्द्रीय अंश के रूप में प्राप्त होगा। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 8,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन-आयोजनागत--

107--चारा और दाना विकास--

01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें--

0101--आधारीय/प्रमाणित बीजों के उत्पादन हेतु राजकीय चारा बीज प्रक्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण-- (हजार रुपयों में)

20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	..	3,30
25--सामग्री और सम्पूर्ति	..	1,20
योग	..	4,50

4403--पशुपालन पर पूंजी परिव्यय--

107--चारा और दाना विकास--

01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-- (हजार रुपयों में)

0101--आधारीय/प्रमाणित बीजों के उत्पादन हेतु राजकीय चारा बीज प्रक्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण (राज्य योजना)--

18--वृहत् निर्माण व्यय 3,50

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता-- कुल योग 8,00

मद	धनराशि	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई है
	रु०		
राज सहायता	4,00,000	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान- 04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान 800--अन्य अनुदान 15--पशुपालन 1503--चारा और दाना विकास	50 प्रतिशत

वृहत् भेंड़ प्रजनन प्रक्षेत्र, भैंसोड़ा के सुदृढ़ीकरण की योजना।

प्रश्नगत योजनान्तर्गत वृहत् भेंड़ प्रजनन प्रक्षेत्र, भैंसोड़ा पर सिंचाई सुविधा, फेंसिंग अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा कराने तथा नवनिर्मित अतिथिगृह के लिए साज-सज्जा आदि की व्यवस्था प्रस्तावित है। इस पर वर्ष 1990-91 में कुल 10,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है जिसमें 5,00,000 रु० की धनराशि भारत सरकार से 50 प्रतिशत के आधार पर केन्द्रीय अंश के रूप में प्राप्त होगी। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 10,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403-पशुपालन-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

104-भेंड़ और ऊन विकास--

01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें--

0101--वृहत भेंड़ प्रजनन प्रक्षेत्र के सुदृढ़ीकरण की योजना

20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 1,97

4403-पशुपालन पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--

104-भेड़ एवं ऊन विकास--

01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना--

0101--वृहत भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण की योजना

18--वृहत् निर्माण कार्य 5,03

0103--अनुसूचित जातियों के लिए स्पेशल कम्पोनेंट प्लान--

वृहत् भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र का सुदृढ़ीकरण की योजना--

18--वृहत् निर्माण कार्य 3,00

योग, पूंजी .. 8,03

योग .. 10,00

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी है
राज सहायता ..	5,00	1601-केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 04-केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान 800-अन्य अनुदान 15--पशुपालन 1505--भेंड़ और ऊन विकास	50 प्रतिशत

राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों की स्थापना एवं विस्तार की योजना।

योजनान्तर्गत प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में स्थित राजकीय पशुधन प्रक्षेत्रों पर प्रजनन हेतु अच्छे जैनेटिक मकअप के सांड़ों का उत्पादन करके प्रदेश की कम क्षमता वाली गायों पर प्रयोग करके पशुओं की नस्ल सुधार करने एवं कृषकों के लिये उन्नत नस्ल के अधिक उपज वाले प्रमाणित चारा बीजों का उत्पादन करने का कार्यक्रम कार्यान्वित किया जा रहा है। प्रदेश के प्रक्षेत्रों की आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु प्रक्षेत्रों के पुनर्गठन की योजना तैयार की गयी है ताकि पशुओं की नस्ल सुधार एवं आर्थिक लक्षणों की वृद्धि के साथ-साथ उन्नतिशील एवं अधिक पौष्टिक आहार एवं सूखा चारा उत्पादन के साथ ही उन्नतिशील एवं अधिक पौष्टिक किस्म के चारा बीजों का उत्पादन कर जनता को वितरण किया जा सके। योजनान्तर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों पर दैनिक श्रमिकों, बीज उर्वरक तथा पैस्टीसाईड्स पशु दवायें तथा वैक्सीन आदि के अतिरिक्त कृषि संयंत्र आदि एवं निर्माण कार्य आदि पर कुल 50,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है, जिसमे 15,40,000 रु० निर्माण कार्य का सम्मिलित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में कुल 50,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

पर्वतीय विकास विभाग (क्रमशः)

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित की गई मदें--आयोजनागत (क्रमशः)

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
183	विश्व बैंक पोषित केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनान्तर्गत संबंधित अनुदेशन केन्द्र की स्थापना	6,85	..	..	6,85	2551-पहाड़ी क्षेत्र	258
184	विश्व बैंक पोषित केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनान्तर्गत पोस्ट आई० टी० आई० स्किल डेवलपमेन्ट	2,20	..	..	2,20	तदैव	259
185	स्वैच्छिक सार्वजनिक पुस्तकालयों को संदर्भ एवं मानक पुस्तकों की पुस्तकीय सहायता	10	..	..	10	तदैव	259
186	बाल पुस्तकालयों का विकास	25	..	..	25	तदैव	259
187	सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनुदान	1,30	..	..	1,30	तदैव	260
188	मण्डलीय जिला, जिला शाखा एवं ग्रामीण पुस्तकालयों की स्थापना एवं उनका विकास	4,65	..	..	4,65	तदैव	260
189	सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के पुस्तकालयों का सम्वर्धन	95	..	..	95	तदैव	261
190	पुस्तकालय विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्रों को अनुदान	10	..	..	10	तदैव	261
191	पर्वतीय क्षेत्र में चकबन्दी योजना लागू किया जाना	4,81	..	..	4,81	तदैव	261
192	सहकारी जड़ी-बूटी एवं भेषज विकास योजना	7,20	2,00	..	9,20	2551 पहाड़ी क्षेत्र तथा 4551 पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय	262
193	जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत शिलिंग एवं गंगाई में पटवारी चौकी का निर्माण	..	5,47	..	5,47	4551-पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय	263
194	काशीपुर कताई मिल का आधुनिकीकरण/विविधीकरण हेतु अंशपूंजी	..	31,84	..	31,84	तदैव	263

पर्वतीय विकास विभाग (क्रमशः)

वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत (क्रमशः)

क्रम-संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
195	जनपद उत्तरकाशी के नैताला एवं डुंडा, जनपद चमोली के पोखरी तथा जनपद पिथौरागढ़ के गंगोली हाट एवं धारचुला में प्रस्तावित खाद्य गोदामों के निर्माण हेतु भूमि क्रय करने एवं प्रतिकर भुगतान	..	4,51	..	4,51	4551—पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय	264 प
196	जनपद देहरादून के अन्तर्गत त्यूनी एवं पुरोडा तथा जनपद टिहरी के अन्तर्गत थ्यूड एवं जामणी खाल में नये खाद्य गोदामों का निर्माण।	..	28,00	..	28,00	तदैव	264 प
197	एल्युमिनियम इलेक्ट्रोलाइटिक कैपासिटर्स के उत्पादन की योजना	..	50,00	..	50,00	तदैव	264 प
198	विश्व बैंक के सहयोग से एकीकृत औद्योगिक विकास के अन्तर्गत फारवर्डिग एजेन्सी केन्द्र की स्थापना	..	28,98	..	28,98	तदैव	265 प
199	काठगोदाम में पर्यटक आवास गृह का विस्तार (कार पार्किंग), डायनिंग हाल तथा डारमेट्री का निर्माण	..	5,63	..	5,63	तदैव	265 प
200	गरम पानी (खैरना) स्थान पर अतिरिक्त कार पार्किंग तथा डारमेट्री का निर्माण	..	11,45	..	11,45	तदैव	265 प
201	पर्वतीय क्षेत्र के पर्यटक आवास गृहों की साज सज्जा	..	99,12	..	99,12	तदैव	265 प
202	अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं हेतु चार हरिजन छात्रावासों का निर्माण	..	48,00	..	48,00	तदैव	266 प
203	राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिथौरागढ़ के लिए पुस्तकालय भवन का निर्माण	..	7,00	..	7,00	तदैव	266 प

पर्वतीय विकास विभाग (क्रमशः)

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--प्रायोजनागत (क्रमशः)

क्रम सं0	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
204	कुमायूं मण्डल विकास निगम लि0 की अंशपूंजी में विनियोजन	..	2,11,00	..	2,11,00	4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय	266 प
205	जनपद देहरादून में मशरूम कंपोस्ट पाश्चुराइजेशन प्लान्ट का निर्माण	..	16,21	..	16,21	तदैव	267 प
206	पर्वतीय क्षेत्रों में पटवारी चौकियों का निर्माण	..	1,00,00	..	1,00,00	तदैव	267 प
207	पर्यटन काम्पलेक्स, मंसूरी के लिय साज-सज्जा की व्यवस्था	..	28,54	..	28,54	तदैव	267 प
208	पर्वतीय क्षेत्र के पर्यटक आवास गृहों की साज-सज्जा	..	40,60	..	40,60	तदैव	267 प
209	श्री बद्रीनाथ धाम में 500 शय्या के यात्री-निवास का निर्माण	..	50,00	..	50,00	तदैव	268 प
210	पर्वतीय क्षेत्र के गढ़वाल मण्डल के निजी उद्यमियों को पर्यटन उद्योग हेतु आकर्षित करने के लिए जलपान गृह एवं यात्री निवास का निर्माण	..	58,20	..	58,20	तदैव	268 प
211	बिन्सर (अल्मोड़ा) पर्यटन आवास गृह में विद्युत व्यवस्था	..	7,35	..	7,35	तदैव	268 प
212	राजकीय जिला पुस्तकालयों के भवनों का निर्माण	..	4,00	..	4,00	तदैव	268 प
213	पर्वतीय क्षेत्र में टेन्ट कालोनी की व्यवस्था	..	50,64	..	50,64	तदैव	269 प
214	गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0 की इकाई फ्लशडोर फैक्ट्री कोटद्वार की सीजनिंग क्षमता बढ़ाने हेतु अंशपूंजी	..	19,50	..	19,50	तदैव	269 प

पर्वतीय विकास विभाग (समाप्त)

वर्ष 1990–91 के आय व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें––आयोजनागत (क्रमशः)

क्र-संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990–91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	जिसके अन्तर्गत 1990–91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
15	पर्वतीय क्षेत्र में फास्ट फूड सेंटर की स्थापना	..	34,80	..	34,80	4551–पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय	269 प
16	ऋषिकेश में 200 शय्या पर्यटक आवास गृह का निर्माण	..	20,00	..	20,00	तदैव	269 प
17	सहकारी उपभोक्ता भंडारों की योजना ।	14,72	..	2 00	16,72	2551 पहाड़ी क्षेत्र तथा 6551 पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उधार	270 प
18	सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना	74,68	..	5,95	80,63	2551 पहाड़ी क्षेत्र तथा 6551 पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उधार	271 प
19	सहकारी क्रय विक्रय एवं भंडारण योजना	..	..	6,50	650	6551 पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उधार	274 प
	योग	72,22,97	9,62,84	14,45	82,00,26	..	

जलागम प्रबन्ध परियोजनाओं का स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से कार्यान्वयन ।

प्रदेश के पर्वतीय अंचल में वर्तमान में केवल वाह्य पोषित जलागम परियोजना ही कार्यान्वित की जा रही है। इनका कार्यान्वयन विश्व बैंक पोषित जलागम प्रबन्ध परियोजनान्तर्गत यूनीफाइड कमाण्ड प्रणाली से किया जा रहा है। इसमें विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित कार्मिकों की एक विशेष टीम उपजलागम स्तर पर तैनात की जाती है जो परियोजना द्वारा पूर्वनिर्धारित क्षेत्र के भीतर ही जलागम कार्यान्वित करती है। जलागम प्रबन्ध परियोजनाओं के कार्यान्वयन में स्वैच्छिक संस्थाओं की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं आवश्यक पाई गई है। यह संस्थाएं न केवल स्वयं जलागम प्रबन्ध परियोजना के कार्यक्रमों को लागू कर सकती है बल्कि क्षेत्रीय जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित कर सकती है। जनता की भागीदारी के अभाव में परियोजनायें प्रायः असफल रहती है। परियोजनाओं के कार्यान्वयन में जनता की भागीदारी से स्थानीय परिस्थितियों की जानकारी को वाह्य तकनीकी ज्ञान से जोड़ा जा सकता है। वर्तमान में ऐसी संस्थायें बड़े जलागम क्षेत्रों में कार्य करने में असमर्थ प्रतीत होती है। अतः आरम्भ में प्रयोगात्मक रूप से इन संस्थाओं के द्वारा सूक्ष्म जलागम स्तर पर ही जलागम प्रबन्ध परियोजना के कार्यान्वयन का प्रस्ताव है जिसका क्षेत्रफल 500 हेक्टेयर तक होगा तथा जिसमें परिस्थिति के अनुसार दो से चार तक ग्राम सम्मिलित हों। यह एक प्रयोगात्मक प्रस्ताव है। उपर्युक्तानुसार कार्य किये जाने हेतु पांच वर्ष की योजना प्रस्तावित है। परियोजना के प्रथम वर्ष (1990-91) में क्षेत्र का सर्वेक्षण तथा योजना संरचना की जायेगी जिसके लिये जनपद नैनीताल अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, देहरादून तथा उत्तरकाशी प्रत्येक के लिये एक लाख की व्यवस्था की गई है तथा जनपद पौड़ी, टिहरी तथा चमोली (जहां अधिक स्वैच्छिक संस्थायें कार्यरत है) प्रत्येक के लिये 2 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

2551---पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत---

60-- अन्य पहाड़ी क्षेत्र---

145---वानिकी और वन्य जीव---

सूक्ष्म जलागम प्रबन्ध परियोजना---

	(हजार रुपयों में)
33---अन्य व्यय	11,00

विकास खण्ड स्तर पर सामान्य विकास कार्यों के लिये उपलब्ध कार्मिकों द्वारा समन्वित लघु जलागम प्रबन्ध परियोजना चलाया जाना ।

यह आवश्यक समझा जा रहा है कि पर्वतीय क्षेत्र विकास खण्ड स्तर पर सामान्य विकास कार्यों के लिये उपलब्ध कार्मिकों द्वारा भी समन्वित लघु जलागम परियोजना कार्यान्वित की जाय। इसे प्रत्येक चयनित विकास खण्ड के एक लघु जलागम लागू किया जायेगा जिसका क्षेत्रफल लगभग 5000 हेक्टेयर होगा। परियोजना की संरचना जलागम प्रबन्ध निदेशालय द्वारा जिलाधिकारी से परामर्श करके तैयार की जायेगी। परियोजना का कार्यकाल 5 वर्ष होगा जिसमें प्रथम वर्ष में प्रारम्भिक कार्य किया जायेगा। शेष चार वर्षों में परियोजना का कार्यान्वयन किया जायगा। वर्ष 1990-91 में 39.50 लाख रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 39,50,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

2551---पहाड़ी क्षेत्र---आयोजनागत--- (हजार रुपयों में)

60---अन्य पहाड़ी क्षेत्र---

145---वानिकी और वन्य जीवन---

समन्वित लघु जलागम परियोजना---

04---यात्रा व्यय	14
06---कार्यालय व्यय	26
33---अन्य व्यय	39,10
योग, ..	39,50

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना ।

पर्वतीय क्षेत्र में चमोली कर्णप्रयाग तथा टिहरी गढ़वाल में नरेन्द्र नगर में दो नये होम्योपैथिक औषधालय स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में इस योजना पर 2,35,000 रुपये के व्यय का अनुमान है। अतः वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,35,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की औपचारिक स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--व्यय का विभाजन--

क--अपेक्षित कर्मचारि वर्ग--

क्रम-संख्या	पद	वेतनमान	पद की संख्या
		रु0	
1	होम्योपैथिक चिकित्सा	2200-4000	2
2	होम्योपैथिक कम्पाउन्डर	1350-2200	2
3	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	750-940	2

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

110-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-शहरी स्वास्थ्य सेवायें चिकित्सा की अन्य पद्धतियां--

02-होम्योपैथी--

0301--ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में राजकीय होम्योपैथी चिकित्सालयों की स्थापना तथा दवाओं की अतिरिक्त व्यवस्था--

01--वेतन	1,03
03--महंगाई भत्ता	35
04--यात्रा व्यय	5
05--अन्य भत्ते	20
11--किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व	12
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	10
33--अन्य व्यय	50
योग ..	2,35

पर्वतीय क्षेत्र में पूर्व प्राथमिक विद्यालय खोलने हेतु अनुदान।

वित्तीय वर्ष 1990-91 में पर्वतीय क्षेत्र में दो पूर्व प्राथमिक विद्यालय खोले जानें तथा प्रत्येक विद्यालय में दो अध्यापक इण्टर नर्सरी प्रशिक्षित (एक प्रधान अध्यापिका/एक सहायक अध्यापिका) दिये जाने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही काष्ठोपकरण शैक्षिक उपकरण तथा भवन निर्माण हेतु अनुदान दिये जाने का भी प्रस्ताव है। इस योजना हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,80,000 की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

102--सामान्य शिक्षा-प्राथमिक शिक्षा--

05--अशासकीय प्राथमिक विद्यालयों को सहायता-पूर्व प्राथमिक विद्यालय खोलने हेतु अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता .. .. .. 2,8(

औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण की योजना।

पिथौरागढ़ के गन्ना फल प्रयोग केन्द्र पर उच्च गुणवत्ता एवं उत्पादकता के गिरीदार फल जैसे, बादाम, कैश्यूनट, जलन इत्यादि की कलमी प्रजातियां विकसित कर इन फलों द्वारा जनपद पिथौरागढ़ एवं अन्य पर्वतीय जनपदों के उद्यान पतियों को आर्थि लाभ पहुंचाने के कार्यक्रम को आठवीं योजना में भी जारी रखने का प्रस्ताव है। इसे कार्यान्वित करने हेतु वर्तमान में उपलब्ध पदों को भी चालू रखने का प्रस्ताव है।

पर्वतीय क्षेत्र में उत्पादित की जाने वाली विभिन्न औद्योगिक फसलों के उत्पादन से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर कृषकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु विभाग के अन्तर्गत विभिन्न प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्रों पर स्थानी समाधान, निकायों के लिये प्रयोग कर उनका निराकरण तथा कृषकों की उनकी संस्तुतियों से अवगत करा समाधान किया जाता रहा है, जिसके फलस्वरूप प्रगतिशील कृषक नये वैज्ञानिक पद्धति के अनुरूप कीट व्याधियों की रोकथाम, आधुनि कर्षण क्रियायें मृदा परीक्षण उर्वरकों का उचित प्रयोग के विविध कार्यक्रम अपनाकर लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना को भ आठवीं योजना में जारी रखने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से उत्पादकों तक पहुंचाने हेतु 2 दृष्टि श्र

वाहन (आडोविजुवल) उपलब्ध है इनके माध्यम से गांव-गांव में नवीनतम तकनीकी विधियों का प्रचार एवं प्रसार किया जायेगा। योजना के अन्तर्गत वर्तमान में उपलब्ध पदों को क्रमागत चालू रखने का प्रस्ताव है।

उपरोक्त कार्यक्रमों को एक साथ वर्गीकृत करके चलाने में आठवीं योजनाकाल में कुल 1,07,41,000 रु0 का व्यय होने का अनुमान है जिसके सापेक्ष वर्ष 1990-91 में 19,44,000 रु0 व्यय का अनुमान है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है।

4--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

141--कृषि कार्य—

04—उद्यान एवं फलोपयोग—

(..) औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण की योजना— (धनराशि हजार रुपयों में)

01--वेतन	11,29
02—मजदूरी	45
03—महंगाई भत्ता	3,84
04—यात्रा व्यय	65
05--अन्य भत्ते	1,34
06—कार्यालय व्यय	35
12—प्रकाशन व्यय	10
13—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	2
22—मोटर गाड़ी का अनुरक्षण/पेट्रोल की खरीद	40
25—माल और सम्पूर्ति	75
33—अन्य व्यय	25
योग	19,44

पर्वतीय क्षेत्र के विकास खंडों को अनुदान।

पर्वतीय क्षेत्र में स्थित 89 विकास खण्डों को दो लाख प्रति विकास खण्ड की दर से कुल 1,78,00,000 रु0 विभिन्न लघु विकास कार्यों के नव निर्माण पर व्यय हेतु अनुदान देने के लिये व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 में 1,78,00,000 रुपये की आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

152--ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम-एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम-- (हजार रुपयों में)

0802--क्षेत्र समितियों को विकास कार्यों के लिये अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 1,78,00

सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना।

पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण, प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत 8वीं पंचवर्षीय योजना अवधि में निम्न योजनाओं के कार्यान्वयन का प्रस्ताव है:--

(1) पर्वतीय क्षेत्र में विकास खण्ड स्तर पर सहकारी गोष्ठियों का आयोजन:—

पर्वतीय क्षेत्र के जन समुदाय को सहकारिता के उद्देश्यों से परिचित करवाने के लिये प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर सहकारी गोष्ठियों का आयोजन किया जाता रहा है। इस प्रकार की गोष्ठियों के आयोजन हेतु आवश्यक सामग्री तथा पोस्टर बैनर इत्यादि की व्यवस्था करने के लिये पी0सी0यू0 को प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती रही है। सहकारी आन्दोलन को और अधिक सक्रिय एवं गतिशील बनाने के लिये लगभग 5 वर्ष तक इस योजना को और चलाने का प्रस्ताव है। आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में इस योजना पर कुल 27,00,000 रुपये का एवं वर्ष 1990-91 हेतु 3,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है।

(2) पर्वतीय क्षेत्र में स्थापित सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु पी0 सी0 यू0 को अनुदान:--

पर्वतीय क्षेत्र के दोनों मण्डलों में स्थापित सहकारी प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन प्रान्तीय स्तर पर गठित संस्था प्रादेशिक कोआपरेटिव यूनियन द्वारा किया जा रहा है। यह संस्था सहकारी संस्थाओं से प्राप्त चन्दे एवं शासकीय अनुदान से ही चलती है। संस्था के आय के कोई और अन्य स्रोत न होने के कारण संस्था उक्त प्रशिक्षण केन्द्रों पर होने वाले व्यय को वहन कर पाने में असमर्थ है। कुमायूं एवं गढ़वाल मण्डलों में स्थापित प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु क्रमश: 50 प्रतिशत एवं 60

प्रतिशत के आधार पर प्रबन्धकीय अनुदान की मांग किये जाने के फलस्वरूप आठवीं योजनाकाल में इस हेतु कुल 88,30,000 रु0 तथा वर्ष 1990-91 में 6,00,000 रु0 व्यय का अनुमान है।

उक्त प्रस्तावित योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में 9,00,000 रु0 के व्यय का अनुमान है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के लिये 9,00,000 रु0 की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त की जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र–

151—सहकारिता— (हजार रुपये में)

11—सहकारी शिक्षा, प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना के अन्तर्गत कोआपरेटिव यूनियन को अनुदान—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 9,00

पर्वतीय क्षेत्र में महिलाओं के कुटीर तथा ग्रामीण स्तर की एवं मार्केटिंग इन्टेलीजेन्स इकाई की स्थापना हेतु अनुदान।

पर्वतीय क्षेत्र में महिलाओं के कल्याण हेतु महिला कल्याण निगम द्वारा कुटीर तथा ग्रामीण स्तर की इकाइयों को स्थापित करने तथा उनकी बिक्री की योजना चलाये जाने का प्रस्ताव है। पहले चरण में निगम प्रत्येक जिले में एक-एक विकास खण्ड में उक्त योजना चलायेगा। निगम उत्पादित वस्तुओं को महिलाओं के घर से ही उठा कर बिक्री की व्यवस्था करेगा तथा उसका मूल्य भी महिला को घर पर ही उपलब्ध करायेगा। इसके अतिरिक्त निगम एक मार्केटिंग इन्टेलीजेन्स इकाई की भी स्थापना करेगा। जिसमें महिलाओं द्वारा ऐसे उत्पाद तैयार किये जायेंगे जिनकी बाजार में समुचित मांग हो। इस हेतु वर्ष 1990-91 में 14,65,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार 14,65,000 रुपये की आय-व्ययक में व्यवस्था सम्मिलित कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र— आयोजनागत—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

164—उद्योग-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग—

56—महिला कल्याण निगम को अनुदान—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 14,65

रेशम उद्योग के प्रचार प्रसार प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन की योजना।

पर्वतीय क्षेत्र के 8 जनपदों में रेशम उद्योग के प्रति जागरूकता एवं जनसाधारण में रुचि जाग्रित कराने हेतु प्रत्येक जनपद में एक-एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है इसके साथ ही साथ कीटपालक कार्ड बुकलेट तथा पम्फलेट कार्ड भी मुद्रित कराये जाने का प्रस्ताव है जिसके द्वारा ग्रामवासियों को रेशम उद्योग के विषय में तकनीकी जानकारी उपलब्ध, करायी जायेगी। इस योजना पर 5,45,000 रुपये का व्यय अनुमानित है जिसमें 1,88,000 रुपये केन्द्रीय रेशम बोर्ड वहन करेगा तथा राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1990-91 में 3,57,000 रुपये के व्यय का अनुमान है। तद्नुसार 3,57,000 रुपये की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

164—उद्योग-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग—

(–) रेशम उद्योग, के प्रचार प्रसार, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन की योजना—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 3,57

पर्वतीय क्षेत्र में रेशम उद्योग परियोजनाओं के लिये नाबार्ड द्वारा दिये जा रहे ऋण पर प्रदेश सरकार द्वारा 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान की स्वीकृति।

पर्वतीय क्षेत्र में नाबार्ड द्वारा रेशम उद्योग की परियोजनाये स्वीकृत की जा चुकी है। इन अनुमोदित परियोजनाओं के तहत लाभार्थियों द्वारा बैंक से ऋण प्राप्त करने पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में इस योजना पर 67,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 67,000 रुपये की धनराशि सम्मिलित कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60-अन्य-पहाड़ी क्षेत्र--

164--उद्योग-ग्रामोद्योग एवं लघु उद्योग (-) रेशम उद्योग परियोजनाओं के लिये वृक्षारोपण हेतु व्यय अनुदान-

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 67

सहकारी जड़ी-बूटी एवं भेषज विकास योजना के अन्तर्गत जड़ी-बूटियों का कृषिकरण

हिमालय से लगे पर्वतीय क्षेत्र में बहुमूल्य जीवन दायनी जड़ी-बूटियां प्राकृतिक रूप से उपलब्ध हैं। नैसर्गिक रूप से पाई जाने वाली जड़ी-बूटियां असंतुलित विदोहन व जनसंख्या वृद्धि से दिन प्रतिदिन संकुचित होते हुए प्रायः लुप्त होती जा रही है। अतः भेषज एवं जड़ी-बूटी विकास योजना पर्वतीय क्षेत्र के आठ जनपदों में 40 भेषज प्रदर्शन इकाइयों के अन्तर्गत कार्यरत हैं, जिनमें विशेष प्रकार की जड़ी-बूटियों का कृषिकरण किया जा रहा है तथा लघु एवं सीमान्त कृषकों को स्थानीय आवश्यकतानुसार जड़ी-बूटियों के बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं। यह प्रदर्शन इकाइयां अपने क्षेत्र में उगाई जाने वाली जड़ी-बूटियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर कृषकों को प्रशिक्षण देने का कार्य भी करती है। इस योजना को आगे भी चलाते हुये जड़ी-बूटियों के कृषिकरण हेतु प्रत्येक प्रदर्शन इकाइयों को वर्ष 1990-91 में 5,000 प्रति इकाई की दर से 2,00,000 रु० अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है।

(2) प्रशिक्षण प्रचार-प्रसार--

भेषज, जड़ी-बूटी योजना के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्र में आर्थिक विकास के लिये लघु कृषकों को भेषज कृषि का आधार प्राकृतिक दोहन का वैज्ञानिक संतुलन और कुटीर उद्योगों के विकास की सुविधाओं की जानकारी देने को जो व्यवस्था अभी तक की जाती रही है उसे अगली योजना अवधि में जारी रखने का प्रस्ताव है। किन्तु इस हेतु व्याख्यान कक्ष, ग्रन्थालय, छात्रावास म्यूजियम आदि आवश्यक सुविधायें पुराने कुमायूं कोआपरेटिव फेडरेशन, अल्मोड़ा के किराये के भवन में उपलब्ध है। उपलब्ध भवन अत्यन्त पुराना है तथा उसमें न्यूनतम आवश्यक सुविधायें पर्याप्त नहीं है। अतः इस योजना के अन्तर्गत भूमि खरीद एवं भवन निर्माण तथा साज-सज्जा हेतु आठवीं योजना में 46,00,000 रु० का अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है। पंचदिवसीय छात्रवृत्ति 20 रु० प्रतिदिन प्रतिछात्र की दर से 10 हजार ग्रामीण संग्रहणकर्ता मासिक प्रशिक्षण हेतु 450 रु० प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति, त्रैमासिक प्रशिक्षण हेतु 450 रु० प्रति माह प्रति प्रशिक्षणार्थी को दर से 200 प्रशिक्षणार्थियों को, प्रचार-प्रसार सामग्री, प्रिंटिंग 30 हजार प्रतिवर्ष की दर से तथा पुस्तकों के क्रय, जनपदीय प्रचार-प्रसार प्रदर्शनी, अखिल भारतीय सेमीनार आदि पर आठवीं योजनाकाल में 25,40,000 रु० अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है। उक्त प्रस्तावित कुल 71,46,000 रु० की धनराशि पी० सी० यू० को हस्तान्तरित की जायेगी।

(3) भेषज कृषि एवं शोध विस्तार कक्ष--

भेषज कृषि एवं शोध विस्तार के लिये कृषि शोध प्रयोगशाला कक्षों का अभाव है। अतः कृषि प्रयोगशाला, ग्लास हाउस के लिये भूमि क्रय करने एवं ग्रीन हाऊस के भवन निर्माण के लिये 39,40,000 रु० अनुदान देने का प्रस्ताव है। नवीन प्रयोगशाला के लिये यंत्र उपकरण रसायन खरीद पर 5,30,000 रु० प्रयोगशाला हेतु दैनिक श्रमिक बीज आदि पर 6,00,000 रु० कुल 11,30,000 रु० अनुदान आठवीं योजनाकाल में प्रस्तावित है। कृषि विस्तार हेतु भेषज बीज प्रसारण प्रजातीय वृक्षों के वनीकरण हेतु 20,75,000 रु० का अनुदान आठवीं योजनाकाल में प्रस्तावित है। आठवीं योजनाकाल में भेषज कृषि एवं शोध विस्तार पर कुल 71,45,000 रु० का अनुदान प्रस्तावित है।

उक्त प्रस्तावित योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में 2,00,000 रु० तथा आठवीं योजनावधि में कुल 1,44,91,000 रु० व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के लिये 2,00,000 रु० की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

151--सहकारिता-- (हजार रुपयों में)

(..) जड़ी-बूटी एवं भेषज विकास योजना--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 2,00

आवास से सम्बद्ध कार्यशाला निर्माण की योजना (जिला योजना)

पर्वतीय क्षेत्र के बुनकरों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिये आवास से सम्बद्ध कार्यशाला निर्माण की योजना। आठवीं पंचवर्षीय योजना में संचालित किये जाने का प्रस्ताव है जिसके लिये 21,00,000 रुपये का व्यय वर्ष 1990-91 में अनुमानित है। तदनुसार 21,00,000 रुपये धनराशि की आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

164--उद्योग--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--

(-) आवास से सम्बद्ध कार्यशाला निर्माण की योजना हेतु हथकरघा निदेशालय को अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 21,00

अधिक उत्पादन कार्यक्रम के लिये कृषकों का प्रशिक्षण एवं दृश्य-श्रव्य प्रशिक्षण

पर्वतीय क्षेत्र के 3 जनपद पौड़ी, अल्मोड़ा व नैनीताल में क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान के माध्यम से कृषक प्रशिक्षण एवं दृश्य श्रव्य प्रशिक्षण योजना का कार्य पूर्व वर्षों से संचालित किया जा रहा है। शेष 5 जनपदों चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, पिथौरागढ़, देहरादून में भी आठवीं योजना में कृषक प्रशिक्षण योजना का संचालन प्रस्तावित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत थारू बुक्सा जाति एवं जनजाति के लोगों को विभिन्न व्यवसायों एवं कृषि में तकनीकी ज्ञान की वृद्धि हेतु नवयुवकों एवं युवतियों को विभिन्न प्रकार की ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे पर्वतीय क्षेत्रों के लोग आत्म-निर्भर एवं स्वावलम्बी बन सकें। उक्त संस्थानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन हेतु जिला स्तर पर कतिपय पदों को सृजित किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त पदों पर व्यय हेतु वर्ष 1990-91 में कुल 5,75,000 रु० की आवश्यकता है। तदनुसार 5,75,000 रु० की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--व्यय के अनुमान-- (हजार रुपयों में)

(क)	कुल परिव्यय	79,75
(ख)	अन्तिम आवर्तक व्यय	20,00

3--व्यय का विभाजन--

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पद	वेतनमान	पद संख्या प्रति जनपद	कुल पदों की संख्या (5 जनपदों के लिये)
		(रु०)		
1	जिला प्रशिक्षण अधिकारी	2200-4000	1	5
2	ज्येष्ठ प्रशिक्षक	1400-2600	1	5
3	लिपिक	950-1500	1	5
4	चौकीदार	750-940	1	5

4--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

152--ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम--एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम--

12--अधिक उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषकों का प्रशिक्षण एवं दृश्य-श्रव्य प्रशिक्षण--

01--वेतन	3,00
03--महंगाई भत्ता	50
04--यात्रा व्यय	25
05--अन्य भत्ते	50
06--कार्यालय व्यय	25
22--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल की खरीद	25
33--अन्य व्यय (प्रशिक्षण)	1,00
योग ..	5,75

सोयाबीन उत्पादकों को सोयाबीन उत्पादन स्थल से फैक्ट्री तक सहकारिता के माध्यम से लाने हेतु परिवहन अनुदान।

पर्वतीय क्षेत्र में परिवहन की ऊंची दरों के कारण कृषकों को अपना सोयाबीन का उत्पादन सहकारी वनस्पति फैक्ट्री तक लाने में अत्यधिक व्यय करना पड़ता है, फलस्वरूप सृजित अतिरिक्त आय का अधिकांश भाग परिवहन व्यय के रूप में वहन करना पड़ता है। फैक्ट्री अभी प्रारम्भिक अवस्था में होने से ढुलान व्यय की प्रतिपूर्ति कृषकों को करने में सक्षम नहीं है। कालान्तर में फैक्ट्री द्वारा परिवहन व्यय स्वयं वहन किया जायेगा। अतः पर्वतीय क्षेत्र में सोयाबीन उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 1990-91 में 7,85,000 रु० तथा आठवीं योजनावधि में कुल 39,00,000 रु० के व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष के आय-व्ययक में 7,85,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

151--सहकारिता--

08--कृषि निवेशों के परिवहन पर राज सहायता--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 7,85

विश्व बंक के सहयोग से एकीकृत औद्यानिक विकास कार्यक्रम ।

इस योजनान्तर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम प्रस्तावित है :—

1—फल पौध बीज सब्जी सुधार एवं स्रोत केन्द्रों की स्थापना (वीसा)—स्थानीय जलवायु में आयातीत प्रजातियों के क्षेत्रीय ...ण आयोजित किये जायेंगे और उपयुक्त आधार पर चयनित प्रजातियों को पौध सामग्रियों का प्रसारण किया जायेगा। ... कार्य हेतु विभागीय 15 केन्द्रों का चयन किया गया है। इसमें फल उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर उत्पादन सहायक ...ाओं का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। जिसमें कुल वृत्तों का भी इस प्रकार चयन किया जा सकेगा कि सब पर तैयार कलमी ... कम फैलाव के कारण अधिक संख्या में रोपित किये जा सकें तथा उनमें फल जल्दी आये इसके फलस्वरूप प्रति हैक्टर फल ...दन अधिक होगा फलों की गुणवत्ता पर भी अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

2—आदर्श उद्यान/प्रक्षेत्रों का विकास—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभागीय 25 उद्यान चयनित किये गये हैं जिन ...उत्पादक सहायक सुविधाओं यथा आयातीत प्रजातियों/नव विकसित प्रजातियों का परीक्षण/प्रसार मूलवृत्तों/प्रजातियों/उत्तम/पौधों ...सघनता भूमि की नमी का संरक्षण फसल नियंत्रण का ताल में आदि का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा ये आदर्श उद्यान स्थानीय ...टतम प्रक्षेत्रों (ओ०एफ०टी०) औद्यानिक विकास के प्रमुख स्रोत के रूप में कार्य करेंगे इसके अतिरिक्त उद्यानपतियों तथा ...र कर्मचारियों के प्रशिक्षण का आयोजन करेंगे।

3—राजकीय पौधालयों का विकास—इसके अन्तर्गत 8 विभागीय पौधशालाओं के वीसा केन्द्रों पर परीक्षणोपरान्त चयनित ...गयी आयातीत उपयुक्त प्रजातियों के पौधों का प्रसारण कर उत्पादकों को उपलब्ध कराया जायेगा।

4—ग्रेविटी रोपवेज/मैकेनिकल रोपवे—पर्वतीय जनपदों के दूरस्थ अंचलों में रिक्त उद्यानों औद्यानिकों उत्पादों के ...हन में यातायात की असुविधाओं तथा सम्पर्क मार्ग न होने के कारण निजी उद्यानपतियों की उनके औद्यानिकउत्पादों ...रिवहन की सुविधा देने के उद्देश्य से रोडवेज का निर्माण प्रस्तावित किया गया है।

5—सब्जी बीज उत्पादन केन्द्रों की स्थापना—पर्वतीय जनपदों में सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय ... मटेला (अल्मोड़ा) तथा ढकरानी (देहरादून) में शीतोष्ण जलवायु में उत्पादित होने वाले सब्जी बीजों का तथा वे मौसमी ...यों के बीजों का जनक बीज (ब्रीडर) तथा आयातीत बीजों का उत्पादन किया जायेगा। फलस्वरूप क्षेत्रीय उत्पादकता ... और उद्यान पतियों का आर्थिक विकास संभव होगा।

6—निजी क्षेत्रों से फारवर्डिंग शेड तक सुरक्षित रूप से फलों को परिवहन करने के लिये सरकारी संघ/समिति के माध्यम में ...स्टक क्रेट्स 10 रु० प्रति वर्ष प्रति क्रेट के आंशिक किराये पर उपलब्ध कराये जायेंगे।

उपरोक्त कार्यक्रमों को सम्पादित करने के उद्देश्य से वीसा व एम० ओ० के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में क्रमशः 4 वाहन तथा ...हन कुल 6 वाहन प्रस्तावित किये गये हैं तथा एम० ओ० के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में प्रसार कार्यों एवं परीक्षणों (ओ० एम० ...) का समय-समय पर संचालन अनुरक्षण एवं निदेशन आदि का कार्य सम्पादित करने हेतु 7 मोटर साइकिल का क्रय प्रस्तावित ...। वीसा एवं एम० ओ० के अन्तर्गत प्रस्तावित जीप परीक्षणों (ओपट) के लिये रोपाई सामग्री रसायन खाद उर्वरक आदि के ...रवहन का कार्य करेंगी तथा प्रशिक्षार्थियों को समय-समय पर प्रशिक्षण देने हेतु परिवहन में उपयोग की जायेगी।

इस प्रकार आठवीं योजना काल में उपरोक्त कार्यों के सम्पादित करने हेतु 5,72,07,000 रु० के व्यय का अनुमान है तथा ... सापेक्ष वर्ष 1990-91 में 1,31,66,000 रु० की आवश्यकता है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्यय में 1,31,66,000 रु० ...था कर ली गयी है।

2—व्यय के अनुमान—

		रु०
(क)	कुल परिव्यय (1990—95)	5,72,07,000
(ख)	अन्तिम आवर्तक व्यय	39,39,000

3—व्यय का विभाजन—

क—अपेक्षित कर्मचारिवर्ग—

पद	वेतनमान	पद संख्या
...ल पौध प्रजातीय सुधार एवं स्रोत की स्थापना (वीसा)	रु०	
...हन चालक (दूनागिरी/रुद्रपुर/जरमोला तथा ग्वालक्ष्य हेतु ..	950-1500	4
...दर्श उद्यानों एवं प्रक्षेत्रों का विकास (एम० ओ०)		
...हन चालक (रामगढ़/भटका)	950-1500	2

4--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र

141--कृषि कार्य--

04--उद्यान कर्म और फलोपयोग-

(..) विश्व बैंक के सहयोग से एकीकृत औद्यानिक विकास (हजार रुपयों में)

01--वेतन	3·
02--मजदूरी	2,21
03--महंगाई भत्ता	1:
04--यात्रा व्यय	'
05--अन्य भत्ते	(
06--आर्यालय व्यय	35
19--लघु निर्माण कार्य	32,81
20--मशीनें और सज्जा उपकरण और संयंत्र	7,45
21--मोटर गाड़ी क्रय	13,80
22--मोटर गाड़ी का अनुरक्षण	1,49
23--अनुरक्षण	3,30
25--माल और सम्पूर्ति	69,66
33--अन्य व्यय	3
योग ..	1,31,66

प्रदर्शनी, पुरस्कार एवं उद्यमिता विकास योजना

पर्वतीय क्षेत्र में खादी निर्माताओं तथा ग्रामों में लगे व्यक्तियों के प्रयास को बढ़ावा देने, उन्हें प्रोत्साहन देने विपण व्यवस्था को तेज करने आदि के लिये प्रदर्शनी पुरुस्कार एवं उद्यमिता विकास योजना को जिला स्तर पर कार्यान्वित किये जाने का प्रस्ता है। योजना के अन्तर्गत ग्रामोद्योगी वस्तुओं की जानकारी वहां पर आने वाले सैलानियों तथा वहां रहने वाले निवासियों तक पहुंचा के लिये दुर्गम रास्तों, तीर्थयात्रा मार्गों तथा सैलानी स्थलों पर सचल प्रदर्शनी लगाना प्रस्तावित है ताकि दूरस्थ स्थानों पर ग्रामोद्योग कार्यक्रमों एवं उनके उत्पादों की जानकारी का प्रसार हो सके। प्रत्येक जिले में ऐसे 10-10 सचल प्रदर्शनी लगाये जाने का प्रस्ताव है इसक अतिरिक्त छोटे-छोटे ग्रामीण उद्योगों में प्रतिस्पर्धा, गुणवत्ता उत्पादकता को बढ़ाये जाने के लिये जिले स्तर, ब्लाक स्तर प प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिये जाने का प्रस्ताव है।

ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम विकास की भी कमी है। अत: इस योजना के अन्तर्गत उद्यमियों को चयन करके, उन्हें उद्यमित प्रशिक्षण दिये जाने का भी लघु कार्यक्रम है। यह परियोजना समन्वित रूप से एक प्रकार से ग्रामीण उद्योग कार्यक्रम की एक छोटी कड़ होगी। पर्वतीय क्षेत्र में आठ जिलों में से प्रत्येक के लिये 60,000 रुपये प्रति जिले की दर से मात्र 4,80,000 रुपये का वर्ष 1990-9 के व्यय अनुमानित हैं। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 4,80,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

164--उद्योग-ग्रामीण एवं लघु उद्योग--

12--खादी तथा ग्रामोद्योग परिषद् को सहायता--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता (जिला योजना) .. .. 4,8(

जनजाति बहुल विकास खण्डों में सघन फल एवं सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहन देने की योजना

जनजाति बहुल विकास खंडों में सघन फल एवं सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहन देने हेतु प्रत्येक विकास खंड में नि:शुल्क सब्जी पौध एवं नि:शुल्क फल पौध के प्रदर्शन कराये जाते रहे हैं जिसका निर्बल एवं पिछड़ वर्ग के उद्यान पातियों को अच्छा लाभ मिलता रहा है योजना की लोकप्रियता एवं महत्व को देखते हुए योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजना में भी चालू रक्खा जाना प्रस्तावित है आठवीं योजना काल में योजना पर 31,44,000 रु० के व्यय का अनुमान है जिसके सापेक्ष 1990-91 में 5,24,000 रु० की आवश्यकत है। तदनुसार 5,24,000 रुपये की व्यवस्था वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2551-पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

141--कृषि कार्य--

04--उद्यान फल एवं फलोपयोग--

(..) जनजाति बहुल विकास खंडों में सघन फल एवं सब्जी उत्पादन की योजना--

01--वेतन	24
02--मजदूरी	40
03--महंगाई भत्ता	9
04--यात्रा व्यय	9
05--अन्य भत्ते	2
25--माल और सम्पूर्ति	4,00
33--अन्य व्यय	40
.. योग ..	5,24

पर्वतीय क्षेत्र में कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्रों के आधुनिकीकरण की योजना

इस योजना का उद्देश्य उन्नत किस्म के बीजों पर शोध तथा उनका उत्पादन किया जाना है। यह योजना सातवीं योजना [अव]धि से लागू है। अब इसे आठवीं पंचवर्षीय योजना में चालू रखने का प्रस्ताव है। इस योजना हेतु अष्टम [पंच]वर्षीय योजनावधि में 3,07,000 रु0 एवं वर्ष 1990-91 में 55,000 रु0 का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष [1]990-91 के आय-व्ययक में 55,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

141--कृषि कार्य--03-कृषि मुख्य

9110--पर्वतीय क्षेत्र में कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्रों के आधुनिकीकरण की योजना--

01--वेतन	15
03--मंहगाई भत्ता	8
04--यात्रा व्यय	4
05--अन्य भत्ते	3
09--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल की खरीद	25
योग ..	55

[व]र्तमान कुक्कुट प्रक्षेत्रों का पुनर्गठन, अतिरिक्त सुविधा व्यवस्था ब्रायलर, कुक्कुट पक्षियों का उत्पादन क्रय-विक्रय

पर्वतीय क्षेत्रों में स्थानीय जनता के खाने योग्य कुक्कुट पक्षियों की बढ़ती हुई मांग को दृष्टि में रखते हुए आगामी आठवीं पंच-[वर्षी]य योजना अवधि में (1990-95) पर्वतीय जनपदों के 8 कुक्कुट प्रक्षेत्रों (कुक्कुट प्रक्षेत्र कोटद्वार को छोड़कर) में अण्डे देने वाली [50] प्रतिशत कुक्कुट पक्षियों की संख्या तथा 50 प्रतिशत खाने योग्य कुक्कुट पक्षियों की संख्या रखे जाने का प्रस्ताव है। [यो]जनान्तर्गत वर्ष 1990-91 में 4,00,000 रु0 तथा आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि में 30,80,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। [तदनु]सार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 4,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

	रु0
2--व्यय के अनुमान--	
(क) कुल परिव्यय 1990-95	30,80,000
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय	6,95,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षको के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

142--पशुपालन--

04--मुर्गी पालन विकास--

पर्वतीय क्षेत्र में समन्वित कुक्कुट विकास की योजना--

वर्तमान कुक्कुट प्रक्षेत्रों का पुनर्गठन अतिरिक्त सुविधाएं तथा ब्रायलर पक्षियों का उत्पादन एवं क्रय-विक्रय योजना-- (हजार रुपयों में)

02--मजदूरी	45
06--कार्यालय व्यय	20

07—टेलीफोन पर व्यय .. ..
19—लघु निर्माण .. ..
20—मशीनें और-सज्जा/उपकरण और संयंत्र 1,
33—अन्य व्यय 1,

योग .. 3,

01—अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनन्ट प्लान—वर्तमान कुक्कुट प्रक्षेत्रों का पुनर्गठन अतिरिक्त सुविधाएं तथा ब्रायलर पक्षियों का उत्पादन एवं क्रय विक्रय योजना—
33—अन्य व्यय .. ..

कुल योग .. 4,

पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य उत्पादन विकास हेतु केज कल्चर की अग्रगामी योजना

पर्वतीय क्षेत्र में मत्स्य विकास के उद्देश्य से केज कल्चर की अग्रगामी योजना कार्यान्वित किये जाने का प्रस्ताव इस योजना को वर्ष 1990–91 में परीक्षण के रूप में चलाये जाने का प्रस्ताव है तथा प्रथम वर्ष में केज-कल्चर द्वारा उत्पादित म की सफलता के उपरान्त योजना का आगामी वर्षों में विस्तार किया जायेगा। योजनान्तर्गत वर्ष 1990–91 में जनपद नैनी की तीन झीलों की तीन इकाइयों में 9 केज प्रति इकाई की दर से व्यवस्थित की जायगी। जिससे 1000 से 1500 किलो प्रति केज मत्स्य उत्पादन अनुमानित है। योजनान्तर्गत वर्ष 1990–91 में 1,00,000 रु० का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में 1,00,000 रु० की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है।

2—आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों

2551—पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत—
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—
144—मीन उद्योग—
02—पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य उत्पादन विकास हेतु केज कल्चर की अग्रगामी योजना—
20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र .. .. ..
33—अन्य व्यय .. ..

योग .. 1

पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य विकास केन्द्रों की स्थापना

पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य उत्पादन विकास तथा मत्स्य पालकों को मत्स्य पालन में प्रोत्साहन हेतु मैदानी क्षेत्रों की भांति प मत्स्य विकास अभिकरण की स्थापना प्रस्तावित है। योजनान्तर्गत आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1990–95 पर्वतीय क्षेत्र में डिग्गियों/तालाबों का सुधार, मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण तथा प्रदर्शन, तालाबों की स्थापना पर 36,00,00 का व्यय तथा वर्ष 1990–91 में 5,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990–91 के आय-व्यय 5,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—व्यय के अनुमान— रु०
(क) कुल परिव्यय, 1990–95.. 36,00,
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय 6,05,

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत— (हजार रुप
60—पहाड़ी क्षेत्र—
144—मीन उद्योग—
01—पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य विकास अभिकरण की स्थापना—
33—अन्य व्यय .. ..

सहकारिता के माध्यम से अतिरिक्त ओकटसर कोया उत्पादन हेतु अनुदान की योजना

पर्वतीय क्षेत्र के दूरस्थ इलाकों में जहां (बांझ) ओक के पेड़ उपलब्ध है वहां पर इस उद्योग को विकसित किये का प्रस्ताव है। इस हेतु वर्ष 1990-91 में 4,20,000 रुपये के व्यय का अनुमान है। अतः 4,20,000 रुपये की व्यवस्था व्ययक में सम्मिलित कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

164—उद्योग—ग्रामोद्योग और लघु उद्योग—

(–) सहकारिता के माध्यम से अतिरिक्त ओकटसर कोया उत्पादन हेतु अनुदान—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 4,20

खत्ता विकास योजना

जनपद नैनीताल में लाल कुआं दुग्ध संघ द्वारा वर्ष 1989-90 से खत्ता विकास योजना चलाई जा रही है इसकी सफलता को देखते हुये वर्ष 1990-91 म इस योजना को पर्वतीय क्षेत्र के अन्य खत्तों में भी प्रसार किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत खत्तों में निवास करने वाले दुग्ध उत्पादकों के विकास का कार्य निम्नलिखित रूप से किया जायेगा—

1—गाय/भैंसों का अच्छी नस्ल के साड़ों के वीर्य से कास ब्रीडिंग किया जायेगा जिससे उत्तम नस्ल के दुधारू पशु उपलब्ध हो सकेंगे उन्नतिशील नस्ल के इन दुधारू पशुओं से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी। यह सुविधा दुग्ध उत्पादकों को उनके दरवाजे पर ही उपलब्ध कराई जायेगी।

2—खत्तों में इन पशुओं को जो चारा खिलाया जाता है वह केवल घास फूस एवं पेड़ों के पत्ते आदि होते हैं इससे इनके दूध में बढ़ोत्तरी नहीं हो पाती है, न दूध की किस्म ही उत्तम होती है। अतएव सहकारी दुग्ध संघ द्वारा इन खत्तों के दुधारु पशुओं को अच्छे किस्म का पशु आहार उपलब्ध कराया जायेगा इससे पशुओं के दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी होगी।

3—समुचित रख-रखाव तथा खान-पान न होने के कारण खत्तों के दुधारू पशुओं को विभिन्न प्रकार की बीमारियां लग जाती है। इन बीमारियों के निवारण/रक्षार्थ दुग्ध संघों द्वारा विभिन्न वैक्सीन/सुविधायें दुधारू पशुओं को उपलब्ध कराई जायेगी।

उपर्युक्त से पर्वतीय अंचल जंगलों में स्थिति खत्तों का विकास होगा तथा दुधारु पशुओं की नस्ल में सुधार होगा उनकी समुचित देख-रेख खान-पान, ब्रीडिंग एवं चिकित्सा आदि की व्यवस्था होगी जिससे उनके दूध में बढ़ोत्तरी हो सकेगी तथा गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले खत्ता क्षेत्र के उत्पादक सदस्यों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

उक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिये वर्ष 1990-91 में 7,29,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षाणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित इतनी ही धनराशि धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

143—डेरी विकास—

01—डेरी विकास योजना—

14—सहायक अनुदान/अंशदान राज/सहायता 7,29

लघु और छोटे निर्माण कार्य हेतु धनराशि की व्यवस्था

सातवीं पंचवर्षीय योजना की इस योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि में भी संचालित किये जाने का प्रस्ताव है जिससे पर्वतीय क्षेत्र जीर्ण के शीर्ण राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों/राजकीय इंटर कालेजों बालक/बालिका के भवनों की मरम्मत के कार्य कराये जा सके। सम्पूर्ण योजनावधि में कुल 75 विद्यालय भवनों के लिये भौतिक लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 1990-91 के लिये 15 विद्यालयों के भवनों के मरम्मत पर 40,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

103—सामान्य शिक्षा-माध्यमिक शिक्षा—

06—अन्य व्यय—

0603—नई इकाई लघु और छोटे निर्माण कार्य हेतु धनराशि का प्राविधान—

33—अन्य व्यय 40,00

बीज विधायन संयंत्र देहरादून के विद्युतीकरण की योजना

कृषि प्रक्षेत्रों पर उत्पादित बीजों में से स्वस्थ बीज की छटाई करके कृषि उत्पादन को बढ़ाये जाने के उद्देश्य से सप्तम पंचवर्षीय योजनावधि में देहरादून में एक बीज विधायन संयंत्र की स्थापना की गयी है। इस संयंत्र को चालू करने के लिये उसके विद्युतीकरण की व्यवस्था की जानी है। इस संयंत्र से राजकीय कृषि प्रक्षेत्रों पर उत्पादित बीजों का विधायन किया जायेगा तथा कृषक भी इस संयंत्र का उपयोग निःशुल्क कर सकेंगे। वर्ष 1990-91 में 1,00,000 रु० के व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

141--कृषि कार्य--

03--कृषि मुख्य--

0311--पर्वतीय क्षेत्र में बीज विधायन संयंत्र की स्थापना--

19--लघु निर्माण 1,00

पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन

पर्वतीय क्षेत्र में चालू विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाले पर्यावरणीय आघटन को रोकने के लिए योजनाओं का पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन किया जाना परम आवश्यक है। अतएव इस दृष्टि से समस्त विकास योजनाओं का उनके कार्यान्वियन से पूर्व पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन किया जाना प्रस्तावित है। विभिन्न जल-समेट क्षेत्रों के प्राकृतिक संसाधनों का मूल्यांकन, मौसम एवं जलवायु सम्बन्धी अध्ययन एवं विकास योजनाओं के विरचन हेतु पर्यावरणीय मार्ग-दर्शिकायें तैयार कर विभिन्न इकाइयों को उपलब्ध कराया जायेगा। इन पर वित्तीय वर्ष 1990-91 में 3,50,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 3,50,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

172--पारिस्थिकीय और पर्यावरण--प्रदूषण निवारण और नियंत्रण--

05--पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 3,50

पारिस्थितिकीय विकास

पर्वतीय जनपदों के विभिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियां अत्यन्त जटिल एवं भिन्न-भिन्न है इसलिए स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु नगर एवं ग्राम्य पारिस्थितिकीय विकास संगत योजनाओं जैसे मलिन बस्तियों के सुधार तथा पर्यावरणीय प्रदूषण के नियंत्रण हेतु सुलभ शौचालयों आदि के निर्माण की योजनायें तैयार कर उनका कार्यान्वियन कराना, जल संसाधनों (सतही एवं भूजल) के संरक्षण एवं उनके नियोजित विकास तथा अनुकूलतम उपयोग (स्प्रिंकलर ड्रिप तथा हाइड्रम) इत्यादि की रूपरेखा तैयार कर सम्बन्धित विभाग को परामर्श देना, वनों पर दबाव कम करने के लिए सामुदायिक भूमि पर वृक्षारोपण तथा घास के मैदान विकसित करने और चारागाह के निर्धारण तथा वनों के संरक्षण हेतु बायोरोटेशन की योजनायें ग्राम स्तर पर तैयार कर उनका कार्यान्वियन कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के अधीन पारिस्थितिकीय विकास के प्रति जन-जागरूकता उत्पन्न करने एवं तत्सम्बन्धी जानकारी देने हेतु पारिस्थितिकीय विकास कैम्पों का आयोजन भी किया जायेगा उक्त कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 में 4,50,000 रु० का व्यय अनुमानित है तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 4,50,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

172--पारिस्थितिकीय और पर्यावरण प्रदूषण निवारण और नियंत्रण--

06--पारिस्थितिकीय विकास--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 4,5

पर्यावरणीय शिक्षा चेतना प्रशिक्षण शोध प्रवर्तन एवं सूचना व्यवस्था

पर्यावरण के प्रति दीर्घकालिक जन-जागरूकता अभियान एक सुनियोजित एवं व्यवस्थित कार्यक्रम के रूप में पर्यावरण बारे में वृहत् स्तर पर जन-जागरूकता, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं शोध प्रोन्नति कार्यक्रम चलाये जाने प्रस्तावित हैं। इस पर वित्तीय 1990-91 में 6,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 6,00,000 रु० व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

172--पारिस्थितिकीय और पर्यावरण प्रदूषण निवारण और नियंत्रण--

08--पर्यावरणीय शिक्षा, चेतना, प्रशिक्षण, शोध, प्रवर्तन एवं सूचना व्यवस्था--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 6,00

पर्यावरण ह्रास नियंत्रण एवं पर्यावरण अन्वेषण

जनसंख्या वृद्धि एवं औद्योगिक विकास के कारण प्राकृतिक संसाधनों के अत्याधिक दोहन से पर्यावरण का निरन्तर ह्रास हो रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में अनियोजित ढंग से विकास कार्यों जैसे सड़क, पुल, आवासीय कालोनियों एवं बांधों के निर्माण, पेड़ों के कटान, खनन कार्य इत्यादि के कारण भूस्खलन भूक्षरण, वनस्पतियों एवं जन्तुओं की दुर्लभ प्रजातियों का लुप्त होना, ईधन की कमी और मैदानी क्षेत्रों में कम वर्षा, अत्यधिक बाढ़ एवं जन-हानि इत्यादि समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं। उक्त समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए भावी पीढ़ी की दीर्घकालीन आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु पर्यावरण ह्रास नियंत्रण एवं पर्यावरण अन्वेषण की योजना कार्यान्वित करने का प्रस्ताव है। इस योजना हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 में 2,50,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,50,000 रु0 व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

172--पारिस्थितिकीय और पर्यावरण प्रदूषण निवारण और नियंत्रण--

04--पर्यावरण ह्रास नियंत्रण एवं पर्यावरण-अन्वेषण--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 2,50

प्राकृतिक जैव सम्पदा का संरक्षण।

वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों का कथन है कि पर्वतीय क्षेत्र का पर्यावरणीय एवं पारस्थितिकीय सन्तुलन अस्थिरता की ओर जा रहा है, ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि प्राकृतिक जैव सम्पदा का संरक्षण किया जाय। इस दृष्टि से वनस्पतियों एवं जन्तुओं की विभिन्न प्रजातियों का अध्ययन / सर्वेक्षण जल समेट-क्षेत्रवार / श्रेणीबद्ध करके उनके नियोजित एवं आर्थिक उपयोग का पता लगाया जाना वनस्पतियों की लुप्त-प्राय प्रजातियों के संरक्षण, सम्बर्द्धन उनसे सम्बन्धित शोध कार्य करना तथा जन्तु उद्यानों की स्थापना एवं प्रबन्ध हेतु योजनाओं का विरचन करके उनके कार्यान्वयन हेतु सबन्धित विभागों को सुझाव दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 में 2,10,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थिति धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

172--पारिस्थितिकीय और पर्यावरण--प्रदूषण निवारण और नियंत्रण--

07--प्राकृतिक जैव सम्पदा का संरक्षण, प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण--

14--सहायक अनुदान/अंशदान / राज सहायता 2,10

सहकारिता विभाग द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में उर्वरक परिवहन पर राज सहायता

पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी बिक्री केन्द्रों द्वारा प्रमाणित बीज, रासायनिक उर्वरक व अन्य कृषि निवेश जैसे कृषि रक्षा रसायन, कृषि रक्षा उपकरण एवं कृषि यन्त्र का वितरण हो रहा है। विषम आवागमन के साधनों के फलस्वरूप कृषकों को रसायनिक उर्वरकों की आपूर्ति उचित दामों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उर्वरक के ढुलान पर 10 रु0 प्रति टन से अधिक होने वाले व्यय को प्रतिपूर्ति शासन द्वारा पी0सी0एफ0 को की जाती रही है। सातवीं योजना की भांति इसे आठवीं योजना में भी चलायें जाने का प्रस्ताव है। इस योजना पर आठवीं, पंचवर्षीय योजनावधि में कुल 26,70,000 रु0 तथा वर्ष 1990-91 में 4,50,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 4,50,000 रु0 की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

151--सहकारिता--

08--उर्वरक परिवहन पर राज सहायता--

14--सहायक अनुदान/ अंशदान / राज सहायता 4,50

एकीकृत ग्राम्य विकास योजना

भारत सरकार के निदेशन पर केन्द्र व राज्य सरकार के मध्य 50 – 50 प्रतिशत के अंशदान के आधार पर प्रदेश के समस्त विकास खण्डों में एकीकृत ग्राम्य विकास योजना चलायी जा रही है जिसमें विकास कार्यक्रमों पर लघु / सीमान्त कृषकों को 25 प्रतिशत व 33-1 / 3 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। पर्वतीय क्षेत्र की विशेष परिस्थितियों को देखते हुये उक्त अनुदान की सीमा 50 प्रतिशत रखी गयी है और इस प्रकार 50 प्रतिशत व अनुमन्य अनुदान की दरों का अन्तर शासन द्वारा वहन किया जाता है इसके अतिरिक्त संबद्ध स्टाफ का व्यय भी इसके अन्तर्गत वहन किया जाना है। यह योजना आठवीं पंच वर्षीय योजना अवधि (1990–95) में भी चलती रहेगी। इस योजना पर आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1990–95) में कुल 45,00,00,000 रु० तथा वर्ष 1990–91 में 9,00,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में 9,00,00,000 रु० की धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है। योजना की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त प्रदान की जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन कार्यक्रम—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
152—ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम—एकीकृत ग्रामीण विकास—कार्यक्रम	
05—एकीकृत ग्राम्य विकास योजना—	
14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता	9,00,00

कृषि विभाग द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में उर्वरकों के परिवहन पर राज सहायता

इस योजना का उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्र के कृषकों को 10 कि० ग्रा० के छोटे पैकेटों में तथा सभी स्थलों पर सामान्य मूल्य पर उवरक उपलब्ध कराना है। इस योजना के अन्तर्गत दो कार्यक्रम चलाये जाते रहे हैं :—

(1) उर्वरकों के व्यय पर ढुलान सहायता।

(2) सुगम परिवहन हेतु दुर्गम अंचलों में उर्वरक पहुंचाने हेतु छोटे-छोटे पैकेटों की व्यवस्था की जाती है। इन पैकेटों पर होने वाला व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है।

चूंकि पर्वतीय क्षेत्र में अभी उर्वरक लोकप्रिय नहीं हुआ है और वहां पर छोटी-छोटी जोत के कृषक हैं उनकी क्रय शक्ति भ अत्यधिक कम होती है अतएव इस योजना को अष्टम पंचवर्षीय योजना में भी कार्यान्वित किये जाने का प्रस्ताव है। इस योजन हेतु अष्टम योजनावधि में 1,15,00,000 रु० तथा वर्ष 1990–91 में 23,00,000 रु० का आवर्तक व्यय होने का अनुमा है। अतएव वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक के इस योजना हेतु 23,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में
2551—पहाड़ी क्षेत्र—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
141—कृषि कार्य—	
03—कृषि मुख्य—	
0514—पर्वतीय क्षेत्र में उर्वरकों के परिवहन पर राज सहायता तथा 10 कि०ग्रा० के पैकटों की व्यवस्था की योजना।	23,0(

अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड; का सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार

दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण, पुर्नगठन, विस्तार एवं स्थापना योजना के अन्तर्गत अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि अल्मोड़ा के आधुनिकीकरण एवं विस्तार के लिए सिविल कार्यों हेतु सहायता योजना के अन्तर्गत अल्मोड़ा दुग्ध संघ की दुग्धशा का विस्तार/आधुनिकीकरण किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत दुग्धशाला भवन के विस्तार ब्यायलर एवं रेफरीजरेशन भ प्रशासनिक भवन, आवासीय भवन, चहारदीवारी (बाउन्ड्रीबाल) आदि हेतु सिविल निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जि लिए बनाये गये आगणन के अनुसार 34.74 लाख रु० का व्यय अनुमानित है। इसमें से दुग्ध संघ की 8.00 लाख की वित्तीय सहायता पूर्व में उपलब्ध कराई जा चुकी है, अतएव अब शेष धनराशि 26.74 लाख रु० की और आवश्यकता तदनुसार 1990–91 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि को व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों
2551—पहाड़ी क्षेत्र आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
143—डेरी विकास—	
01—डेरी विकास योजना—	
14—सहायक अनुदान / अंशदान/राज सहायता ..	26

वर्तमान भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण एवं अतिरिक्त सुविधायें

पर्वतीय क्षेत्रों में भेड़ों के चरान चुगान हेतु विभागीय गड़रियों की भेड़ों को पहाड़ों के 10 या 12 हजार फीट की ऊंचाइयों पर ले जाना होता है, जहां उन्हें बर्फीले आंधी तथा तूफानों का सामना करना पड़ता है। इन कष्टप्रद स्थिति के निवारणार्थ विभागीय गड़रियों को सुरक्षात्मक वस्त्रों एवं सामग्रियां उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। योजनान्तर्गत वर्ष 1990–91 में 9,04,000 रु० का व्यय तथा पंचवर्षीय योजनान्तर्गत (1990–95) में 14,04,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में 9,04,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—व्यय के अनुमान—

	रु०
(क) कुल परिव्यय	..14,04,000
(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय	.. 9,04,000

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
142—पशुपालन—	
33--अन्य व्यय	..	..	..	..	2,00
				योग ..	2,30
				कुल योग ..	12,00

ब्याज उपादान योजनान्तर्गत समितियों के लिये सचल बिक्री वाहनों का क्रय ।

खादी तथा ग्रामोद्योग की वस्तुओं की विपणन व्यवस्था में सुधार लाने हेतु पर्वतीय क्षेत्र के आठ जिलों के लिये तीन चरणों कुल 12 सचल बिक्री वाहनों हेतु तीन लाख रुपये प्रति वाहन की दर से बैंकों से खादी बोर्ड की समितियों को ऋण दिलाए ने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत प्रथम वर्ष में नैनीताल, पिथौरागढ़, चमोली तथा उत्तरकाशी जनपदों हेतु चार सचल क्री वाहनों को क्रय किया जाना है। समितियों को यह ऋण चार प्रतिशत की दर से खादी बोर्ड के पैटर्न पर उपलब्ध कराया जायेगा। कों से यह ऋण 12-1/2 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध होगा। ब्याज के अन्तर को धनराशि शासन द्वारा वहन की जायगी। तीय वर्ष 1990-91 में इस योजना पर 1,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार आय-व्ययक में 1,00,000 रु० व्यवस्था कर ली गयी है :

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

164--उद्योग-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--

12--खादी तथा ग्रामोद्योग परिषद् को सहायता--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	..	..	..	1,00

माडल चर्खा केन्द्रों की स्थापना

उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित पर्वतीय क्षेत्र के आठ जनपदों के उत्पादन केन्द्र, कताई केन्द्र, कार्डिंग ान्ट आदि का कार्य किया जा रहा है। ऊन कताई का कार्य काफी हद तक ट्रेडीशनल ढंग से होता रहा है जिससे उत्पादन कम होता । विकसित न्यू माडल चर्खों से कत्तिनों की मजदूरी बढ़ी है तथा काश्तकारों के मापदण्ड में काफी सुधार हुआ है। इसके साथ उत्पादन में भी काफी हद तक सुधार हुआ है। अतएव पर्वतीय क्षेत्र के तीन सीमान्त जनपदों पिथौरागढ़, चमोली और रकाशी में वित्तीय वर्ष 1990-91 में एक-एक न्यू माडल चर्खा केन्द्र की स्थापना का प्रस्ताव है जिस पर निम्न विवरणानुसार त केन्द्र 2.68 लाख रुपये की दर से तीन केन्द्रों हेतु कुल 8,04,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 आय-व्ययक में 8,04,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--व्यय का विभाजन--

सज्जा, भण्डार, मशीन आदि के स्थूल ब्यौरे--

क्र० सं०	मद	धनराशि (लाख रुपये में
1	भवन शेड	2.0
2	20 चर्खों का मूल्य प्रति चर्खा 2200.00 रु०	0.4
3	प्रशिक्षणार्थियों को प्रथम तीन माह में छात्रवृत्ति [20× 150× 6 (2 समूह में)]	0.1
4	कार्यशाला पूंजी ऊन क्रय हेतु	0.0
	योग ..	2.6

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयो

2551-पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

164--उद्योग-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--

13--खादी तथा ग्रामोद्योग परिषद् की सहायता--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 8,

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय जोशीमठ, चमोली का उच्चीकरण कर कक्षा 9 व 10 खोला जाना

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय जोशीमठ, चमोली, में अनुसूचित जनजाति के बालकों के लिये कक्षा-6 तथा 8 संचालित है त प्रत्येक कक्षा में 35 जनजाति के छात्र आवासीय सुविधा के साथ नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण करते हैं। अनुसूचित जनजाति के छात्रों के हि में उक्त विद्यालय का उच्चीकरण कर कक्षा 9 व 10 संचालित करने का प्रस्ताव है। कक्षा 9 वर्ष 1990-91 तथा कक्षा 1 वर्ष 1991-92 में संचालित होगी। वर्ष 1990-91 में 3,61,000 रुपये का व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसा आय व्ययक में 3,61,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग:--

क्रम-संख्या	पदनाम		वेतनक्रम	पदों की संख्या
			रु०	
1	प्रधानाचार्य	..	2000-3200	1
2	सहायक अध्यापक एल० टी० ग्रेड	..	1400-2300	6
3	सहायक अध्यापक आर्ट डिप्लोमा	..	1200-2040	1
4	व्यायाम प्रशिक्षक	..	1200-2040	1
5	कनिष्ठ लिपिक	..	950-1500	1
6	रसोईया	..	750-940	1
7	लैब-अटेन्डेन्ट	..	750-940	1
8	कहार	..	750-940	1
9	चपरासी	..	750-940	1

(ख) साज-सज्जा आदि के स्थूल ब्यौरे:--

क्रम-संख्या	मद	संख्या	दर	धनराशि
			रु०	रु०
1	तखत	35	250	8,7
2	कम्बल	140	165	9,1
3	35 छात्र/छात्राओं हेतु मेज कुर्सी/डेस्क बेंच ..	225	..	7,8
4	तख्ते लोहे के	35	250	8,7
5	गद्दे/दरी/चादर	35	150	5,2
6	भोजन के बर्तनों का सेट स्टील	35	150	5,2
7	कक्षा अध्यापक के लिये फर्नीचर आदि		..	1,7
8	कार्यालय फर्नीचर आदि	..	..	1,0
			योग ..	46,[illegible]

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:—

2250—पहाड़ी क्षेत्र—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

126—अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण
अनुसूचित जातियों का कल्याण-आयोजनागत—

03—राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का रख रखाव व उनका स्तर ऊंचा करना—

(हजार रुपयों में)

01—वेतन	1,36
03—मंहगाई भत्ता	46
04—यात्रा व्यय	20
05—अन्य भत्ते	23
06—कार्यालय व्यय	1
20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	95
23—अनुरक्षण	50
योग ..	3,61

समन्वित बाल विकास परियोजना की स्थापना

भारत सरकार की राष्ट्रीय नीति के अनुसरण में प्रदेश के तीन विकास खण्डों में समन्वित बाल विकास परियोजना की स्थापना की गयी। पर्वतीय क्षेत्र में पन्द्रह परियोजनाओं को स्थापित करने के लिये भारत सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इन परियोजनाओं में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती तथा धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, सन्दर्भ तथा पूरक पोषाहार की सुविधायें प्रदान की जाती हैं तथा 14 से 45 वर्ष तक की महिलाओं को पोषाहार एवं शिक्षा प्रदान की जाती है। उपर्युक्त योजना हेतु वर्ष 1990-91 में 1,12,45,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,12,45,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—व्यय का विभाजन—

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग—

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु०	
1	बाल विकास परियोजना अधिकारी	1600-2660	15
2	अति० बाल विकास परियोजना अधिकारी	1640-2660	3
3	मुख्य सेविका	1200-2040	66
4	वरिष्ठ सहायक/सांख्यकीय सहायक	1200-2040	15
5	कनिष्ठ लिपिक	950-1500	33
6	चालक (ड्राइवर)	950-1500	15
7	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी समूह घ	750-940	18
8	आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री	रु० 250 प्रतिमाह नियत वेतनमान 765	
9	आंगनबाड़ी सहायिका	रु० 110 प्रतिमाह नियत वेतनमान 576	

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

आयोजनागत--

134--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण--सामाजिक कल्याण

07--केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें--

0701--समन्वित बाल विकास परियोजना-- (हजार रुपयों म)

01--वेतन	28,08
02--मजदूरी	0,90
03--मंहगाई भत्ता	14,03
04--यात्रा व्यय	3,00
05--अन्य भत्ते	36,35
06--कार्यालय व्यय	3,90
11--किराया उपशुल्क, और कर स्वामित्व	2,00
12--प्रकाशन	0,75
20--मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण एवं संयंत्र	16,84
22--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	4,50
33--अन्य व्यय	3,00
योग	1,12,45

4--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अधिभारित की गयी
राज सहायता	1,12,45	1601--केन्द्रीय सरकार से अनुदान-- 04--केन्द्र परिमोजित आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान--800--अन्य अनुदान। 47--पर्वतीय विकास--	शत प्रतिशत

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बलुवाकोट, तथा मुनसियारी (पिथौरागढ़) और ल्यूनी देहरादून का उच्चीकरण करके कक्षा 9 व 10 खोला जाना

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बलुवाकोट तथा मुनसियारी (पिथौरागढ़) और ल्यूनी (देहरादून) अनुसूचित जनजाति के बालकों के लिये कक्षा 6 तथा 8 तक संचालित है जिसमें प्रत्येक कक्षा में 35 जनजाति के छात्र आवासीय सुविधा के साथ निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्यालय से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात गरीब अनुसूचित जनजाति के लोग अपने बालकों को उच्च शिक्षा हेतु बाहर नहीं भेज पाते हैं जिसके कारण उनके बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं। अतः अनुसूचित जनजाति के छात्र के हित में उक्त विद्यालयों का उच्चीकरण कर कक्षा 9 व 10 संचालित करने का प्रस्ताव है। कक्षा 9 वर्ष 1990-91 में तथा कक्षा 10 वर्ष 1991-92 में संचालित होगी। उक्त योजना में वर्ष 1990-91 में 10,83,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय व्ययक मे 10,83,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2--व्यय का विभाजन:--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	प्रधानाचार्य	2000-3200	
2	सहायक अध्यापक एल० टी० ग्रेड	1400-2300	1
3	सहायक अध्यापक आर्ट डिप्लोमा	1200-2040	
4	व्यायाम प्रशिक्षण	1200-2040	
5	कनिष्ठ लिपिक	950-1500	
6	रसोइया	750-940	
7	लैब अटेन्डेन्ट	750-940	
8	कहार	750-940	
9	चपरासी	750-940	

(ख)--साज-सज्जा आदि के स्थूल ब्योरे--

क्रमांक	मद	संख्या	दर	लागत
				रु0
1	तख्त	105	250	26,250
2	कम्बल	420	65	27,300
3	35-35 छात्र/छात्राओं हेतु मेज, कुर्सी, डेस्क, बेंच,	675	..	23,625
4	बक्से लोहे के	105	250	26,250
5	गद्दे/दरी/चादर	105	150	15,750
6	भोजन के बर्तनों का सेट स्टील	105	150	15,750
7	कक्षा अध्यापक के लिये फर्नीचर आदि	..	..	5,325
8	कार्यालय फर्नीचर आदि	..	..	3,000
			योग ..	1,27,500

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजनः--

2551-पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

126--अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण--

अनुसूचित जातियों का कल्याण-आयोजनागत-

03--राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का रख-रखाव व उनका स्तर ऊंचा करना--

(हजार रुपयों में)

01--वेतन	4,08
03--महंगाई भत्ता	1,33
04--यात्रा व्यय	6
05--अन्य भत्ते	69
06--कार्यालय व्यय	3
20--मशीनें और सज्जा /उपकरण और संयंत्र	2,85
23--अनुरक्षण	1,74
योग ..	10,83

उत्तराखण्ड शोध संस्थान को अनुदान

पर्वतीय क्षेत्र में विकास कार्यों, साहित्य, संस्कृति तथा पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में उत्तराखण्ड शोध संस्थान द्वारा किये जाने वाले शोध कार्यों पर व्यय हेतु अनुदान स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव है । इस योजना पर वर्ष 1990-91 में 1,00,000 रु0 व्यय होने का अनुमान है । तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है ।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

109--कला और संस्कृति--

04--स्वायत्तशासी संस्थाओं को अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 1,00

पर्वतीय विकास प्रशासनिक सेल की सुदृढ़ीकरण/स्थापना

पर्वतीय क्षेत्रों के कार्यों के सम्पादन, समन्वय, संरचना तथा सामान्य कार्य आदि के देख-रेख के लिए श्रीनगर, तथा अल्मोड़ा में क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की गई है । इन कार्यालयों के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने, उनके समन्वय, प्रशिक्षण, स्टाफ के अधिष्ठान सम्बन्धी आदि कार्यों के सम्पादन हेतु कतिपय पदों के सृजन के अतिरिक्त एक फोटो स्टेट मशीन, एक साइक्लोस्टाइल मशीन, एक टाइप-राइटर आदि के क्रय का भी प्रस्ताव है क्योंकि क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से कई शोध कार्य किये जाते हैं, जिनकी रिपोर्ट को प्रकाशित करना होता है । वित्तीय वर्ष 1990-91 में इस योजना पर कुल 9,25,000 रु0 के व्यय का अनुमान है । तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 9,25,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है ।

2--व्यय का विभाजन--

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनक्रम	पदों की संख्या
		रु0	
1	प्रवर वर्ग सहायक	1 400-2600	2
2	अवर वर्ग सहायक	1 200-2040	1
3	लेखा लिपिक / कैशियर	1 200-2040	1
4	वरिष्ठ लिपिक	1 200-2040	2
5	कनिष्ठ लिपिक / टंकक	950-1500	2
6	फोटो स्टेट मशीन आपरेटर	825-1200	1
7	चपरासी	750-940	1

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2351--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

173--सचिवालय आर्थिक सेवायें--पर्वतीय विकास प्रशासनिक सेल की स्थापना--

01--वेतन	3,
03--महंगाई भत्ता	2,
04--यात्रा व्यय	
05--अन्य भत्ते	
06--कार्यालय व्यय	2,
33--अन्य व्यय	1,
योग ..	9,

राजकीय हाई स्कूल का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण

वर्ष 1989-90 में 10 राजकीय हाई स्कूलों के इण्टर स्तर तक उच्चीकृत किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी जि लिए पद तथा अन्य आवर्तक तथा अनावर्तक व्यय की मदों के लिए वर्ष 1990-91 में व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव है वि 30,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार 1990-91 के आय-व्ययक में 30,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली ग

2--व्यय का विभाजन--

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या	
			प्रति विद्यालय	दस विद्यालय
		रु0		
1	प्रधानाचार्य ..	2200-4000	1	10
2	प्रवक्ता ..	1600-2660	9	90
3	प्रधान लिपिक ..	1200-2040	1	10
4	लैब वियरर ..	750-940	3	30

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

103--सामान्य शिक्षा माध्यमिक शिक्षा--

01--राजकीय माध्यमिक विद्यालय--

0105--राजकीय हाई स्कूलों का इण्टर तक उच्चीकरण--

01--वेतन	15,
03--महंगाई भत्ता	5,
04--यात्रा व्यय	
05--अन्य भत्ते	3,
06--कार्यालय व्यय	
33--अन्य व्यय	5,
योग ..	30,

सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के पुस्तकालयों के सम्बर्द्धन हेतु अनुदान

विद्यालयों में बढ़ती हुई छात्र / छात्राओं की संख्या को दृष्टि में रखते हुए उनके पठन-पाठन की सुविधा के लिए विद्यालयों के पुस्तकालयों का सुदृढ़ीकरण करने हेतु आठवीं पंचवर्षीय योजनान्तर्गत वर्ष 1990-91 में पर्वतीय क्षेत्र के 2 बालक तथा 2 बालिका अर्थात् 4 विद्यालयों को प्रस्तावित अनुदान स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव है। योजना की लागत 25,000 रु० प्रति विद्यालय की दर से निर्धारित किये जाने का प्रस्ताव है। योजनान्तर्गत बालक विद्यालयों को अनुदान देने हेतु राजकीय अनुदान तथा प्रबन्धकीय अंशदान का अनुपात 90 : 10 रखा गया है किन्तु बालिका विद्यालयों को शत प्रतिशत राजकीय अनुदान दिया जायेगा और उनसे प्रबन्धकीय अंशदान की अपेक्षा नहीं की जायेगी। इस प्रकार दो बालक विद्यालयों के लिये 45,000 रु० तथा दो बालिका विद्यालय के लिए 50,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 95,000 रु० की व्यवस्था वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्यवक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

103--सामान्य शिक्षा माध्यमिक शिक्षा आयोजनागत--

02--अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों को सहायता--

0204--सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को पुस्तकालयों का सम्वर्धन--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 95

राजकीय जूनियर हाई स्कूल का उच्चीकरण अथवा नये राजकीय हाई स्कूल का खोला जाना

वर्ष 1989-90 में 26 नये राजकीय हाई स्कूल खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनके लिये आवश्यक शिक्षक / शिक्षणेत्तर पदों तथा अन्य अनावर्तक तथा आवर्तक मदों के लिए धन की स्वीकृति वर्तमान वित्तीय वर्ष 1990-91 में प्रदान की जानी प्रस्तावित है। उक्त पदों के सृजन पर कुल 78,00,000 रु० का व्यय वर्ष 1990-91 में अनुमानित है। तद्नुसार 1990-91 के आय-व्यवक में 78,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के बाद दी जायेगी।

2--व्यय का विभाजन--

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या	
			प्रति विद्यालय	कुल
1	प्रधानाध्यापक	.. 2000-3500	एक	26
2	सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक)	1400-2300	सात	182
3	सहायक अध्यापक (इण्टर ट्रेंड)	.. 1200-2040	पांच	130
4	कनिष्ट लिपिक	.. 950-1500	एक	26
5	दफ्तरी	.. 775-1025	एक	26
6	चपरासी	.. 750-940	तीन	78
7	लैब बियरर	.. 750-940	एक	26
8	चौकीदार	.. 750-940	एक	26

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

103--सामान्य शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा--

0107--राजकीय माध्यमिक विद्यालय--

0107--नये राजकीय हाई स्कूलों को स्थापना तथा राजकीय जूनियर हाई स्कूलों का हाई स्कूल स्तर पर कार्यान्वयन

01--वेतन	45,00
03--महंगाई भत्ता	15,00
04--यात्रा व्यय	1,00
05--अन्य भत्ते	5,60
06--कार्यालय व्यय	40
33--अन्य व्यय	11,00
योग ..	78,00

ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध सहकारिताओं का सुदृढ़ीकरण

प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ गठित करके ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से जनपद नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, टेहरी गढ़वाल, चमोली तथा उत्तर काशी के लिये विगत वर्ष से गठित की गयी दुग्ध समितियों को तथा गठित की जाने वाली नई दुग्ध समितियों का गठन किया जाना है। योजना की उपयोगिता एवं दुग्ध उत्पादकों को मिलने वाले लाभ को देखते हुये योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजनाकाल में भी चालू रखने का प्रस्ताव है। आठवीं पंचवर्षीय योजना काल में योजना पर 2,93,88,000 रुपये के व्यय का अनुमान है। जिसके सापेक्ष वर्ष 1990-91 में 58,89,000 रुपये के व्यय का अनुमान है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 58,89,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--व्यय के अनुमान--

		रुपया
(क)--कुल परिव्यय	.. ..	2,93,88,000
(ख)--अन्तिम आवर्तक	.. ..	1,53,08,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551-पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

143-डेरी विकास--

01-डेरी विकास योजना--

(..) ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध सहकारिताओं का सुदृढ़ीकरण--

14-सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 58,89

विकलांग छात्रों की छात्रवृत्ति

पर्वतीय क्षेत्र के शारीरिक रूप से अक्षम तथा विकलांग छात्रों (कक्षा-1 से 8 स्तर तक) एवं विकलांग व्यक्तियों के बच्चों को शिक्षा तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण दिये जाने हेतु छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने का प्रस्ताव है। योजनान्तगत दृष्टि-हीन, बहरे तथा मूक एवं अन्य प्रकार के विकलांग छात्रों तथा विकलांग माता-पिता/संरक्षकों के बच्चों को विभिन्न शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं में शिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में सहायता दिये जाने का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 1990-91 में 100 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिस पर 20,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार आय व्यापक में 20,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

(हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र--

60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

134-सामाजिक सुरक्षा और कल्याण-सामाजिक कल्याण आयोजनागत--

13-शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों तथा विकलांग व्यक्तियों के बच्चों को शिक्षण एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु छात्रवृत्ति/छात्र वेतन (जिला योजना)

15-छात्रवृत्ति/छात्र वेतन 20

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खटीमा एवं गूलरभोज नैनीताल की स्थापना

जनपद नैनीताल में खटीमा एवं सितारगंज में थारू जनजाति तथा बाजपुर, रामनगर, काशीपुर एवं गदरपुर में बुक्सा जनजाति के लोग निवास करते है, यह लोग आर्थिक एवं सामाजिक दष्टिकोण से अत्यधिक पिछड़े हैं। अतः वर्ष 1990-91 में खटीम (थारू जनजाति हेतु) तथा गूलरभोज (बुक्सा जनजाति हेतु) में आई०टी०आई० स्थापित करके प्रथम वर्ष में स्टैनोग्राफी (हिन्दी) तथा फिटर में प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है, जिस पर वर्ष 1990-91 में 5,70,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार 1990-91 क आय व्ययक में 5,70,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग

क्र0 सं0	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु0	
1	प्रधानाचार्य (ग्रेड--2)	2200--4000	2
2	फोर मैन	2000--3500	2
3	इन्स्ट्रक्टर	1400--2300	4
4	कमशाप अटेन्डेन्ट	750--940	4
5	वरिष्ठ सहायक	1200--2040	2
6	कनिष्ठ लिपिक	950--1500	2
7	जमादार	750--940	2
8	समूह "घ"	750--940	2
9	चौकीदार	तदेव	2
10	रसोइया	तदेव	2
11	कहार	तदेव	2

(ख) साज-सज्जा आदि के स्थूल ब्योरे--

क्र0 सं0	मद	संख्या	प्रति मद रु0	धनराशि
1	बेन्च बल्ड	4	2,500	10,000
2	बेन्च वाइस	4	700	2,800
3	ड्रील मशीन (आवश्यक सामग्री सहित)	4	1,000	4,000
4	फाइल्स (20 तरह की)	2	5,000	10,000
5	हैड स्क्वायर	8	20	160
6	हैमर्स	16	30	480
7	ट्राइस्क्वायर	16	25	400
8	चीजेल्स	16	10	160
9	कैलीपर्स (इनसाइड आफ्टसाइज आउटेजज कैलीपर्स) ..	24	20	480
10	मार्किंग हैमर्स	16	15	240
11	सण्टर पंच	16	10	160
12	हैड पंच	16	10	160
13	वर्नीयर कैलीपर्स	8	500	4,000
14	माइक्रोमीट (मैट्रिक 0.25 एम0 एम0 25-50 एम0 एम0 50-75 एम0एम0	12	50	600
15	वर्नियर हाइटगेज (0 से 25.25-50)	8	1,000	8,000
16	टेपें एण्ड डाइसेट टीपें और अजारें	4	2,000	8,000
17	गेजेजडेल्थ टाइप	2	5,000	10,000
18	आई0 टी0 आई0 कक्षाओं के लिये हिन्दी टाइपराइटर ..	8	7,000	56,000
19	दोनों आई0 टी0 आई0 के कार्यालय उपयोगार्थ हिन्दी टाइपराईटर	2	7,000	14,000
20	दोनों आई0 टी0 आई हेतु टेपरिकार्डर	2	1,500	3,000
21	कार्यालय व्यय			1,000
	योग ..			1,33,640

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षको के अनुसार विभाजनः--

(हजार रुपयों में)

2551–पहाड़ी क्षेत्र–आयोजनागत—

60–अन्य पहाड़ी क्षेत्र–

126–अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण—

अनुसूचित जनजातियों का कल्याण–राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना–

01—वेतन	2,3
03—महंगाई भत्ता	9
04—यात्रा व्यय	0
05—अन्य भत्ते	5
06—कार्यालय व्यय	0
11—स्वामित्व उप शुल्क एवं कर किराया	0
20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	1,7
योग ..	5,7

निराश्रित विकलांग व्यक्तियों को उनके भरण-पोषण हेतु अनुदान

आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि में भी पर्वतीय क्षेत्र के 7290 अतिरिक्त निराश्रित विकलांग व्यक्तियों को अनुदान दि जाता प्रस्तावित है। प्रत्येक लाभार्थी को 60 रुपये प्रतिमाह के स्थान पर 100 रुपये प्रतिमाह भुगतान कि जायेगा। इससे प्रति लाभार्थी पर प्रति वर्ष रुपये 1200 व्यय होगी। वर्ष 1990-91 में 91,85,000 रुपये व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय व्ययक में 91,85,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। मात्र की नई मांग प्रस्तुत

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपये

2551–पहाड़ी क्षेत्र–आयोजनागत—

60–अन्य पहाड़ी क्षेत्र

134–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण—सामाजिक कल्याण

15–नेत्रहीन, मूक, बधिर तथा शारीरिक रूप से विकलांगों को उनके भरण–पोषण हेतु अनुदान (जिला योजना)

14–सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 91,

औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों के अध्ययनरत अनुसूचित जातियों और पिछड़ी जातियों के छात्रों को छात्रवृत्ति

मैदानी क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आवासीय छात्रों को 60 रुपये प्रति माह तथा अनावासीय छात्रों 50 रुपये प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति दी जा रही है। इसी भांति पर्वतीय क्षेत्र के 8 जिलों के अनुसूचित जाति क 150 छात्रों/पि जाति के 225 छात्रों को छात्रवृत्ति दिये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में इस योजना पर 2,50,000 रुपये का व अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 में 2,50,000 रुपये की व्यवस्था करली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजनः—

(हजार रुपयों

2551–पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत

60–अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

126–अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण–अनुसूचित जातियों का कल्याण–औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों में अध्ययनरत छात्रों को छात्रवृत्ति

15—छात्रवृत्ति/छात्रवेतन 2

सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की छात्र संख्या की वृद्धि पर पेय जल सेनेटरी सुविधा सहित कक्षा कक्ष निर्माणार्थ तथा साज-सज्जा एवं काष्ठोपकरण की व्यवस्था हेतु अनुदान।

इस योजना को आठवीं योजनावधि में संचालित रखे जाने का प्रस्ताव है। आठवीं पंचवर्षीय योजनान्तर्गत 1990-91 में पर्वतीय क्षेत्र के 2 बालक एवं 2 बालिका अर्थात् 4 विद्यालयों को कक्षा कक्ष एवं सेनेटरी निर्माणार्थ एवं 2 बा तथा 2 बालिका अर्थात् 4 विद्यालयों को साज-सज्जा एवं काष्ठोपकरण अनुदान प्रदान करने का प्रस्ताव है।

परियोजनान्तर्गत कक्षा कक्ष एवं सेनेटरी निर्माणार्थ प्रोजेक्ट की लागत 25,000 रु० प्रति विद्यालय की दर से तथा साज-सज्जा एवं काष्ठोपकरण हेतु 7,000 रु० प्रति विद्यालय की दर से निर्धारित करने का प्रस्ताव है। बालक विद्यालयों के लिए राजकीय अनुदान तथा प्रबन्धकीय अंशदान का अनुपात 90 : 10 रखा गया है। बालिका विद्यालयों को शत प्रतिशत राजकीय अनुदान दिया जायेगा और उनसे प्रबन्धकीय अंशदान की अपेक्षा नहीं की जायेगी। इस परियोजनान्तर्गत मात्र उन्हीं विद्यालयों को चयनित किया जायेगा जिनका हाई स्कूल तथा इण्टर परीक्षाओं का विगत दो वर्षों का संयुक्त परीक्षाफल 40 प्रतिशत से कम नहीं होगा तथा विगत दो वर्षों में छात्र / छात्राओं की संख्या में 30 से कम की वृद्धि न हुई हो। तद्नुसार वर्ष 1990-91 में 1,22,000 रु० का व्यय अनुमानित है जिसके लिए धन की व्यवस्था 1990-91 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--
103--सामान्य शिक्षा माध्यमिक शिक्षा--
04--अशासकीय उच्चतरमाध्यमिक विद्यालयों को सहायता--
0406--उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की छात्र संख्या वृद्धि पर सेनेटरी सुविधा एवं कक्षा-कक्ष निर्माणार्थ तथा साज-सज्जा एवं काष्ठोपकरण क्रयार्थ अनुदान--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता	..	1,22

कुमायूं विश्वविद्यालय के अल्मोड़ा परिसर में कुलपति कैम्प कार्यालय एवं अतिथि गृह का निर्माण

कुमायूं विश्वविद्यालय के अल्मोड़ा परिसर में कुलपति कैम्प कार्यालय एवं अतिथि गृह की व्यवस्था आवश्यक होने के कारण 11,82,000 रु० की अनुमानित लागत पर उक्त भवनों का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है। निर्माण-कार्य पर वित्तीय वर्ष 1990-91 में 5,00,000 रु० का व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार आय-व्ययक 1990-91 में 5,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--
104--सामान्य शिक्षा-विश्वविद्यालय तथा अन्य उच्चतर शिक्षा--
03--विश्वविद्यालयों को अप्राविधिक शिक्षा के लिए सहायता--
0301--विश्वविद्यालय कुमायूं--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता	..	5,00

अशासकीय मान्यता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल का प्रान्तीयकरण एवं हाई स्कूल स्तर तक उच्चीकरण (जिला योजना)

इस योजना को आठवीं योजनावधि में भी संचालित किये जाने का प्रस्ताव है। योजनान्तर्गत वर्ष 1989-90 में 7 अशासकीय जूनियर हाईस्कूल का प्रान्तीयकरण एवं उच्चीकरण किया गया था जिनके संचालनार्थ पदों तथा वेतनादि मदों के लिए 21,00,000 रु० का व्यय वर्ष 1990-91 में अनुमानित है तथा वर्ष 1990-91 के लिए 5 विद्यालयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिस पर वर्ष 1990-91 में 9,78,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में कुल 30,78,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)
60--अन्य क्षेत्र--आयोजनागत--
102--सामान्य शिक्षा प्राथमिक शिक्षा
04--राजकीय प्राथमिक विद्यालय--
0401--अशासकीय मान्यता प्राप्त सीनियर बेसिक स्कूलों का प्रान्तीयकरण एवं उन्नयन--

01--वेतन	..	..	..	..	17,90
03--महंगाई भत्ता	..	..	..	..	7,97
04--यात्रा व्यय	..	..	..	..	95
05--अन्य भत्ते	..	..	..	..	3,36
06--कार्यालय व्यय	..	..	..	..	60
				योग ..	30,78

अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का प्रान्तीयकरण :

वर्ष 1989-90 में पर्वतीय क्षेत्र के 9 अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रान्तीयकरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनके लिए वांछित शैक्षिक / शिक्षणेतर पदों का सृजन वर्ष 1990-91 में प्रस्तावित है। पदों के वेतन आदि मदों पर वर्ष 1990-91 में 36,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 36,00,000 रु० की व्यवस्था वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--
103--सामान्य शिक्षा--माध्यमिक शिक्षा--
03--राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय--
0302--उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का प्रान्तीयकरण--

(हजार रुपयों में)

01--वेतन	25,00
03--महंगाई भत्ता	9,20
04--यात्रा व्यय	45
05--अन्य भत्ते	90
06--कार्यालय व्यय	45
योग ..	36,00

पर्वतीय विकास विभाग से सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय, अल्मोड़ा के पूल्ड आफिस कम रेजीडेन्शियल काम्पलेक्स में जल आपूर्ति व्यवस्था :

क्षेत्रीय कार्यालय पर्वतीय विकास विभाग, अल्मोड़ा के लिए लगभग 56 एकड़ भूमि क्रय की जा चुकी है, जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय का निर्माण किया जाना है। पूल्ड कार्यालय काम्पलेक्स एवं पूल्ड हाउसिंग योजना के लिए जल आपूर्ति व्यवस्था किए जाने हेतु उत्तर प्रदेश जल निगम के 60,00,000 रु० के आगणन के आधार पर वर्ष 1990-91 में 2,00,000 रु० के व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,00,000 रु० (अनावर्तक) की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--
173--सचिवालय आर्थिक सेवाएं--
01--संबद्ध कार्यालय नियोजन--राज्य मुख्यालय--पर्वतीय विकास से सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय, अल्मोड़ा के पूरक आफिस-कम-रेजीडेन्शियल काम्प्लेक्स में जल आपूर्ति व्यवस्था 2,00

मान्यता प्राप्त संस्कृत पाठशालाओं को प्रारम्भिक एवं विकास अनुदान :

संस्कृत शिक्षा के बहुमुखी विकास एवं प्रसार की दृष्टि से स्थायी मान्यता प्राप्त असहायिक संस्कृत पाठशालाओं को प्रोत्साहन दिये जाने के उद्देश्य से उन्हें अनुदान सूची पर लाने तथा भवन, साज-सज्जा एवं पुस्तकालय के लिए विकास अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में प्रश्नगत योजना पर 1,16,000 रु० व्यय अनुमानित है तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,16,000 रुपये (अनावर्तक) की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों म)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--
106--सामान्य शिक्षा--भाषा विकास--
01--संस्कृत शिक्षा--संस्कृत पाठशालाओं को प्रारम्भिक एवं विकास अनुदान--
14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता .. 1,16

पर्वतीय क्षेत्र में जिला परिषदों को स्थानीय लोक महत्व के लघु निर्माण कार्यों हेतु अनुदान।

आवश्यकताओं एवं अपरिहार्य दायित्वों के परिप्रेक्ष्य में पर्वतीय क्षेत्र में जिला परिषद् वर्तमान स्थानीय लोक महत्व के लघु निर्माण-कार्य करवाती है जिसके लिये उन्हें अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य हेतु वर्ष 1990-91 में 24,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 24,00,000 रु० (अनावर्तक) की व्यवस्था कर ली गयी है

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—
101—लोक-निर्माण—
02—अनुरक्षण—
0201—मोटर मार्गों / अश्व मार्गों / पगडण्डियों और मोटर मार्गों व पुलों के सुधार तथा मरम्मत के लिए जिला परिषदों को सहायक अनुदान—
14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 24,00

भूमि संरक्षण की योजना

पर्वतीय क्षेत्र में भू-कटान की समस्या से निवारण के लिए विभिन्न भूमि संरक्षण उपचार किए जा रहे हैं। आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए यह प्रस्तावित है कि भूमि संरक्षण इकाइयों के आयोजनागत मद में केवल लघु निर्माण-कार्यों के लिए धन आवंटित किया जाय। इस कार्य हेतु 10,00,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में 10,00,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—
140—भू और जल संरक्षण—
01—उ० प्र० के पर्वतीय क्षेत्र में भूमि एवं जल संरक्षण की योजना—
19—लघु निर्माण 10,00,00

फेरीहाल कम्पाउन्ड नैनीताल में एक आफिसर्स होस्टल का निर्माण

यद्यपि फेरीहाल कम्पाउन्ड, नैनीताल के भवन को दो मंजिल बनाये जाने का प्रस्ताव है किन्तु चालू वित्तीय वर्ष में एक मंजिला भवन ही बनाया जाना है। वन संरक्षक प्रकोष्ठ सम्भरण वृत्त, उत्तर प्रदेश की सूचना के अनुसार प्रस्तावित भवन को केवल ट्रांजिट एकमोडेशन के रूप में प्रयोग में लाया जायेगा तथा इसे किसी को भी स्थायी रूप से आवंटित नहीं किया जायेगा। इस कार्य हेतु कुल वर्ष 1990-91 में 1,79,500 रु० का व्यय अनुमानित है जिसके लिए आय-व्ययक 1990-91 में 1,80,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--
145--वानिकी एवं वन्य जीवन--
--भवन निर्माण (जिला योजना)--
फेरीहाल कम्पाउण्ड, नैनीताल में एक आफिसर्स हास्टल का निर्माण 1,80
18--लघु निर्माण--

पर्वतीय क्षेत्र के साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने की योजना

पर्वतीय क्षेत्र के साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत ट्रकिंग, माउन्टनियरिंग, स्कीइंग, रिवर राफ्टिंग, कैनोइंग, कियोगिंक तथा हेड ग्लाईडिंग को विशेष प्रोत्साहन दिये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत 90,00,000 रु० के व्यय होने का अनुमान है तथा वर्ष 1990-91 में योजना के प्रारम्भ किये जाने हेतु 1,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--
175--पर्यटन--साम.न्य--
14--पर्वतीय क्षेत्र के साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना--
20--मशीनें और सज्जा / उपकरण और संयंत्र 1,00

कियारकुली सूक्ष्म जलागम (मंसूरी) का पर्यावरणीय विकास

भारत सरकार ने भूतपूर्व सैनिकों का एक टास्क फोर्स गठित किया था जो कियारकुली जलागम क्षेत्र के वृक्षारोपण आदि कार्य करता था वर्ष 1989-90 तक इस पर व्यय केन्द्रीय सरकार द्वारा वहन किया जाता था। चालू वित्तीय वर्ष (1990-91) से इस पर व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाना है। इस हेतु वर्ष 1990-91 में 10,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 10,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--
145--वानिकी और वन जीवन--कियारकुली सूक्ष्म जलागम (मंसूरी) का पर्यावरणीय विकास (जिला योजना)-- 10,00

पर्वतीय क्षेत्रों में बेरोजगार युवक/युवतियों को लाभकारी रोजगार दिलाने हेतु वृक्षारोपण योजना

पर्वतीय विकास विभाग द्वारा बेरोजगार युवक / युवतियों को लाभकारी रोजगार दिलाने के उद्देश्य से एक रोजगार परक वृक्षारोपण योजना तैयार की गई है। प्रत्येक पर्वतीय जनपद में 10 डिग्री कालेज, माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल तथा जूनियर हाई स्कूलों में यह योजना चलायी जानी प्रस्तावित है। इसके लिए वर्ष 1990-91 में प्रत्येक कालेज, इन्टर कालेज, हाई स्कूल व जूनियर हाई स्कूल को 12,000 रु० के हिसाब से 9,60,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार 9,60,000 रु० की व्यवस्था बजट में सम्मिलित कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त के बाद दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--
145--वानिकी और वन्य जीव--पर्वतीय क्षेत्रों में बेरोजगार युवक / युवतियों को लाभकारी रोजगार दिलाने हेतु वृक्षारोपण योजना--
33--अन्य व्यय 9,60

पहाड़ी क्षेत्र की नगरीय पेयजल योजना

पहाड़ी क्षेत्रों के नगरों में पेयजल की विकट समस्या है जिसके निदान की तुरन्त आवश्यकता है। इससे नगरों में कई योजनाएं चलाई जायगी, जिसके लिए एक करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। पहाड़ी क्षेत्रों के प्रत्येक जिलों को इसका लाभ प्राप्त होगा। तद्नुसार वर्ष 1990-91 में 1,00,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--
116--जलापूर्ति और सफाई--जलपूर्ति
01--जल निगम को अनुदान--
0102--पर्वतीय जिलों की पेयजल तथा जलोत्सारण योजनाओं के लिए अनुदान--
14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता .. . 1,00,00

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय जूनियर हाई स्कूल शाखा मण्डल देहरादून की स्थापना

पर्वतीय क्षेत्र के जनपद देहरादून के लखा मण्डल में अनुसूचित जन जाति के शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्तर अत्यन्त नीचे होने का कारण शिक्षा का अभाव है। बालिकाओं में शिक्षा की ओर रुचि पैदा करने हेतु शैक्षिक सुविधाओं का उपलब्ध कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय, भोजन एवं स्टेशनरी के साथ प्रथम वर्ष में प्रत्येक कक्षा में 35 छात्रायें अर्थात कुल 105 छात्राओं को शिक्षा प्रदान किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त कार्य हेतु वर्ष 1990-91 में 4,10,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। अतः 4,10,000 रु0 की आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्र0-सं0	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	अधीक्षिका	1600-2660	1
2	गृहमाता	975-1660	1
3	नर्स/कम्पाउन्डर (प्रशिक्षित)	1350-2200	1
4	वरिष्ठ लिपिक	1200-2040	1
5	कनिष्ठ लिपिक ..	950-1500	1
6	सहायक अध्यापिका (सिलाई अध्यापिका) ..	975-1360	1
7	सहायक अध्यापिका (इन्टर ट्रेड)	1200-2040	2
8	संगीत अध्यापिका	975-1360	1
9	रसोइया	750-940	1
10	समूह "घ" ..	750-940	1
11	चौकीदार ..	750-940	1
12	स्वच्छकार	750-940	1
13	अवैतनिक चिकित्सक	रुपये 300 प्रतिमाह नियत	1

(ख) साज-सज्जा के स्थूल ब्यौरे--

क्र0-सं0	मद का नाम	संख्या	पर प्रति रुपये	लागत रु0
1	तख्त ..	35	500	17,500
2	मेज/कुर्सी	35	500	17,500
3	बर्तन/1 थाली, 1 लोटा, 2 चम्मच, 1 गिलास	35 सेट	150	5,250
4	कम्बल	140	165	23,100
5	बिस्तर एक दरी, 2 चादर, एक गद्दा, 5 कि0ग्रा0 सहित ..	35 का सेट	250	8,750
6	लोहे का कब्जा मय ताला	35	100	3,500
7	भोजन बनाने के बर्तन			5,000
8	ड्रम इत्यादि . ..	..	..	10,000
9	कक्षा अध्यापक की मेज कुर्सी	..	..	5,000
10	कार्यालय का फर्नीचर			10,000
				1,05,600

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

127--अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण--

अनुसूचित जन जातियों का कल्याण

03--राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों की स्थापना, रख-रखाव व उसका स्तर ऊंचा करना--

01--वेतन	1,34
03--महंगाई भत्ता ..	45
04--यात्रा व्यय ..	5
05--अन्य भत्ते	23
06--कार्यालय व्यय	10
11--किराया उपशुल्क एवं कर स्वामिस्व	20
20--माल सम्पूर्ति	68
25--मशीनें और सज्जा / उपकरण और संयंत्र	1,05
योग ..	4,10

पर्वतीय क्षेत्र के अन्य पिछड़ी जाति के छात्रों को पूर्वदशम् कक्षा 9 व 10 में मेरिट के आधार पर छात्रवृत्ति

प्रदेश में अन्य पिछड़ी जाति क कक्षा 1 से 10 तक के पढ़ने वाले छात्रों को जिनके माता-पिता व अभिभावकों की मासिक आय 1,000 रुपये तक है, छात्रवृत्ति देने की व्यवस्था है। कक्षा 9 व 10 में पूर्व नियमानुसार 360 रुपये वार्षिक प्रति छात्र की दर से छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है। वर्ष 1990-91 में प्रस्तावित योजना के अन्तर्गत 2,222 अतिरिक्त छात्रों को छात्रवृत्ति दिया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये 8,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 8,00,000 रुपये की आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

128—अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़ वर्गो का कल्याण—

अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण—

15—छात्रवृत्ति/छात्र वेतन 8,0

पर्वतीय क्षेत्र में भागीरथी नदी घाटी प्राधिकरण

पर्वतीय क्षेत्र में भागीरथी नदी घाटी प्राधिकरण व प्रयाग तक सहायक नदियां सम्मिलित हैं। जिस पर वर्ष 1989-90 में गठित भागीरथी घाटी प्राधिकरण भागीरथी नदी घाटी की क्षमता ज्ञात करने, प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण के संबंध में वर्तमान स्थिति ज्ञात करने तथा चालित योजना समूह के परिप्रेक्ष में प्राधिकरण, पर्यटन, सड़क निर्माण, संचारतंत्र, आवास, जल संसाधन, ऊर्जा आदि के विकास की समस्त परियोजनाओं पर विचार करेगा। वित्तीय वर्ष 1990-91 में 1,00,00,000 रुपये मात्र का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,00,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के बाद दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—प्रदूषण निवारण और नियंत्रण

172—परिस्थिति और पर्यावरण—

11—भागीरथी नदी घाटी प्राधिकरण—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता— 1,00,00

ग्रामीण पर्यावरण में स्वच्छता एवं सुधार हेतु पी० आर० ए० आई० टाइप शौचालयों का निर्माण

योजना के अन्तर्गत एक शौचालय की लागत 1,500 रु० होगी जिसमें 2 प्रतिशत आकस्मिक व्यय (30 रु०) सम्मिलित है। इस आकस्मिक व्यय में 50 प्रतिशत अर्थात 15 रु० निदेशक पंचायत राज एवं 50 प्रतिशत अर्थात 15 रु० जिला पंचायत राज अधिकारी के निस्तारण पर रखा जायगा। इस व्यय को स्वच्छता के प्रसार, प्रचार एवं प्रशासनिक कार्यों पर व्यय किया जायेगा। इस योजना की धनराशि का 50 प्रतिशत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों पर तथा 30 प्रतिशत धनराशि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए तथा सामान्य जातियों पर 20 प्रतिशत धनराशि व्यय करने का प्रस्ताव है। अतः सामान्य परिवारों को 90 प्रतिशत शासकीय अनुदान तथा 10 प्रतिशत लाभार्थी को श्रम अथवा धन के रूप में स्वयं वहन करना होगा। वर्ष 1990-91 में इस कार्यक्रम पर 14,90,000 रु० व्यय करने का अनुमान है। अतः वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 14,90,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—

154—अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम—पंचायत राज—

08—ग्रामीण पर्यावरण में स्वच्छता एवं सुधार हेतु पी०आर०ए०आई० टाइप शौचालयों का निर्माण—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 14,9

पंचायत भवनों का निर्माण

प्रदेश के अनेक न्याय पंचायतों के पास अपने कार्यालय नहीं हैं जिसमें बैठकर न्याय पंचायत की कार्यवाही संपन्न की जा सके। पंचायत भवनों के निर्माण योजना के कार्यान्वयन हेतु शासकीय अंश 90 प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत गांव सभा को अपने संसाधनों से श्रम अथवा धन के रूप में लगाया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1990-91 में इस योजना के लिए 21,94,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। अतः वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 21,94,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के बाद की जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--
154--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम--पंचायत राज--
04--पंचायत भवनों का निर्माण--
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 21,94

पंचायत उद्योगों को तकनीकी तथा प्रबन्धकीय सहायता

गांव सभाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने तथा जनता को दैनिक उपभोग की वस्तुयें सस्ते दरों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंचायत उद्योग की स्थापना की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत प्रबन्धकीय सहायता प्रथम वर्ष 20,000 रु0, द्वितीय वर्ष 17,500 रु0 अथवा तृतीय वर्ष में 15,000 रु0 दिये जाने का प्रस्ताव है। इसके लिये वर्ष 1990-91 में 70,000 रु0 का व्यय होने का अनुमान है। अत: वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 70,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपये में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र---आयोजनागत--
154--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम--पंचायत राज--
05--पंचायत उद्योगों को तकनीकी तथा प्रबन्धकीय सहायता--
14-- सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 70

पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ीकरण हेतु उन्हें अपनी आय में वृद्धि करने के लिये प्रोत्साहन

पंचायती राज कार्यक्रमों के बहुमुखी विकास हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश: 6,000 रु0, 4,000 रु0 तथा 2,000 रु0 का पुरस्कार दिया जाता है जिसका मापदंड जिन ग्राम सभाओं द्वारा अपनी आय में कर वसूली में भूमि प्रबन्ध एवं अन्य स्रोतों से आय में वृद्धि की हो और विकास कार्य में उत्तम कार्य किया हो, चयन किया जाता है। पुरस्कार की यह राशि ग्राम सभा अपने क्षेत्रों में सार्वजनिक कार्यों पर व्यय करता है। वर्ष 1990-91 में इस कार्यक्रम पर 96,000 रु0 व्यय होने का अनुमान है। अत: वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 96,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-- आयोजनागत--
154--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम--पंचायती राज--
02--पंचायत संस्थाओं को प्रोत्साहन--
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 96

भेड़/बकरा प्रजनन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार की योजना--वर्तमान भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्रों का पुनर्गठन एवं सुदृढ़ीकरण

पर्वतीय क्षेत्रों में सातवीं पंचवर्षीय योजनाकाल के अन्त तक स्थापित कुल 113 भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्रों को अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। योजनान्तर्गत इन केन्द्रों पर रखे गये प्रजनन योग्य भेड़ों की कार्यक्षमता बनाये रखने हेतु इन्हें आवश्यक औषधियों, चारा-दाना आदि उपलब्ध कराया जायगा। योजनान्तर्गत आठवीं पंचवर्षीय योजनाकाल (1990-95) में 56,50,000 रु0 तथा वर्ष 1990 91 में 11,30,00 रु0 व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 11,30,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--
142--पशुपालन--
07--भेड़ तथा ऊन विकास--
(--) भेड़ बकरी प्रजनन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार की योजना--
वर्तमान भेड़ एवं ऊन प्रसार केन्द्रों का पुनर्गठन एवं सुदृढ़ीकरण--
20--मशीनें, और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 2,26
33--अन्य व्यय 9,04

योग .. 11,30

दुग्ध संघों का सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्गठन की योजना

लालकुआं दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 लाल कुआं (नैनीताल) द्वारा संचालित दुग्धशाला के पुनर्गठन एव सुदृढ़ीकरण हेतु संघ को वर्ष 1989-90 तक हुई आपरेशन हानियों की प्रतिपूर्ति के लिये वर्ष 1990-91 में वित्तीय सहायत उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त सहायता उपलब्ध हो जाने पर लालकुआं दुग्ध संघ की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी तथा संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के गठन पुनर्गठन की दिशा में तेजी अग्रसर हो सकेगी। इस निमित्त वित्तीय वर्ष 1990-91 में 24,08,000 रुपये का व्यय अनुमानित है जिसकी व्यवस्थ 1990-91 के आय-व्ययक में करली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2251--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

143--डेरी विकास--

01--डेरी विकास योजना--

14-सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 24,0

उत्तरकाशी में नई डेरी की स्थापना

उत्तरकाशी जनपद के लघु सीमान्त कृषकों, भूमिहीन मजदूरों तथा विशेषरूप से आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लोग को दुग्ध सहकारिताओं से आच्छादित करने, समुचित देख-रेख, खिलाई पिलाई तथा उचित प्रजनन व्यवस्था से उनके दुधारू पशु को समुन्नत करके उनका दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा उत्पादित दूध की समुचित हाट (मार्केटिंग) व्यवस्था हेतु उत्तरकाशी 5000 मीटर दैनिक क्षमता की एक डेरी की स्थापना का प्रस्ताव है। उपभोक्ता के आधार पर योजना के अन्तर्गत इस डे को स्टेट मिल्कग्रिप से जोड़कर श्रीनगर डेरी से अतिरिक्त दूध भी प्राप्त किया जायेगा तथा शुद्ध पाश्चुराइज्ड दूध और दु पदार्थ से जनपद के नगरीय उपभोक्ताओं तीर्थ यात्रियों तथा पर्यटकों को उपलब्ध कराया जायेगा। यह योजना उत्तरका दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, उत्तरकाशी द्वारा चलाई जायेगी। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक को उनके द्वारा उत्पादित दूध का समुचित मूल्य उपलब्ध होगा तथा नगरीय उपभोक्ताओं को यथोचित मात्रा दूध एवं दुग्ध पदार्थ उचित मूल्य पर सुलभ होगा। योजना से लगभग 150 स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार के अवस सुलभ होंगे तथा लगभग 1200 उत्पादकों के लिये प्रतिदिन लगभग चार घंटे अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध होने फलस्वरूप प्रतिदिन लगभग 600 मानव दिवस के बराबर अतिरिक्त रोजगार का सृजन होगा। आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि योजना पर 99,12,000 रुपये के व्यय का अनुमान है वित्तीय वर्ष 1990-91 में 20,00,000 रुपये के व्यय का अनुमान है जिस व्यवस्था 1990-91 के आय-व्ययक में कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में

2551--पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

60--पहाड़ी क्षेत्र--

143--डेरी विकास--

01--डेरी विकास योजना--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 20,0

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र के विशिष्ट स्थानों के लिये विशिष्ट नीबू प्रजातीय फल व औद्यानिक विकास योजना

पिथौरागढ़ एवं चमोली जनपदों में जलवायु एवं भूमि नीबू प्रजातियों के लिये अति उत्तम है। अत: उद्यानपतियों की प्रति हैक पैदावार तथा उनकी आय बढ़ाने के लिये उन्हें प्रोत्साहित करने एवं उनकी आर्थिक दशा को सुदृढ़ करने के लिये फल पौधों कीमत, गड्ढे खुदाने तथा रासायनिक उर्वरकों पर 50 प्रतिशत राज सहायता उपलब्ध कराना प्रस्तावित है। योजना के आठवीं योजना काल में 9,85,000 रुपये की आवश्यकता होगी इसके सापेक्ष वर्ष 1990-91 में योजनान्तर्गत 31,000 रुपये आवश्यकता है जिसे चालू वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित कर लिया गया है।

2--व्यय के अनुमान--

		रु0
(क)	कुल परिव्यय (1990-91) ..	9,88,0
(ख)	अन्तिम आवर्तक व्यय	3,69,0

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--
141--कृषि कार्य--
04--उद्यान कर्म एवं फलोपयोग--
(--) पर्वतीय क्षेत्र के जनपद पिथौरागढ़ एवं चमोली में नीबू जाति के फलों का औद्यानिक विकास--
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता .. . 31

अलमोड़ा शहर की हवेलियों पर अंकित काष्ठकला का संरक्षण ।

अलमोड़ा शहर की हवेलियों पर अंकित काष्ठकला व मूर्तियों के संरक्षण किये जाने का प्रस्ताव है। इस कार्य पर वित्तीय वर्ष 1990-91 में 1,15,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। अतः वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,15,000 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

(हजार रुपयों में

2551-पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--
60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र--
109-कला और संस्कृति-- ( ) अलमोड़ा शहर की हवेलियों पर अंकित काष्ठ कला का संरक्षण--
33--अन्य व्यय 1,15

जुवेनाइल बोर्ड (किशोर कल्याण न्यायालयों) की स्थापना ।

उत्तर प्रदेश जुवेनाइल जस्टिस ऐक्ट, 1986 (किशोर न्याय अधिनियम, 1986), के अन्तर्गत गैर अपराधी अवयस्क बालकों के मुकदमों के निस्तारण हेतु पहाड़ी जनपद चमोली, पिथौरागढ़, तथा टिहरी गढ़वाल में जुवेनाईल बोर्डों की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव है, जिसमें अपराधियों के अभियोग का निपटारा इन जनपदों में शीघ्र हो सकेगा। इस योजना के संचालनार्थ वित्तीय वर्ष 1990-91 में 1,98,000 रु० की आवश्यकता होगी। अतः वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में रुपये 1,98,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--व्यय का विभाजन--

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु०	
1	रीडर (पेशकार)	1200-2040	3
2	चपरासी	750-940	3

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र--
60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--
134-सामाजिक सुरक्षा और कल्याण-सामाजिक कल्याण-जुबेनाईल बोर्ड/किशोर कल्याण न्यायालयों की स्थापना

01--वेतन	40
03--महंगाई भत्ता	14
04--यात्रा व्यय	12
05--अन्य भत्ते	28
06--कार्यालय व्यय	34
20--मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	70
योग ..	1,98

समन्वित बाल विकास परियोजनाओं पर भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला पुष्टाहार

पर्वतीय क्षेत्र की बाल विकास परियोजनाओं में गेहूं निःशुल्क भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। जिस पर प्रोसेसिंग एवं ट्रान्सपोर्टेशन आदि पर होने वाला व्यय भी भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है। योजनान्तर्गत 6 वर्ष तक के बच्चे एवं 20 से 45 वर्ष की गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समुचित स्वास्थ्य सम्बन्धी एवं प्रतिरक्षण सेवायें प्रदान कर लाभान्वित किया जायगा। इस प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 1990–91 में 3,72,00,000 रुपये की आवश्यकता होगी। तद्नुसार वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में 3,72,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र— (हजार रुपयों में)

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

134—सामाजिक सुरक्षा और कल्याण–सामाजिक कल्याण–आयोजनागत—

702—समन्वित बाल विकास परियोजनाओं पर भारत सरकार द्वारा दिये जाने वाला पुष्टाहार

33—अन्य व्यय 3,72,00

जनपद पिथौरागढ़, चमोली, टिहरी गढ़वाल में प्रोबेशन कार्यालयों की स्थापना

प्रदेश के चमोली, टिहरी गढ़वाल तथा पिथौरागढ़ में अभी तक जिला प्रोबेशन अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पायी है। जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय की महत्ता को देखते हुए उपरोक्त जनपदों में एक-एक कार्यालय स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है। इस प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 1990–91 में 2,75,000 रुपये मात्र की आवश्यकता होगी। तद्नुसार वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में 2,75,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

1—व्यय का विभाजन—

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग—

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	2	3	4
		रु0	
1	जिला प्रोबेशन अधिकारी	2000–3200	3
2	कनिष्ठ लिपिक	950–1500	3
3	चपरासी	750–940	3

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

134—सामाजिक सुरक्षा और कल्याण–सामाजिक कल्याण–आयोजनागत—

02—पर्वतीय क्षेत्र में सेन्ट्रल प्रोबेशन एण्ड अफेन्डर्स ऐक्ट, 1958 का कार्यान्वयन—

(हजार रुपयों में)

01—वेतन	78
03—महंगाई भत्ता	26
04—यात्रा व्यय	18
05—अन्य भत्ते	15
06—कार्यालय व्यय	66
11—किराया, उपशुल्क एवं कर स्वामिस्व	18
20—मशीनें और सज्जा / उपकरण और संयंत्र	45
33—अन्य व्यय	9
योग ..	2,75

आयुक्त एवं महानिदेशक, पर्यटन (पर्वतीय क्षेत्र) के कार्यालय का सुदृढ़ीकरण

पर्वतीय क्षेत्र में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न पर्यटन विकास योजनाओं में और अधिक गति लाये जाने तथा उनका समग्र विकास किये जाने एवं नये पर्यटक स्थलों के विकास की योजनायें कार्यान्वित किये जाने के उद्देश्य से आयुक्त एवं महानिदेशक पर्यटन (पर्वतीय क्षेत्र) के कार्यालय की स्थापना की जा चुकी है। अतः पर्वतीय क्षेत्र में कार्यान्वित की जा रही समस्त योजनाओं का लाभ पर्यटकों/स्थानीय जनता को सुचारु रूप से उपलब्ध कराये जाने के लिये उनका अनुश्रवण/कार्यान्वियन करने तथा नयी योजनाओं को सही दिशा निर्देश प्रदान किये जाने आदि हेतु आयुक्त एवं महानिदेशक, पर्यटन (पर्वतीय क्षेत्र) के कार्यालय में समुचित स्टाफ़ का होना नितान्त आवश्यक है। वर्तमान में कुल 8 पद सृजित हैं। इसके अतिरिक्त 13 पदों के सृजन का प्रस्ताव है। इन पदों के सृजन के फ़लस्वरूप वित्तीय वर्ष 1990-91 में 5,90,000 रु0 (5,00,000 रु0 आवर्तक तथा 90,000 रु0 अनावर्तक) के व्यय का अनुमान है। तदनसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 5,90,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--व्यय का विभाजन--

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	2	3	4
	(1) लेखा अनुभाग	रु0	
1	लेखाधिकारी	वित्त सेवा सम्वर्ग से	1
2	सहायक लेखाकार	1400-2300	2
3	टंकक लिपिक	950-1500	1
4	चपरासी	750-940	1
	(2) सामान्य प्रशासन एवं कार्मिक अनुभाग		
1	कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-2 ..	1400-2600	1
2	वरिष्ठ सहायक	1400-2300	1
3	वरिष्ठ लिपिक	1200-2040	1
5	टंकक लिपिक	950-1500	1
5	साइक्लोस्टाइल आपरेटर	775-1025	1
7	डाक रनर	750-940	1
8	स्वीपर	750-940	1
9	चपरासी	750-940	1

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

175--पर्यटन-- सामान्य (हजार रुपयों में)

13--पर्वतीय क्षेत्र-में पर्यटन निदेशालय का सुदृढ़ीकरण--

01--वेतन	1,96
03--महंगाई भत्ता	69
04--यात्रा व्यय	25
05--अन्य भत्ते .. .	30
06--कार्यालय व्यय	1,70
11--किराया, उपशुल्क एवं कर स्वामित्व	50
12--प्रकाशन	50
योग ..	5,90

अल्मोड़ा में राजकीय होटल मैनेजमेन्ट एवं कैटरिंग संस्थान की स्थापना हेतु भूमि का क्रय

पर्वतीय क्षेत्र में कुमायूं मंडल विकास निगम लिमिटेड, नैनीताल द्वारा नैनीताल में एक रोपवे का निर्माण कराया गया है जिस लिये निगम को इस कार्य हेतु शासन से 205.00 लाख रुपये ऋण के रूप में स्वीकृत किया गया था जिसमें से वित्तीय वर्ष (1986-87 में 64.00 लाख रुपये ऋण को अंशपूंजी में परिवर्तन करने की स्वीकृति प्रदान की गई। वर्तमान में निगम की आर्थि स्थिति को दृष्टिगत करते हुये यह प्रस्तावित है कि अवशेष ऋण 141.00 लाख रुपये एवं उस पर दिनांक 31-3-89 त 7.5 प्रतिशत की दर से देय ब्याज 70.39 लाख रु0 में से 40 हजार रुपये, जो निगम द्वारा भुगतान किया जा चुका है, को कम कर हुए 69.99 लाख रुपये को मिलाकर कुल 210.99 (पूर्णांक में 211.00 लाख रुपये) की धनराशि को भी अंशपूंजी में परिवर्ति कर दी जाये। इस समय निगम की अधिकृत अंशपूंजी 10.00 करोड़ रुपये और प्रदत्त पूंजी 6.00 करोड़ रुपये है। अत :उ अंशपूंजी अधिकृत एवं प्रदत्त अंशपूंजी के बीच उपलब्ध गैप में समायोजित कर ली जायेगी। कुमायूं मण्डल विकास निगम को उ 211.00 लाख की धनराशि नगद रूप से न देकर पुस्तक समायोजन के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। तदनुसार 2,11,00,000 रु की व्यवस्था वर्ष (1990-91) के लिए कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4551––पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी व्यय-आयोजनागत-- (हजार रुपयों मे

60––अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

164--उद्योग––ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--उ0 प्र0 कुमायूं मण्डल विकास निगम लि0 को सरकार का अंशदान

24--निवेश/ऋण 2,11,0

3--स्वीकृत ऋण को अंश पूंजी में परिवर्तित किये जाने के फलस्वरूप ऋण की वापसी

मद	धनराशि	लेखा शीर्षक	
ऋण	2,11,00	6551	पहाड़ी क्षेत्रों के लिये ऋण

जनपद देहरादून में मशरूम कम्पोस्ट पाश्चुराइजेशन प्लान्ट का निर्माण।

जनपद देहरादून में मशरूम इकाई की स्थापना के लिये रोजगार के अवसर सुलभ कराने के उद्देश्य से एक कम्पोस्ट पाश्चुराइजेशन प्लान्ट की स्थापना के लिये ग्राम समाज की दो बीघा भूमि ग्राम शंकरपुर (देहरादून) में उपलब्ध है। निर्माण कार्य के लिये उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा 30,00,000 रु० के प्रारम्भिक आगणन तैयार किये गये हैं। जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 1990-91 में 16,21,000 रु० की आवश्यकता है, जिसकी व्यवस्था 1990-91 के आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

140--कृषि कार्य--

(..) जनपद देहरादून के मशरूम कम्पोस्ट पाश्चुराइजेशन प्लान्ट का निर्माण-- 16,21

18--वृहत् निर्माण कार्य .. ..

पर्वतीय क्षेत्रों में पटवारी चौकियों का निर्माण।

प्रदेश के 8 पर्वतीय जनपदों में पटवारियों को राजस्व सम्बन्धी कार्यों के अतिरिक्त पुलिस के भी कार्य करने पड़ते हैं। पटवारी चौकियों/पर्यवेक्षक कानूनगो चौकियों के अभाव में पटवारियों को अपना कार्य करने में कठिनाई होती है। अतः 70 पटवारियों चौकियों/पर्यवेक्षक कानूनगो चौकियां बनाये जाने का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 1990-91 में उक्त कार्य हेतु 1,00,00,000 रु० की आवश्यकता होगी। तदनुसार आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों क अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

203--लोक निर्माण-कार्य--सामान्य

01--भवन--

0110--राजस्व--पर्वतीय क्षेत्र में पटवारी चौकियों का निर्माण .. 1,00,00

पर्यटन काम्पलेक्स मंसूरी के लिए साज-सज्जा की व्यवस्था।

पर्यटन काम्पलेक्स मंसूरी का निर्माण कार्य 104.60 लाख रु० की लागत पर पूर्ण किया जा चुका है। इसके व्यावसायिक संचालन से पूर्व साज-सज्जा उपलब्ध करायी जानी प्रस्तावित है। इस पर्यटक आवास गृह की साज-सज्जा पर वर्ष 1990-91 में 28,54,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में इतनी धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

175--पर्यटन--सामान्य--पर्यटक आवास गृहों की साज-सज्जा 28,54

पर्वतीय क्षेत्र के पर्यटक आवास गृहों की साज-सज्जा।

पर्वतीय क्षेत्र के पर्यटक आवास गृहों के निर्माण के उपरान्त पर्यटन/यात्रियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने से पूर्व यह आवश्यक है कि उनकी समुचित साज-सज्जा तथा अन्य आवश्यक सुविधायें जैसे पानी, बिजली आदि उपलब्ध करा दी जायें। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा संचालित पर्यटक आवास गृहों में 40,60,000 रु० की अनुमानित लागत से एयर कन्डीशनर, मनोरंजन उपकरण, फर्निशिंग, रसोई सम्बन्धी साज सज्जा (किचन इक्यूमेण्ट) आदि हेतु व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 40,60,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

175--पर्यटन--सामान्य--पर्वतीय क्षेत्र के पर्यटक आवास गृहों की साज सज्जा--

20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 40,60

श्री बद्रीनाथ धाम में 500 शैय्या के यात्री निवास का निर्माण।

श्री बद्रीनाथ धाम में दुर्बल आय वर्ग के यात्रियों/पर्यटकों के लिये अभी तक कोई आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतएव श्री बद्रीनाथ धाम में 500 शैय्या के यात्री के निवास के निर्माण किये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना पर कुल 434.00 लाख रु० तथा वर्ष 1990-91 में 50,00,000 रु० का व्यय किये जाने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्यय में 50,00 000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

4551—पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत—

175—पर्यटन-सामान्य —

08—श्री बद्रीनाथ में 500 शैय्या के यात्री निवास का निर्माण .. 50,00

पर्वतीय क्षेत्र के गढ़वाल मण्डल के निजी उद्यमियों को पर्यटन उद्योग हेतु आकर्षित करने के लिये जलपान गृह एवं यात्री निवास का निर्माण।

गढ़वाल के निजी उद्यमियों को पर्यटन उद्योग की ओर आकर्षित करने हेतु जलपान गृह एवं यात्री निवास का निर्माण गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा कराकर निजी उद्यमियों को उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना पर वर्ष 1990-91 में 58,20 000 रु० की धनराशि व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 58,20,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजारों रुपयों में)

4551—पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी व्यय—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत—

175—पर्यटन-सामान्य-

07—गढ़वाल मण्डल के निजी उद्यमियों को पर्यटन उद्योग हेतु आकर्षित करने हेतु रेस्तरां एवं यात्री निवास का निर्माण 58,20

बिन्सर (अल्मोड़ा) पर्यटक आवास गृह में विद्युत व्यवस्था।

पर्यटक आवास गृह बिन्सर में विद्युत व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव है जिस पर 7,35,000 रु० के व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 7,35,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

4551—पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत—

175—पर्यटन-सामान्य—

08—पर्यटन आवास गृह बिन्सर की विद्युत व्यवस्था 7,35

राजकीय जिला पुस्तकालयों के भवनों का निर्माण।

पर्वतीय क्षेत्र के सभी जनपदों में राजकीय जिला पुस्तकालय स्थापित हैं। लेकिन अभी तक देहरादून में पुस्तकालय भवन का निर्माण नहीं हुआ है। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देहरादून के पुस्तकालय के लिये भी भवन निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1990-91 में जनपद देहरादून के भवन निर्माण हेतु 4,00,000 रु० के व्यय का अनुमान है; अतः वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 4,00,000 रु० की व्यवस्था कर दी गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

4551—पहाड़ी क्षेत्रों में पूंजी परिव्यय—

06—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

203—लोक निर्माण कार्य—सामान्य

01—भवन—

0103—शिक्षा—

18—बृहत् निर्माण 4,00

पर्वतीय क्षेत्र में टेन्ट कालोनी की व्यवस्था ।

पर्वतीय क्षेत्र में आने वाले यात्रियों/पर्यटकों के आवागमन तथा उपलब्ध आवासीय व्यवस्था की कमी को दृष्टि में रखते त्कालिक व्यवस्था के तौर पर टेन्ट कालोनी लगाये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना पर कुल 50,64,000 रु0 होने का अनुमान है तथा वर्ष 1990-91 में 50,64,000 रु0 का व्यय प्रस्तावित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 में 4,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

175--पर्यटन-सामान्य पर्वतीय क्षेत्र में टेन्ट कालोनी की व्यवस्था 50,64

वाल मण्डल विकास निगम लिमिटेड की इकाई फ्लशडोर फैक्ट्री, कोटद्वार की सीजनिंग क्षमता बढ़ाने हेतु अंशपूंजी।

फ्लशडोर फैक्ट्री, कोटद्वार के दो सीजनिंग चेम्बर हैं जिनकी मासिक सीजनिंग क्षमता 14 घ0 मी0 हैं एवं इनसे एक में लगभग दो लोड ही निकाले जा सकते हैं जिससे एक माह में मात्र 28 घ0 मी0 लकड़ी ही सीजन्ड की जा सकती है जबकि इकाई क माह में कम से कम 70 घ0 मी0 सीजन्ड लकड़ी की आवश्यकता होती है। इस प्रकार उत्पादन के लिये आवश्यकतानुसार ड लकड़ी उपलब्ध न होने के कारण उत्पादन में बाधा आती है। अतः इस इकाई में सीजनिंग प्लान्ट का विस्तार प्रस्तावित है जिसमें घ0 मी0 क्षमता के दो चेम्बर्स का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। इस हेतु वर्ष 1990-91 में 19,50,000 रु0 के व्यय नुमान है, अतः वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 19,50,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

164--उद्योग--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--

07--उ0 प्र0 गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0 के अंशकों का क्रय--

24--निवेश/ऋण 19,50

पर्वतीय क्षेत्र में फास्ट फूड सेन्टर की स्थापना ।

पर्वतीय क्षेत्र के यात्रा मार्गों पर उचित भोजन एवं जलपान की व्यवस्था का अभाव है जिसके कारण यात्रियों/ पर्यटकों ड़ी असुविधा होती है। इस समस्या के समाधान हेतु फास्ट फूडसेन्टर की स्थापना का प्रस्ताव है। इस योजना पर 1990-91 ल धनराशि 34,80,000 रु0 के व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 34,80,000 रु0 व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

175--पर्यटन--सामान्य

पर्वतीय क्षेत्र में फास्ट फूड सेन्टर की स्थापना 34,80

ऋषिकेश में 200 शय्या के पर्यटक आवास गृह का निर्माण ।

ऋषिकेश गढ़वाल मण्डल का प्रवेश द्वार है जहां से होकर श्री बद्रीनाथ तथा केदारनाथ, गंगोत्री तथा यमुनोत्री आदि तीर्थ स्थानों र यात्री/पर्यटक जाते हैं। इसलिये ऋषिकेश में आवास की अत्यन्त कठिनाई है। इस समस्या के कुछ हद तक निदान लिए ऋषिकेश में 200 शय्या के आवास गृह का निर्माण किये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना पर कुल ,11,69,000 रु0 व्यय होने का अनुमान है। वर्ष 1990-91 में 20,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है, जिसकी य-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

175--पर्यटन--सामान्य

04--पर्यटक आवास गृहों का निर्माण--

18--वृहत् निर्माणकार्य 20,00

सहकारी उपभोक्ता भण्डारों की योजना ।

पर्वतीय क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में राशन की वस्तुएं यथा—चीनी, मिट्टी का तेल, खाद्यान्न इत्यादि सुलभ कराने के उद्देश्य वर्ष 1981 से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कार्य सहकारी समितियों को सौंपा गया है। वर्तमान में यह योजना क्षेत्र में चरणों में कार्य कर रही है। नगरीय, ग्रामीण एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, योजना की और अधिक सार्थक बनाने आठवीं योजनाकाल में निम्नलिखित कार्यक्रम योजनान्तर्गत प्रस्तावित है:—

(1) केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भण्डारों को मूल्य उतार-चढ़ाव निधि हेतु अनुदान—

सहकारी उपभोक्ता भण्डारों द्वारा उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर वस्तुओं की आपूर्ति करने हेतु जनोपयोगी वस्तुएं बाजार से क्रय की जाती है, लेकिन इसके साथ ही इन भण्डारों को खुले बाजार के साथ सामंजस्य बनाकर भी चलना होता क्योंकि बाजार में वस्तुओं के मूल्यों में उतार-चढ़ाव होता रहता है, जिस कारण इन भण्डारों को आर्थिक हानि भी उठानी पड़ स है। अत: भण्डारों को इस हानि से बचाने हेतु विगत वर्ष में सीधी खरीद के आधार पर किये गये व्यवसाय में 2 प्रतिश बराबर धनराशि इस हेतु सृजित निधि में जमा करने के लिए शासकीय अनुदान के रूप में दी जाती है, ताकि भण्डार द्वारा स्थिति में होने वाली हानि की प्रतिपूर्ति इस निधि को जा सके। आठवीं योजनाकाल में इस योजना के कार्यान्वय 8,67,000 रु0 तथा वर्ष 1990-91 में 1,72,000 रु0 के व्यय का अनुमान है।

(2) सहकारी उपभोक्ता भण्डारों / लीड समितियों को यातायात अनुदान—

पर्वतीय क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित समितियों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने में सहकारी उपभोक्ता भण् को अत्यधिक यातायात व्यय वहन करना पड़ता है, जिससे कि वस्तुओं की कीमतें बहुत बढ़ जाती हैं। इसी प्रकार उपलब्ध वस के मूल्यों में अन्तर को मैदानी क्षेत्र के बराबर करने एवं यातायात व्यय से होने वाली हानि से बचने हेतु, इन भण्डारों को द्वारा वर्ष में कुल क्रय किये गए मूल्य के 5 प्रतिशत के बराबर या अधिकतम 25,000 रु0 प्रति भण्डार की दर से यातायात अनु दिलाये जाने का प्रस्ताव है। 8वीं योजनाकाल में इस योजना के कार्यान्वयन पर 12,32,000 रु0 तथा वर्ष 1990-91 1,95,000 रु0 व्यय का अनुमान है।

(3) सहकारी ऋण / दीर्घाकार बहुउद्देशीय समितियों को उपभोक्ता व्यवसाय हेतु सीमान्त धन—

पर्वतीय क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कार्य भी सहकारी समितियों को दिये जाने के फलस्वरूप ये समि बहुउद्देशीय समितियां हो गई हैं। ये सभी समितियां सार्वजनिक वितरण प्रणाली / ग्रामीण उपभोक्ता योजना के अन्तर्गत उपभो वस्तुओं के वितरण कार्य में संलग्न हैं। इनमें से अधिकांश समितियों के पास अपने निजी गोदाम भी हैं। इस व्यवसाय चलाने के लिए इन समितियों को सीमान्त धन की आवश्यकता पड़ी है। इस हेतु समुचित ऋण के प्राविधान की व्यवस्था किये का प्रस्ताव है। 8वीं योजनाकाल में इस हेतु कुल 6,00,000 रु0 व वर्ष 1990-91 में 2,00,000 रु0 के व्यय का अनुमान

(4) सहकारी ऋण / दीर्घाकार बहुउद्देशीय सहकारी समितियों को उपभोक्ता व्यवसाय हेतु यातायात अनुदान—

पर्वतीय क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को उनकी दैनिक उपयोग की वस्तुओं की आपूर्ति करने दौरान सहकारी समितियों को वस्तुओं की आपूर्ति करने के दौरान सहकारी समितियों को वस्तुओं के ढुलान पर अपेक्षाकृत अधि व्यय करना पड़ता है, क्योंकि रोड हेड से वस्तुओं को समिति के गोदाम तक, तत्पश्चात् गोदाम से बिक्री केन्द्र तक पहुंचाने एकमात्र माध्यम घोड़ा या खच्चर अथवा हैंड लोड ही है। इस प्रकार इतने माध्यमों से जब वस्तु बिक्री की अवस्था में आती तो उसकी कीमत काफी बढ़ जाती है। चूंकि सहकारी समितियां स्थानीय निवासियों द्वारा कठिन भौगोलिक परिस्थितियों अपनी समस्याओं के समाधान के लिए गठित की गई है। अत: हानि पर रहने के बावजूद भी ये समितियां सामाजिक सेवा इस कार्य को चलाने हेतु बाध्य हैं। अत: इस हानि से समितियों को बचाने हेतु यातायात अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है 8वीं योजनाकाल में इस हेतु कुल 48,06,000 रु0 तथा वर्ष 1990-91 में 8,20,000 रु0 व्यय का अनुमान है।

(5) सहकारी ऋण / दीर्घाकार बहुउद्देशीय समितियों को सार्वजनिक प्रणाली के अन्तर्गत हानि पर अनुदान—

पर्वतीय क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में राशन की वस्तुओं की उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सार्वजनिक वितरण प्रणा का कार्य सहकारी समितियों को सौंपा गया है। पर्वतीय क्षेत्र में समितियां सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित होने आने-जाने के कठिन मार्ग होने के कारण सामान घोड़ों इत्यादि पर ले जाना पड़ता है, जिससे सामान में छीज अधिक हो जाने के फलस्वरूप समितियों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। इसके अतिरिक्त इस प्रणाली अन्तर्गत वस्तुओं के व्यवसाय में मार्जिन बहुत कम होता है तथा खर्चा अधिक होता है, जिससे इस व्यवसाय के दौरान समिति को लाभ के बजाय हानि अधिक होती है। अत: इन समितियों को इस हानि से बचाने हेतु 5,000 रु0 प्रति समिति की दर अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है जिस पर 8वीं योजनाकाल में कुल 35,65,000 रु0 वर्ष 1990-91 में 2,85,000 रु0 व्यय का अनुमान है।

उक्त प्रस्तावित योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष (1990-91) में 16,72,000 रु0 तथा 8वीं योजनाव में कुल 1,10,70,000 रु0 व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के लिये 16,72,000 रु0 की व्यवस्था आय-व्यय में कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

आठवीं योजना में तथा वर्ष 1990-91 में निम्न कार्यक्रम प्रस्तुत है :—

विवरण	वर्ष 1990-91	प्रस्तावित लक्ष्य आठवीं पंचवर्षीय योजना
उपभोक्ता व्यवसाय—		
1—नगरीय (लाख रु0)	1,000	7,000
2—ग्रामीण (लाख रु0)	1,500	10,500

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
151—सहकारिता—	
04—सहकारी उपभोक्ता भण्डार की योजना—	
14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता ..	14,72
6551—पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उधार—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
151—सहकारिता—	
13—उपभोक्ता वस्तुओं के व्यवसाय हेतु प्रारम्भिक कृषि ऋण समितियों को मार्जिन मनी ऋण—	
24—निवेश / ऋण	2,00
योग	16,72

सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना।

सहकारी समितियों का कृषि एवं औद्योनिक उत्पादन बढ़ाने और निर्बल आर्थिक स्थिति वाले इन उद्योगों में लगे समुदाय के आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पर्वतीय क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण पूर्ण आत्म निर्भर एवं कृषि उद्योग में लगी जन संख्या की पूर्ण समृद्धि का लक्ष्य प्राप्त करने में अभी समय लगेगा। अतः इस हेतु आठवीं पंचवर्षीय योजना में पर्वतीय क्षेत्र हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम चलाये जाने का प्रस्ताव है :—

(1) नई जिला सहकारी बैंक की शाखाओं का गठन—

पर्वतीय क्षेत्र की क्षेत्रीय असन्तुलन दूर करने हेतु आठवीं योजना अवधि में (वर्ष 1990-95) में 61 नई शाखाएं खोले जाने का प्रस्ताव है। जिला सहकारी बैंकों का संगठनात्मक स्वरूप जिले तक सीमित रहने, नाबार्ड द्वारा केवल कृषि उत्पादन हेतु ऋण प्रदान करने के लिये चिन्हांकित होने व व्यावसायिक ऋण देने हेतु प्रतिबंधित होने तथा कृषि ऋण कम मार्जिन पर देने के लिये बाध्य होने की दशा में जिला सहकारी बैंकों की नई शाखा के लिए प्रबन्धकीय व्यय से होने वाली हानि की आंशिक प्रतिपूर्ति हेतु प्रबन्धकीय अनुदान देने की नीति के अन्तर्गत आठवीं योजनाकाल में कुल 21,50,000 रु0 तथा 1990-91 में कुल 3,50,000 रु0 के व्यय का अनुमान है।

(2) जिला सहकारी बैंक की शाखाओं का नवीनीकरण—

जिला सहकारी बैंक की शाखाओं को कृषि ऋण हेतु निक्षेप एकत्र कर आंतरिक स्रोत जुटाने में अन्य वितीय बैंकों से कठिन प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। जमाकर्ताओं को आकृष्ट करने हेतु अन्य बैंको की भांति साज-सज्जा के लिये इनके पास धनाभाव है। अतः प्रादेशिक नीति से सहकारी बैंक शाखाओं के आधुनिकीकरण हेतु 15,000 रु0 प्रति शाखा का प्राविधान रखा गया, जिसमें 5,000 रु0 उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक ब्याज रहित ऋण के रूप में देगा तथा शेष 10,000 रु0 शासन द्वारा अनुदान स्वरूप वहन किया जायेगा। आठवीं योजनाकाल में कुल 58 शाखाओं के नवीनीकृत किए जाने का प्रस्ताव है जिस पर कुल व्यय 5,80,000 रु0 का व्यय अनुमानित है तथा वर्ष 1990-91 में 15 शाखाओं पर 1,50,000 रु0 का व्यय अनुमानित है।

(3) अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को समितियों के अंश-क्रय हेतु ब्याज रहित मध्यकालीन ऋण/अनुदान—

स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले समाज के निर्बल वर्ग के व्यक्तियों को सहकारी समिति का सदस्य बनने हेतु 40 रु0 से 100 रु0 तक अंश क्रय हेतु मध्यकालीन वित्तीय सहायता क्रमशः 50 रु0 ब्याज रहित ऋण एवं 50 रु0 अनुदान के आधार पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। ताकि निर्बल वर्ग के कृषक सहकारी कृषि ऋण समिति के अंश क्रय कर सकें व समिति से उत्पादन ऋण लेकर उपज बढ़ा सकें। इस योजना के अन्तर्गत 8वीं योजना अवधि में कुल 13,20,000 रु0 अनुदान एवं ऋण दिया जाना प्रस्तावित है तदनुसार 1990-91 में कुल 1,30,000 रु0 अनुदान एवं 1,30,000 रु0 ऋण दिये जाने का प्रस्ताव है।

(4) उपभोग ऋण वितरण पर रिस्क फण्ड हेतु अनुदान—

ग्रामीण क्षेत्र के निर्बल वर्ग के कृषक मजदूर जिनके पास 1/2 एकड़ तक भूमि है या बिल्कुल भूमि नहीं है, को उनके आवश्यक सामाजिक दायित्वों के समुचित निर्वाह हेतु कुल वितरित कृषि ऋण के 5 प्रतिशत सीमा तक उपभोग ऋण की व्यवस्था की गई है। इस ऋण में बढ़ी हुई जोखिम के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा विरामन कमेटी की अनुशंसा, जिसे शासन एवं रिजर्व बैंक पूर्व में ही स्वीकार कर चुके हैं, के आधार पर कुल वितरित उपभोग ऋण पर 10 प्रतिशत अनुदान जिलास्तर पर सृजित रिस्क फण्ड में दिये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार एवं भारत सरकार इस व्यय में समता के आधार पर योगदान करेगी अर्थात् 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। इस योजना पर कुल वितरित होने वाले उपभोग ऋण के 10 प्रतिशत के आधार पर आठवीं योजनाकाल में 8,11,000 रु० वर्ष 1990–91 में 80,000 रु० का व्यय अनुमानित है।

(5) असाध्य ऋण के राइट आफ करने के लिये अनुदान—

पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी समितियों/जिला सहकारी बैंक मुख्यालय कृषि उत्पादन वृद्धि के लिये ऋण वितरण करते हैं। नाबार्ड की नीति में ऐसे ऋण प्रदान किये जाने हेतु बहुत उदार नियम है। इन समितियों द्वारा वितरित कृषि ऋण की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित कर पाना अत्यन्त कठिन है, जो कि परिस्थितिजन्य है। ऋण की अवरुद्ध राशि के बढ़ने से समितियों/बैंकों के आर्थिक स्रोत भी अवरुद्ध होते हैं व उत्पादन वृद्धि हेतु सीमा आहरण में बाधक बनकर कृषि उत्पादन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम को प्रभावित करते हैं। गम्भीर समस्या समाधान के लिये वर्ष 1976–77 में समितियों के 3 वर्ष से अधिक की ऐसे बकाया ऋणों, जिसकी वसूली हर सम्भव प्रयास के बाद भी नहीं हो पाई, के सत्यापन तथा सत्यापन के बाद वसूल न हो पाने वाली राशियों के चिन्हांकन के बाद इन्हें राइट आफ करने की नीति बनाई गई है। राइट आफ प्रक्रिया में समितियों की क्षतिपूर्ति हेतु राइट आफ होने वाली बकाया राशि का 5 प्रतिशत संबंधित समिति द्वारा, अवशेष का 20 प्रतिशत जिला सहकारी बैंक, अवशेष का 20 प्रतिशत उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक द्वारा तथा अवशेष भाग शासन द्वारा अनुदान देकर वहन किया जायेगा। इस प्रक्रिया को केवल एक नैतिक कार्यवाही के रूप में नहीं लिया जाता है, बल्कि इसके अधीन केवल ऐसी राशियां ही ली जाती हैं, जो कि भरसक प्रयासों के बाद भी किसी प्रकार वसूल नहीं हो पाती हैं तथा राइट आफ से पूर्व कठोर मापदण्ड अपना लिए जाते हैं। इस योजना पर आठवीं पंचवर्षीय योजनाकाल में कुल 1,14,22,000 रु० तथा वर्ष 1990–91 में 23,07,000 रु० का व्यय अनुमानित है।

(6) सचिवों के कैडर फण्ड हेतु अनुदान—

पुनर्गठित न्याय पंचायत स्तरीय सहकारी ऋण समितियों की संख्या 736 है, जिन पर पूर्णकालिक प्रशिक्षित सचिवों की व्यवस्था वर्ष 1976–77 में की जा चुकी है। पूर्णकालिक सचिवों के व्यय भार हेतु समितियों द्वारा वितरित कुल ऋण का 1.5 प्रतिशत अंशदान, जिसकी अधिकतम सीमा 18,000 रु० है, कैडर फण्ड में लिया जाता है। पर्वतीय क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों यथा-अनार्थिक एवं छोटी जोतें, एक फसली खेती का चक्र, सिंचित साधनों की कमी, पिछड़ापन आदि के कारण इन समितियों की लाभार्जन क्षमता अत्यन्त न्यून होने से कैडर फण्ड में सामान्यतः निर्धारित सीमा तक अंशदान उपलब्ध न होने की दशा में प्रतिकर्ष से हानि हो रही है। इस प्रकार इन समितियों के सचिवों पर होने वाले वास्तविक व्यय में कमी की पूर्ति निरन्तर एक समस्या बनी हुई है, जिस हेतु शासन से शत-प्रतिशत अनुदान आठवीं योजना काल में प्राप्त किए जाने का प्रस्ताव है, जिसके फलस्वरूप आठवीं योजनाकाल में कुल 2,56,47,000 रु० का व्यय एवं वर्ष 1990–91 हेतु 30,63,000 रु० का व्यय अनुमानित है।

(7) प्रारम्भिक कृषि ऋण समितियों को हानियों की प्रतिपूर्ति हेतु अनुदान—

पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी कृषि ऋण समितियां मुख्य रूप से ऋण वितरण एवं उपभोक्ता व्यवसाय ही कर रही हैं। असिंचित व एक फसली होने से कृषि ऋण वितरण कार्य पर्याप्त मात्रा में नहीं होता है तथा कुल वितरित ऋण का एक थोड़ा भाग ही समय पर वसूल हो पाता है। दूसरी ओर समितियों पर बैंक का ऋण एवं ब्याज दिन प्रतिदिन बढ़ते जाने से समितियों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। समिति के व्यवसाय को चलाने हेतु न्यूनतम कर्मचारी/ विक्रेताओं आदि के वेतन इत्यादि पर होने वाले व्यय इत्यादि के परिणामस्वरूप समितियां स्वावलम्बी होने के बजाय हानिग्रस्त होती जा रही हैं। अतः हानियों की प्रतिपूर्ति अनुदान देकर करने का प्रस्ताव इस हेतु आठवीं योजनाकाल में कुल 21,49,000 रु० तथा वर्ष 1990–91 में कुल 4,73,000 रु० का व्यय अनुमानित है।

(8) प्रारम्भिक कृषि ऋण समितियों को मिनी बैंक की स्थापना हेतु अनुदान—

पर्वतीय क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जहां पर कि जिला सहकारी बैंक की शाखाएं नहीं हैं और जहां पर अन्य कोई बैंकिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है, में मिनी बैंक खोलकर उन्हें आवश्यक सुविधाए उनके निकट ही उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। चूंकि इन समितियों में बैंकिंग सुविधाएं चलाये जाने का कार्यक्रम नया है और इन समितियों का व्यवसाय मैदानी क्षेत्रों की तुलना में कम है; जिससे इनकी प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है अतः इन समितियों को आर्थिक इकाई के रूप में विकसित होने में 3 वर्ष का समय लगेगा इस प्रकार एक समिति को प्रथम वर्ष में 5,000 रु० प्रति समिति साज-सज्जा अनुदान तथा 3 वर्षों तक 5,000 रु० प्रति समिति की दर से प्रबन्धकीय अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है। इस प्रकार सम्पूर्ण योजनाकाल में कुल 153 मिनी बैंकों के खोले जाने का प्रस्ताव है। आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में 25,20,000 रु० तथा वर्ष 1990–91 में 4,50,000 रु० का व्यय अनुमानित है।

(9) जिला सहकारी बैंकों की शाखाओं के भवन निर्माण हेतु ऋण/अनुदान—

पर्वतीय अंचल ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखाओं के लिये उपयुक्त भवनों का पूर्णतया अभाव है। बहुत अधिक किराये पर भी बैंक शाखा के लिये भवन नहीं मिलते। कृषकों की सुविधा व अपने धन की सुरक्षा हेतु जिला सहकारी बैंकों की शाखाओं हेतु अपने भवन निर्माण अत्यन्त आवश्यक है। परन्तु सीमित साधनों से शाखा भवन निर्माण व्यय भार वहन करने में जिला सहकारी बैंक अक्षम नहीं हैं। जिला सहकारी बैंक की शाखाओं के भवन भंडारण के लिये नहीं होंगे और एन०सी० डी०सी० योजना

न भंडारण के लिये भवन निर्माण का प्राविधान होने से बैंकों की शाखाओं हेतु एन0सी0डी0सी0 से कर्जा नहीं मिल पाएगा। तः जिला सहकारी बैंकों की शाखाओं के लिये भवन निर्माण हेतु बैंक को 50 प्रतिशत ऋण एवं 50 प्रतिशत अनुदान की वित्तीय सहायता लाये जाने का प्रस्ताव है। आठवीं योजनावधि में कुल 23,74,000 रु0 तथा वर्ष 1990-91 में 8,50,000 रु0 का व्यय अनुमानित है।

0) नगरीय सहकारी बैंकों का गठन--

सातवीं योजनाकाल में दो नगरीय बैंक क्रमशः देहरादून व नैनीताल में स्थापित किये जा चुके हैं। पर्वतीय क्षेत्र के य जिलों में भी नगरीय बैंक खोले जाने का प्रस्ताव आठवीं योजना में है, ताकि नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले लघु उद्यमियों को भी बैंकों के माध्यम से ऋण सुविधा प्राप्त हो सके, जो कि कृषि कार्य से भिन्न होगी। चूंकि इन बैंकों को कार्य प्रारम्भ करने में बड़ी तस्पर्धा करनी होगी और प्रारम्भ में आर्थिक लाभ भी कम होगा। अतः इन बैंकों को प्रथम वर्ष में 40,000 रु0 साज-सज्जा ऋण तथा 3 वर्षीय किस्तों में प्रबन्धकीय अनुदान क्रमशः 20,000 रु0, 10,000 रु0 व 5,000 रु0 की देय होगी। आठवीं जनकाल में 2 बैंकों हेतु कुल 1,50,000 रु0 तथा वर्ष 1990-91 में 80,000 रु0 व्यय का अनुमान है।

2--उपर्युक्त योजनान्तर्गत आठवीं योजना में तथा वर्ष 1990-91 हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम प्रस्तावित है:--

विवरण	इकाई	वर्ष 1990-91	प्रस्तावित लक्ष्य 8वीं पंचवर्षीय योजना
1--सदस्यता वृद्धि	संख्या	25,000	1,25,000
2--समितियों में अंशधन वृद्धि (लाख रु0)		100	500
(अ) अल्पकालीन ऋण ,, ...		2,400	14,000
(ब) मध्यकालीन ,, ,, ...		1,060	5,900
(स) दीर्घकालीन ,, ,, ...		150	865

योजना पर वर्ष 1990-91 में 80,61,000 रु0 तथा 8वीं योजनावधि में कुल 4,77,23,000 रु0 व्यय का अनुमान है। नुसार वर्ष 1990-91 के लिये 80,63,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त की जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

151--सहकारिता--

02--सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 73,38

01-अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

12--अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को समितियों के सदस्य बनाने हेतु अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 1,30

योग, 2251 74,68

6551-पहाड़ी क्षेत्रों के लिये उधार--आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

151-सहकारिता--

(..) सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना के अन्तर्गत सहकारी बैंकों की शाखाओं के भवन निर्माण हेतु ऋण--

24--निवेश/ऋण-- 4,25

151--सहकारिता--

03-सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना के अन्तर्गत सहकारी नगरीय बैंकों को साज-सज्जा हेतु ऋण--

24--निवेश/ऋण 40

08--अनुसूचित जाति के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजनान्तर्गत सहकारी समितियों के सदस्य बनाने हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को ब्याज रहित ऋण--

24--निवेश/ऋण 1,30

योग, 6551 5,95

कुल योग .. 80,63

सहकारी क्रय-विक्रय एवं भण्डारण योजना।

कृषि उत्पादकों की उनकी उपज का समुचित मूल्य दिलाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सहकारी क्रय-विक्रय समितियों का मुख्य उद्देश्य निर्बल वर्ग के कृषकों को विशेष रूप से उनके निकटतम स्थानों पर कृषि उपजों के क्रय की व्यवस्था कर सुविधा पहुंचाना है। कृषि उपजों के उचित मूल्य दिलाने के अतिरिक्त कृषकों को कृषि उत्पादन में वृद्धि करने हेतु कृषि निवेशों जैसे उर्वरक, बीज आदि की आवश्यकताओं की पूर्ति करना एवं उनकी दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण करना इत्यादि कार्यक्रमों में इस योजना के आकांक्षाएं एवं अपेक्षाएं की गई हैं। इसके अतिरिक्त शासन की नीतियों के अनुसार ग्रामीण अंचल के दूरस्थ क्षेत्र तक क्रय केन्द्र खोलकर कृषकों को माल ले जाने के व्यय एवं समय को बचाने तथा उनको बिचौलियों के शोषण से बचाकर उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाकर कृषकों को सहायता पहुंचाना भी योजना का मूल उद्देश्य है। आठवीं योजनावधि में निम्नलिखित कार्यक्रम चलाये जाने का प्रस्ताव है-

(1) सहकारी ऋण समितियों को उर्वरक व्यवसाय हेतु सीमान्त ऋण:—पर्वतीय क्षेत्र में उर्वरक का व्यवसाय मुख्य रूप से सहकारी समितियों द्वारा ही किया जाता है। यहां पर ऊंची नीची भूमि छोटी-छोटी एवं अनार्थिक जोतें तथा अपर्याप्त सिंचाई के साधनों के कारण कृषि उत्पादन बहुत ही कम है। कृषि उत्पादन में वृद्धि करने हेतु यहां पर उर्वरक की खपत बढ़ाई जा रही है। सहकारी समितियां पर्वतीय क्षेत्र के सुदूरवर्ती अंचलों तक फैली हुई हैं और वे समितियां क्षेत्रीय निवासियों को वहीं से उर्वरक की आपूर्ति करती हैं। उर्वरक व्यवसाय के प्रचार-प्रसार और आपूर्ति में भूमिका निभाने वाली इन समितियों की आर्थिक स्थितिकमजोर होने के कारण उर्वरक व्यवसाय में गतिशीलता नहीं आ पा रही है। अतः इन समितियों को उर्वरक व्यवसाय हेतु 15,000 रु० प्रति समिति की दर से सीमान्त ऋण उपलब्ध कराया जाय, ताकि इस ऋण में अपनी बैंक की कैश क्रेडिट लिमिट प्राप्त कर सकें। आठवीं योजनावधि में कुल 18,15,000 रु० तथा वर्ष 1990–91 में 5,30,000 रु० का व्यय अनुमानित है।

(2) सहकारी विकास संघों को उर्वरक व्यवसाय हेतु सीमान्त धन:—सहकारी विकास संघों द्वारा अपनी सदस्य समितियों एवं कृषकों को उर्वरक की सीधी आपूर्ति की जाती है। इस कार्य हेतु संघों को कार्यशील पूंजी की आवश्यकता होती है, जिस हेतु संघों को इस व्यवसाय के लिये कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, ताकि ये संघ ऋण मिल जाने पर जिला सहकारी बैंक में अपनी कैश क्रेडिट सीमा बढ़ाकर व्यवसाय में वृद्धि कर सकें। आठवीं पंचवर्षीय योजनाकाल में इस योजना पर कुल 1,85,000 रु० तथा वर्ष 1990–91 में 60,000 रु० व्यय का अनुमान है।

(3) क्रय-विक्रय समितियों को खाद्यान्न व्यवसाय हेतु सीमान्त धन:—पर्वतीय क्षेत्रों की क्रय-विक्रय समितियों द्वारा मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूं क्रय के अतिरिक्त धान व अन्य खाद्यान्नों का क्रय किया जाता है। इस कार्य हेतु इन समितियों को कार्यशील पूंजी 10,000 रु० प्रति समिति की दर से सीमान्त ऋण के रूप में उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत आठवीं योजनाकाल में 4,10,000 रु० व वर्ष 1990–91 में 60,000 रु० व्यय का अनुमान है।

उक्त योजनाओं के अन्तर्गत 8वीं योजनावधि में कुल 24,10,000 रु० तथा वर्ष 1990–91 में 6,50,000 रु० व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990–91 के लिये 6,50,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

6551—पहाड़ी क्षेत्रों के लिये उधार-आयोजनागत—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

151—सहकारिता—(–) सहकारी-क्रय-विक्रय एवं भण्डारण योजना के अन्तर्गत सहकारी कृषि ऋण समितियों को उर्वरक व्यवसाय हेतु सीमान्त धनराशि—

24—निवेश/ऋण 5,30

6551—पहाड़ी क्षेत्रों के लिये उधार-आयोजनागत—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

151—सहकारिता—(–) सहकारी क्रय-विक्रय एवं भण्डारण योजना के अन्तर्गत जिला सहकारी संघों को उर्वरक व्यवसाय हेतु सीमान्त धनराशि ऋण—

24— निवेश/ऋण 60

6551—पहाड़ी क्षेत्रों के लिये उधार—आयोजनागत—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

151—सहकारिता—

(18) सहकारी क्रय-विक्रय एवं भंडारण योजना के अन्तर्गत विक्रय समितियों को खाद्यान्न व्यवसाय हेतु सीमान्त धनराशि ऋण—

24—निवेश/ ऋण 60

योग .. 6,50

मत्स्य उत्पादन विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	पूंजी लेखे का व्यय ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	इटावा जनपद में मत्स्य प्रक्षेत्र एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना	26,00	..	..	26,00	2405—मीन उद्योग	277 प
2	नई हैचरियों की स्थापना एवं वर्तमान हैचरियों/प्रक्षेत्रों का आधुनिकीकरण	7,00	..	..	7,00	तदैव	277 प
3	ऊसर, जलप्लावित एवं अनुपयोगी भूमि का मत्स्य पालन हेतु उपयोग	25,26	..	..	25,26	तदैव	277 प
4	जनपद जौनपुर में स्थित गूजरताल मत्स्य प्रक्षेत्र के सुधार एवं जल आपूर्ति व्यवस्था	11,02	..	..	11,02	तदैव	278 प
5	हैचरियों का सुधार एवं आधुनिकीकरण	38,00	..	..	38,00	तदैव	278 प
6	सुरहा ताल, बलिया जनपद में मत्स्य बीज की आपूर्ति हेतु मत्स्य प्रक्षेत्र निधरिया का सुधार	15,50	..	..	15,50	तदैव	278 प
	योग	1,22,78	..	..	1,22,78		

इटावा जनपद में मत्स्य प्रक्षेत्र एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना

मत्स्य बीज उत्पादन / मत्स्य व्यवसाय के पेशे में लगे लोगों को प्रशिक्षित तथा मत्स्य बीज उत्पादन के अतिरिक्त मत्स्य प्रक्षेत्र पर जनपद के लोगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से इटावा जनपद की विधूना तहसील के विकास खण्ड रेगूवा कटना में ग्राम समाज की 4-5 हेक्टेयर की जलप्लावित भूमि को तालाबों में परिणित कर निर्माण कराने तथा एक प्रशिक्षण भवन, प्रयोगशाला, छात्रावास (हास्टल) आदि का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इस योजना पर वर्ष 1990-91 में 26,00,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय व्ययक में 26,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2405--मीन उद्योग--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों को सहायता--

03--जिला इटावा जनपद के मत्स्य प्रक्षेत्र / प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु मत्स्य पालक विकास अभिकरण की सहायता--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता .. 26,00

नई हैचरियों की स्थापना एवं वर्तमान हैचरियों/प्रक्षेत्रों का आधुनिकीकरण

मत्स्य बीज की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई मांग को दृष्टिगत रखते हुए चार मत्स्य प्रक्षेत्रों नवाबगंज (उन्नाव), फरीदपुर (बरेली), गूजरताल (जौनपुर) तथा गुरसराय (झांसी) में चाइना टाइप सरकुलर हैचरी लगाये जाने का प्रस्ताव है। निजी क्षेत्र में मत्स्य पालकों को निरन्तर मत्स्य बीज की मांग की पूर्ति हेतु योजना के क्रियान्वयन से मत्स्य प्रक्षेत्रों से मत्स्य बीज उत्पादन का वर्तमान 44 लाख का स्तर बढ़कर 100 लाख तक हो जायेगा। प्रति सरकुलर हैचरी की मत्स्य प्रक्षेत्रों पर स्थापना की लागत 1,75,000 रु० अनुमानित है। आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में इस योजना पर कुल 1,50,00,000 रुपये के व्यय होने का अनुमान है। वर्ष 1990-91 में उक्त चार हैचरियों की स्थापना पर 7,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 7,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2405--मीन उद्योग--आयोजनागत--

101----अन्तर्देशीय मीन उद्योग- (हजार रुपयों में)

01-नई हैचरियों की स्थापना एवं वर्तमान हैचरियों / प्रक्षेत्रों के आधुनिकीकरण की योजना--

33--अन्य व्यय 7,00

ऊसर, जलप्लावित एवं अनुपयोगी भूमि का मत्स्य पालन हेतु उपयोग

प्रदेश के अधिकांश जनपदों में ऊसर, जलप्लावित एवं उथली अनुपयोगी भूमि के सदुपयोग की दृष्टि से एस स्थला पर लगभग आधे हेक्टेयर जलक्षेत्र के तालाबों का निर्माण कराकर उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से पिछड़े स्थानीय लोगों को आवंटित किये जाने हेतु 20 तालाबों का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है। प्रति तालाब निर्माण कार्य आदि की अनुमानित लागत 1.20 लाख रु० होगी। इसके अलावा ऐसे 20 तालाबों पर 2-2 ट्यूबवेल भी लगाये जायेंगे जिनकी अनुमानित लागत 1.26 लाख रुपये होगी। योजनान्तर्गत निर्मित तालाबों का आवंटन करके उन्हें पट्टाधारकों के रूप में प्रथम वर्ष में इनपुट्स हेतु 2,000 रु० से 2,550 रु० तक का ऋण सहायता तथा 25 प्रतिशत अनुदान सहायता क्रमशः संस्थागत वित्त तथा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। दूसरे वर्ष से प्रत्येक तालाब से मत्स्य उत्पादन प्रारम्भ होने के साथ-साथ मत्स्य पालक को लगभग 7,500 रु० से 10,000 रु० तक की वार्षिक आय प्राप्त होने लगेगी। यह योजना वर्ष 1990-91 में जनपद बुलन्दशहर में चलाई जायेगी। इस योजना पर आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1990-95) में कुल 1,60,00,000 रु० तथा वर्ष 1990-91 में 25,26,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 25,26,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2405--मीन उद्योग-आयोजनागत---- (हजार रुपयों में)

800--अन्य व्यय--

09--ऊसर, जलप्लावित एवं अनुपयोगी भूमि का मत्स्य पालन हेतु उपयोग किये जाने की योजना

33--अन्य व्यय 25,26

जनपद जौनपुर में स्थित गूजरताल मत्स्य प्रक्षेत्र के सुधार एवं जल आपूर्ति व्यवस्था

राजकीय मत्स्य प्रक्षेत्र गूजरताल (जौनपुर) प्रक्षेत्र में बढ़ती हुई मत्स्य बीज की आपूर्ति एवं अनवरत वर्षा तथा यदाकदा बाढ़ के कटाव के कारण प्रक्षेत्र का क्षतिग्रस्त उत्तरी एवं कुछ दक्षिणी भाग को ठीक करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त समय-समय पर सूखे एवं पानी के अभाव में प्रौढ़ मछलियों क रख-रखाव में असुविधा होती है। अतएव पानी की सुचारू व्यवस्था हेतु 5 हार्स पावर के दो बिजली के पम्पसेट लगवाने की परम आवश्यकता है। इसी प्रकार आगामी प्रजनन काल से पूर्व इस प्रक्षेत्र की विधिवत् मरम्मत एवं सुधर किया जाना अति आवश्यक है जिनसे कि मत्स्य प्रक्षेत्र की उत्पादन क्षमता वर्तमान में जो कि 45.0 लाख मत्स्य बीज उत्पादन की है, सुधारोपरान्त 100 लाख मत्स्य बीज उत्पादन की हो सकेगी। प्रक्षेत्र के सुधार एवं पानी की सुचारु व्यवस्था हेतु कुल 11,02,000 रु0 की व्यवस्था वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2405--मीनउद्योग--आयोजनागत--

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों की सहायता--

04--जनपद जौनपुर में स्थित गूजरताल मत्स्य प्रक्षेत्र में सुधार एवं जल आपूर्ति व्यवस्था हेतु मत्स्य पालक विकास अभिकरण को सहायता (जिला योजना)--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता .. 11,02

हैचरियों का सुधार एवं आधुनिकीकरण

मत्स्य बीज उत्पादन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बड़े आकार की हैचरियों का निर्माण कराया गया था। शारदा हैचरी, सीतापुर, सरयू हैचरी, फैजाबाद राप्ती हैचरी, बस्ती, अमेठी हैचरी, सुल्तानपुर, त्रिवेणी हैचरी, इलाहाबाद की हैचरियों के आधुनिकीकरण के अन्तर्गत नये प्रकार के हैचिंग पूल, पी0बी0सी0पाइप लाइन की व्यवस्था आदि कार्य कराये जाने के लिए 14.50 लाख रु0 की आवश्यकता है। मथुरा जनपद में स्थापित यमुना हैचरी के आधुनिकीकरण एवं रिमाडलिंग हेतु 16.50 लाख रु0 की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत निर्मित चार हैचरि क्रमश: गोमती (लखनऊ), त्रिवेणी (इलाहाबाद), अमेठी (सुल्तानपुर), सरयू हैचरी (फैजाबाद) में कम्प्रेशर और स्प्रिंकल सिस्टम लगाने हेतु 7.00 लाख रु0 की आवश्यकता है। इस प्रकार हैचरियों के सुधार एवं आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय व 1990-91 के आय-व्ययक में 38,00,000 लाख रु0 की व्यवस्था की गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2405--मीन उद्योग-आयोजनागत--

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रम और अन्य उपक्रमों को सहायता-- (हजार रुपयों में)

05--हैचरियों का सुधार एवं आधुनिकरण हेतु मत्स्य पालक विकास अभिकरण को अनुदान - (जिला योजना)

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता .. 38,0(

सुरहा ताल, बलिया जनपद में मत्स्य बीज की आपूर्ति हेतु मत्स्य प्रक्षेत्र निधरिया का सुधार

सुरहाताल जनपद बलिया मुख्यालय से 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस ताल के निकट लगभग 45 हज व्यक्ति निवास करते हैं जिसमें से लगभग 8 हजार मछुआ समुदाय के व्यक्तियों की रोजी रोटी इसी ताल पर निर्भर है। ताल का लग 80 प्रतिशत क्षेत्रफल निजी स्वामित्व के अन्तर्गत है तथा शेष 20 प्रतिशत विभिन्न ग्राम सभाओं में निहित हैं। वर्तमान समय सुरहाताल से बहुत कम मछली प्राप्त होती है। फलस्वरूप प्रतिदिन प्रत्येक व्यक्ति को 2 से 3 किलो मछली प्राप्त हो पाती है। सुरहाताल को विकसित करने की संभावनाओं की दृष्टि से भारत सरकार से एक उ स्तरीय टीम ने मौके पर स्थिति की जांच करते हुये यह सुझाव दिया कि उक्त झील को तुरन्त विकसित किया जाय। इ विकास पर 15,50,000 रु0 का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 15,50,000 रु0 व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों

2405--मीन उद्योग-आयोजनागत--

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों की सहायता--

06--सुरहा ताल, बलिया जनपद में मत्स्य बीज की आपूर्ति हेतु मत्स्य प्रक्षेत्र निधरिया के सुधार हेतु मत्स्य पालक विकास अभिकरणों की सहायता (जिला योजना)--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 15,5

पंचायती राज विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय: पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है ।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	ग्राम पंचायत अधिकारियों का प्रशिक्षण	3,42	..	..	3,42	2515-अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम	281 प
2	पंचायत उद्योगों के लिये कर्मशाला भवनों का निर्माण (जिला योजना)	1,80	..	..	1,80	तदैव	281 प
3	पंचायत उद्योग प्रबन्धकों का प्रशिक्षण	92	..	..	92	तदैव	281 प
4	ग्राम सभाओं में पंचायत भवनों का निर्माण	7,20	..	..	7,20	तदैव	282 प
5	ग्रामीण आबादी क्षेत्र में खन्ड़जा तथा नालियों का निर्माण	3,24	..	..	3,24	तदैव	282 प
6	ग्राम सभाओं को अपनी आय में वृद्धि हेतु प्रोत्साहन के लिये अनुदान	6,48	..	..	6,48	तदैव	282 प
7	सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का प्रशिक्षण	66	..	..	66	तदैव	283 प
8	पंचायती राज पदाधिकारियों का प्रशिक्षण	6,00	..	..	6,00	तदैव	283 प
9	ग्राम पंचायत अधिकारियों के लिए आवास भवनों का निर्माण	..	3,06	..	3,06	4515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर पूंजी परिव्यय	283 प
10	ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत शौचालयों का निर्माण	..	26,39,03	..	26,39,03	तदैव	283 प
	योग ..	29,72	26,42,09	..	26,71,81		

ग्राम पंचायत अधिकारियों का प्रशिक्षण

इस योजना के अन्तर्गत नव नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियो का 6 माह का प्रसार प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। यह प्रशिक्षण सेवाकाल में केवल एक बार दिया जायेगा। सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि की इस योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजनाकाल में भी चालू रखना प्रस्तावित है। प्रशिक्षार्थियों के योजना व्यय, यात्रा व्यय, अध्ययन, भ्रमण तथा प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रासंगिक व्यय आदि पर आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1990--95) में कुल 28,80,000 रु० तथा वर्ष 1990-91 में 3,42,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय व्ययक में 3,42,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम-- आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

101--पंचायती राज--

07--पंचायत सेवकों का प्रशिक्षण--

04--यात्रा-व्यय	36
06--कार्यालय व्यय	2,88
33--अन्य व्यय	18
योग ..	3,42

पंचायत उद्योगों के लिये कर्मशाला भवनों का निर्माण (जिला योजना)

अधिकांश पंचायत उद्योगों के पास उत्पादन केन्द्र शोरूम उपलब्ध नहीं है, अत: इन उद्योगों के लिये कार्यशाला भवनों का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है। इन भवनों में कृषि उपकरणों की मरम्मत के लिए सेवा केन्द्रों की स्थापना के अतिरिक्त ग्रामीण कारीगरों को उचित प्रशिक्षण देने के साथ ही कार्यशाला में उत्पादित कृषि उपकरणों को लघु तथा सीमान्त कृषकों, अनुसूचित जाति, निर्बल वर्ग एवं भूमिहीन कृषक मजदूरों को किस्तों में उपलब्ध कराया जायेगा। यह योजना पूर्व वर्षों से चलती चली आ रही है तथा इसे अब आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में भी चालू रखने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में योजना पर 1,80,000 रुपये के व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,80,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम-- आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

800--अन्य व्यय--

04--पंचायत उद्योगों के लिये कार्यशाला भवनों का निर्माण (जिला योजना)

19--लघु निर्माण कार्य 1,80

पंचायत उद्योग प्रबन्धकों का प्रशिक्षण

नित्य प्रति बदलते हुए वैज्ञानिक और तकनीकी परिवेश के अनुरूप पंचायत उद्योगों के व्यवस्थापकों को नई-नई विधियों और स्थितियों की जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव है। योजना के अन्तर्गत सेवाकालीन प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी जिसमें 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि में उद्योग व्यवस्थापकों को 30 रुपये प्रति दिन के दर से स्टाइपेन्ड दिया जायेगा तथा पर्यवेक्षकों को 150 रुपये प्रति दिन लेक्चर की दर से मानदेय दिया जायेगा। यह योजना पूर्व वर्षों से चल रही है तथा इसे आठवीं पंचवर्षीय योजना काल में भी चलाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में व्यय की जाने वाली धनराशि से 120 पंचायत प्रबन्धकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। वर्ष 1990-91 में इस योजना पर 92,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 92,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

101--पंचायती राज--

11--पंचायत उद्योगों के कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिये सहायक अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 92

ग्राम सभाओं में पंचायत भवनों का निर्माण।

पंचायत भवनों का निर्माण, ग्रामीणों के सामाजिक कार्यकलापों, ग्राम स्तर के सरकारी कर्मचारियों के ठहरने, ग्राम सभा में पुस्तकालयों की स्थापना तथा विकास कार्यों के संबंध में गोष्ठी आदि आयोजित करने के लिए आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुलने वाले राष्ट्रीयकृत ग्रामीण बैंकों की शाखाओं के लिये भी पंचायत भवनों में स्थान उपलब्ध कराया जा सकता है जिससे ग्राम सभाओं के आय के स्रोत खुल सकें। यह योजना पूर्व वर्षों से चल रही है तथा इसे आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1990-95) में भी चालू रखने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में एक पंचायत भवन का निर्माण 80,000 रुपये की लागत से किया जायेगा जिसमें 90 प्रतिशत अर्थात् 72,000 रुपये का अधिकतम शासकीय अनुदान दिया जायेगा तथा शेष 10 प्रतिशत जो कम से कम 8,000 रुपये होगी, की धनराशि ग्राम सभाओं द्वारा अपने संसाधनों से वहन की जायेगी। आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (वर्ष 1990--95) में कुल 1685.92 लाख रुपये तथा वर्ष 1990-91 में 7,20,000 रुपये के व्यय होने का अनुमान है तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 7,20,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम---आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

101--पंचायती राज--

15--पंचायत भवनों क निर्माण के लिये अनुदान (जिला योजना)--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 7,20

ग्रामीण आबादी क्षेत्र में खड़ंजा तथा नालियों का निर्माण।

वर्षा ऋतु में प्राय: अधिकांश ग्रामों के रास्तों की स्थिति अत्यन्त सोचनीय हो जाती है। कच्चे मार्गों में कीचड़ तथा जल भराव के कारण अनेक बीमारियों की आशंका रहती है। अत: ग्रामों के रास्तों पर खड़ंजा लगाने तथा नाली निर्माण का कार्य अत्यावश्यक है। चूंकि ग्राम सभा इस कार्य को पूर्ण तथा अपने संसाधनों से कराने की स्थिति में नहीं होती, अत: ग्राम सभाओं को इस प्रयोजनार्थ सहायक अनुदान पूर्व वर्षों में दिया जाता रहा है। योजना की उपयोगिता देखते हुए इसे आठवीं पंचवर्षीय आयोजनावधि में भी चलाने का प्रस्ताव है। अनुदान केवल उन्हीं ग्राम सभाओं को दिया जायेगा जो कम से कम 10 प्रतिशत अर्थात् 6,000 रुपये अपने संसाधनों से लगाने के लिये तैयार हो। शासन द्वारा अधिकतम 54,000 रुपये का अनुदान दिया जायेगा। योजना के अन्तर्गत एक ग्राम सभा में 60,000 रुपये का कार्य कराया जायेगा। वर्ष 1990-91 में 3,24,000 रुपये से 6 ग्राम सभाओं में खड़ंजा तथा नाली निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 3,24,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

101--पंचायती राज-

02--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

0201--ग्रामीण पर्यावरण में स्वच्छता के लिये खड़ंजा तथा भूमिगत नालियों के निर्माण हेतु अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 3,2

ग्राम सभाओं को अपनी आय में वृद्धि हेतु प्रोत्साहन के लिए अनुदान।

ग्राम सभाओं को अपनी आय में वृद्धि के लिए प्रोत्साहन तथा उनमें विकास कार्यों के प्रति एक स्वस्थ स्पर्धा उत्पन्न करने के लिए प्रत्येक जिले की तीन सर्वश्रेष्ठ ग्राम सभाओं को पुरस्कृत किये जाने की विगत वर्षों से चल रही योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजनाकाल में भी चलाने का प्रस्ताव है। पुरस्कार के लिए ऐसी ग्राम सभाओं का चयन किया जायेगा जो अपनी आय में करों, शुल्क, भूमि प्रबन्ध, संपत्ति तथा अन्य साधनों से गत तीन वर्षों की तुलना में सर्वाधिक वृद्धि करेंगी। प्रथम पुरस्कार 6,000 रु0 द्वितीय पुरस्कार 4,000 रु0 तथा तृतीय पुरस्कार 2,000 रु0 का होगा। पुरस्कार की धनराशि को ग्राम सभाओं द्वारा सार्वजनिक हित कार्यों जैसे पेय जल की व्यवस्था, रास्तों को पक्का करना तथा स्ट्रीट लाइट आदि पर व्यय की जायेगी। इस पर वर्ष 1990-91 में 6,48,000 रु0 का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 6,48,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

101--पंचायती राज--

09--पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा उनकी आय में वृद्धि करने के लिए अनुदान (जिला योजना)--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 6,4

सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का प्रशिक्षण

नव नियुक्त एवं पदोन्नति प्राप्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की कार्यक्षमता बढ़ाने एवं पंचायतों का कार्य सुचारु रूप से चलाने हेतु 45 दिन का प्रशिक्षण दिये जाने वाली चालू योजना को आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में भी चलाये जाने का प्रस्ताव है। आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में कुल 500 सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु 5,50,000 रु० तथा वर्ष 1990-91 में 60 सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को प्रशिक्षिण दिये जाने हेतु 66,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 66,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों में विभाजन--

2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

101--पंचायती राज--

08--नव नियुक्त सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) का प्रशिक्षण--

33--अन्य व्यय 66

पंचायती राज पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

ग्राम पंचायतों के नव निर्वाचित प्रधानों एवं जिला परिषद के सदस्यों को विभागीय अधिनियमों/नियमों, शासन की ग्राम्य विकास से संबंधित योजनाओं तथा अभिलेखों के रख/रखाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना नितान्त आवश्यक है ताकि वह जनता की बेहतर सेवा के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन कर सकें। विकास खण्ड तथा तहसील स्तर पर 6 दिवसीय सत्रों में शिविर लगाकर ग्राम प्रधानों तथा जिला परिषद के सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा सकेगा, जिस पर वर्ष 1990-91 में 6,00,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है। अतः वर्ष 1990-91 के आय व्ययक में 6,00,000 रुपये आवर्तक की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम---आयोजनागत--

101--पंचायती राज--

12--पंचायती राज पदाधिकारियों का प्रशिक्षण--

33--अन्य व्यय 6,00

ग्राम पंचायत अधिकारियों के लिए आवास भवनों का निर्माण

प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में ग्राम पंचायत अधिकारियों को ग्राम सभा स्तर पर आवास सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1990-95) में ग्राम पंचायत अधिकारियों के लिए आवासीय भवनों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है एक आवासीय भवन के निर्माण के लिए लगभग 44,000 रु० की धनराशि की आवश्यकता होगी। भवन निर्माण के लिए भूमि की व्यवस्था ग्राम सभा द्वारा निःशुल्क की जायेगी। वर्ष 1990-91 में इस पर 3,06,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार, आय-व्ययक में 3,06,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति भूमि उपलब्ध हो जाने तथा विस्तृत आगणन एवं नक्शा आदि उपलब्ध कराये जाने पर दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

101--पंचायती राज--

01--ग्राम पंचायत अधिकारियों के लिए आवासीय भवनों का निर्माण (जिला योजना)--

18--वृहत् निर्माण-कार्य 3,06

ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत शौचालयों का निर्माण

ग्रामीण वातावरण में सुधार हेतु विशेषतः महिला वर्ग द्वारा अनुभव की जा रही असुविधाओं को दृष्टि में रखते हुए आठवीं पंचवर्षीय योजनाकाल (वर्ष 1990-95) में शौचालयों का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में एक वृहद कार्यक्रम चलाये जाने का प्रस्ताव है। जिसके अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में 2,00,000 ग्रामीण शौचालय निर्मित कराये जायेंगे। शौचालयों के निर्माण हेतु एक यूनिट के लिये निर्माण लागत 1,500 रुपये निर्धारित किये गये हैं जिसमे 30 रुपये प्रति इकाई प्रशासनिक व्यय के रूप में निर्धारित हैं। पर्वतीय क्षेत्र व बुन्देलखण्ड क्षेत्र में निर्माण कार्य की कठिनाई को दृष्टि में रखते हुए इन क्षेत्रों में एक यूनिट की लागत प्रशासनिक व्यय सहित 1,725 रु० निर्धारित की गई है। ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक चयनित ग्राम में कम से कम 50 घरों में शौचालयों का निर्माण किया जायगा तथा पर्वतीय क्षेत्रों व बुन्देलखण्ड में प्रत्येक चयनित ग्राम में 20 घरों में शौचालय निर्मित किये जायेंगे। योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवारों को प्राथमिकता दी जायगी। प्रत्येक लाभार्थी को 20 प्रतिशत धनराशि अपने संसाधनों से लगानी अनिवार्य होगी। करने वाले कर्मियों के वेतन/भत्तों

आदि पर होने वाला व्यय यूनिट लागत में सम्मिलित प्रशासनिक व्यय की मद से वहन किया जायेगा। वर्ष 1990-91 में योजनान्तगत कुल 26,39,03,000 रुपये का व्यय निहित है जिसका 50 प्रतिशत अर्थात् 13,19,51,500 रुपये की धनराशि भारत सरकार से प्राप्त होने का अनुमान है। तदनुसार 26,39,03,000 रुपये की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

4515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत--

800--अन्य व्यय--

01--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधारित योजनायें--

0101--ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत शौचालयों का निर्माण (जिला योजना)

18--वृहत् निर्माण कार्य 26,39,03

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई
	रु0		
अनुदान	13,19,52	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान-- 800--अन्य अनुदान-- 14--पंचायती राज विभाग-- (--) अन्य अनुदान	50 प्रतिशत

महिला कल्याण विभाग

वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990–91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990–91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
	2	3	4	5	6	7	8
1	मेडिसिन किट्स आपूर्ति का लेखा समायोजन।	71,06	..	..	71,06	2235-सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	287 प
2	पुष्टाहार कार्यक्रम के लिए धन की व्यवस्था	7,05,00	..	..	7,05,00	तदैव	267 प
3	बाल विकास परियोजनाओं के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों/संस्थाओं को अनुदान	7,00	..	..	7,00	तदैव	288 प
4	रोजगार कार्यक्रम की समर्थन योजना	3,00,00	..	..	3,00,00	तदैव	288 प
5	गेहूं पर आधारित भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला पुष्टाहार	2,70,15	..	..	2,70,15	तदैव	289 प
6	नयी बाल विकास परियोजना की स्थापना	4,26,57	..	..	4,26,57	तदैव	289 प
7	केयर नामक संस्था को अनुदान	15,00	..	..	15,00	तदैव	290 प
8	उ0 प्र0 महिला कल्याण निगम के अंशकों का क्रय	..	39,21	..	39,21	4235-सामाजिक सुरक्षा और कल्याण पर पूंजी परिव्यय	291 प
9	श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण	..	50,00	..	50,00	तदैव	291 प
	योग,	17,94,78	89,21	..	18,83,99		

मेडिसिन किट्स आपूर्ति का लेखा समायोजन

बाल विकास परियोजना कार्यक्रम केन्द्र पुरोनिधानित योजना है जिसके अन्तर्गत 6 वर्ष तक के बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषाहार के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सम्बन्धी सेवा भी उपलब्ध करायी जाती है और इसके अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों को मेडिसिन किट्स वस्तु रूप में उपलब्ध करायी जाती है और इसका लेखा समायोजन करना पड़ता है। इस योजना को आगामी पंचवर्षीय योजना काल में संचालित किये जाने का निश्चय किया गया है जिसमें वर्ष 1990-91 में 71,06,000 रु० का अनावर्तक व्यय का अनुमान है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्ययक में 71,06,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण--आयोजनागत--

02--सामाजिक कल्याण--

102--बाल कल्याण--

01--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनायें--

0108--मेडिसिन किट्स की आपूर्ति हेतु लेखा समायोजन--

25--सामग्री और संपूर्ति 71,06

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई है
राज सहायता	71,06	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान--04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान--800--अन्य अनुदान--49--महिला कल्याण--4901--बाल कल्याण।	शत-प्रतिशत

पुष्टाहार कार्यक्रम के लिए धन की व्यवस्था

वर्ष 1989-90 के लिये स्वीकृत मैदानी बाल विकास परियोजनाओं में जिला योजना के अन्तर्गत कुपोषित बच्चों को 45 पैसे, अति कुपोषित बच्चों को 95 पैसे तथा गर्भवती एवं धात्री माताओं को 75 पैसे की प्रतिदिन की दर से पोषाहार का वितरण किया जाना है। ऐसी परियोजनाओं में शक्कर, दूध, ईंधन तथा ढुलाई के लिये प्रति लाभार्थी 30 पैसे की दर से व्यय किया जायेगा इसके अतिरिक्त पोषाहार की परियोजनाओं तक ढुलाई तथा अन्य व्यय भार का वहन राज्य योजना के अन्तर्गत किया जायेगा। चालू वित्तीय वर्ष में इसी योजना के तहत एक गवेषणात्मक कार्यक्रम चलाया जाना प्रस्तावित है जिसके अन्तर्गत पर्यवेक्षण के तौर पर कुछ विकास खण्डों में 10 से 14 वर्ष तक की लड़कियों को पोषाहार देने के साथ-साथ उनके जीवन यापन के लिये उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रशिक्षित करते हुए खिलौने बनाने, चित्रकारी आदि का कार्य लिया जायेगा। पोषाहार मद के अन्तर्गत जिला योजना तथा राज्य योजना के अन्तर्गत 1990-91 मे 7,05,00,000 रु० व्यय का अनुमान है। तदनुसार इतनी ही धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण--

02--सामाजिक कल्याण--

102--बाल कल्याण--

08--पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत समन्वित बाल विकास परियोजनाओं पर राज्य सरकार द्वारा दिया जाने वाला पोषाहार--

0801--जिला योजना--

33--अन्य व्यय 6,05 00

0802--राज्य योजना--

33--अन्य व्यय 1,00,00

योग .. 7,05,00

बाल विकास परियोजनाओं के संचालन हेतु स्वैच्छिक सगठनों/संस्थाओं को अनुदान

बाल विकास परियोजना, सरेनी, जनपद रायबरेली का संचालन साक्षरता निकेतन नामक स्वैच्छिक संस्था से कराया जा रहा है। साक्षरता निकेतन को इस योजना के अधीन कार्यरत कर्मचारियों के वेतन आदि तथा अन्य प्रासंगिक व्यय हेतु अनुदान दिया जाता है जिसके व्यय का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाता है। उक्त योजना को आगामी योजनाकाल में भी चलाया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1990-91 में इस योजना को चालू रखने में 7,00,000 रुपये का आवर्तक व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 7,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी हैं।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण--आयोजनागत--

02--सामाजिक कल्याण--

107--स्वैच्छिक संगठनों को सहायता--

04--समन्वित बाल विकास परियोजनाओं के संचालन तथा उनमें पुष्टाहार वितरण हेतु स्वैच्छिक संगठनों/संस्थाओं को सहायता शत प्रतिशत भारत सरकार की सहायता-- (हजार रुपयों में)

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता .. .. 7,0(

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभि-धारित की गयी
राज सहायता	7,00	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान--04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान--800--अन्य अनुदान--49--महिला कल्याण--4901-बाल कल्याण।	शत प्रतिशत

रोजगार कार्यक्रम की समर्थन योजना

इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के कार्य तथा रोजगार को सुदृढ़ करने तथा उनका आर्थिक विकास करके उन्हें स्वाव लम्बी बनाना है। इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कृषि, पशुपालन, डेरी, मीन उद्योग, करघा, दस्तकारी, खादी एवं ग्रामोद्य और रेशम उद्योग के क्षेत्र में महिलाओं के कार्य तथा रोजगार को सुदृढ़ करने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। योजना अन्तर्गत प्रत्येक परियोजना के लिये 90 प्रतिशत अनुदान भारत सरकार से प्राप्त होगा तथा शेष 10 प्रतिशत राज्य सरकार द्वा उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना के लिये वर्ष 1990-91 में 3 करोड़ रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार व 1990-91 के आय-व्ययक में 3,00,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षण उपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों मे

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण--

02--सामाजिक कल्याण--

103--महिला कल्याण--

01--केन्द्रीय प्रायोजित/आयोजनागत योजनायें--

0101--महिला रोजगार कार्यक्रम की समर्थन योजना (90 प्रतिशत भारत सरकार की सहायता)--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 3,00,

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसा सहायता की धनराशि अभिधारित की गय
राज सहायता	2,70,00	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान--04--केन्द्र प्रयोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान--800--अन्य अनुदान--49--महिला कल्याण--4902--महिला कल्याण	90 प्रति

गेहूं पर आधारित भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला पुष्टाहार

प्रदेश में संचालित बाल विकास परियोजना कायक्रम के अन्तर्गत कतिपय परियोजनाओं में पुष्टाहार वितरण हेतु भारत सरकार द्वारा गेहूं तथा इसके प्रोसेसिंग, पैकिंग, ढुलाई आदि के लिये प्रदेश सरकार को धनराशि एवं गेहूं आवंटित किया जाता है जिसमें प्रति लाभार्थी 50 पैसे तक की दर से प्रति दिन का व्यय वहन किया जाता है। इस योजना को आठवीं योजना काल में संचालित किये जाने का प्रस्ताव है । वर्ष 1990-91 में 68 परियोजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु लगभग 2,70,15,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,70,15,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

(हजार रुपयों में)

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण-आयोजनागत--
02--सामाजिक कल्याण--
102--बाल कल्याण--
01--केन्द्रीय प्रायोजित आयोजनागत योजनायें:-
0107--परियोजनाओं पर भारत सरकार द्वारा दिये जाने वाला पुष्टाहार--
33--अन्य व्यय 2,70,15

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई
राज्य	2,70,15	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-04-प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान-800-अन्य अनुदान-49-महिला कल्याण-4901-बाल कल्याण	शत-प्रतिशत

नयी बाल विकास परियोजना की स्थापना

वर्तमान में प्रदेश में 230 बाल विकास परियोजना संचालित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 1989-90 में भारत सरकार द्वारा कुल 83 नई विकास परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी है जिसमें से 68 परियोजना मैदानी क्षेत्र की हैं। इन परियोजनाओं में होने वाले व्यय को शतप्रतिशत भारत सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। वर्ष 1990-91 में इन परियोजनाओं पर कुल मिला कर 4,26,57,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। अतः आय-व्ययक में इतनी धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

संख्या	पदनाम	वेतनमान या नियत मानदेय	पदों की संख्या
		रु०	
1	बाल विकास परियोजना अधिकारी/अपर बाल विकास परियोजना अधिकारी ..	1600-2660	80
2	मुख्य सेविका	1200-2040	413
3	वरिष्ठ सहायक	1200-2040	68
4	कनिष्ठ लिपिक	950-1500	80
5	चालक	950-1500	68
6	चपरासी	750-940	80
7	आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री	225 से 325 रुपये तक	8319
8	आंगनबाड़ी सहायिका	110 रु०	8319

(ख) साज-सज्जा के स्थूल ब्योरे--

क्रम-संख्या	नाम वस्तु	मात्रा	दर	लागत
1		3	4	5
1	आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पुष्टाहार पकाने, परोसने, भण्डार करने के बर्तन तथा शैक्षिक सामग्री आदि ..	8319 सेट	1500	1,24,78,50
2	--परियोजना कार्यालयों पर टंकक यंत्र (हिन्दी) तथा फर्नीचर ..	68 सेट	15000	10,20,00
			योग ..	1,34,98,50

3--आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजनः--

(हजार रुपयों में)

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण--
02--सामाजिक कल्याण--
102--बाल कल्याण--
01--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाएं--
0101--समन्वित बाल विकास योजना--

01--वेतन	54,
03--महंगाई भत्ता	21,
04--यात्रा व्यय	1,
05--अन्य भत्ते	2,05,
06--कार्यालय व्यय	11,
09--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण	3,
11--किराया उपशुल्क व कर स्वामिस्व	3,
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	1,24,
33--अन्य व्यय	
योग	4,26,

5--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अवधारित की गई
राज सहायता	4,26,57	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान 04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान 800--अन्य अनुदान-- 49--महिला कल्याण-- 4901--बाल कल्याण	शत प्रतिशत

केयर नामक संस्था को अनुदान

प्रदेश में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में से 40 परियोजनाओं के लिये केयर नामक संस्था से पोषाहार प्राप्त होता है केयर इंडिया के कर्मचारियों की वेतन आदि के व्यय हेतु केयर को अनुदान दिया जाता है। इस योजना को आगामी योजनाकाल चलाया जाना प्रस्तावित। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1990-91 में 15,00,000 रु० का आवर्तक व्यय अनुमानित है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्ययक में 15,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण--
02--सामाजिक कल्याण--
107--स्वैच्छिक संगठनों को सहायता--
14--केयर नामक अन्तर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक संगठनों को पोषाहार वितरण/प्रशासनिक व्यय हेतु अनुदान--
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 15,

3--भारत सरकार से प्राप्त सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी।
राज सहायता	15,00	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 04--केन्द्र प्रायोजित/आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान 800--अन्य अनुदान 49--महिला कल्याण 4901--बाल कल्याण	शत प्रतिशत

उ0 प्र0 महिला कल्याण निगम के अंशकों का क्रय

इस योजना के अन्तर्गत महिला उद्यमियों को जिनके पास अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए धन नहीं है, "मार्जिन मनी" की विधा उपलब्ध करा कर बैंकों से ऋण दिलाया जाना है, और उन्हें प्रोत्साहित करके उनका आर्थिक विकास एवं उन्हें स्वावलम्बी नाने में सहायता दी जानी है। इस योजना के अन्तर्गत महिला कल्याण निगम को अपनी अंश पूंजी से महिलाओं को 10,000 रु0 लेकर 2 लाख रु0 तक की योजनाओं में योजना की लागत का 30 प्रतिशत जिसकी अधिकतम सीमा 30,000 रु0 है, उपलब्ध राती है। शेष 70 प्रतिशत की धनराशि बैंक से ऋण के रूप में विभिन्न बैंकों के माध्यम से महिला उद्यमियों को उपलब्ध कराया ना है। अंशपूंजी का 49 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा तथा 51 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। यह शपूंजी 10 रु0 के इक्यूटि शेयर्स के लिए दी जानी है। इस योजना के लिए वर्ष 1990-91 में 39,21,000 रु0 की आवश्यकता नुमानित है। तदनुसार इस धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षको के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

4235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण पर पूंजी परिव्यय--

02--समाज कल्याण--

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रम तथा अन्य उपक्रमों में निवेश--

01--उ0 प्र0 महिला कल्याण निगम के अंशकों का क्रय--

24--निवेश / ऋण 39,21

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
ज सहायता	19,21	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओ के लिए अनुदान- 800-अन्य अनुदान-- 49--महिला कल्याण 4962--महिला कल्याण	49 प्रतिशत

श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण

श्रमजीवी महिलाओं के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छात्रावास के निर्माण का प्रस्ताव है। तीय वर्ष 1990-91 में लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी एवं आगरा में 60-60 महिलाओं के लिये छात्रावास का निर्माण कराया येगा। इस योजना से श्रमजीवी महिलाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी जिससे वे अपना आर्थिक विकास करके स्वाव-बी बन सकें। छात्रावासों का निर्माण उ0 प्र0 महिला कल्याण निगम के माध्यम से कराया जायेगा एवं निर्माण कार्य पूर्ण हो ने के पश्चात् उसे स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से संचालित किया जायेगा। छात्रावास के निर्माण की कुल लागत का 75 प्रतिशत रत सरकार द्वारा वहन किया जायेगा तथा शेष 25 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। जिस भूमि पर छात्रा-स का निर्माण होना है उसकी लागत का 50 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। इस योजना के लिये 1990-91 में 50 लाख रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 50,00,000 रु0 की व्यवस्था आय-व्ययक में कर गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

4235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण पर पूंजी परिव्यय---

02--सामाजिक कल्याण--

103--महिला कल्याण--

01--केन्द्रीय प्रायोजित/आयोजनागत योजनायें--

0101--श्रमजीवी महिला छात्रावास का निर्माण--

18--बृहत् निर्माण कार्य-- (75 प्रतिशत भारत सरकार की सहायता) .. 50,00

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
राज सहायता	37:50	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान--800--अन्य अनुदान--49 महिला कल्याण--4902--महिला कल्याण	75 प्रतिशत

युवा कल्याण विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	ग्रामीण स्टेडियम की स्थापना	50,00	..	..	50,00	2070—अन्य प्रशासनिक सेवायें	295 प
2	16 वर्षीय बालक/बालिकाओं अखिल भारतीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन	10,00	..	..	10,00	तदैव	295 प
3	स्वयं सेवकों का पुनर्प्रशिक्षण	76,25	..	..	76,25	तदैव	295 प
4	प्रादेशिक विकास दल विभाग के स्वयं सेवकों को 15 दिन का सैन्य प्रशिक्षण (रायफल ट्रेनिंग)	12,60	..	..	12,60	तदव	295 प
5	राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना	5,00	..	..	5,00	तदैव	296 प
6	युवा कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में युवा कल्याण गतिविधियों का प्रसारण	1,00	..	..	1,00	तदैव	296 प
7	महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन दिया जाना	43,00	..	..	43,00	तदैव	296 प
8	प्रदेश के जनपदों में युवा केन्द्रों की स्थापना	..	80,00	..	80,00	4070—अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजी परिव्यय	296 प
	योग	1,97,85	80,00	..	2,77,85		

ग्रामीण स्टेडियम की स्थापना

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिये आवश्यक है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद स्टेडियम का निर्माण किया जाय। ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बालक एवं बालिकाओं को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे जाने में पूर्ण सहयोग मिलेगा तथा उनका खेलकूद में सही मार्गदर्शन हो सकेगा। वर्ष 1990-91 में प्रदेश के 5 जनपदों में ग्रामीण स्टेडियम की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। एक स्टेडियम की स्थापना पर 10,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। वर्ष 1990-91 में 5 स्टेडियम की स्थापना के लिये 50,00,000 रु० के व्यय का अनुमान है तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 50,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2070--अन्य प्रशासनिक सेवायें--आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
800--अन्य व्यय--	
01--प्रादेशिक विकास दल--	
18--वृहत् निर्माण कार्य	50,00

16 वर्षीय बालक/बालिकाओं की अखिल भारतीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

16 वर्षीय बालक/बालिकाओं के प्रथम ग्रुप (दौड़ कूद, थ्रो, एथलेटिक्स) की अखिल भारतीय प्रतियोगितायें लखनऊ में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है जिस पर वर्ष 1990-91 में 10,00 000 रु० का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्ययक में 10,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2070--अन्य प्रशासनिक सेवायें--आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
800--अन्य व्यय--	
01--प्रादेशिक विकास दल--	
33--अन्य व्यय	10,00

स्वयंसेवकों का पुनप्रशिक्षण

प्रादेशिक विकास दल के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की विभागीय योजनाओं एवं राष्ट्रीय योजनाओं में भागीदारी करने की योजना बनायी गयी है। विभाग के 70,000 प्रशिक्षित स्वयंसेवकों में से 25,000 स्वयंसेवकों को 15 दिन का पुनप्रशिक्षण वर्ष 1990-91 में प्रस्तावित है जिस पर वर्ष 1990-91 में 76,25,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार आय-व्ययक में 76,25,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2070--अन्य प्रशासनिक सेवायें--आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
800--अन्य व्यय--	
01--प्रादेशिक विकास दल--	
33--अन्य व्यय	76,25

प्रादेशिक विकास दल विभाग के स्वयं सेवकों को 15 दिन का सैन्य प्रशिक्षण (रायफल ट्रेनिंग)

प्रादेशिक विकास दल विभाग के सुदृढ़ीकरण की कार्यवाही के अन्तर्गत प्रादेशिक विकास दल के प्रशिक्षित स्वयं सेवकों को 15 दिन का सैन्य प्रशिक्षण (रायफल ट्रेनिंग) दिया जाना प्रस्तावित है ताकि स्वयंसेवकों का अधिक से अधिक सदुपयोग शान्ति सुरक्षा व्यवस्था में किया जा सके। प्रथम चरण में प्रदेश के समस्त जनपदों के 50-50 स्वयं सेवकों को 15 दिन का सैन्य प्रशिक्षण निदेशालय स्तर पर दिया जाना प्रस्तावित है जिस पर वर्ष 1990-91 में 12,60,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 12,60,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2070--अन्य प्रशासनिक सेवायें--आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
800--अन्य व्यय--	
01--प्रादेशिक विकास दल--	
33--अन्य व्यय	12,60

राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना।

प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास विभाग के पास सरोजनीनगर में उपलब्ध किदवई/शास्त्री भवन में की जायेगी। प्रशिक्षण संस्थान में विभाग के अधिकारियों एवं अवैतनिक सदस्यों को युवा कल्याण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु उपयुक्त बनाने के लिये प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव है। जिस पर वर्ष 1990-91 में 5,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार आय-व्ययक में 5,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2070--अन्य प्रशासनिक सेवायें--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

800--अन्य व्यय--

01--प्रादेशिक विकास दल--

33--अन्य व्यय 5,00

युवा कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में युवा कल्याण गतिविधियों का प्रसारण

युवा कल्याण योजनाओं के बारे में जन-जन को अवगत कराने तथा ग्राम स्तर पर भी इसकी अधिकाधिक जानकारी देने के लिये कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार होना अति आवश्यक है। प्रदेश स्तरीय खेलकूद के साथ-साथ इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद भी युवा कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किये जायेंगे। प्रचार-प्रसार के लिये वीडियो कवरेज, विज्ञापन गोष्ठियां एवं प्रदर्शनियां आयोजित किया जाना प्रस्तावित है जिस पर वर्ष 1990-91 में 1,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार आय-व्ययक में 1,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2070--अन्य प्रशासनिक सेवायें--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

800--अन्य व्यय--

01--प्रादेशिक विकास दल--

33--अन्य व्यय-- 1,00

महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन दिया जाना

महिला मंगल दलों द्वारा अच्छे कार्य किये जाने पर उनको प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड के महिला मंगल दलों को विभागीय एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त होने पर एक सिलाई मशीन के साथ-साथ क्रमशः 1,000 रुपये, 500 रु० एवं 300 रु० का नकद पुरस्कार प्रदान किये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में इस योजना पर 43,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 43,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2070--अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

800--अन्य व्यय--

01--प्रादेशिक विकास दल--

33--अन्य व्यय 43,00

प्रदेश के जनपदों में युवा केन्द्रों की स्थापना।

युवा केन्द्रों की स्थापना का उद्देश्य प्रदेश के युवा वर्ग की प्रतिभा को विकसित करना, युवा गतिविधियों से संबंधित युवा गोष्ठी, युवा नेतृत्व के उद्देश्य से व्यायाम एवं जिमनास्टिक के कार्यक्रम, साहसिक कार्यक्रम, वाचनालय, पुस्तकालय तथा युवाओं को राष्ट्रीय मुख्य धारा से जोड़ने हेतु उनके चरित्र निर्माण, युवकों में अनुशासन की भावना तथा राष्ट्रीय एकीकरण एवं कौमी एकता की भावना पैदा करना है। वित्तीय वर्ष 1990-91 में प्रदेश के चार जनपदों में युवा केन्द्रों की स्थापना प्रस्तावित है। एक युवा केन्द्र की स्थापना हेतु 20,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है, तदनुसार चार जनपदों में युवा केन्द्रों हेतु 80,00,000 रु० की धनराशि अपेक्षित है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 80,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4070--अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

800--अन्य व्यय--

02--प्रदेश के जनपदों में युवा केन्द्रों की स्थापना--

33--अन्य व्यय 80,00

------ ------

राजस्व विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	भूमि प्रबन्ध संस्थान की स्थापना	10,00	..	..	10,00	2029-भू-राजस्व	299 प
2	ग्रामीण आवास स्थल आवंटन योजना	25,00	..	..	25,00	2216-आवास	299 प
3	प्रदेश की विभिन्न तहसीलों के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु भूमि का अर्जन।	..	2,00,00	..	2,00,00	4059-सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय	299 प
4	प्रदेश की कतिपय तहसीलों के आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण	..	8,00,00	..	8,00,00	तदैव	300 प
5	प्रदेश की विभिन्न तहसीलों के अनावासीय भवनों का निर्माण	..	4,50,00	..	4,50,00	तदैव	300 प
6	राजस्व विभाग के निर्माणाधीन आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण	..	4,00,00	..	4,00,00	तदैव	300 प
7	प्रदेश की विभिन्न तहसीलों के आवासीय भवनों का निर्माण	..	2,50,00	..	2,50,00	4216-आवास पर पूंजी परिव्यय	300 प
	योग ..	35,00	21,00,00	..	21,35,00		

भूमि प्रबन्ध संस्थान स्थापना

प्रदेश में भूमि के विविध उपयोगों, भूमि से संबंधित प्रशिक्षणों एवं प्रबन्धों में गुणात्मक सुधार लाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश एक भूमि प्रबन्ध संस्थान स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है जिस पर वर्ष 1990-9 में 10,00,000 रु० का व्यय अनुमानित । तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 10,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है ।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2029--भू-राजस्व-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

800--अन्य व्यय--

02--भूमि व्यवस्था (लैण्ड रिफार्म) आयुक्त--

0206--भूमि प्रबन्ध संस्थान की स्थापना

33--अन्य व्यय 10,00

ग्रामीण आवास स्थल आवंटन योजना

प्रदेश में ग्रामीण आवास स्थल आवंटन योजना हेतु भूमि अधिग्रहीत किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 में प्रतिकर के तान हेतु 25,00,000 रुपये की आवश्यकता है । तदनुसार चालू वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 25,00,000 रुपये की स्था कर ली गई है । वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी ।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-

2216 --आवास--

03--ग्रामीण आवास--

102--भूमिहीनों के लिये मकानों के स्थान की व्यवस्था--

01--ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन मजदूरों को आवास स्थल दिये जाने की योजना के लिये अनुदान (जिला अनुदान)-- (हजार रुपयों में)

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 12,50

02--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

0201--ग्रामीण क्षेत्र में भूमिहीन मजदूरों को आवास स्थल दिये जाने की योजना के लिये अनुदान (जिला योजना)--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 12,50

योग .. 25,00

प्रदेश की विभिन्न तहसीलों के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु भूमि का अर्जन

वित्तीय वर्ष 1990-91 मे कतिपय तहसीलों के आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु भूमि अर्जन किये जाने का स्ताव है । भूमि अर्जन पर वर्ष 1990-91 में, 2,00,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है जिसकी व्यवस्था आय-व्ययक में म्मिलित कर ली गयी है ।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4059--सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

01--कार्यालयों की इमारतें--

201--भूमि का अधिग्रहण--

06--प्रदेश की कतिपय तहसीलों के आवासीय/अनावासीय/ भवनों के निर्माणार्थ भूमि अधिग्रहण हेतु व्यवस्था--

18--वृहत निर्माण कार्य 2,00,00

प्रदेश की कतिपय तहसीलों के आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण

प्रदेश की अनेक तहसीलों के आवासीय एवं अनावासीय भवनों की दशा बड़ी ही जर्जर है तथा कुछ तहसीलें किराये के भवन में चल रही हैं। अतः वित्तीय वर्ष 1990-91 में प्रदेश की कतिपय तहसीलों के आवासीय तथा अनावासीय भवनों के निर्माण करा जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 8,00,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन :--

	(हजार रुपयों में)
4059--सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--	
800-अन्य व्यय--	
01-आठ तहसीलों के आवासीय भवनों का निर्माण--	
18-वृहत् निर्माण-कार्य	2,40,0(
60-अन्य इमारतें-	
051-निर्माण--	
01-आठ तहसीलों के अनावासीय भवनों का निर्माण--	
18-वृहत् निर्माण-कार्य	5,60,(
योग ..	8,00,(

प्रदेश की विभिन्न तहसीलों के अनावासीय भवनों का निर्माण :

वित्तीय वर्ष 1990-91 में प्रदेश की विभिन्न तहसीलों में 4.50 करोड़ रुपये की लागत पर अवासीय भवनों के निर्मा किये जाने का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 1990-91 म इस कार्य हेतु 4.50 करोड़ रु० का व्यय निहित है। तदनुस वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 4,50,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के ब की जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजारों रुपयों में)
4059--सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--	
01--कार्यालयों की इमारतें--	
101--निर्माण सामान्य पूल आवास--	
06--निर्माण--जिला प्रशासन-प्रदेश की विभिन्न तहसीलों के अनावासीय भवनों का निर्माण	
18-वृहत् निर्माण कार्य	4,50,0

राजस्व विभाग के निर्माणाधीन आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण

वित्तीय वर्ष 1990-91 में प्रदेश के कतिपय आवासीय एवं अनावासीय राजस्व भवनों के निर्माण कार्य पूर्ण कराये ज हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 4,00,00,000 रु० की धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रुपयों
4059--सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--	
800--अन्य व्यय--	
02--आवासीय भवनों का निर्माण-(जिला योजना)--	
18--वृहद् निर्माण कार्य	1,00,
60--अन्य इमारतें--	
051--निर्माण--	
02--अनावासीय भवनों का निर्माण--(जिला योजना)--	
18--वृहत् निर्माण कार्य	3,00,(
योग ..	4,00,0

प्रदेश की विभिन्न तहसीलों के आवासीय भवनों का निर्माण

वित्तीय वर्ष 1990–91 में प्रदेश की विभिन्न तहसीलों में 2.50 करोड़ रु० की लागत पर आवासीय भवनों के निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1990–91 में इस कार्य हेतु 2.50 रु० करोड़ का व्यय निहित है। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में 2,50,00,000 रु० की धनराशि सम्मिलित कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

4216—आवास पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत—

01—सरकारी रिहायशी इमारतें—

700—अन्य आवास—

04—निर्माण जिला प्रशासन-आवास-प्रदेश की विभिन्न तहसीलों के आवासीय भवनों का निर्माण

18-वृहत् निर्माण कार्य 2,50,00

लोक निर्माण विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें --आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	लखनऊ में मौजा जियामऊ डालीबाग बन्धे के पास स्थित नजूल भू-खण्ड पर निर्मित कनिष्ठ अधिकारियों के आवासों के पानी के निकास के लिये पम्पवेल सीवरेज पम्पिंग स्टेशन आदि का निर्माण	..	24,43	..	24,43	4216-आवास पर पूंजी परिव्यय	305 प
2	लखनऊ में मौजा जियामऊ डालीबाग बन्ध के पास स्थित नजूल भूखंड पर निर्मित/निर्माणाधीन विभिन्न श्रेणी के आवासों तथा अतिथि गृह आदि का स्थल विकास	..	30,88	..	30,88	तदैव	305 प
3	राज भवन कालोनी, लखनऊ में एक नलकूप का निर्माण	..	5,00	..	5,00	तदैव	305 प
4	राजभवन कालोनी, लखनऊ स्थित टाइप-4 के आवासों में एक-एक अतिरिक्त कमरे व बाथरूम का निर्माण	..	16,78	..	16,78	तदैव	306 प
5	प्रदेश में मार्गों और पुलों का निर्माण	..	27,15,00	..	27,15,00	5054-सड़कों और पुलों पर पूंजी परिव्यय	306 प
	योग..	..	27,92,09	..	27,92,09		

खनऊ में मौजा जियामऊ डालीबाग बन्धे के पास स्थित नजूल भूखण्ड पर निर्मित कनिष्ठ अधिकारियों के आवासों के पानी के निकास के लिये पम्पवेल, सीवरेज पम्पिंग स्टेशन आदि का निर्माण ,

लखनऊ में शासन के अधिकारियों के आवासों की अत्यधिक कमी को देखते हुए लखनऊ में मौजा जियामऊ डालीबाग धे के पास स्थित नजूल भूखण्ड पर कनिष्ठ अधिकारियों के 32 आवासों का निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के माध्यम कराया गया था। इन आवासों म पानी के निकास के लिये कोई व्यवस्था नहीं थी, अतएव यह प्रस्तावित है कि इन आवासों के पानी निकास के लिये पम्पवेल, सीवरेज पम्पिंग स्टेशन आदि का निर्माण 24,43,000 रुपये की लागत पर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण गम लिमिटेड के माध्यम से कराया जाय। उक्त अनुमानित लागत में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड की देय टेज चार्जेज की धनराशि भी सम्मिलित है। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 24,43,000 रु0 की व्यवस्था र ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

4216--आवास पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--

01--सरकारी रिहायशी इमारतें--

700--अन्य आवास--

07--निर्माण--

लोक निर्माण -आवास-लखनऊ में मौजा जियामऊ डालीबाग बन्धे के पास स्थित नजूल भूखण्ड पर निर्मित कनिष्ठ अधिकारियों के आवासों के पानी के निकास के लिये पम्पवेल तथा सीवरेज पम्पिंग स्टेशन आदि का निर्माण 24,43

नऊ में मौजा जियामऊ, डालीबाग बन्धे के पास स्थित नजूल भूखण्ड पर निर्मित/निर्माणाधीन विभिन्न श्रेणी के आवासों तथा अतिथिगृह आदि का स्थल विकास।

लखनऊ म शासन क अधिकारियों के आवासों की अत्यधिक कमी को देखते हुए शासन द्वारा लखनऊ में मौजा जियामऊ डालीबाग धे के पास स्थित नजूल भूखण्ड पर कनिष्ठ अधिकारियों के 32 आवासों का निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के माध्यम कराया गया था। इसके अतिरिक्त इसी भूखण्ड पर ट्रांजिट हास्टल एवं गेस्ट हाउस तथा श्रेणी-5 के 16 व श्रेणी-6 के 8 वासों का भी निर्माण कराया जा रहा है। यह भूखण्ड बाहरी सड़क से काफी नीचा है और स्थल विकास का प्राविधान उक्त बन्धित कार्यों में नहीं किया गया है। अतएव यह प्रस्तावित है कि भूखण्ड में निर्मित / निर्माणाधीन कार्यों की पूर्ण योजना का स्थल कास कार्य 30,88,000 रु0 की अनुमानित लागत पर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0 के माध्यम से कराया य। उक्त अनुमानित लागत में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0 को देय सेन्टेज चार्जेज की धनराशि भी सम्मिलित है। नुसार वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 30,88,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

4216--आवास पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत--

01--सरकारी रिहायशी इमारतें--

700--अन्य आवास--

07--निर्माण--

लोक निर्माण आवास--लखनऊ में मौजा जियामऊ डालीबाग बन्धे के पास स्थित नजूल भूखण्ड पर निर्मित / निर्माणाधीन कार्यों की पूर्ण योजना का स्थल विकास .. 30,88

राजभवन कालोनी, लखनऊ में एक नलकूप का निर्माण।

लखनऊ में राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन राजभवन कालोनी में उच्चाधिकारियों के आवासों में जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था न होने के कारण अध्यासियों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अध्यासियों की कठिनाई का समाधान करने उद्देश्य से वहां पर 6,46,000 रुपये की लागत से एक नलकूप, पम्प हाउस आदि का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है। उक्त कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 में 5,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:-- (हजार रुपयों में)

4216-आवास पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--

01-सरकारी रिहायशी इमारतें--

700-अन्य आवास--

07-निर्माण-लोक निर्माण-आवास-लखनऊ में राजभवन कालोनी में जल आपूर्ति के लिए नलकूप, पम्प हाउस आदि का निर्माण 5,00

राजभवन कालोनी, लखनऊ स्थित टाइप–4 के आवासों में एक-एक अतिरिक्त कमरे व बाथरूम का निर्माण

लखनऊ में राज्य सम्पत्ति विभाग के नियन्त्रणाधीन राजभवन कालोनी में टाइप–4 के आवासों में सचिव स्तर एवं अन्य समकक्ष वरिष्ठ अधिकारीगण निवास करते हैं जिन्हें उनके स्तर का आवास उपलब्ध नहीं हो पाया है जिसके कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है। अतः राजभवन कालोनी स्थित टाइप–4 के सभी आवासों में एक-एक अतिरिक्त कमरे व बाथरूम का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 1990–91 में आवासों में एक-एक अतिरिक्त कमरा व बाथरूम का निर्माण कराये जाने के लिये 16,77,750 रु0 की आवश्यकता है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्यय में 16,78,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

4216—आवास पर पूंजी परिव्यय–आयोजनागत

01—सरकारी रिहायशी इमारतें—

700—अन्य आवास—

07-लोक निर्माण–आवास—

—राजभवन कालोनी स्थित टाइप—4 के आवासों में एक-एक अतिरिक्त कमरे व बाथरूम का निर्माण—

18–वृहत् निर्माण कार्य 16,7

प्रदेश में मार्गों और पुलों का निर्माण।

प्रदेश की आवश्यकता को देखते हुए प्रदेश में मार्गों की बहुत कमी है। इससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में बाधा उत्प हो रही है। इसके अतिरिक्त कतिपय मार्गों पर पुल न होने के कारण उक्त मार्गों का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता है। अतः जनसाधार की आवश्यकताओं को देखते हुए मार्गों एवं उन पर पड़ने वाले पुलों का निर्माण अति आवश्यक है। इन कार्यों के लिये वर्ष 1990-91 राज्य सेक्टर में 7,00,00,000 रु0 एवं जिला सेक्टर से 20,15,00,000 रु0 के नये कार्य प्रस्तावित हैं। तदनुसार वर्ष 1990-9 के आय-व्ययक में 27,15,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

(हजार रुपयों मे

5054-सड़कों और पुलों पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत--

04-जिला और अन्य सड़कें--

337--सड़क कार्य--

		राज्य सेक्टर	जिला सेक
1--पुलों का निर्माण ..	..	67,00	2,17;
2--नई सड़क निर्माण ..	..	19,00	17;02;
3--सड़क का पुनः निर्माण	..	5,45,00	81;
4--अन्य विभागों की योजनाएं	..	..	15,
5--उपकरण एवं संयंत्र	..	53,00	
6--सर्वेक्षण कार्य	..	1,00	
7--नियोजन तथा शोध	..	4,00	
8--केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें ..		8,00	
9--साइट एकोमोडेशन	..	3,00	
		7,00,00	20,15;
		कुल योग ..	27;15,

वन विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कर्मचारिवर्ग का प्रशिक्षण	50,34	..	..	50,34	2406--वानिकी और वन्य जीवन	309 प
2	राज्य वन अनुसंधान की स्थापना।	62,00	..	..	62,00	तदैव	310 प
3	जापान सरकार की सहायता से वन संचार योजना।	1	..	..	1	तदैव	310 प
4	बौद्ध तीर्थ स्थलों के विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सारनाथ तथा कुशीनगर विकास की योजना।	5,00	..	..	5,00	तदैव	310 प
5	वन विकास निगम की स्थापना।	15	1,00	..	1,15	2406--वानिकी और वन्य जीवन एवं 4406--वानिकी और वन्य जीवन पर पूंजी परिव्यय	311 प
	योग	1,17,50	1,00	..	1,18,50		

कर्मचारिवर्ग का प्रशिक्षण

भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि सभी वनराजि विद्यालयों में 2 वर्ष का पाठ्यक्रम चलाया जाय। इसके फलस्वरूप हल्द्वानी वनराजि प्रशिक्षण संस्था में प्रत्येक वर्ष 60 वनराजि प्रशिक्षार्थियों के स्थान पर अब 120 प्रशिक्षार्थी होंगे और बढ़े हुए 60 वनराजि प्रशिक्षार्थियों में से 40 प्रशिक्षार्थी उत्तर प्रदेश के होंगे जिनमे प्रत्येक पर स्टाइपेन्ड के रूप में 550 रु० नियत व्यय होगा। वन विभाग के अन्तर्गत आयोजनागत योजना हेतु विभिन्न श्रेणी के कुल 42 पद सृजित करने का प्रस्ताव है। प्रशिक्षण संस्थान को सुदृढ़ करने के लिये प्रथम वर्ष 1990-91 में कुल 50,33,500 रु० और आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में कुल 1,68,71,500 रु० का व्यय भार अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में 50,34,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2---व्यय का विभाजन---

क---अपेक्षित कर्मचारिवर्ग---

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पद संख्या
		रु०	
1	उप वन संरक्षक	3000-4500	2
2	सहायक वन संरक्षक	2200-4000	2
3	शारीरिक व्यायाम प्रशिक्षक	1200-2040	2
4	प्रधान सहायक	1400-2600	1
5	मानचित्रकार	1200-2040	1
6	आशुलिपिक	1200-2040	1
7	वरिष्ठ लिपिक	1200-2040	2
8	कनिष्ठ लिपिक/टंकक	950-1500	2
9	प्रयोगशाला सहायक	1200-2040	2
		950-1500	
10	कन्सोल आपरेटर तथा डेटा इंट्री आपरेटर ..	940-1960	2
11	वाहन चालक	950-1500	7
12	अर्दली	750-940	4
13	डाकिया	तदैव	1
14	ग्राउन्ड मैन	तदैव	6
15	स्वीपर	तदैव	2
16	चौकीदार	तदैव	2
17	माली	तदैव	1
18	क्षेत्र सहायक	तदैव	2

3---आय-व्ययक की धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

2406---वानिकी और वन्य जीवन-आयोजनागत---

01---वानिकी---

09---विस्तार एवं प्रशिक्षण---

01---कर्मचारी वर्ग का प्रशिक्षण---

	(हजार रुपयों में)
01---वेतन	1,42
03---महंगाई भत्ता	41
04---यात्रा व्यय	84
05---अन्य भत्ते	73
06---कार्यालय व्यय	12
08---मोटर गाड़ियों की खरीद	16,00
09---मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण	15
19---लघु निर्माण कार्य	21,00
20---मशीनें और सज्जा उपकरण और संयंत्र	9,55
33---अन्य व्यय	12
योग ..	50,34

राज्य वन अनुसंधान की स्थापना

वन अनुसंधान कार्य के लिए कानपुर में स्थापित प्रयोगशाला से कार्य चलाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। अतः पूरे प्रदेश के वन अनुसंधान कार्य को सफल रूप से चलाने के लिए उक्त प्रयोगशाला का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण परमावश्यक है। उक्त संस्थान एक निदेशक, जो कि मुख्य वन संरक्षक के स्तर का होगा, के अधीन कार्य करेगा। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक स्टाफ की भी आवश्यकता होगी जिसकी स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी। राज्य वन अनुसंधान की स्थापना की योजना पर वर्ष 1990-91 में 62,00,000 रुपये तथा आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि मे 2,82,00,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय व्ययक में 62,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2406--वानिकी और वन्य जीवन--आयोजनागत--

01--वानिकी--

102--सामाजिक और फार्म वानिकी--

(हजार रुपयों में)

06--वन अनुसंधान प्रयोगशाला कानपुर को उच्चीकृत करके राज्य वन अनुसंधान की स्थापना--	
01--वेतन	6,25
03--महंगाई भत्ता	1,90
04--यात्रा व्यय	1,00
05--अन्य भत्ते	1,90
06--कार्यालय व्यय	1,00
07--टेलीफोन पर व्यय	60
08--मोटर गाड़ियों की खरीद	3,50
09--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण व पेट्रोल की खरीद	25
12--प्रकाशन	20
19--लघु निर्माण कार्य	40,50
20--मशीनें और सज्जा / उपकरण और संयंत्र	90
33--अन्य व्यय	4,00
योग ..	62,00

जापान सरकार की सहायता से वन संचार योजना

प्रदेश में वन विभाग की कार्य-प्रणाली को प्रभावशाली बनाने के लिए वन बीटों को रेंज कार्यालय से, रेंज कार्यालयों को प्रभागीय वनाधिकारियों के कार्यालय से तथा प्रभागीय वनाधिकारी के कार्यालय को वन संरक्षक कार्यालय से संचार माध्यम से सम्बद्ध करने का प्रस्ताव है। इसके अन्तर्गत द्रुतगामी संचार व्यवस्था उपलब्ध कराना, अवैध कटान, चराई, शिकार व अग्निकाण्ड जैसे मामलों पर तुरन्त कार्यवाही एवं पर्यवेक्षक स्टाफ द्वारा क्षेत्रीय कर्मचारियों पर उचित नियंत्रण रखा जायेगा। इस योजना पर आठवीं पंचवर्षीय योजना वधि (1990-95) में 10,54,08,000 रु० का व्यय भार अनुमानित है। यह योजना जापान सरकार की सहायता से कार्यान्वित की जायेगी। उक्त सरकार के साथ विचार-विमर्श चल रहा है। अतः सम्प्रति इस योजना के लिए प्रतीक प्राविधान बजट में सम्मिलित करा लिया गया है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2406--वानिकी और वन्य जीवन--आयोजनागत--

01--वानिकी

070--संचार और इमारतें--

01--जापान सरकार की सहायता से वन संचार योजना-- ..

33--अन्य व्यय

बौद्ध तीर्थ स्थलों के विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सारनाथ तथा कुशीनगर विकास की योजना

उत्तर प्रदेश में सारनाथ तथा कुशीनगर महत्वपूर्ण बौद्ध तीर्थ स्थल है वहां सभी धर्मों के अनुयायी आते हैं। अतः इन तीर्थ स्थलों के विकास करने का प्रस्ताव है जिसके अन्तर्गत इनमें उद्यान, स्वाई मार्ग, पुष्प वाटिकाएं, म्यूजियम, पार्क तथा झील आदि का निर्माण किया जायेगा। आठवीं योजना अवधि में दोनों तीर्थ स्थलों के विकास पर 1.00 करोड़ रु० (प्रत्येक पर 50.00 लाख रु०) व्यय होने का अनुमान है जिसमें से वर्ष 1990-91 में 5,00,000 रु० (प्रत्येक पर 2,50,000 रु०) व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 5,00,000 रु० की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2406--वानिकी और वन्य जीवन--
02--पर्यावरण वानिकी और वन्य जीवन--
800--अन्य व्यय--
05--सारनाथ तथा कुशीनगर बौद्ध तीर्थ स्थलों का विकास--
19--लघु निर्माण-कार्य 5,00

वन विकास निगम की स्थापना ।

प्रदेश में वन निगम की स्थापना एक स्थानीय निकाय के रूप में हुई है। इस कारण इस निगम को संस्थागत वित्तीय संस्थाओं से सहायता प्राप्त नहीं हो पाती है। वन विकास निगम की स्थापना हो जाने से वित्तीय संस्थाओं से वित्तीय सहायता प्राप्त हो जावेगी और वनीकरण का कार्य भी वन विकास निगम द्वारा अपने वित्तीय संसाधन जुटाकर किया जायेगा। वन विकास निगम की स्थापना पर आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष 1990-91 में 1,15,000 रु० व्यय अनुमानित है जिसके लिए व्यवस्था बजट में सम्मिलित कर ली गई है।

2--आय-व्ययक की धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2406--वानिकी और वन्य जीवन--आयोजनागत--
01--वानिकी
190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों तथा अन्य उपक्रमों को सहायता
01--वन विकास निगम की स्थापना--
33--अन्य व्यय 15

4406--वानिकी और वन्य जीवन पर पूंजी परिव्यय--
01--वानिकी--
190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों तथा अन्य उपक्रमों में निवेश--
01--वन विकास निगम के अंशकों में पूंजी निवेश--
24--निवेश / ऋण 1,00

योग .. 1,15

वित्त विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	राज्य अल्प बचत संगठन का सुदृढ़ीकरण	2,86,72	..	..	2,86,72	2047--अन्य राज कोषीय सेवायें	315 प
2	मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायतें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के मुख्यालय हेतु एक फोटो स्टेट मशीन का क्रय	1,38	..	..	1,38	2425--सहकारिता	316 प
	योग ..	288,10	..	..	2,88,10		

राज्य अल्प बचत संगठन का सुदृढ़ीकरण

प्रदेश की पंचवर्षीय एवं वार्षिक योजनाओं के लिये संसाधन के रूप में राष्ट्रीय बचत योजना में जमा शुद्ध धनराशि का 3/4 भाग केन्द्र से प्रदेश को ऋण के रूप में प्राप्त होता है। आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि में राष्ट्रीय बचत योजना में ...000 करोड़ रुपये जमा कराने का लक्ष्य रखा गया है ताकि केन्द्र सरकार से प्रदेश को अपनी योजनाओं के लिये तदनुसार अधिक से अधिक धनराशि प्राप्त हो सके। उपरोक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये राष्ट्रीय बचत योजना के कार्य और संगठन का विस्तार करना तथा संगठन को अधिक सक्षम बनाना नितान्त आवश्यक है। राष्ट्रीय बचत कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 37 जनपदों के जिला बचत अधिकारियों तथा 13 मण्डलीय कार्यालय के अधिकारियों के लिये अब तक वाहन की व्यवस्था की गयी है। आगामी वर्ष में प्रदेश के शेष 13 जनपदों के बचत अधिकारियों के लिये 13 जीपों व उनके लिये 950-1500 रुपये के वेतनमान में ड्राइवर के 13 पदों के सृजित किये जाने का प्रस्ताव है। उपरोक्त के अतिरिक्त प्रदेश के ... जनपदों के लिये जिला बचत कार्यालयों जिनमें सम्प्रति टेलीफोन नहीं है में टेलीफोन लगवाया जाना आवश्यक है ताकि विभिन्न कार्यालयों आदि से सम्पर्क स्थापित कर योजना की प्रगति के अनुश्रवण आदि में पर्याप्त सुविधा हो सके। साथ ही प्रदेश के 21 जनपदों, जहां बचत भवन बन चुके हैं और जिनमें जिला बचत कार्यालय स्थापित है, की सुरक्षा व सफाई आदि की व्यवस्था हेतु चौकीदार एवं सफाई कार के 750-940 रुपये के वेतनमान में 21 पदों का सृजन भी आवश्यक है। वर्ष 1990-91 में लगभग 1150 करोड़ रु० का शुद्ध जमा का लक्ष्य रखे जाने का प्रस्ताव है। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु विशेष प्रोत्साहन योजना को प्रारम्भ करने के साथ-साथ वर्तमान प्रोत्साहन योजना भी चालू रखनी आवश्यक है। इसमें लगभग 250 लाख रुपये का आवर्तक व्यय निहित है।

उक्त योजनाओं पर वर्ष 1990-91 में कुल 2,86,72,000 रु० का व्यय अनुमानित है जिसमें 2,60,89,000 रु० आवर्तक व्यय तथा 25,83,000 रु० अनावर्तक व्यय है। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 2,86,72,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2---व्यय का विभाजन---

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग---

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु०	
1	चालक (ड्राइवर)	950-1500	13
2	चौकीदार-सफाई कर्मचारी	750-940	21

(ख) साज सज्जा/भण्डार / मशीनें आदि के स्थूल ब्योरे---

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)
1---अनावर्तक---	
1---5 जनपदों में जिला बचत कार्यालयों में टेलीफोन की स्थापना	52
2---13 जनपदों में जिला बचत अधिकारियों के लिये 13 जीपों का क्रय	22,10
3---कार्यालय व्यय (फर्नीचर, साज सज्जा आदि का क्रय)	3,21
योग	25,83
2---आवर्तक व्यय---	
1---कार्यालय व्यय	31
2---टेलीफोन पर व्यय	15
3---अन्य व्यय (प्रोत्साहन योजना)	2,50,00
4---वेतन, महंगाई भत्ता, यात्रा व्यय व अन्य भत्ता	3,76
5---विज्ञापन बिक्री तथा प्रख्यापन व्यय	6,67
योग	2,60,89

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2047—अन्य राजकोषीय सेवायें-आयोजनागत—

103—अल्प बचतों को बढ़ावा—

01—राज्य अल्प बचत संगठन—

01—वेतन	2,2
03—महंगाई भत्ता	9
04—यात्रा व्यय	2
05—अन्य भत्ते	3
06—कार्यालय व्यय	3,5
07—टेलीफोन पर व्यय	6
08—मोटर गाड़ियों का क्रय	22,1
13—विज्ञापन, बिक्री तथा प्रख्यापन व्यय	6,6
33—अन्य व्यय	2,50,0
योग	2,86,7

मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायतें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के मुख्यालय हेतु एक फोटो स्टेट मशीन का क्रय

सहकारी समितियों एवं पंचायतें लेखा परीक्षा संगठन के मुख्यालय पर महत्वपूर्ण अभिलेखों आदि की प्रतियां बनाने के लि एक फोटो स्टेट मशीन क्रय किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त मशीन के क्रय किये जाने हेतु 1,38,000 रु० का (अनावर्तक) व्य अनुमानित है। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,38,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2425—सहकारिता-आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

105—सहकारी समितियों की लेखा परीक्षा—

02—विभिन्न स्तरों पर सहकारी लेखा परीक्षा संगठन के कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि—

06—कार्यालय व्यय	1,

विज्ञान एवं पर्यावरण विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गोमती नदी के गहन अनुश्रवण की योजना	6,00	..	..	6,00	2215--जल-पूर्ति और सफाई	319 प
2	पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन	7,00	..	..	7,00	तदैव	319 प
3	प्रदेश का पर्यावरणीय संरक्षण	2,00	..	..	2,00	तदैव	319 प
4	पारिस्थितिकी विकास हेतु प्रायोजनाओं की संरचना	4,00	..	..	4,00	तदैव	320 प
5	पर्यावरण ह्रास नियंत्रण	3,00	..	..	3,00	तदैव	320 प
6	उ0 प्र0 जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण परिषद् को अनुदान	6,00	..	..	6,00	तदैव	320 प
7	उ0 प्र0 राजकीय वेधशाला-नैनीताल की कार्यक्षमता बढ़ाने हेतु अतिरिक्त व्यवस्था	52,50	..	..	52,50	3425--अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान	320 प
	योग ..	80,50	..	..	80,50		

गोमती नदी के गहन अनुश्रवण की योजना

लखनऊ की गोमती नदी में जगदीशपुर (सुल्तानपुर) में कठौरा ड्रेन / काटू नाला एवं रायबरेली में सई नदी तथा सीतापुर में सरायन नदी की सहायक नदियों के जल प्रदूषण के कारण समय-समय पर मछलियों, जलीय जन्तुओं एवं मवेशियों आदि की मृत्यु की घटनाएं घटित होती रही है। उ0 प्र0 सरकार एवं भारत सरकार से जनहित एवं जन-स्वास्थ्य से सम्बन्धित मुद्दे जो गोमती जल प्रदूषण से जुड़े हुए हैं, उठाए जाते रहे हैं। जब तक कि समस्त औद्योगिक इकाइयों द्वारा उत्प्रवाह ट्रीटमेन्ट हेतु संयत्र नहीं लगा लिये जाते एवं सीतापुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर आदि स्थानों पर शहरी मल-जल के निस्तारण की समुचित व्यवस्था नहीं कर ली जाती गोमती नदी का गहन अनुश्रवण जारी रखा जाना आवश्यक है। प्रस्तुत परियोजना में लखनऊ में पांच स्थानों पर पांच प्रचालकों हेतु प्रतिदिन अनुश्रवण कार्य किया जाना, प्रदेश में कुल तीन स्थानों के जल का प्रतिमाह दिन में चार बार नमूने एकत्र कर कुल 19 प्रचालकों का परीक्षण कराया जाना तथा प्रमुख मल-जल नालों एवं औद्योगिक उत्प्रवाहों की मानीटरिंग की जानी प्रस्तावित है जिससे प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर समयानुसार अस्थायी पदों का सृजन भी कर लिया जायगा। योजना पर आयोजनागत अवधि 1990-95 में कुल 27,00,000 रुपये तथा वर्ष 1990-91 में 6,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। इस हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 6,00,000 रु0 की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2215--जलपूर्ति और सफाई--
02--मल निकासी और सफाई--
106--वायु और जल प्रदूषण की रोकथाम--
(-)गोमती नदी के गहन अनुश्रवण की योजना--
33--अन्य व्यय 6,00

पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन

जनसंख्या वृद्धि, उद्योग धन्धों एवं अन्य योजनाओं के कारण प्राकृतिक संसाधनों के अन्धाधुन्ध दोहन से पर्यावरण का निरन्तर ह्रास हो रहा है। फलस्वरूप विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों जैसे मृदा, जल, वन सम्पदा, जीव-जन्तुओं एवं वायु आदि पर कुप्रभाव पड़ रहा है। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाले पर्यावरणीय अपघटन को रोकने के लिए योजनाओं का पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन किया जाना परम आवश्यक है। इस दृष्टि से नदियों एवं भूगर्भ जल की गुणवत्ता, मृदा, पक्षियों एवं वनस्पतियों पर पड़ने वाले विभिन्न पर्यावरणीय प्रभावों का अध्ययन किया जाना प्रस्तावित है। इस पर वित्तीय वर्ष 1990-91 में 7,00,000 रु0 के व्यय का अनुमान है। तदनुसार आय व्ययक में 7,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2215--जलपूर्ति और सफाई--
02--मल निकासी और सफाई--
106--वायु और जल प्रदूषण की रोकथाम--
(-) पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन--
33--अन्य व्यय 7,00

प्रदेश का पर्यावरणीय संरक्षण

प्रदेश की प्राकृतिक जल संपदा के संरक्षण हेतु पायलट इवैलुयेशन प्रोजेक्ट चलाया जाना प्रस्तावित है। इससे प्रदेश के विभिन्न पारि भौगोलिक क्षेत्रों में फ्लोरा तथा फोना की सही स्थिति का पता लग सकेगा तथा विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में उनकी संवेदनशीलता आदि का पता लगाया जा सकता है। प्रदेश में पर्यावरणीय ह्रास के कारण अनेकों जन्तु व वनस्पति प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा है। इनके संरक्षण व संवर्द्धन के लिये विशेष उपायों की आवश्यकता है। इस प्रकार की योजना सातवीं पंचवर्षीय योजना काल में भी उपयोगी सिद्ध हुयी। अतः इस योजना हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 के बजट में 2,00,000 रु0 की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2215--जल पूर्ति और सफाई--
02--मल निकासी और सफाई--
106--वायु और जल प्रदूषण की रोकथाम--
(-)--प्रदेश का पर्यावरणीय संरक्षण--
33- अन्य व्यय 2,00

पारिस्थितिकी विकास हेतु प्रायोजनाओं की संरचना

पर्यावरण संरक्षण एवं सन्तुलन बनाये रखने के लिये पर्यावरण ह्रास वाले क्षेत्रों का पारिस्थितिकीय विकास आवश्यक है। पारिस्थितिकी विकास द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन में मदद मिलती है। अतः पारिस्थितिकी विकास हेतु वित्तीय वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में 4,00,000 रु० की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2215—जल पूर्ति और सफाई—
02—मल निकासी और सफाई—
106—वायु और जल प्रदूषण की रोकथाम—
(–) पारिस्थितिकी विकास हेतु प्रायोजनाओं की संरचना—
33—अन्य व्यय 4,00

पर्यावरण ह्रास नियन्त्रण

पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक विकास योजना का अभिन्न अंग बनाये जाने के लिए ईंधन ब्रीकेट्स का विकास कर पर्यावरण ह्रास को नियंत्रित करने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ऐसे ईंधन ब्रीकेट्स का विकास करना प्रस्तावित है जो अधिक उर्जा दे सके तथा जिनके प्रयोग से प्रदूषण कम हों। ईंधन ब्रीकेट्स का विकास ऐसे पदार्थों से किया जाना प्रस्तावित है जो नान कन्वेन्शनल हो तथा व्यर्थ समझे जाते हों। साथ में जलभराव के निदान और मिलों के उत्प्रवाह के प्रभाव का अध्ययन प्रस्तावित है अतः उक्त कार्यों की पूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 1990–91 में 3,00,000 रु० के व्यय का लक्ष्य रखा गया है। तद्नुसार 1990–91 के आय-व्ययक में 3,00,000 रु० की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2215—जल पूर्ति और सफाई—
02—मल निकासी और सफाई—
106—वायु औय जल प्रदूषण की रोकथाम—
08—पर्यावरण ह्रास का नियंत्रण—
33—अन्य व्यय 3,00

उत्तर प्रदेश जल प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण परिषद् को अनुदान

प्रदेश में जल एवं वायु प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 में उत्तर प्रदेश जल प्रदूषण निवारण तथा नियन्त्रण परिषद् द्वारा जो विभिन्न कार्य किये जाने हैं उनकी पूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 में 6,00,000 रु० के व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में भी 6,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:—

(हजार रुपयों में)

2215–जलपूर्ति और सफाई—
02–मल निकासी और सफाई—
106–वायु और जल प्रदूषण की रोकथाम—
04–उत्तर प्रदेश जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण परिषद् को अनुदान—
14–सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 6,00

उत्तर प्रदेश राजकीय वेधशाला, नैनीताल की कार्यक्षमता बढ़ाने हेतु अतिरिक्त व्यवस्था

राजकीय वेधशाला, नैनीताल में उपलब्ध दुरबीनों की कार्यक्षमता को बढ़ाने व प्रेक्षणों के विश्लेषणों की शुद्धता तथा परिणामों को शीघ्र प्राप्त करने के लिये वर्तमान साज-सज्जा उपकरणों के विस्तार व विकास हेतु 47,00,000 रु० की अनुमानित लागत पर अतिरिक्त उपकरणों का क्रय प्रस्तावित है। साथ ही साथ उपलब्ध उपकरणों के अनुरक्षण की आवश्यकता भी है तथा कुछ लघु निर्माण कार्य भी कराया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु वित्तीय वर्ष 1990–91 में 52,50,000 रु० के व्यय का अनुमान है तदनुसार वर्ष 1990–91 के आय व्ययक में 52,50,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

3425—अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान—

60—अन्य—

004—अनुसंधान और विकास—

01—उत्तर प्रदेश राजकीय वेधशाला नैनीताल तथा उसका सुदृढ़ीकरण—

06—कार्यालय व्यय		..	..	..	30
19—लघु निर्माण कार्य		..	..	..	80
20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र			..	..	47,00
23—अनुरक्षण	..	..	..	..	2,40
33—अन्य व्यय	..	..	..	..	2,00
			योग	..	52,50

शिक्षा विभाग

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
	(क) प्राथमिक शिक्षा--						
1	ग्रामीण क्षेत्रों के जूनियर बेसिक स्कूलों के भवन निर्माणार्थ अनुदान (जिला योजना)	45,19,80	..	..	45,19,80	2202--सामान्य शिक्षा	331 प
2	मैदानी क्षेत्र के बेसिक विद्यालयों के अध्यापक / अध्यापिकाओं को दक्षता पुरस्कार (जिला योजना)	3,50	..	..	3,50	तदैव	331 प
3	ग्रामीण क्षेत्र के असेवित क्षेत्रों में मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूल खोलने हेतु अनुदान (जिला योजना)	27,69,40	..	..	27,69,40	तदैव	331 प
4	असेवित क्षेत्रों में बालक बालिकाओं के सीनियर बेसिक स्कूल खोलने हेतु अनुदान (जिला योजना)	93,06	..	..	93,06	तदैव	332 प
5	सीनियर बेसिक स्कूलों में विज्ञान उपकरण उपलब्ध कराने हेतु अनुदान	13,90	..	..	13,90	तदैव	332 प
6	जूनियर बेसिक स्कूलों में विज्ञान किट उपलब्ध कराने हेतु अनुदान	10,03	..	..	10,03	तदैव	332 प
7	ग्रामीण / नागर क्षेत्रों के जूनियर बेसिक स्कूलों में अध्यापक-छात्र अनुपात बनाये रखने के लिए अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति हेतु अनुदान	1,09,00	..	..	1,09,00	तदैव	332 प
8	नागर क्षेत्र के बेसिक शिक्षा परिषदीय स्कूलों के भूमि/भवन क्रय हेतु अनुदान	82,00	..	..	82,00	तदैव	333 प
9	अरबी/फारसी मदरसों के शिक्षक / शिक्षणेतर कर्मचारियों को मासिक वेतन भुगतान की व्यवस्था	4,00,00	..	..	4,00,00	तदैव	333 प
10	प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में जूनियर हाई स्कूलों में दी जाने वाली योग्यता छात्रवृत्तियों की संख्या में वृद्धि (जिला योजना)	1,05	..	..	1,05	तदैव	333 प

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय — पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
11	जूनियर बेसिक स्कूलों में साज-सज्जा एवं शिक्षण सामग्री हेतु अनुदान (जिला योजना)	58,00	..	..	58,00	2202--सामान्य शिक्षा	334 प
12	सीनियर बेसिक स्कूलों में साज-सज्जा तथा शिक्षण सामग्री हेतु अनुदान	47,08	..	..	47,08	तदैव	334 प
13	अरबी मदरसों को प्रारम्भिक एवं विकास अनुदान	6,70	..	..	6,70	तदैव	334 प
14	प्रारम्भिक शिक्षा के अध्यापकों का मूल्यपरक पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण	10,00	..	..	10,00	तदैव	335 प
15	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों का सुदृढ़ीकरण	18,75	..	..	18,75	तदैव	335 प
16	असाहाय्यिक स्थायी मान्यता प्राप्त अशासकीय सीनियर बेसिक स्कूलों को अनुरक्षण अनुदान।	3,24,00	..	..	3,24,00	तदैव	335 प
17	ग्रामीण तथा नागर क्षेत्र के सीनियर बेसिक स्कूलों के भवन निर्माणार्थ अनुदान (जिला योजना)	1,80,00	..	..	1,80,00	तदैव	336 प
18	नागर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के वय वर्ग 6-14 के बच्चों के लिये अंशकालिक कक्षाएं	6,00	..	..	6,00	तदैव	336 प
19	नवसृजित जनपदों में बेसिक शिक्षा के लेखा संगठन की स्थापना।	3,00	..	..	3,00	तदैव	337 प
20	प्राथमिक स्तर पर खेल कूद, बाल कल्याण तथा अन्य शैक्षिक कार्य-कलापों हेतु प्राविधान (जिला योजना)	29	..	..	29	2204-खेल एवं युवा कल्याण	338 प
	योग (क)	86,55,56	..	..	86,55,56		

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
	2	3	4	5	6	7	8
	(ख) माध्यमिक शिक्षा--						
	मैदानी क्षेत्र के असहायिक अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को अनुदान सूची पर लाना।	3,72,00	..	..	3,72,00	2202--सामान्य शिक्षा	338 प
	सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण कराने हेतु अनावर्तक अनुदान।	10,00	..	..	10,00	तदैव	338 प
	अशासकीय सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित में प्रशिक्षित स्नातक एवं प्रवक्ताओं के पदों का सृजन।	1,00,00	..	..	1,00,00	तदैव	338 प
	व्याख्यानमाला कार्यक्रमों का आयोजन।	20	.	..	20	तदैव	339 प
	विकास खण्ड स्तर पर राजकीय कन्या हाई स्कूलों की स्थापना तथा राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूलों का हाई स्कूल स्तर पर उच्चीकरण।	2,50,00	..	..	2,50,00	तदैव	339 प
	राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त अनुभागों का खोलना तथा नये विषयों का समावेश।	26,33	..	..	26,33	तदैव	340 प
	लघु और छोटे निर्माण कार्य हेतु धनराशि का प्राविधान (जिला योजना)	15,03	..	..	15,03	तदैव	341 प
	राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बसों की व्यवस्था (जिला योजना)	2,42	..	..	2,42	तदैव	341 प

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
9	राजकीय हाई स्कूलों का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण।	50,00	..	..	50,00	2202-सामान्य शिक्षा	341
10	ग्रामीण क्षेत्रों में बालकों के सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ रही बालिकाओं के लिये विशेष सुविधा हेतु अनावर्तक अनुदान।	40,13	..	..	40,13	तदैव	342
11	उत्कृष्ट अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को प्रोत्साहन अनुदान।	4,00	..	..	4,00	तदैव	342
12	सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सेनेटरी सुविधा, साज सज्जा आदि के लिये अनुदान।	15,00	..	..	15,00	तदैव	343
13	सैनिक स्कूल सोसाइटी को अनुदान।	5,00	..	..	5,00	तदैव	343
14	सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9-12 के बालकों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था	8,16,03	..	..	8,16,03	तदैव	343
15	प्रदेश के मैदानी क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की कक्षा 6-8 में 15 रु० प्रतिमाह की दर से 3 वर्ष के लिये योग्यता छात्रवृत्ति	77	..	..	77	तदैव	344
16	माध्यमिक विद्यालयों में व्यवसायीकरण की योजना	30,00	..	..	30,00	तदैव	344
17	उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पत्राचार शिक्षा सतत प्रत्ययन सम्पर्क योजना	75,00	..	..	75,00	तदैव	344

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
18	सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का सम्वर्धन (जिला योजना)	19,80	..	..	19,80	2202-सामान्य शिक्षा	343 प
19	प्रदेशीय/मण्डलीय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन	6,38	..	..	6,38	2204--खेल और युवा कल्याण	345 प
20	माध्यमिक विद्यालयों में बालचर योजना का विस्तार	2,47	..	..	2,47	तदैव	346 प
21	स्वैच्छिक सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनावर्तक अनुदान (जिला योजना)	12,31	..	..	12,31	2205-कला और संस्कृति	346 प
22	वर्तमान राजकीय जिला पुस्तकालयों का विकास तथा नये पुस्तकालयों की स्थापना	53,75	22,66	..	76,41	2205-कला और संस्कृति तथा 4202-शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति पर पूंजी परिव्यय	346 प
23	राजकीय इण्टर कालेजों में लघु स्टेडियम का निर्माण	..	10,00	..	10,00	4202-शिक्षा, खेल, कला संस्कृति पर पूंजी परिव्यय	347 प
4	राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिये भूमि भवन क्रय	..	10,00	..	10,00	तदैव	347 प
5	राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नवीन प्रयोगशाला निर्माण (जिला योजना)	..	35,65	..	35,65	तदैव	347 प
	राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के भवनों का निर्माण, विस्तार, विद्युतीकरण तथा विशेष मरम्मत (जिला योजना)	..	2,56	..	2,56	तदैव	348 प
	योग (ख)	19,06,62	80,87	..	19,87,49		

शिक्षा विभाग

वर्ष 1990–91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें (आयोजनागत)

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1990–91 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1990–91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
(ग)	उच्च शिक्षा						
1	विश्वविद्यालयों को विकास अनुदान	75,00	..	..	75,00	2202–सामान्य शिक्षा	348
2	अशासकीय महाविद्यालयों को सुदृढ़ करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त अनुदानों के प्रति अंशदान।	20,00	..	..	20,00	तदैव	349 प
3	गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन के निर्माण हेतु अनुदान।	5,00	..	..	5,00	तदैव	349
4	उच्च शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ का सुदृढ़ीकरण।	1,50	..	..	1,50	तदैव	349
5	उच्च शिक्षा निदेशालय, इलाहाबाद का सुदृढ़ीकरण।	23	..	..	23	तदैव	350
6	अशासकीय महाविद्यालयों में नये संकाय एवं नवीन विषय हेतु अनुरक्षण अनुदान।	10,00	..	..	10,00	तदैव	350
7	राजकीय महाविद्यालयों के लिये भूमि की व्यवस्था	5,00	..	..	5,00	तदैव	350
8	राजकीय महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुदानों के प्रति अंशदान तथा अन्य विकास कार्यों हेतु अनुदान	10,00	..	..	10,00	तदैव	350
9	अशासकीय महाविद्यालयों को अनुदान सूची पर लाने हेतु अनुदान।	21,00	..	..	21,00	तदैव	351
10	आचार्य रामचन्द्र शुक्ल साहित्य शोध संस्थान दुर्गाकुण्ड वाराणसी को शोध कार्य हेतु अनुदान।	5,00	..	..	5,00	तदैव	351
11	उच्च शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर की स्थापना।	4,71	..	..	4,71	तदैव	315
12	नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना।	10,00	90,00	..	1,00,00	2202–सामान्य शिक्षा तथा 4202–शिक्षा खेल कला और संस्कृति पर पूंजी परिव्यय	35[illegible]
13	त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए शैक्षिक/शिक्षणेतर पदों एवं शिक्षण कक्ष, प्रयोगशाला/वाचनालय आदि की व्यवस्था।	40,00	10,39	..	50,39	2202–सामान्य शिक्षा तथा 4202–शिक्षा कला और संस्कृति पर पूंजी परि[illegible]	351
	योग (ग)	2,07,44	1,00,39	...	3,07,83		

वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1990-91 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीषक जिसके अन्तर्गत 1990-91 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है ।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
2	3	4	5	6	7	8
(घ) प्रौढ़ शिक्षा—						
राज्य संसाधनों से संचालित परियोजनाओं में जन शिक्षण निलयमों की स्थापना	69,93	..	..	69,93	2202-सामान्य शिक्षा	353 प
राज्य संसाधनों से ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता योजना का विस्तार (जिला योजना)।	1,17,00	..	..	1,17,00	तदैव	353 प
राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु प्रशासनिक तंत्र का सुदृढ़ीकरण।	1,30	..	..	1,30	तदैव	354 प
राज्य प्रौढ़ शिक्षण प्राधिकरण की स्थापना	25	..	..	25	तदैव	355 प
प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय में लगाये जाने वाले कम्प्यूटर के लिये एक एयरकन्डीशनर की व्यवस्था	25	.	.	25	तदैव	555 प
अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष के आयोजनार्थ अनुदान की व्यवस्था।	5,00	.	..	5,00	तदैव	355 प
प्रचार, प्रसार एवं प्रकाशन कार्यक्रम	25	..	..	25	तदैव	356 प
राज्य प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय में राज्य प्रौढ़ शिक्षा संस्थान नामक प्रशिक्षण इकाई का गठन	22,22	..	..	22,22	तदैव	356 प
योग (घ)	2,16,20	..	..	2,16,20		
(ङ) शैक्षिक अनुसंधान						
राष्ट्रीयकृत पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण हेतु कागज की व्यवस्था	7,50,00	..	..	7,50,00	तदैव	357 प
मण्डलीय मनोविज्ञान केन्द्र की स्थापना	2,00	..	..	200	तदैव	357 प
केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित "इम्प्रूवमेंट" आफ साइन्स एजूकेशन इन स्कूल्स योजना के अन्तर्गत अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु धनराशि की व्यवस्था	2,00	..	..	2,00	तदैव	358 प
योग (ङ)	7,54,00	..	..	7,54,00		
कुल योग	1,17,39,82	1,81,26	..	1,19,21,08		

ग्रामीण क्षेत्रों के जूनियर बेसिक स्कूलों के भवन निर्माणार्थ अनुदान (जिला योजना)

वर्ष 1989-90 में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित 7734 भवन हीन प्राइमरी स्कूलों के भवनों के निर्माण की स्वीकृति नवम् वित्त ाग की संस्तुति के आधार पर भारत सरकार से प्राप्त होने वाली धनराशि से स्वीकृति की गई जिनका निर्माण-कार्य प्रगति पर है। ि अतिरिक्त प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित भवनहीन प्राइमरी स्कूल भवनों की संख्या 5086 है जिनके निर्माण की स्वीकृति 1990-91 में दी जानी है। इनमें से 64 भवनहीन प्राइमरी स्कूल पर्वतीय क्षेत्र में है और 5022 भवनहीन प्राइमरी स्कूल नी क्षेत्र में है। इस सन्दर्भ में यह प्रस्तावित है कि प्रदेश के समस्त भवनहीन प्राइमरी स्कूल भवनों का निर्माण वर्ष 90-91 में करा लिया जाय जिससे वर्ष की समाप्ति पर कोई प्राइमरी स्कूल भवनहीन न रहे। 90,000 रु0 प्रति प्राइमरी ा भवन की लागत की दर से मैदानी क्षेत्र में 5022 भवनहीन प्राइमरी स्कूल भवनों के निर्माण हेतु कुल 45,19,80,000 अनावर्तक व्यय की आवश्यकता है। तदनुसार आय व्ययक में 45,19,80,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत--
01--प्राथमिक शिक्षा--
800--अन्य व्यय--
(-)ग्रामीण क्षेत्रों के भवन रहित जूनियर बेसिक स्कूलों के भवन निर्माणार्थ अनुदान (जिला योजना)--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता	..	..	45,19,80

मैदानी क्षेत्र के बेसिक विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को दक्षता पुरस्कार (जिला योजना)

मैदानी क्षेत्र के प्रत्येक जनपद / ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक/अध्यापिकाओं के लिए प्रोत्साहन दक्षता पुरस्कार की योजना विगत कई पंचवर्षीय योजनाओं से चलती आ रही है। उक्त योजनान्तर्गत 500 रु0 प्रति ापक को पुरस्कृत किया जाता है। सीमित आर्थिक संशाधनों के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 1990-91 में बेसिक के 700 अध्यापक ्यापिकाओं को 500 रु0 की दर से पुरस्कार दिये जाने का प्रस्ताव है जिस पर 1990-91 में 3,50,000 रु0 व्यय होने का मान है। जो अध्याप क इस योजना से लाभान्वित होंगे वे किसी सरकारी या गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयके अध्यापक भी हो ते हैं। प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूलों के केवल उन्हीं अध्यापकों को सम्मिलित किया जायगा जो पांचवीं अथवा आठवीं कक्षा को ते हैं। दक्षता पुरस्कार देने के लिए अध्यापक / अध्यापिकाओं का परीक्षाफल एक विशिष्ट मानक होता है इसके अतिरिक्त अध्यापक ्यापिकाओं में छात्र / छात्राओं पर अनुशासन रखने की क्षमता उच्चकोटि की होनी चाहिए तथा प्रधानाध्यपक / प्रधानाध्यापिका, ्धक, अध्यापक के कार्य एवं आचरण को उच्च कोटि का समझते हों तथा उसमें कोई विवाद न हो। साथ ही वह पाठ्येत्तर कार्य में े खेलकूद, स्काउटिंग, रेडक्रास, स्वावलम्बन एवं प्रोजेक्ट आदि में सक्रिय भाग तथा पूर्ण सहयोग देता रहा हो। तदनुसार वर्ष 1990- के आय-व्ययक में 3,50,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत
01--प्राथमिक शिक्षा--
106--शिक्षक और अन्य सेवायें--
(-)--बेसिक स्कूलों के अध्यापकों को दक्षता पुरस्कार (जिला योजना)--

33--अन्य व्यय	..	..	..	..	..	3,50

ग्रामीण क्षेत्र के असेवित क्षेत्रों में मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूल खोलने हेतु अनुदान (जिला योजना)

वय वर्ग 6-11 के सभी बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से मैदानी क्षेत्र के 1.5 कि0 मी0 की दूरी और 3000 की ादी पर विद्यालय खोलने का मानक निर्धारित किया गया है। आठवीं योजनावधि के प्रथम वर्ष 1990-91 में 27,69,40,000 (अर्थात् 22,70,00,000 रु0 आवर्तक तथा 4,99,40,000 रु0 अनावर्तक) के अनुमानित व्यय से 2270 विद्यालय खोला ा प्रस्तावित हैं। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 27,69,40,000 रु0 धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--
01--प्राथमिक शिक्षा--आयोजनागत--
102--गैर-सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को सहायता--
(-)--ग्रामीण क्षेत्रों में मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूल खोलने हेतु अनुदान (जिला योजना)--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	27,69,40

असेवित क्षेत्रों में बालक/बालिकाओं के सीनियर बेसिक स्कूल खोलने हेतु अनुदान

11-14 वय वर्ग के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षित किया जाता है। वर्ष 1990-91 में 33 सीनियर बेसि स्कूल मैदानी क्षेत्र में, 50 प्रतिशत बालक तथा 50 प्रतिशत बालिका सीनियर बेसिक स्कूलों के खोलने का प्रस्ताव आठ योजनान्तर्गत प्रस्तावित किया गया है। इस प्रकार 1990-91 में 33 सीनियर बेसिक स्कूल खोलने हेतु 93,06,000 रु (अर्थात् 66,00,000 रु० का आवर्तक तथा 27,06,000 रु० का अनावर्तक) का व्यय अनुमानित है। तदनुसार इतनी ही धनरा की आय-व्ययक वर्ष 1990-91 में व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों मे

2202--सामान्य शिक्षा--
01--प्राथमिक शिक्षा--आयोजनागत--
102--गैर सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को सहायता--
(-) ग्रामीण क्षेत्रों में सीनियर बेसिक स्कूल खोलना--
(जिला योजना)--
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 93,0

सीनियर बेसिक स्कूलों में विज्ञान उपकरण उपलब्ध कराने हेतु अनुदान

विज्ञान विषय के प्रयोगों, खोजों के प्रति बालकों को आकर्षित करने के लिए विज्ञान किट प्रत्येक विद्यालय को उपल कराया जाना आवश्यक है। अतः यह प्रस्तावित है कि सीनियर बेसिक स्तर पर विज्ञान प्रयोगों के लिए प्रत्येक विद्यालय को एक-ए विज्ञान किट/उपकरण योजनान्तर्गत दिया जाय। आठवीं योजनावधि के प्रथम वर्ष 1990-91 में मैदानी क्षेत्र के सीनियर बेसि विद्यालयों को 5,000 रु० प्रति विद्यालय की दर से 278 विद्यालयों को दिया जाना प्रस्तावित है जिस पर 13,90,000 रु० व अनावर्तक व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 13,90,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में

2202--सामान्य शिक्षा--
01--प्राथमिक शिक्षा--
052--उपस्कर--
(-)--ग्रामीण क्षेत्रों के सीनियर बेसिक स्कूलों के विज्ञान उपकरण और साज-सज्जा अनुदान
(जिला योजना)--
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 13,9

जूनियर बेसिक स्कूलों में विज्ञान किट उपलब्ध कराने हेतु अनुदान

प्रारम्भिक शिक्षा का सार्वजनीकरण का कार्य प्रदेश में द्रुतगति से चलाया जा रहा है। 6-11 वय वर्ग के बच्चों को अन विषयों के साथ-साथ विज्ञान विषय की भी शिक्षा दिया जाना अनिवार्य है। उक्त विषय से बालकों को परिचित कराने हेतु मैदान क्षेत्र के 811 जूनियर बेसिक स्कूलों को वर्ष 1990-91 में विज्ञान किट जिसकी लागत 1200 प्रति किट आंकी गयी है, दिये जा का प्रस्ताव है। आठवीं योजनावधि के प्रथम वर्ष 1990-91 में इस हेतु 10,03,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तदनुसार व 1990-91 के आय-व्ययक में 10,03,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--
01--प्राथमिक शिक्षा--
052--उपस्कर--
(-) ग्रामीण क्षेत्रों के जूनियर बेसिक स्कूलों में विज्ञान
किट देने हेतु अनुदान (जिला योजना)--
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 10,0

ग्रामीण/नागर क्षेत्रों के जूनियर बेसिक स्कूलों में अध्यापक छात्र अनुपात बनाये रखने के लिये अतिरिक्त अध्यापकों क नियुक्ति हेतु अनुदान

योजनान्तर्गत प्राइमरी विद्यालयों में इस समय प्रत्येक विद्यालय को दो अध्यापक दिये जाने का प्राविधान है। शासन द्वारा अनुमोदित मानकानुसार 1 : 40 के अनुपात में अध्यापकों की आवश्यकता काफी दिनों से अनुभव की जा रही है किन्तु आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण उक्त अनुपात में अतिरिक्त अध्यापकों के पद नहीं स्वीकृत किये जा रहे हैं। इस योजनान्तर्गत जूनियर

[ब]ेसिक स्कूलों में 8532 प्रधानाध्यापकों तथा सहायक अध्यापकों के 37,000 पद सृजन की नितान्त आवश्यकता है। आठवीं [यो]जनावधि के प्रथम वर्ष 1990-91 में 1274 अध्यापकों के अतिरिक्त पद स्वीकृति किये जाने पर 1,09,00,000 रु० का आवर्तक [व्य]य संभावित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--

01--प्राथमिक शिक्षा--आयोजनागत--

102--गैर-सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को सहायता--

(--)ग्रामीण एवं नगर क्षेत्रों के जूनियर बेसिक स्कूलों में अध्यापक-छात्र अनुपात बनाये रखने के लिए अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति हेतु अनुदान (राज्य सेक्टर)---

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 1,09,00

नगर क्षेत्र के बेसिक शिक्षा परिषदीय स्कूलों के भूमि/भवन क्रय हेतु अनुदान

ग्रामीण क्षेत्र में परिषदीय भवनों के निर्माण हेतु सम्बन्धित ग्राम प्रधान द्वारा निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाती है। [कि]न्तु नागर क्षेत्र में भवन निर्माण हेतु निःशुल्क भूमि प्राप्त करना सम्भव नहीं हो रहा है क्योंकि आबादी की क्रमोत्तर वृद्धि के कारण [न]गर क्षेत्र में उपयुक्त भूमि का अभाव है तथा भूमि महंगी होने के कारण कोई भी व्यक्ति निःशुल्क भूमि देने हेतु तैयार नहीं होता है। [विभा]ग के सीमित वित्तीय संसाधन को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 1990-91 में 55 बेसिक शिक्षा परिषदीय भवन हीन स्कूलों के लिए [भू]मि क्रय किया जाना प्रस्तावित है जिस पर 82,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक [में] इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--

01--प्राथमिक शिक्षा--आयोजनागत--

102--गैर सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की सहायता (राज्य सेक्टर)---

(--) नागर क्षेत्र के बेसिक शिक्षा परिषदीय स्कूलों के भूमि/भवन क्रय हेतु अनुदान

11--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 82,00

अरबी फारसी मदरसों के शिक्षक/शिक्षणेतर कर्मचारियों को मासिक वेतन भुगतान की व्यवस्था

प्रदेश के सहायता प्राप्त अरबी-फारसी मदरसों के शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन सुनिश्चित [क]राने के उद्देश्य से इन मदरसों के शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों पर वेतन वितरण व्यवस्था लागू किये जाने का प्रस्ताव है। इस [का]र्य पर वर्ष 1990-91 में 4,00,00,000 रु० का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में इतनी [ही] धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत--

01--प्राथमिक शिक्षा--

800--अन्य व्यय--

(--)--अरेबिक पाठशालाओं को अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/ राज्य सहायता .. 4,00,00

[प्रदे]श के मैदानी क्षेत्र में जूनियर हाई स्कूलों में दी जाने वाली योग्यता छात्रवृत्तियों की संख्या में वृद्धि (जिला योजना)

सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 8570 योग्यता छात्रवृत्तियां जूनियर हाई स्कूल के छात्रों को 15 रु० प्रति माह [क]ी दर से तीन वर्ष के लिये दी जाती रही है। छात्रों की संख्या के अनुपात में योग्यता छात्रवृत्तियां की संख्या कम है इसलिए आठवीं [पं]चवर्षीय योजनाकाल में इनकी संख्या बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। यह वृद्धि 10 प्रतिशत की दर से की जानी प्रस्तावित है जिस पर [वर्ष 1]990-91 में 1,05,000 रु० का आवर्तक व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 1,05,000 रु० [क]ी व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन -

(हजार रुपयों में

2202--सामान्य शिक्षा-- आयोजनागत-

01--प्राथमिक शिक्षा--

109--छात्रवृत्तियां एवं प्रोत्साहन--

(-)प्रदेश के मैदानी जिलों में कक्षा 6 से 8 के बच्चों को 15 रु0 प्रतिमाह की दर से योग्यता छात्रवृत्ति (जिला योजना)--

15--छात्रवृत्तियां और छात्र वेतन 1,0

जूनियर बेसिक स्कूलों में साज सज्जा एवं शिक्षण सामग्री हेतु अनुदान (जिला योजना)

आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजनान्तर्गत मेज, कुर्सी, आलमारी, टाट पट्टी तथा विभिन्न प्रकार की 37 वस्तुयें उपलब्ध करा गई हैं जिसके रख रखाव हेतु 200 रुपये प्रति विद्यालय की दर से अनुदान देने का प्रस्ताव है। आठवीं योजना के प्रथम व 1990-91 में 29,000 विद्यालयों को 200 रुपया प्रति विद्यालय अनुदान देने पर 58,00,000 रुपये का व्यय सम्भाव्य है इ प्रयोजनार्थ वष 1990-91 के आय-व्ययक में 58,00,000 रुपये अनावर्तक की व्यवस्था की जा रही है। वित्तीय स्वीकृ परीक्षणोपरान्त प्रदान की जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों

2202--सामान्य शिक्षा--

01--प्राथमिक शिक्षा--

102--गैर सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की सहायता--

(-)--ग्रामीण क्षेत्रों के जूनियर बेसिक स्कूलों को साज सज्जा एवं शिक्षण सामग्री हेतु अनुदान

(जिला योजना)--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 58

सीनियर बेसिक स्कूलों में साज सज्जा तथा शिक्षण सामग्री हेतु अनुदान

परिषदीय विद्यालयों में साज-सज्जा एवं शिक्षण सामग्री की कमी का अनुभव किया जा रहा है। योजना के माध्य से परिषदीय सीनियर बेसिक स्कूलों को साज-सज्जा से सुसज्जित करने का लक्ष्य निहित है। आठवीं योजनावधि के 1990-91 में मैदानी जनपदों के सीनियर बेसिक स्कूलों को 15,000 रु0 प्रति विद्यालय की दर से अनुदान दिया जाना प्रस्ता है। इस योजना में कुल 47,08,000 रुपये का व्यय संभावित है। अतः वर्ष 1990-91के आय-व्ययक में 47,08,000 के अनावर्तक व्यय की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2202-सामान्य शिक्षा-आयोजनागत--

01-प्राथमिक शिक्षा-- (हजार रुपयो

102-गैर-सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को अनुदान--

(-) ग्रामीण क्षेत्रों के सीनियर बेसिक स्कूलों को साज सज्जा एवं शिक्षण सामग्री हेतु अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 47,

अरबी मदरसों को प्रारम्भिक एवम् विकास अनुदान

प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में मान्यता प्राप्त असहायित अरबी-फारसी मदरसों को अनुरक्षण अनुदान प्रदान करने तथा मान्य प्राप्त एवं सहायता अरबी/फारसी मदरसों के विकास हेतु अनावर्तक अनुदान स्वीकृत किये जाने के लिये वर्ष 1990-91 में 6,70,000 रु0 की आवश्यकता है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 6,70,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी जिसकी स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2202--सामान्य शिक्षा-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

01--प्राथमिक--

800--अन्य व्यय--

(-)--अरेबिक मदरसों को विकास एवम् प्रारम्भिक अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 6,70

प्रारम्भिक शिक्षा के अध्यापकों को मूल्यपरक पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण

शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने एवं नैतिक मूल्यों के उन्नयन के लिये प्रारम्भिक शिक्षा से जुड़े हुए अध्यापकों तथा निरीक्षकों को पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण दिया जाना उनके ज्ञान को अभिनवीकृत रखने के उद्देश्य से अत्यन्त आवश्यक है। इस समय प्रदेश में लगभग 3 लाख अध्यापक और निरीक्षक ऐसे हैं जिन्हें यह प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण अवधि 1790 शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। इसमें 128 "की परसन" के प्रशिक्षण पर व्यय भी सम्मिलित है। इस पर योजना के प्रथम वर्ष 1990-91 में 10,00,000 रु० (अनावर्तक) का व्यय अनुमानित है। के तदनुसार वित्तीय वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षक के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा-आयोजनागत--

01--प्राथमिक शिक्षा--

107--शिक्षकों का प्रशिक्षण--

(-)-प्राथमिक शिक्षा के अध्यापकों को मूल्य परक पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण हेतु अनुदान

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 10,00

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों का सुदृढ़ीकरण

नव सृजित जनपदों क्रमशः मऊ, हरिद्वार, सिद्धार्थनगर, फिरोजाबाद, सोनभद्र तथा महराजगंज में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों को सुचारू रूप से चलाने हेतु पुराने जनपदों में स्वीकृत स्टाफ के अनुरूप स्टाफ स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव है। इस प्रस्तावित योजना पर वित्तीय वर्ष 1990-91 के लिये 18,75,000 रुपये का प्राविधान किया जा रहा है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा-आयोजनागत--

01--प्राथमिक शिक्षा--104--निरीक्षण--

(-) नव सृजित जनपदों मऊ, हरिद्वार, सिद्धार्थनगर, फिरोजाबाद, सोनभद्र तथा महराजगंज में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की स्थापना--

01--वेतन	9,00
03--महंगाई भत्ता	4,00
05--अन्य भत्ते	2,00
06--कार्यालय व्यय	2,00
07--टेलीफोन पर व्यय	1,75
योग	18,75

असहायिक स्थायी मान्यता प्राप्त अशासकीय सीनियर बेसिक स्कूलों को अनुरक्षण अनुदान

प्रदेश में पूर्व माध्यमिक शिक्षा की बढ़ती हुई मांग के कारण असहायिक स्थायी मान्यता प्राप्त अशासकीय सीनियर स्कूल की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है। वर्ष 1990-91 में 300 विद्यालयों को अनुदान सूची पर लिये जाने का प्रस्ताव है। विद्यालय का अनुमानित व्यय 18,000 रु० प्रतिमास तथा वार्षिक व्यय 2,16,000 रु० होने का अनुमान है। इस प्रकार वर्ष 1990-91 में 300 विद्यालयों को अनुदान सूची पर लिये जाने पर 3,24,00,000 रु० का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्ययक में 3,24,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा-आयोजनागत--

01--प्राथमिक शिक्षा--

102--गैर-सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को सहायता--

(-) मान्यता प्राप्त असहायिक सीनियर बेसिक स्कूलों को अनुरक्षण अनुदान-- .. 3,24,00

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता

ग्रामीण तथा नागर क्षेत्र के सीनियर बेसिक स्कूलों के भवन निर्माणार्थ अनुदान (जिला योजना)

प्रदेश के मैदानी जनपदों में 1,157 परिषदीय सीनियर बेसिक स्कूलों के भवन निर्माण हेतु वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराया जाना शेष है। उक्त स्थिति में सम्बन्धित जनपदों की जिला योजना में वर्ष 1990-91 के लिए निर्धारित किए गए 100 भवनों के लक्ष्य की पूर्ति हेतु न्यूनतम आवश्यकतानुसार 1,80,00,000 रु० के व्यय का अनुमान है जिसकी व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्यय में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत--

01--प्राथमिक शिक्षा--

102--गैर-सरकारी विद्यालयों को सहायता--

(-) ग्रामीण तथा नगर क्षेत्र के सीनियर बेसिक स्कूलों के भवन निर्माणार्थ अनुदान-- (जिला योजना)--

24--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 1,80,00

नागर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के वय-वर्ग 6-14 के बच्चों के लिए अंशकालिक कक्षाएं

प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के उद्देश्य की पूर्ति हेतु अनौपचारिक शिक्षा योजना को औपचारिक शिक्षा के पूरक के रूप में प्रदेश में संचालित किया गया है। इस समय प्रदेश में कुल 591 परियोजनाएं संचालित हैं। योजना के क्रियान्वयन तथा निरीक्षण हेतु मण्डल स्तर पर 12 विशेष कार्याधिकारी (अनौपचारिक शिक्षा) तथा जनपद स्तर पर 60 जिला अनौपचारिक शिक्षा अधिकारी के पद स्वीकृत किए गए हैं। चूंकि अब 13 मण्डलों तथा 63 जनपदों का सृजन हो चुका है अतः एक विशेष कार्याधिकारी (अनौपचारिक शिक्षा) तथा तीन जिला अनौपचारिक शिक्षा अधिकारी के पद का सृजन प्रस्तावित है। इन पदों पर पांच वर्षों में 29,28 000 रु० व्यय का अनुमान है जिसमें से 14,85,000 रु० राज्य सरकार द्वारा तथा 14,43,000 रु० भारत सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। तद्नुसार 6,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--व्यय के अनुमान-- (हजार रुपयों में)

(क) कुल परिव्यय (1990-95) 29,28

(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय 27,88

3--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या	पदनाम		वेतन-मान		पदों की संख्या
			रु०		
1	विशेष कार्याधिकारी	..	2200-4000	..	1
2	ज्येष्ठ सहायक	..	1200-2040	..	1
3	चपरासी	..	750-940	..	1
	जिला स्तर :--				
1	जिला अनौपचारिक शिक्षा अधिकारी	..	2200-4000	..	3
2	ज्येष्ठ सहायक	..	1200-2040	..	3
3	लेखा लिपिक	..	950-1500	..	3
4	चपरासी	..	750-940	..	3

(ख) सज्जा / भण्डार / मशीनें / गाड़ियों इत्यादि का स्थूल ब्योरे--

मद				धनराशि 1990-91
(क) भारत में खरीदी जाने वाली उपकरण / सज्जा	..	..	..	1,40,00

4--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत

01--प्राथमिक शिक्षा--

105--गैर-औपचारिक शिक्षा--

01-केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना--

(-)--नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के व्यय वर्ग 6-14 वर्ष के लिए अंशकालिक कक्षाएं--

01--वेतन	6,00

5--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
राज सहायता	3,00	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान-- 800--अन्य अनुदान-- 65--प्राथमिक शिक्षा--	50 प्रतिशत

नव सृजित जनपदों में बेसिक शिक्षा के लेखा संगठन की स्थापना

नव सृजित जनपद स्तर पर बेसिक शिक्षा संबंधी परिषदीय एवं सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों के कर्मचारियों/ [शि]क्षकों के वेतन आहरण एवं वितरण, सामान्य भविष्य निधि के लेखों का रख-रखाव, वेतन निर्धारण सम्परीक्षण आदि कार्यों का पूर्ण-[रू]पेण सम्पादन करने के लिए बेसिक शिक्षा के लेखा संगठन की स्थापना का प्रस्ताव है। प्रस्तावित योजना पर वित्तीय वर्ष 1990-91 [में] 3,00,000 रुपये का प्राविधान किया जा रहा है। पदों का सृजन मानकानुसार न्यूनतम आवश्यकता को दृष्टि [में] रखते हुए यथा समय किया जायेगा। वर्ष 1990-91 में 3,00,000 रुपये की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गयी है। [स्]वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत--

01--प्राथमिक शिक्षा--

104--निरीक्षण--

(-)--नव सृजित जनपदों में बेसिक शिक्षा के लेखा संगठन की स्थापना--

01--वेतन	1,58
03--महंगाई	81
04--यात्रा व्यय	10
06--कार्यालय व्यय	30
11--किराया, उप शुल्क और कर-स्वामित्व	11
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	10
..	3,00

प्राथमिक स्तर पर खेलकूद बाल कल्याण तथा अन्य शैक्षिक कार्यकलापों हेतु प्राविधान (जिला योजना)

प्रारम्भिक स्तर पर विद्यालयों में अध्ययनरत बालक/बालिकाओं के शारीरिक, बौद्धिक एवं चारित्रिक विकास के लिये विविध प्रकार के खेल-कूद, एवं शैक्षिक कार्यक्रमों के आयोजन के कार्यान्वियन एवं प्रभावी संचालन हेतु मण्डल स्तर पर 7500 रु0 तथा जनपद स्तर पर 3500 रु0 की धनराशि स्वीकृत की जाती है । इस योजना को कानपुर मण्डल तथा नव सृजित 6 जनपदों में चालू किये जाने का प्रस्ताव है । वर्ष 1990-91 में इस हेतु 28,500 रु0 का व्यय अनुमानित है । अत: वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 29,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है ।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2204—खेल एवं युवा कल्याण—

101—शारीरिक शिक्षा—

(–) प्राथमिक स्तर पर खेलकूद–बाल कल्याण तथा अन्य शैक्षिक कार्यकलापों हेतु प्राविधान (जिला योजना)—

33—अन्य व्यय	.. ..	29

मैदानी क्षेत्र के असहायिक अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को अनुदान सूची पर लाना

आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में भी यथासंभव और विद्यालयों को अनुदान सूची पर लेकर उनमें कार्यरत शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों के वेतनादि भुगतान, वेतन वितरण अधिनियम के अन्तर्गत कराकर उनमें व्याप्त असन्तोष को दूर करना प्रस्तावित है ताकि उनके असन्तोष का कुप्रभाव छात्र / छात्राओं को शिक्षा पर पड़ने का भय दूर हो सके । वर्ष 1990-91 में 20 विद्यालयों को अनुदान सूची पर लेने का प्रस्ताव है । प्रस्ताव के कार्यान्वियन पर अनुमानित व्यय लगभग 3,72,00,000 रु0 होगा जिसकी आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है ।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2202—सामान्य शिक्षा—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

02—माध्यमिक शिक्षा—

110—गैर-सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को सहायता—

(–)अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों को अनुदान सूची पर लाने हेतु अनुदान—

14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता	..	3,72,0[illegible]

सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण कराने हेतु अनावर्तक अनुदान

आठवीं पंचवर्षीय योजनान्तर्गत विद्यालयों में छात्र प्रवेश दबाव को कम करने के उद्देश्य से अतिरिक्त कक्ष बनवाने के लिए अनावर्तक अनुदान प्रदान करने का प्रस्ताव है । वर्ष 1990-91 में 50 अतिरिक्त कक्षा कक्ष के निर्माणार्थ 10,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है । तदनुसार आय-व्ययक में 10,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है । स्वीकृत विस्तृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी ।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2202—सामान्य शिक्षा—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

02—माध्यमिक शिक्षा—

110—गैर-सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को सहायता—

(–)सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण हेतु सहायता—

14—सहायक अनुदान/अंशदान / राज सहायता	..	10,00

अशासकीय सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित में प्रशिक्षित स्नातक एवं प्रवक्ताओं के पदों का सृजन ।

प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में हाई स्कूल परीक्षा में विज्ञान तथा गणित विषयों को अनिवार्य कर दिये जाने के फलस्वरूप विज्ञान एवं गणित के एल0 टी0 वेतनक्रम तथा प्रवक्ता वेतनक्रम के पदों का सृजन बहुत आवश्यक है । सीमित संसाधनों को दृष्टि में रखकर प्रतिवर्ष क्रमागत रूप में पदों को सृजित किया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1990-91

1,000 एल0 टी0 वेतनक्रम के तथा 100 प्रवक्ता वेतनक्रम के अध्यापकों के पदों के सृजन में 1,00,00,000 रु0 का व्यय मानित है। तद्नुसार 1990-91 के आय-व्ययक में 1,00,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति विस्तृत क्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2202—सामान्य शिक्षा—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

02—माध्यमिक शिक्षा—

110—गैर-सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को सहायता—

(—)सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान और गणित के अध्यापकों के पदों का सृजन—

14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता .. 1,00,00

व्याख्यानमाला कार्यक्रमों का आयोजन

संस्कृत साहित्य के प्रति जन जागृति उत्पन्न करने हेतु व्याख्यानमाला कार्यक्रमों के आयोजन का प्रस्ताव है। इस कार्य निष्पादन उ0 प्र0 संस्कृत अकादमी, लखनऊ द्वारा किया जायगा। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1990-91 में 20,000 रु0 का होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 20,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति क्षणोपरान्त प्रदान की जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2202—सामान्य शिक्षा—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

05—भाषा विकास—

102—आधुनिक भारतीय भाषाओं और साहित्य का सम्वर्द्धन—

(—) व्याख्यानमाला कार्यक्रमों का आयोजन—

33—अन्य व्यय 20

विकास खण्ड स्तर पर राजकीय कन्या हाई स्कूलों की स्थापना तथा राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूलों का हाई स्कूल स्तर पर उच्चीकरण।

तहसील स्तर पर बालिकाओं को शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश बालिकायें बालिका लय न होने के कारण माध्यमिक स्तर की शिक्षा से वंचित रह जायेंगी। प्रदेश में 488 विकास खण्ड ऐसे हैं जहां कोई भी मिक स्तर का बालिका विद्यालय नहीं है। अत: इन सभी असेवित विकास खंडों में राजकीय बालिका हाई स्कूल खोलने का व है। विद्यालयों के संचालनार्थ शिक्षण एवं शिक्षणेतर पदों के साथ काष्ठोपकरण उपकरण, विद्यालय के लिये आदि की व्यवस्था आवश्यक है। वर्ष 1990-91 में 100 विद्यालयों को स्थापित करने का प्रस्ताव है जिस पर 2,50,00,000 रु0 10,00,000 रु0 आवर्तक तथा 40,00,000 रु0 अनावर्तक) का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 1990-91 के आय-व्ययक में 0,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—व्यय का विभाजन—

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग—

पद			वेतनमान	पदों की संख्या
			रु0	
प्रधानाध्यापिका	..	..	2000-3500	100
सहायक अध्यापिका	..	..	1400-2300	700
सहायक अध्यापिका	..	..	1200-2040	500
कनिष्ठ लिपिक	..	..	950-1500	100
दफ्तरी	..	..	775-1025	100
चपरासी	..	..	750-940	400
प्रयोगशाला परिचर	..	..	750-940	100

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2202—सामान्य शिक्षा—

02—माध्यमिक शिक्षा-आयोजनागत—

109—सरकारी माध्यमिक विद्यालय—

(—) विकास खण्ड स्तर पर राजकीय कन्या हाई स्कूलों की स्थापना तथा राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूलों का उच्चीकरण (जिला योजना)—

01—वेतन	1,40,00
03—महंगाई भत्ता	60,00
04—यात्रा व्यय	5,00
05—अन्य भत्ते	5,00
19—लघु निर्माण कार्य	20,00
20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	20,00
योग	2,50,00

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त अनुभागों का खोलना तथा नये विषयों का समावेश

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश समस्या के समाधान के निमित्त विद्यालयों में अतिरिक्त अनुभागों के खोलने तथा नये विषयों के समावेश किये जाने के सम्बन्ध में अपेक्षित अतिरिक्त पदों के सृजन तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं उसकी साज-सज्जा की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्ष 1990–91 में 60 विद्यालयों के लिये 26,33,000 रु० (17,50,000 रु० आवर्तक तथा 8,83,000 रु० अनावर्तक) व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्ययक में 26,33,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—व्यय का विभाजन—

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग—

पद	वेतनमान	पदों की संख्या
	रु०	
प्रवक्ता	1600–2660	3
स्नातक	1400–2300	2
अधिस्नातक	1200–2040	2

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपये में)

2202—सामान्य शिक्षा—

02—माध्यमिक शिक्षा-आयोजनागत—

109—सरकारी माध्यमिक विद्यालय:—

(—) राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त अनुभाग खोलना तथा नये विषयों का समावेश (जिला योजना)—

01—वेतन	7,9
03—महंगाई भत्ता	3,6
05—अन्य भत्ते	6,00
20—मशीनें और सज्जा/उपस्कर और संयंत्र	8,8
योग	26,3

लघु और छोटे निर्माण कार्य हेतु धनराशि का प्राविधान (जिला योजना)

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों/इण्टर कालेजों में त्वरित प्रकृति के लघु निर्माण/मरम्मत कार्य कराने के निमित्त वर्ष 1990-91 में 15,03,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है जिसके लिये आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है।

2--भौतिक लक्ष्य/लाभ/उत्पादन सम्बन्धी कार्यक्रम--

मद	इकाई	वर्ष 1990-91
(1) भवन विस्तार (लघु निर्माण)	राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	10
(2) भवन विस्तार (लघु निर्माण)	राजकीय इण्टर कालेज	4
(3) भवन मरम्मत (लघु कार्य)	राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	5
(4) भवन मरम्मत (लघु कार्य)	राजकीय इण्टर कालेज	5

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2202--सामान्य शिक्षा-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

02--माध्यमिक शिक्षा--

109--सरकारी माध्यमिक विद्यालय-

(--) माध्यमिक विद्यालयों के लघु निर्माण कार्य हेतु रक्षित धनराशि--

19--लघु निर्माण कार्य (जिला योजना) 15,03

राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बसों की व्यवस्था (जिला योजना)

राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बालिकाओं को घर से स्कूल जाने एवं स्कूल से घर वापस आने में होने वाली बाधा को ध्यान में रखते हुए वर्ष 1989-90 में 6 कन्या विद्यालयों में एक-एक बस क्रय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। बसों के बकाया दायित्वों के भुगतान हेतु 2,42,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में 2,42,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत--

02--माध्यमिक शिक्षा--

109--सरकारी माध्यमिक विद्यालय--

(--)राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बसों की व्यवस्था (जिला योजना)--

08--मोटर गाड़ियों का क्रय 2,42

राजकीय हाई स्कूलों का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण

प्रदेश के कतिपय क्षेत्रों में इण्टर कालेजों के अभाव में बालक / बालिकाएं हाई स्कूल के पश्चात् इण्टर स्तर की शिक्षा पाने से वंचित रह जाते है। अतः इण्टर स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 1990-91 में 15 राजकीय हाई स्कूलों को इण्टर स्तर पर उच्चीकृत करने का प्रस्ताव है। इण्टर स्तर पर उच्चीकृत विद्यालयों के लिए काष्ठोपकरण, विज्ञान उपकरण पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं के लिए भी व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 50,00,000 रु० (37,59,000 रु० आवर्तक तथा 12,41,000 रु० अनावर्तक) व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्ययक में 50,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--व्यय का विभाजन--

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

पद		वेतन-क्रम	पदों की संख्या
1--प्रधानाचार्य	..	2200-4000	15
2--प्रवक्ता	..	1600-2660	105
3--प्रधान लिपिक	..	1200-2040	15
4--लैब विवरर	..	750-940	45

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत-

02--माध्यमिक शिक्षा--

109--सरकारी माध्यमिक विद्यालय--

राजकीय हाई स्कूलों का इण्टर स्तर पर उच्चीकरण--

01--वेतन	22,78
03--महंगाई भत्ता	13,31
05--अन्य भत्ते	75
06--कार्यालय व्यय	75
20--मशीनें और सज्जा / उपकरण और संयंत्र	12,41
योग ..	50,00

ग्रामीण क्षेत्रों में बालकों के सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ रही बालिकाओं के लिए विशेष सुविधा हेतु अनावर्तक अनुदान।

अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के उक्त विद्यालयों में बालिकाओं के लिये सेनेटरी सुविधा न होने के कारण बालिकाओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है। अतः यह प्रस्तावित है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भिक वर्ष 1990--91 में भी मैदानी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे विद्यालयों को कामन रूम तथा प्रसाधन कक्ष तथा ओवर हेड टैंक आदि का निर्माण कराने हेतु अनावर्तक अनुदान स्वीकृत किया जाय। इस परियोजना के अन्तर्गत 60,000 रु० प्रति विद्यालय व्यय होने का अनुमान है। इस हेतु वित्तीय वर्ष 1990--91 में 40,13,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--वर्ष 1990--91 के आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत--

(हजार रुपयों में)

02--माध्यमिक शिक्षा--

110--गैर-सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को सहायता--

(--) ग्रामीण क्षेत्रों में बालकों के विद्यालयों में पढ़ रही बालिकाओं के लिए विशेष सुविधा हेतु अनावर्तक अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	40,13

उत्कृष्ट अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को प्रोत्साहन अनुदान

अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जो विभिन्न मानकों के आधार पर उत्कृष्ट पाये जाते हैं, उनके समुचित विकास एवं उन्नयन हेतु साज-सज्जा एवं काष्ठोपकरण तथा विज्ञान उपकरणों की व्यवस्था हेतु प्रोत्साहन अनुदान दिये जाने की योजना के अन्तर्गत वर्ष 1990--91 में 4 विद्यालयों को अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है। फलस्वरूप वर्ष 1990--91 में 4 विद्यालयों को 1.00 लाख रुपये प्रति विद्यालय की दर से देने हेतु 4,00,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1990--91 के आय-व्ययक में 4,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--

02--माध्यमिक शिक्षा--आयोजनागत--

110--अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों को सहायता--

(--) उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को प्रोत्साहन अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	4,00

सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सेनेटरी सुविधा, साज-सज्जा आदि के लिए अनुदान।

आठवीं पंचवर्षीय योजनान्तर्गत वर्ष 1990-91 में प्रदेश के मैदानी क्षेत्र के 100 बालक तथा 101 बालिका अर्थात् ...1 विद्यालयों के लिये सेनेटरी सुविधा अतिरिक्त साज-सज्जा एवं काष्ठोपकरण की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। ...स मद में वर्ष 1990-91 में 15,00,000 रु0 व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्ययक में 15,000,00 रु0 व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2-- आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--

02--माध्यमिक शिक्षा-आयोजनागत--

110--गैर-सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को सहायता--

(-)--सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों सेनेटरी सुविधा, साज-सज्जा आदि के लिए अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 15,00

सैनिक स्कूल सोसायटी को अनुदान

उ0 प्र0 सैनिक स्कूल सरोजनीनगर लखनऊ की भूमि पर अनेक अनाधिकृत व्यक्तियों/संस्थाओं ने अनाधिकृत निर्माण ...ये आरम्भ कर दिया है। स्कूल के भवनों को सुरक्षित रखने एवं भविष्य में होने वाले अनाधिकृत निर्माण को रोकने के लिये ...न की चहारदीवारी (बाउन्ड्रीवाल) का बनाया जाना प्रस्तावित है। इस पर कुल 25.00 लाख रुपये के लगभग व्यय होने का ...मान है। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 5,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। व्यय की ...कृति विस्तृत परीक्षण के बाद दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--

02--माध्यमिक शिक्षा- आयोजनागत--

800--अन्य व्यय-

(--) उ0 प्र0 सैनिक स्कूल समिति को सहायक अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 5,00

...यता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 9-12 के बालकों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था

...शिक्षा के सार्वभौमीकरण के सिद्धान्त को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्तावित है कि शिक्षा जन साधारण के लिये समान ...सुलभ करायी जाय। प्रदेश के कक्षा 6-8 के बालकों की शिक्षण शुल्क से मुक्ति पहले ही प्रदान की जा चुकी है। ...ओं के लिये यह व्यवस्था पहले से ही है। अब कक्षा 9-12 के बालकों को भी शिक्षण शुल्क से मुक्ति प्रदान करन... ...ताव है। वर्ष 1990-91 में उक्त कार्य के लिये 8,16,03,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष ...0-91 के आय-व्ययक में 8,16,03,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपये में)

2202--सामान्य शिक्षा--आयोजनागत--

02--माध्यमिक शिक्षा--

110--गैर-सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को सहायता--

(--) कक्षा 9-12 के बालकों को निःशुल्क शिक्षा की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था हेतु उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की सहायता--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 8,16,03

प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6-8 में 15 रुपये प्रतिमास के दर से 3 वर्ष के लिये योग्यता छात्रवृत्ति

सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में 8529 योग्यता छात्रवृत्तियां उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्र/छात्राओं को 15 रुपये प्रतिमाह की दर से तीन वर्ष के लिये दी जा रही है परन्तु छात्रों की संख्या के अनुपात में योग्यता छात्रवृत्तियों की संख्या कम है। आठवीं पंचवर्षीय आयोजनावधि में छात्रवृत्तियों की वर्तमान संख्या में वृद्धि करके 645 नयी छात्रवृत्तियां स्वीकृत किया जाना प्रस्तावित है जिस पर वित्तीय वर्ष 1990-91 में 77,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक में 77,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2202—सामान्य शिक्षा—

02—माध्यमिक शिक्षा—आयोजनागत—

107—छात्रवृत्तियां—

(—) प्रदेश के मैदानी जिलों में कक्षा 6-8 में 15 रु0 प्रतिमास की दर से तीन वर्ष के लिये योग्यता छात्रवृत्ति—

15—छात्रवृत्ति और छात्रवेतन 77

माध्यमिक विद्यालयों में व्यवसायीकरण की योजना

माध्यमिक विद्यालयों के व्यवसायीकरण की योजना सप्तम पंचवर्षीय योजना में प्रारम्भ की गयी थी। योजना के अन्त तक प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में वाणिज्य विषय में 112 विद्यालयों में, गृह विज्ञान विषय में 126 विद्यालयों में तथा कृषि विषय में 154 विद्यालयों में यह योजना संचालित की जा चुकी है। इन विद्यालयों में से वाणिज्य, गृह विज्ञान तथा कृषि में क्रमशः 103 75 और 29 विद्यालय ऐसे हैं, जहां पर वर्ष 1989-90 से केन्द्र पुरोनिधानित व्यावसायिक शिक्षा योजना चालू की गयी है अथवा वर्ष 1990-91 से प्रारम्भ करने का प्रस्ताव है। अतः इन विद्यालयों में आगामी शैक्षिक सत्र के बाद राज्य योजना समाप्त करने का प्रस्ताव है। इसलिये इन विद्यालयों के लिये मात्र इण्टर द्वितीय वर्ष के लिये व्याख्यान व्यवस्था तथा परामर्श और कार्यालयों का व्यय प्रस्तावित है। जिन विद्यालयों में केन्द्रीय योजना न तो संचालित की गयी और न ही आगामी वर्ष में संचालन हेतु प्रस्तावित है उनमें राज्य योजना संचालित रखने का प्रस्ताव है। अतः इनमें इण्टर प्रथम तथा द्वितीय दोनों वर्षों के लिय व्यय का प्रस्ताव है। वाणिज्य में ऐसे 9 विद्यालय हैं। गृह विज्ञान विषय में 51 विद्यालयों के साथ 5 और विद्यालयों जिनमें व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम माध्यमिक शिक्षा परिषद् के स्वीकृत पाठ्यक्रमानुसार संचालित है किन्तु उन्हें पूर्व वर्ष में अनुदान नहीं दिया गया है वर्ष 1990-91 के लिये इन्हें सम्मिलित करते हुए गृह विज्ञान के कुल 56 विद्यालयों में राज्य योजना चालू रखने का प्रस्ताव है। कृषि में शेष 12 विद्यालयों के लिये अनुदान का प्रस्ताव है। उक्त योजना के वर्ष 1990-91 में कार्यान्वियन हेतु कुल 30,00,000 रु0 के व्यय का अनुमान है जिसकी व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

7—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में

2202—सामान्य शिक्षा—

02—माध्यमिक शिक्षा—आयोजनागत—

110—गैर-सरकारी माध्यमिक विद्यालयो को सहायता-2

(-) माध्यमिक विद्यालयों में व्यवसायीकरण की योजना—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता .. 30,0

उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पत्राचार शिक्षा सतत् अध्ययन सम्पर्क योजना

